सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 02 सितम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 238, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

कंपनियों की पूंजी 1.53 लाख करोड़ बढ़ी

शेयर बाजार में तेजी के साथ देश की 10 प्रमुख कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से बीते सप्ताह 1,53,019 .32 करोड़ रुपये बढ़ गया। } 14

कोलकाता की घटना निर्भया कांड से भी ज्यादा बर्बर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कोलकाता में जूनियर डॉक्टर से कथित दुष्कर्म और हत्या की घटना को 2012 में हुए निर्भया कांड से भी ज्यादा बर्बर है। } 16

हॉस्टल में मिला एनआईए के आईजी की बेटी का शव

लोहिया यूनिवर्सिटी में एलएलबी की थी छात्रा, जांच में जुटी पुलिस

विशेष संवाददाता

लखनऊ। शनिवार रात आईपीएस अफसर की बेटी की मौत हो गई। वह डॉ. राम मनोहर लोहिया लॉ यूनिवर्सिटी में एलएलबी थर्ड ईयर की छात्रा थी। पुलिस ने बताया कि 21 साल की अनिका रस्तोगी यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल के अपने कमरे में बेहोशी की हालत में जमीन पर मिली थी।

इसके बाद उसे अपोलो मेडिक्स हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक छात्रा के पिता संतोष रस्तोगी हैं। अभी एनआईए में आईजी रैंक के अधिकारी हैं और चीफ विजिलेंस ऑफिसर के पद पर तैनात हैं। माता-पिता नोएडा में रहते हैं और वे लखनऊ पहुंच चुके हैं। पुलिस के मुताबिक, अनिका का रूम हॉस्टल के फर्स्ट फ्लोर पर था।

लखनऊ में लॉ की पढ़ाई कर रही छात्रा की संदिग्ध मौत

वह कमरा नंबर 124 में रूम-मेट ओइशी के साथ रह रही थी। शनिवार को लाइब्रेरी में ऑनलाइन क्लाइंट काउंसिलिंग क्लास चल रही थी। दिनभर अनिका यहीं रही। यहां से निकलने के बाद वह सीधा गेस्ट हाउस में डिनर के लिए गई। बताया जा रहा है कि छात्रा हॉस्टल में कमर नंबर 124 में रहती थी। पुलिस ने कमरा सील कर दिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि डिनर के बाद रात करीब 9.30 बजे हॉस्टल में अपने रूम में चली गई। रात करीब 10 बजे जब उसकी रूम-मेट पहुंची, तो दरवाजा नहीं खुला। इस ...शेष पृष्ठ 14 पर

राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के नये झंडे-प्रतीक चिह्न का किया अनावरण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि अदालतों में मामले लंबित होना हम सभी के लिए एक बड़ी चुनौती है और इसके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि देश के सभी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है कि वे न्याय की रक्षा करें। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को अदालतों में तारीख पर तारीख की संस्कृति को बदलने और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

वे भारत मंडपम में आयोजित दो दिवसीय जिला न्यायापालिका राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के लिए नए झंडे और प्रतीक चिह्न का भी अनावरण किया। सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि अदालतों में मामले लंबित होना हम सभी के लिए एक बड़ी चुनौती है और इसके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि देश के सभी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है कि वे न्याय की रक्षा करें। उन्होंने अदालती माहौल में आम लोगों का तनाव का स्तर बढ़ जाता है, जिसे उन्होंने ब्लैक कोर्ट सिंड्रोम नाम दिया। उन्होंने इस विषय पर अध्ययन का भी सुझाव दिया। उन्होंने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या में बढ़ोतरी पर भी प्रसन्नता जताई। कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल हुए। राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत मंडपम में हुए कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट का ध्वज और प्रतीक चिह्न भी जारी किया।

संक्षेप

तेजिंदर सिंह ने वायुसेना के उप प्रमुख का पदभार संभाला

नयी दिल्ली। एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने रविवार को भारतीय वायुसेना के उप प्रमुख (डीसीएएस) का पदभार संभाला। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। वायु सेना मुख्यालय (वायु भवन) में पदभार ग्रहण करने के बाद एयर मार्शल ने यहां स्थित राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र रहे एयर मार्शल तेजिंदर को 13 जून 1987 को भारतीय वायुसेना की लड़ाकू शाखा में नियुक्त किया गया था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वह 4,500 घंटे से अधिक के उड़ान अनुभव के साथ श्रेणी ए के योज्ञ फ्लाइंग प्रशिक्षक हैं तथा रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज एवं राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने एक लड़ाकू स्क्वाड्रन, एक रडार स्टेशन, एक प्रमुख फाइटर बेस की कमान संभाली और वह जम्मू-कश्मीर के एयर ऑफिसर ...शेष पृष्ठ 14 पर

केसी त्यागी का प्रवक्ता पद से इस्तीफा, राजीव रंजन को मिली जिम्मेदारी

नयी दिल्ली। जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया और उनकी जगह राजीव रंजन प्रसाद को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। जद (यू) की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि त्यागी ने निजी कारणों से राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, पार्टी सूत्रों का कहना है कि केंद्र सरकार की नीतियों पर अकसर की जाने वाली त्यागी की टिप्पणियां जद (यू) और उसकी सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संबंधों में असहजता का कारण बन रही थीं। त्यागी दिल्ली में रहते हैं और अपने अनुभव तथा अभिव्यक्ति के कारण राष्ट्रीय मीडिया में विशेष पहचान रखते ...शेष पृष्ठ 14 पर

प्रदेश में युवाओं के साथ नहीं होता भेदभाव : योगी

मुख्यमंत्री ने भाजयुमो की प्रदेश कार्य समिति को किया संबोधित, दो साल में पुलिस में भर्ती होंगे एक लाख रंगरूट

जिला संवाददाता

वाराणसी। उत्तर प्रदेश की संस्कार नगरी वाराणसी में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि अगले दो साल में यूपी पुलिस में 1 लाख नौजवानों की भर्ती होगी। सीएम योगी ने आगे कहा कि यही नहीं आने वाले दो वर्षों में 2 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी से जोड़ा जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में युवाओं के साथ कोई भेदभाव नहीं होता। युवाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी से जोड़ा जा रहा है। विगत साढ़े सात वर्ष में हमने साढ़े छह लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी है।

कल ही हमने प्रदेश में सबसे बड़ी पुलिस भर्ती प्रक्रिया की लिखित परीक्षा सकुशल संपन्न कराई, जिससे 60200 से ज्यादा युवाओं को पुलिस बल में सेवा देने का मौका मिलेगा। सीएम योगी वाराणसी में भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक व सदस्ता कार्यशाला में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने युवाओं को राजनीति का ककहारा सिखाते हुए सिद्धांतों के अनुरूप मूल्यों व आदर्शों की स्थापना के लिए राजनीति को चुनने का आह्वान किया। उन्होंने साफ कहा कि राजनीति सत्ता प्राप्ति या स्वार्थ सिद्धि नहीं बल्कि प्रदेश हित व राष्ट्रहित के मूल्यों के संवर्धन का माध्यम बनना चाहिए। रविवार को वाराणसी में भारतीय जनता युवा मोर्चा, उत्तर प्रदेश की कार्य समिति की बैठक व सदस्ता कार्यशाला में युवाओं को सार्थक राजनीति का मंत्र देते हुए अटल जी की सीख की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि हमेशा एक बात याद रखें, सिद्धांत विहीन राजनीति मौत का फंदा होती है। हमें प्रलोभन में फंसना नहीं है और चाहे कुछ भी हो जाए अपने मूल्यों से समझौता नहीं करना है। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश के बदलते परसेप्शन के बारे में कहा कि जब हमने युवाओं को रोजगार देने का कार्य किया तो आज परिणाम सबके सामने है। आज प्रदेश में युवाओं को उनके जनपद और गांवों में ही नौकरी मिल रही है, देश दुनिया का हर बड़ा निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश करना चाहता है और प्रदेश आज देश में दूसरे नंबर की इकॉनमी बन चुका है। यह सब युवा शक्ति पर फोकस करने के कारण हुआ है। हम अगले 3-4 साल में प्रदेश को देश की पहली नंबर की इकॉनमी बनाने जा रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने युवा मोर्चा के कार्यकताओं को भी संगठन को हर मायने में नंबर वन बनाने का लक्ष्य दिया। कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि आज सब बाबा विश्वनाथ की इस पावन धरा पर एकत्र होकर कार्यशाला में सहभागी बन रहे हैं। प्रदेश के अलग-लग जनपदों से युवा यहां सहभागी बन रहे हैं। आपका उत्साह नई ऊर्जा का वाहक बनता है। यही ऊर्जा प्रधानमंत्री के सुशासन के मिशन को धरातल पर उतारने का कारण बनता है। ये उम्र ही ऐसी है जहां ऊर्जा भी है और प्रतिभा भी है। सार्वजनिक जीवन में राजनीति को हम लोग सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं बल्कि मूल्यों व आदर्शों की स्थापना के लिए कार्य कर रहे हैं। अपने उद्देश्य से विचलित हुए बिना हम सब कार्य करते हैं और हम श्रेय लेने के लिए कार्य नहीं करते। हम अच्छे से जानते हैं ...शेष पृष्ठ 14 पर

रूस ने यूक्रेन के 150 से अधिक ड्रोन मार गिराये

एजेंसी

मॉस्को। रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में यूक्रेन के 158 ड्रोन मार गिराए, जिनमें से दो ड्रोन मॉस्को शहर में और नौ मॉस्को के आसपास के क्षेत्र में नष्ट किए गए।

यूक्रेन की ओर से बीती रात किए गए ड्रोन हमलों को उसकी ओर से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला बताया जा रहा है। कुर्स्क क्षेत्र में 46 ड्रोन नष्ट किए गए, जहां यूक्रेन ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से रूसी सरजमीं पर सबसे बड़े आक्रमण के तहत हाल के सप्ताहों में अपने सैनिकों को भेजा है। चौतीस और ड्रोन ब्रायंस्क क्षेत्र में नष्ट किए गए, 28 से अधिक ड्रोन वोरोनेझ क्षेत्र तथा 14 ड्रोन बेलगोरोद क्षेत्र में नष्ट किए गए, जिनकी सीमा यूक्रेन से लगती है। रूस के अंदरुनी क्षेत्र में भी ड्रोन नष्ट किए गए, जिनमें से एक-एक ड्रोन उत्तर-पश्चिमी मॉस्को के त्वेर क्षेत्र तथा उत्तर-पूर्वी मॉस्को के इवानोवो क्षेत्र में नष्ट किया गया। यूक्रेन के इन ड्रोन हमलों से अब लड़ाई अग्रिम मोर्चे से रूस की राजधानी तक भी पहुंच गई है। इस साल की शुरुआत से ही यूक्रेन ने रूसी जमीन पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं और उसकी ...शेष पृष्ठ 14 पर

गंगा सागर से संगम तक चलेगी नयी वंदे भारत ट्रेन

जिला संवाददाता

वाराणसी/प्रयागराज। महाकुंभ से पहले वाराणसी को एक और नई वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलेगी। बंगाल-प्रयागराज वाया वाराणसी के बीच रूट संभावित है। गंगा सागर और संगम के

महाकुंभ से पहले वाराणसी को मिलेगी सौगात

बीच वंदे भारत के संचालन से तीर्थ यात्रियों को काफी सुविधा होगी। नई वंदे भारत की आठ कोच का रैक कैंट रेलवे स्टेशन के गूलर यार्ड में खड़ा है।

चार अगस्त से ही इस कोच को आरपीएफ की निगरानी में रखा गया है। रेल अधिकारियों के अनुसार पितरों के तर्पण के लिए गंगा सागर जाने वाले श्रद्धालुओं को इस नई ट्रेन के संचालन से काफी सुविधा होगी। यूपी, बिहार-झारखंड से बड़ी संख्या में लोग गंगा सागर जाते हैं। वहीं, महाकुंभ के दौरान बंगाल और संगम का जुड़ाव भी नई ट्रेन के जरिये आसान होगा। रेलवे बोर्ड की ओर से इस रूट का परीक्षण कराया जा रहा है। सितंबर माह में ही इस ट्रेन के नोटिफिकेशन आने की उम्मीद है। वाराणसी से चार वंदे भारत ट्रेनें इस समय चल रही हैं। वाराणसी-नई दिल्ली रूट पर दो और रांची-वाराणसी और पटना-लखनऊ वाया अयोध्या रूट पर एक-एक वंदे भारत ट्रेन का संचालन हो रहा है। बंगाल-वाराणसी रूट पर यह पांचवीं ट्रेन होगी। उत्तर रेल अधिकारियों के अनुसार महाकुंभ से पहले कई नई ट्रेनें शुरू होंगी। इसके तहत ही वंदे भारत की नई रैक खड़ी है लेकिन किन रूट पर इसे चलाया जाएगा, इसकी ...शेष पृष्ठ 14 पर

कोलकाता में रैलियां और प्रदर्शन जारी

कोलकाता। फिल्म निर्देशक अपर्णा सेन और बंगाली फिल्म उद्योग की कई अन्य प्रमुख हस्तियां रविवार को हजारों लोगों के साथ एक विशाल रैली में शामिल हुईं, जिसमें स्थानीय प्रशिक्षु डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की गई। पिछले महीने यहां आर जी कर अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक की कथित बलात्कार के बाद हत्या कर दी गयी थी। महामिच्छिल के अलावा, शहर में अन्य जगहों पर दो अन्य रैलियां आयोजित की गईं। एक रैली का आयोजन रामकृष्ण मिशन द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों के पूर्व छात्रों द्वारा किया गया था, जबकि दूसरी रैली में एक प्रसिद्ध कॉन्वेंट स्कूल के छात्र और पूर्व छात्र शामिल थे, दोनों ने चिकित्सक के लिए न्याय की मांग की। कॉलेज स्क्वायर से शुरू हुई इस विशाल रैली में, सेन ने स्वस्तिका मुखर्जी, सुदीप्त चक्रवर्ती, ...शेष पृष्ठ 14 पर

37 पीपीएस अफसरों का तबादला

भीम कुमार गौतम एएसपी एटीएस बने

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी में 37 पीपीएस अफसरों का हुआ तबादला, भीम कुमार गौतम अरढ एटीएस लखनऊ बने, सुनील कुमार सिंह-1 एएसपी दक्षिणी देवरिया बने, स्वेताभ पांडेय अरढ साइबर क्राइम मुख्यालय बने, दिगंबर कुशवाहा उपसेनानायक 12वीं वाहिनी एएसपी फतेहपुर, आलोक मिश्रा एएसपी औरैया,शिवराज बांदा बनाए गए, लक्ष्मी निवास मिश्रा एएसपी भ्रष्टाचार निवारण मुख्यालय, मो.अकमल खान एएसपी ट्रैफिक बरेली बनाए गए, अतुल कुमार चौबे एएसपी ट्रैफिक मुजफ्फरनगर बने, कुलदीप सिंह-प्रथम एएसपी प्रयागराज बनाए गए, नवीन कुमार सिंह एएसपी लखनऊ बनाए गए, संजीव सुमार सिंह एएसपी रायबरेली बनाए गए, वीरेंद्र कुमार एएसपी कंट्रोल रुम, एएसपी मुख्यालय बने, प्रमोद सिंह यादव एएसपी एटीएस सीतापुर बनाए गए, अनूप सिंह उपसेनानायक 24वीं वाहिनी एएसपी मुरादाबाद, अशोक कुमार-1 उपसेनानायक 26वीं वाहिनी गोरखपुर, राजेश कुमार-3 अपर पुलिस अधीक्षक कौशांबी बने, वन्दना सिंह अपर पुलिस अधीक्षक महोबा बनीं, अशोक कुमार-2 उपसेनानायक 20वीं वाहिनी आजमगढ़, राजेश कुमार यादव-2 एएसपी लखनऊ बनाए गए, अर्चना सिंह अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बनीं, धनंजय सिंह कुशवाहा लखनऊ बनाए गए, कृपा शंकर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी बलिया बने, राज कुमार सिंह-1 एएसपी नगर एटा बनाए गए, मनोज कुमार गुप्ता अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर बने, हिमांशु गौरव एएसपी आगरा बनाए गए, प्रभात कुमार-1 अभिसूचना बरेली बनाए गए, नरेश कुमार एएसपी क्राइम बुलंदशहर बनाए गए, विजय आनंद उपसेनानायक 48वीं वाहिनी पीएसी, अरुण कुमार सिंह-3 एएसपी अभिसूचना अयोध्या बने, रुकमणि वर्मा एएसपी वीमेन पावर लाइन 1090 बनीं, ममता कुरील अपर पुलिस अधीक्षक क्राइम अलीगढ बनी।

यूपी पुलिस में 8 पुलिस उपाधीक्षकों का तबादला

जानकारी के अनुसार प्रीति खरवार सहायक सेनानायक 41वीं वाहिनी गाजियाबाद, अवधेश कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक जालौन बने, संदीप कुमार सिंह पुलिस ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 43.06 डिसे.
न्यूनतम : 29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- प्रदेश के 30 और अस्पतालों को मिला एनक्वॉस, संख्या 300 पार (पृष्ठ-02)
- रेलमंत्री ने पीलीभीत-मैलानीब्राडगंज रेललाइन को राष्ट्र को किया समर्पण (पृष्ठ-02)
- शेयर बाजार में एफपीआई निवेश 7,320 करोड़ रुपये पर(पृष्ठ-14)
- पीएमआई के आंकड़े देंगे बाजार को दिशा (पृष्ठ-14)
- जीएसटी संग्रह 10 प्रतिशत बढ़कर 1.75 लाख करोड़ (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

महसी तहसील क्षेत्र में फिर फैली दहशत, चार भेड़िए पहले ही पकड़े जा चुके हैं

बहराइच में भेड़िए का फिर हमला, एक बालक समेत दो घायल

जिला संवाददाता

बहराइच। जिले के महसी तहसील क्षेत्र में शनिवार देर रात से रविवार भोर तक दो अलग-अलग स्थानों पर कथित रूप से भेड़िए के हमले में नौ वर्षीय एक बालक व एक अधेड़ उम्र का शख्स घायल हो गये। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व बीते करीब डेढ़ माह के अंतराल में कथित तौर पर भेड़ियों के हमलों से छह बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गयी थी और करीब तीस लोग घायल हुए थे। बीते छह-सात दिनों से शांत माहौल के बाद इलाके में एक बार फिर दहशत बढ़ गयी है।

देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने रविवार को बताया कि गांव वासियों के अनुसार हरदी थानांतर्गत पूरेदिलदारसिंग गांव के मजरा नकही में शनिवार/ रविवार की दरम्यानी रात करीब डेढ़ बजे घर के आंगन में मां के साथ सो रहे पारस (नौ) को एक भड़िए ने हमला कर घायल कर दिया। पारस बहराइच के रेहुआ मंसूर गांव का निवासी है जो अपनी ननिहाल नकही गांव आया हुआ था। दूसरी घटना मैकू पुरवा ग्राम सभा के दरिया कुट्टी मजरे की है जहां रविवार सुबह करीब चार बजे पुन्नीलाल (55) घर के आंगन में सो रहे थे, तभी भेड़िए ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। मंडलायुक्त ने बताया कि बहराइच के जिलाधिकारी व ग्रामीणों के अनुसार दोनों हमले भड़िए ने किए हैं, लेकिन इसकी पुष्टि वन विभाग व घायलों की मेडिकल जांच के बाद ही होगी।

महसी थाना क्षेत्र में भेड़िए के हमले में घायल बालक

दोनों घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत खतरे से बाहर है। छह भेड़ियों यों के झुंड में से चार को पकड़ा जा चुका है जिसके बाद लोगों को कुछ राहत मिली थी, लेकिन शनिवार-रविवार की दरमियानी रात इन दो हमलों के बाद क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है। महसी तहसील के कुलैला गांव के पास स्थित भेड़ियों की मांद के निकट जाल व पिंजरे लगाए गए हैं और ड्रोन की मदद से उनकी गतिविधियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

वंदे भारत स्लीपर कोच के प्रोटोटाइप का अनावरण

एजेंसी

बेंगलुरु। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को यहां बीईएमएल के कारखाने में वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर कोच के प्रोटोटाइप संस्करण का अनावरण किया। वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि कोच के आगे के परीक्षण के लिए इसे पटरियों पर चलाए जाने से पूर्व 10 दिन तक उसका कड़ा परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले तीन महीनों में ट्रेन का परिचालन शुरू होने की संभावना है। वैष्णव ने कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

सीएम योगी ने टेका बाबा विश्वनाथ और काल भैरव के मंदिर में माथा

विशेष संवाददाता (vol)

वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक एवं सदस्यता अभियान कार्यशाला में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को दोपहर में वाराणसी पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी पहुंचते ही बाबा काल भैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में

- षोडशोपचार पूजन कर लोक कल्याण के लिए कामना की
- काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव की आरती किया और विधि-विधान से पूजा कर आशीर्वाद लिए

मत्था टेका। पुलिस लाइन हेलीपैड पर उतरने के बाद मुख्यमंत्री बाबा के दरबार में पहुंचे और विधि विधान से पूजन किया।

मुख्यमंत्री ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में आदियोगी के दर्शन किए। बाबा के गर्भगृह में जाकर षोडशोपचार पूजन कर लोक कल्याण के लिए कामना की। उन्होंने काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव की आरती किया और विधि-विधान से पूजा कर आशीर्वाद लिए। मंदिर में मौजूद दर्शनार्थियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने बीच देखकर हर-हर महादेव के उद्घोष से उनका स्वागत किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी भक्तों का अभिवादन हाथ जोड़कर और हाथ उठाकर स्वीकार किया। काल भैरव से दर्शन करके निकलते समय बच्चों को देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रुक गए और उनको मिठाई खिलाई। वहां से मुख्यमंत्री योगी में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय गए, जहां उन्होंने पांडुलिपियों का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी के साथ प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर सिंह, दयाशंकर मिश्र 'दयालु', रवींद्र जायसवाल, विधायक सौरभ श्रीवास्तव व अन्य लोग मौजूद थे।

भारतीय संस्कृति की धरोहर को संरक्षित करने का कार्य सराहनीय : योगी

जिला संवाददाता

वाराणसी। अपने एक दिवसीय दौरे पर रविवार को काशी पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहली बार सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय गए। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक सरस्वती भवन में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों में ₹रास पंचाध्यायी₹, श्रीमद्भगवद्गीता एवं विशेष कपड़े पर स्वर्ण अक्षरों एवं स्वर्ण कलाओं से युक्त दुर्गासप्तशती को देखकर भाव विभोर हो गए। सीएम योगी ने भारतीय संस्कृति के धरोहर को संरक्षित करने के अभियान को निरन्तर जारी रखने तथा विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे इस प्रयास की प्रशंसा भी की। सीएम योगी ने भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन द्वारा पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्य में प्रदेश सरकार के स्तर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

सीएम योगी ने 234 वर्षीय मुख्य भवन के अंदर का अवलोकन कर भारतीय नक्षत्र विद्या, भारतीय खगोल विद्या, भारतीय ऋषियों द्वारा किए गये कार्यों के ऊपर म्यूजियम बनाये जाने तथा शास्त्रार्थ की परम्परा को इसी भवन में कराये जाने का निर्देश दिया। भारतीय ज्ञान परम्परा के अति प्राचीन केंद्र सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक मुख्य भवन में वैदिक वांग्मय के क्रमिक विकास पर 3-डी म्यूजियम का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 16 संस्कारों, 64 कलाओं, 18 विद्या स्थान को विस्तृत रूप दिखाया जायेगा। निरीक्षण के दौरान सीएम योगी ने राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, चौकाघाट को पुनः इस संस्था के संकाय के रूप में परिवर्तित करने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक रूप से स्वीकार किया।

संपूर्णानेद संस्कृत विवि में भारतीय वांग्मयपर बनेगा 3 डी म्यूजियम

पौराणिक पांडुलिपियों को देख भाव विभोर हुए मुख्यमंत्री

सीएम योगी ने गंगानाथ झा छात्रावास का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में साइकिल एवं वाहन स्टैंड बनाये जाने का निर्देश देते हुये कहा कि स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। साथ ही जर्जर तारों को बदलने सहित अन्य आवश्यक कार्यों को समय पर पूरा करें। सीएम योगी ने परिसर के सभी विभागों के साइन बोर्ड को संस्कृत भाषा में करने सहित सीवर, ड्रेनेज एवं जर्जर सड़कों को व्यवस्थित करने का भी संज्ञान लिया। उन्होंने सड़कों को दुरुस्त करने तथा निर्माण निगम द्वारा बनाए जा रहे बाउंड्री वाल के निर्माण को समय पर कराये जाने का निर्देश देते हुए अन्य कार्यों का प्रस्ताव देने को कहा।

इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा, उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु', पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विकास प्राधिकरण के मानद सदस्य अंबरीश सिंह भोला, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, अपर पुलिस कमिश्नर एस चिनप्पा सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय से कुलसचिव राकेश कुमार, प्रो राजनाथ, डॉ पद्माकर मिश्र, डा. दिनेश कुमार तिवारी सहित विश्वविद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री से ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने नयी दिल्ली में की शिष्टाचार मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने शनिवार को नई दिल्ली में उनके आवास पर शाम को स्नेहल व शिष्टाचार मुलाकात की।

भेंट के दौरान श्र.के. शर्मा ने प्रधानमंत्री का आशीर्वाद लिया और

- प्रधानमंत्री हम सबके प्रेरणास्रोत एवं पथ प्रदर्शक : ए.के. शर्मा

प्रदेश में नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और कार्यों को और बेहतर व जन उपयोगी बनाने के लिए उनका मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। उन्होंने प्रदेश में पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना और नगरों को सोलर सिटी बनाने के कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी दी और इस संबंध में प्रधानमंत्री का निरंतर सुझाव और मार्गदर्शन प्राप्त करने की उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की। ए.के. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री हम सबके प्रेरणास्रोत एवं पथ प्रदर्शक हैं। विपरीत परिस्थितियों में भी देश व समाज के लिए निर्बाध कार्य करने, जनता जनार्दन की निःस्वार्थ सेवा और कर्त्तव्यपरायणता की उनसे असीम ऊर्जा मिलती है।

भाजपा सरकार शहीद स्मारक पर बुलडोजर चला रही है : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा अब शहीदों के स्मारक पर भी बुलडोजर चलवा रही है। मैनपुरी में कारगिल के वीर शहीद मुनीश यादव के सन-2000 में बने प्रतिमा स्मारक को मिट्टी में मिलाने का जो दुस्साहस प्रशासन ने शासन के इशारे पर किया है, उससे देश के सैनिकों और देशप्रेमियों के बीच मूक आक्रोश पनप रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि देश के मान-सम्मान के लिए जीवन न्योछावर करने वालों की शहादत का मोल भाजपाई कभी नहीं समझ सकते हैं क्योंकि इतिहास गवाह है कि आजादी के आंदोलन में जो लोग स्वतंत्रता सेनानियों का साथ देने के बजाय औपनिवेशिक शासकों के कान-आँख बनकर रहे, वो भला बलिदान की क़ीमत क्या जानें। श्री यादव ने कहा कि भाजपा की सियासत शहीदों में भी भेदभाव करने लगी है। ये नकारात्मक राजनीति का निकृष्टतम रूप है। यदि भाजपा में जरा भी शर्म बची है तो मंडल से लेकर जिले स्तर के सभी बड़े अधिकारियों को तत्काल निलंबित करे और प्रतिमा-स्मारक की ससम्मान पुनर्स्थापना करे। नहीं तो समाजवादी मिलकर ये कार्य करेंगे। कारगिल शहीद के स्मारक पर बुलडोजर चलाने का भाजपा सरकार का कुकृत्य निंदनीय है।

पर्यावरण विभाग का शासनादेश दैनिक कर्मचारियों से न लें नियमित काम ताकि वे न्यूनतम भुगतान व नियमितीकरण की न कर सकें मांग'

विधि संवाददाता

लखनऊ। हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने वन एवं जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण विभाग, के उस अनु सचिव को तलब किया है जिसने 28 अगस्त 2023 व 29 सितंबर 2023 को शासनादेश जारी करते हुए, निर्देश दिया है कि दैनिक कर्मचारियों (डेली रेटेड एंप्लाईज) से नियमित काम ना लिया जाए ताकि वे न्यूनतम भुगतान व नियमितीकरण की मांग न कर सकें। इसके साथ ही न्यायालय ने विभाग के अपर मुख्य सचिव से भी स्पष्टीकरण तलब किया है। न्यायालय ने कहा है कि यदि अगली सुनवाई तक अपर मुख्य सचिव शपथ पत्र पर स्पष्टीकरण देने में असफल रहते हैं तो उन्हें भी कोर्ट में हाजिर होना होगा। मामले की अगली सुनवाई 9 सितंबर को होगी।

- शासनादेश जारी करने वाले अनु सचिव को हाईकोर्ट ने किया तलब
- अपर मुख्य सचिव से भी मांगा स्पष्टीकरण

यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने रफीउल्ला की सेवा संबंधी याचिका पर पारित किया है। न्यायालय ने पाया कि 28 अगस्त 2023 के शासनादेश में यह भी कहा गया है कि यदि ऐसे दैनिक कर्मचारियों से कोई आधिकारिक नियमित काम लेता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

वही 29 सितंबर 2023 के शासनादेश में यह भी कहा गया है कि दैनिक कर्मचारी को न्यूनतम वेतन सात हजार रुपए ही दे है ना की 18 हजार रुपए। न्यायालय ने कहा कि अनुसचिव दिनेश कुमार सिंह द्वारा परित उपरोक्त शासनादेश न सिर्फ अविधिक, मनमाना और भेदभावपूर्ण है बल्कि न्यायपालिका की भी अवमानना है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के तमाम निर्णयों में न्यूनतम भुगतान दैनिक कर्मचारियों का अधिकार बताया जा चुका है। उक्त टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने संबंधित अनु सचिव को स्पष्टीकरण के साथ तलब किया व अपर मुख्य सचिव को भी स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है।

अब तक 96 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निदेर्शों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1533 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4978 प्रकरणों का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों में 4929 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 7954 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 94 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की।

रेलमंत्री ने पीलीभीत-मैलानी ब्राडगंज रेललाइन को राष्ट्र को किया समर्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेल, सूचना एवं प्रसारणए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियोकान्फ्रेंसिग के माध्यम से रविवार को पीलीभीत-शाहगढ़-मैलानी रेल खण्ड के गेज परिवर्तन का राष्ट्र को समर्पण किया तथापीलीभीत-शाहगढ़-मैलानी खंड पर नई ट्रेन सेवा का शुभारम्भ उद्घाटन विशेष गाड़ी को हरी झण्डी दिखाकर किया।

- पीलीभीत-मैलानी खंड पर नई ट्रेन सेवा का शुभारंभ और विशेष गाड़ी को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

समारोह को सम्बोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक हैए आप लोगों के इच्छाओं के अनुरूप पीलीभीत को प्रदेश की राजधानी से जोड़ा जा रहा हैएजिसका श्रेय आपके सांसद जितिन प्रसाद जी को जाता है, जिनके विशेष प्रयासों से आज यह हो रहा है रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रूहेलखंड क्षेत्र के आवंला, बदायूं, बहेड़ी, बरेली, बरेली सिटी, धामपुर, इज्जतनगर, मुरादाबाद, पीलीभीत जंण रामपुर जं., नगीना, सहारनपुर आदि स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में 157 रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशनयोजना के अंतर्गत पुनर्निर्माण किया जा रहा हैए यह डबल इंजन सरकार की देन है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए लगातार रेलवेहेतु बजट आवंटन में निरंतर वृद्धि की है। वर्ष 2024.25 के बजट में 19,848 करोड़ रुपये का आवंटन उत्तर प्रदेश में रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास एवं विस्तार के लिए किया गया हैए जो कि वर्ष 2009-14 के उत्तर प्रदेश के लिए औसत बजट आवंटन से 18 गुना अधिक है। रेल मंत्री कहा कि पिछले 10 वर्षों में उत्तर प्रदेश में 4900 किमी नई लाइन बिछायी गयी है। उन्होंने आगे कहा कि स्विट्जरलैंड का कुल रेल नेटवर्क 5000 किमी है, जो , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले और दूसरे कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में बिछाए गए कुल रेल नेटवर्क के लगभग बराबर है। पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेल पर किये गये कार्य, विकास की एक मिशाल है। रेल मंत्री ने कहा कि तीसरे कार्यकाल में तीन गुना ज्यादा मेहनत से कार्य किया जा रहा है रेल मंत्री श्री वैष्णव ने कहा कि आज इस खंड को राष्ट्र को समर्पित करते हुए तथा इस खंड पर ट्रेन सेवा का शुभारंभ करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आज से पीलीभीत क्षेत्र देश के महानगरों से जुड़ जाएगा। उन्होंने केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योगए इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री तथा सांसद पीलीभीत जितिन प्रसाद के प्रयासो की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे पीलीभीत के विकास के लिए प्रयत्नशील है।

इस अवसर पर पीलीभीत में आयोजित समारोह में केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि पीलीभीत क्षेत्र में विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। यहां की बहुप्रतिक्षित मांग को मोदी सरकार ने आज पूरा कर दिया। पीलीभीत स्टेशन को 17 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित कर वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाया जा रहा है। यहां पर यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट, एस्कलेटर, उन्नत पार्किंग, फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीलीभीत से मैलानी के मध्य तीन जोड़ी तथा पीलीभीत से लखनऊ हेतु एक जोड़ी गाड़ियों का संचलन प्रारम्भ किया जा रहा है। उन्होंने पीलीभीत को मथुरा, काशी एवं अयोध्या से जोड़ने हेतु रेलमंत्री वैष्णव का ध्यान आकृष्ट किया।। पीलीभीत में आयोजित समारोह में सदस्य विधान परिषद डा. सुधीर गुप्ता, नगरपालिका चेयरमैन डॉ.आस्था अग्रवाल उपस्थित थी।अतिथियों का स्वागत करते हुए महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने कहा कि आज। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के कर कमलों से पीलीभीत-शाहगढ़-मैलानी रेलखंड के गेजपरिवर्तन का राष्ट्र को समर्पण तथा इस खंड पर ट्रेन सेवा का शुभारम्भ किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबन्धकध्इज्जतनगर रेखा यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा समारोह का संचालन मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे पंकज कुमार सिंह ने किया।

बीएचयू परिसर में छात्रा से सामूहिक बलात्कार के आरोपी जेल से रिहा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने पिछले साल वाराणसी स्थित आईआईटी-बीएचयू परिसर के अंदर एक छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार की घटना के दो आरोपियों की रिहाई को लेकर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला करते हुए कहा कि

- मामले को लेकर विपक्ष ने केंद्र व राज्य सरकार को घेरा

इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कथित महिला सुरक्षा के पाखंड का पर्दाफाश हो गया है। सामूहिक बलात्कार के आरोपियों कुणाल पांडे और आनंद उर्फ अभिषेक चौहान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनमें उच्च न्यायालय के आदेश के बाद वाराणसी की जेल से उनकी रिहाई पर उनका जोरदार स्वागत होते देखा जा सकता है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने गत दो जुलाई को आनंद को और चार जुलाई को कुणाल को जमानत दे दी थी। कुणाल के वकील ने दलील दी थी कि उनके मुवक्किल का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह 31 दिसंबर 2023 से जेल में बंद है। वाराणसी जिला कारागार के डिप्टी जेलर शिवपूजन मिश्रा ने रविवार को बताया कि जमानत मिलने के बाद कुणाल को तीन अगस्त और आनंद को 29 अगस्त को रिहा कर दिया गया। सपा की वरिष्ठ नेता जूही सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महिला सुरक्षा? निष्पक्ष न्याय? कठोर सजा? उत्तर प्रदेश में यह सब सिर्फ बातें हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि मामले की कमजोर पैरवी के कारण अदालत ने दो आरोपियों को जमानत दे दी।

उन्होंने कहा, जनता भाजपा की राजनीति और अराजकता से तंग आ चुकी है। आज भाजपा की ट्रेन अपने आखिरी स्टेशन पर पहुंच गई है। उसे देश से हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए और अपने शासन के दौरान हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करना चाहिए। अखिलेश ने कहा, भाजपाई आज कह रहे हैं कि ट्रेन का डिब्बा उनका है, गैर-भाजपाई उसमें नहीं आ सकते[8230]। कल को ये भाजपाई यही दावा करते हुए आम आदमी को सड़क पर चलने से रोकेंगे। उन्होंने कहा, दरअसल, रेलगाड़ी की अवधारणा का भाजपा के विचार से गहरा विरोधाभास है रेलगाड़ी सबको जोड़कर आगे बढ़ने का सकारात्मक प्रगतिशील विचार हैअ जबकि भाजपा की राजनीति कुछ खास लोगों के लिए बनी डिब्बेनुमा बंद सोच के अंदर-बाहर किसी और को आने-जाने नहीं देना चाहती। कुछ का साथ, कुछ का विकास ही उनके झूठे नारों का सच्चा सच है।

सपा प्रमुख ने कहा, भाजपा की राजनीति और भाजपाई अराजकता से जनता त्रस्त हो चुकी है। आज भाजपा

की गाड़ी अपने आखिरी स्टेशन पर पहुंच चुकी है, इससे आगे की यात्रा उसके लिए संभव नहीं है। अच्छा हो कि अपनी यात्रा को खत्म करने से पहले भाजपा सरकार भी देश से हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए कहे : यात्रीगण कृपया ध्यान दें, हमारे राज में हुई असुविधा के लिए खेद है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा कि इस पूरी घटना ने प्रधानमंत्री और भाजपा के कथित महिला सुरक्षा के पाखंड को उजागर कर दिया है। कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट किया, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले भाजपा आईटी सेल के दो पदाधिकारी जेल से छूट गए हैं। खबरों के मुताबिक, जब ये जेल से बाहर आए तो जश्न मनाया गया और धूमधाम से इनका स्वागत किया गया।

पार्टी ने कहा, सनद रहे-सामूहिक

दुष्कर्म करने के बाद भाजपा आईटी सेल के इन पदाधिकारियों को मध्य प्रदेश में भाजपा का प्रचार करने के लिए भेज दिया गया था और वहां ये मोदी की गारंटी को घर-घर बांट रहे थे। कांग्रेस ने कहा, सब जानते हैं कि सामूहिक दुष्कर्म करने वाले भाजपा आईटी सेल के ये पदाधिकारी अपनी पार्टी में बड़ा कद रखते हैं। मोदी-योगी, जेपी नड्डा और भाजपा के बड़े नेताओं के साथ इनकी तस्वीरें हैं। ये पूरी घटना नरेन्द्र मोदी और भाजपा के कथित महिला सुरक्षा के ढोंग का पर्दाफाश करती है। कांग्रेस ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों की मोदी-योगी के साथ कथित तस्वीरें भी एक्स पर पोस्ट कीं।

आईआईटी-बीएचयू परिसर में एक नवंबर 2023 की रात को एक छात्रा हॉस्टल से बाहर गई थी, तभी करमन बाबा मंदिर के पास मोटरसाइकिल पर तीन लोग आए और उसे जबरन एक कोने में ले गए, कथित तौर पर उसके कपड़े उतार दिए तथा उसका वीडियो बनाया और तस्वीरें खींचीं। इस मामले में दर्ज शिकायत के मुताबिक, करीब 15 मिनट बाद आरोपियों ने छात्रा को जाने दिया और उसका फोन नंबर ले लिया। शिकायत के आधार पर लंका थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 (महिला का शील भंग करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में सामूहिक बलात्कार का आरोप भी प्राथमिकी में जोड़ दिया गया। घटना के दो महीने बाद पिछले साल दिसंबर में मामले में तीन आरोपियों-कुणाल पांडे, आनंद उर्फ अभिषेक चौहान और सक्षम पटेल को गिरफ्तार किया गया था।

प्रदेश के 30 और अस्पतालों को मिला एनक्वॉस, संख्या 300 पार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि प्रदेश की 30 और स्वास्थ्य इकाइयों को नेशनल क्वॉलिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वॉस) सर्टिफिकेट मिला है। वहीं, बड़ी बात यह है कि रामपुर जिला महिला अस्पताल को एनक्वॉस, लक्ष्य और मुस्कान तीनों प्रमाण पत्र प्राप्त हुए हैं। इसके साथ ही प्रदेश में एनक्वॉस प्रमाणित स्वास्थ्य इकाइयों की संख्या बढ़कर 307 पहुंच गई है। यह प्रमाण पत्र प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों को गुणवत्तापूर्ण इलाज, स्वास्थ्य के मानकों को पूरा करने एवं उस पर खरा उतरने की वजह से मिला है। बता दें कि एनक्वॉस के तहत स्वास्थ्य इकाइयों की सेवा गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिए किए गए ठोस प्रयासों से प्रेरित होकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक ने हाल ही में प्रदेश के सभी अपर निदेशकों व सीएमओ को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि वर्ष 2025 के अंत तक प्रदेश की 50 प्रतिशत और वर्ष 2026 तक सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वॉस प्रमाणित कराने के निर्धारित लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में अपने कार्य को गति दें। साथ ही, उन्होंने विभिन्न जिलों की 31 और स्वास्थ्य इकाइयों का जल्द स्टेट एसेसमेंट करने के निर्देश दिये हैं।

- सीएम योगी ने वर्ष 2025 तक 50 प्रतिशत और वर्ष 2026 तक सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वॉस प्रमाणित कराने का रखा है लक्ष्य
- सीएम योगी के दृढ़ संकल्प का दिख रहा असर, अब तक 307 स्वास्थ्य इकाइयां एनक्वॉस से प्रमाणित

इन जिलों की स्वास्थ्य इकाइयों को मिला एनक्वॉस प्रमाण पत्र : एनएचएम के महाप्रबंधक डॉ. निशांत जायसवाल के अनुसार जिन 30 स्वास्थ्य इकाइयों को हाल में एनक्वॉस प्रमाण पत्र मिला है। उनमें रामपुर जिला महिला अस्पताल के अलावा शाहजहांपुर की तिलहर, कानपुर देहात की गजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और लखनऊ की अर्बन पीएचसी शामिल हैं। इसके अलावा फतेहपुर व प्रयागराज के तीन-तीन, गाजियाबाद, बिजनौर व शाहजहांपुर के दो-दो, लखनऊ, गाजीपुर, श्रावस्ती, सहारनपुर, संभल, हमीरपुर, कानपुर देहात, मिजार्पुर, सहारनपुर, गोण्डा, बहराइच, हरदोई, फरुखाबाद, कुशीनगर के एक-एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एनक्वॉस प्रमाण पत्र मिला है।

31 और स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वॉस प्रमाण पत्र दिलाने की कवायद तेज : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि उन्होंने 24 जनपदों की 31 स्वास्थ्य इकाइयों का स्टेट एसेसमेंट कराने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र लिखा है। इसमें निर्देशित किया गया है कि सात सितंबर तक इन सभी इकाइयों का एसेसमेंट करा लिया जाए ताकि फिर से नेशनल टीम आंकलन करने आ सके। अगर यह सभी इकाइयां स्टेट के बाद नेशनल एसेसमेंट में भी मानक के अनुरूप मिलीं तो इनको भी एनक्वॉस मिल जाएगा।

संक्षेप

गैंगस्टर का आरोपी धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने गम्भीर अपराधों में वांछित गैंगेस्टर के आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया। लालगंज प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव के निर्देश पर दरोगा अशोक कुमार यादव मय फोर्स रविवार को गश्त पर निकले थे। रायपुर तियाई के पास पुलिस पर अभियुक्त सचिन सरोज पुत्र रामफल सरोज निवासी ग्राम जौदहा जनपद रायबरेली दिख गया। पुलिस ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया और थाने ले आयी। दोपहर बाद अभियुक्त सचिन सरोज को पुलिस ने जेल भेज दिया।

अधिवक्ता की मां का निधन

प्रतापगढ़। वरिष्ठ अधिवक्ता मिथलेश त्रिपाठी की मां राजकुमारी देवी (103) का शनिवार को गम्भीर बीमारी के चलते रायबरेली एम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह समाजसेवी करूणापति त्रिपाठी की भी मां थी। राजकुमारी के निधन को लेकर रामपुर बावली स्थित पं. रामानंद सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज तथा विद्याधर मिश्र विज्ञान एवं अनुसंधान महाविद्यालय में शोकसभाओं में उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। शोकसभा में प्रबन्धक डॉ. अरूण शंकर मिश्र, अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अधिवक्ता संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, सिंटू मिश्र, जीतेन्द्र तिवारी, रूद्रनाथ तिवारी आदि रहे। इधर तहसील में भी संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में साथी की मां के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक का संचालन महामंत्री सूर्यकान्त निराला ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, कालिका प्रसाद पाण्डेय, अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र, संतोष सिंह, विनोद शुक्ला, शैलेन्द्र मिश्र, प्रमोद तिवारी, पं. राजेन्द्र मिश्र, प्रभाकर पाल, हरिश्चन्द्र पाण्डेय, मस्तराम पाल, घनश्याम मिश्र, अनूप पाण्डेय, बीडी पटेल, आशीष तिवारी, शिवेन्द्र तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

अपहरण का आरोपी भेजा गया जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने अपहरण के आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेजा है। लालगंज कोतवाली के दरोगा दीपक कुमार यादव फोर्स के साथ रविवार को गश्त पर निकले थे। इस बीच पुलिस टीम को मिश्राइनपुर नहर रोड पर अपहरण समेत कई गम्भीर आपराधिक मुकदमों का वांछित लालगंज के खालसा सादात निवासी छोटे लाल सरोज का पुत्र रंजीत दिख गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर दोपहर बाद जेल भेज दिया।

विधवा ने मारपीट का लगाया आरोप, दी तहरीर

प्रतापगढ़। कोतवाली लालगंज के इदिलपुर गांव निवासिनी विधवा महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर मारपीट तथा खेत में लगे तार उठा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता शीला ने तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस अगस्त को सुबह दस बजे उसकी ननद तथा ससुर एवं ननद के लड़के ने उसके खेत में लगे तार को जबरिया काटते लगे। मना किया तो आरोपियों ने उसे मारपीट कर चुटहिल कर दिया। आरोपियों ने खेत में धान की फसल में भी नुकसान पहुंचाया और उसका तार तथा बल्ली उठा ले गये। शोर मचाने पर गांव के लोग दौड़े तो आरोपियों ने गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है तहरीर मिली है जांचकर कार्यवाही की जायेगी।

सोमवती अमावस्या पर आयोजन आज

प्रतापगढ़। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर रोड पर आज सोमवती अमावस्या पर रक्षासूत्र समर्पण एवं पीपल के वृक्ष के फेरे का धार्मिक आयोजन प्रातः नौ बजे किया गया है।

कार की टक्कर से घायल

उदी, इटावा। बढपुरा थाना क्षेत्र इटावा ग्वालियर मार्ग स्थित ग्राम नगलागौर के समीप एक कार की टक्कर से बाइक सवार हुआ गंभीर घायल। जनपद औरैया के ग्राम पूरनपुर थाना कोतवाली निवासी अभिषेक दौहरे पुत्र रामौतार दोहरे बाइक से अपने घर औरैया जा रहा था कि तभी सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार अभिषेक दोहरे गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे बढपुरा थाना प्रभारी गणेश शंकर द्विवेदी ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

संपत्ति का ब्योरा न देने वाले 3087 पुलिस कर्मियों का वेतन रोका

नाफरमानी करने वालों के खिलाफ दिए गये आदेश

जिला संवाददाता (vol)

कानपुर। कानपुर कमिश्नरेट मुख्यालय ने 3087 पुलिसकर्मियों का अगस्त माह का वेतन रोकने के आदेश जारी किया है। एडिशनल सीपी मुख्यालय विपिन मिश्रा की ओर से यह आदेश हर उस कर्मी के लिए जारी हुआ है। आदेश में कहा गया है जब तक कर्मी अपनी संपत्ति का ब्योरा पोर्टल पर अपलोड नहीं करता और उसकी प्रति आंकिक शाखा में नहीं जमा करता, तब तक वेतन जारी नहीं होगा। चूंकि पिछले दस दिन से लगातार पुलिस कर्मी सुरक्षा व्यवस्थाओं में व्यस्त थे। इसलिए कर्मियों को जानकारी अपलोड करने के लिए 31 अगस्त के बाद भी 24 घंटे का अतिरिक्त समय दिया गया है।, जिसने उत्तर प्रदेश सरकार के मानव संपदा पोर्टल पर 31 अगस्त तक संपत्ति का ब्योरा अपलोड नहीं किया।

इस मियाद के पूरा होने के बाद भी जानकारी अपलोड न करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की जाएगी।

गौरतलब है कि विभागीय स्तर पर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश सरकार ने सभी सरकारी कर्मियों को उनकी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। शासन के निर्देश के बाद कमिश्नरेट मुख्यालय ने जानकारी अपलोड करने को आदेश जारी किया था। आदेश के बाद कमिश्नरेट के कुल 8722 पुलिसकर्मियों में से 5635 पुलिस कर्मियों ने मानव संपदा पोर्टल पर संपत्तियों का ब्योरा भर दिया है। इनमें पुलिस कमिश्नर, दोनों एडिशनल सीपी के अलावा सभी डीसीपी, एडीसीपी व एसीपी ब्योरा अपलोड कर चुके हैं।

इन्होंने अपनी संपत्तियां नहीं की सार्वजनिक

पद	अपलोड न करने वाले कर्मी	कुल कर्मी
इंस्पेक्टर/एसआई	1185	1793
हेड कांस्टेबल	618	1368
कांस्टेबल	755	2327
शस्त्र पुलिस	154	1033
एलआईयू	19	57
परिवहन	46	136
ट्रैफिक	22	593
डॉयल-112	177	724
घुड़सवार/जल पुलिस	02	27
चतुर्थ श्रेणी	85	170
कंप्यूटर ऑपरेटर	28	76
अस्पताल	04	10
रिक्रूट आरक्षी	02	22

एडिशनल पुलिस कमिश्नर, मुख्यालय/क्राइम -विपिन मिश्रा ने 31 अगस्त की सुबह 11 बजे तक पोर्टल पर जानकारी अपलोड न करने वाले पुलिसकर्मियों के वेतन रोकने के आदेश दिए गए हैं। चूंकि काफी पुलिसकर्मी परीक्षा व अन्य ड्यूटी में व्यस्त थे, इसलिए उन्हें 24 घंटे का अतिरिक्त समय दिया गया है। इस दौरान ब्योरा अपलोड कर देते हैं, तो वेतन जारी कर दिया जाएगा। अन्यथा विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

जाली स्टैंप और टिकट के धंधे का भंडाफोड़

जिला संवाददाता

गोरखपुर। यूपी एटीएस की टीम ने गोरखपुर से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों फर्जी स्टांप और टिकट छापने का धंधा करते थे। दोनों ही मूल रुप से बिहार के सीवान जिले के निवासी हैं। इनके फर्जी स्टांप और टिकट का नेटवर्क बिहार,

- एटीएस ने दो आरोपितों को दबोचा
- यूपी, बिहार और दिल्ली तक फैला है नेटवर्क

उत्तर प्रदेश के साथ दिल्ली में भी फैला है। इसमें नवाब उर्फ राजू 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश भी था। गिरफ्तार गिरोह के सरगना आरजू उर्फ लालू और उसके एक साथी राजू कुमार यादव के पास से एटीएस ने 6.94 लाख रुपये के फर्जी स्टांप, 72 हजार रुपये का फर्जी स्टांप टिकट, एक चार पहिया गाड़ी और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किया है। इस गिरोह के 6 सदस्यों को सीओ कैंट अंशिका वर्मा की टीम ने अभी हाल में गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

भगवान जगन्नाथ मंदिर में कृष्ण जी की छठी व कीर्तन -भजन उत्सव मनाया

मेरठ। रविवार को सदर स्थित भव्य धार्मिक कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट अध्यक्ष पंडित गणेश दत्त शर्मा एवं भगवान जगन्नाथ स्वामी जी के सेवक दिनेश गोयल के मार्ग दर्शन में भगवान श्रीकृष्ण जन्म के उपलक्ष्य में छटी का आयोजन किया गया। अध्यक्ष पंडित गणेश दत्त शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मेरठ क्षेत्र के अधिकांश संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालु का भव्य स्वागत अभिनंदन किया और कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण किया। श्री भगवान जगन्नाथ स्वामी जी मंदिर समिति ट्रस्ट इस धार्मिक कार्यक्रम को आयोजित करने वाली सबसे पुरानी एक मात्र समिति हैं। भगवान श्री कृष्ण छटी महोत्सव में पं. विष्णु दत्त शर्मा, राजेश दीवान रक्षित जिंदल रोहित जखर तुषार शर्मा शिवेंद्र शर्मा अश्विनी शर्मा प्रवीण अग्रवाल संजय बाजपेई आदि कार्यक्रम उपस्थित रहे।

मनोज त्यागी बने कांग्रेस में राष्ट्रीय संयुक्त सचिव प्रशासनिक, फूल मालाओं से हुआ स्वागत

मेरठ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त राष्ट्रीय संयुक्त सचिव प्रशासनिक मनोज त्यागी को बनाए जाने पर रविवार को जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं द्वारा कांग्रेस कार्यालय बुढ़ाना गेट पर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष जाहिद अंसारी ने की। इस अवसर पर बोलते हुए मनोज त्यागी ने कहा कि यह मेरा नहीं सभी मेरठ के कांग्रेस कार्यकताओं का सम्मान है, उन्होंने कहा कि पार्टी हाई कमान द्वारा मुझे राष्ट्रीय पदाधिकारी बनाकर आम कार्यकताओं को सम्मानित किया गया है, उन्होंने कहा है की मेहनत और ईमानदारी के साथ जनहित के कार्य करने वाले के लिए कांग्रेस के दरवाजे कभी बंद नहीं होते, पार्टी हाई कमान हमेशा कार्यकताओं को सम्मान देती है। मनोज त्यागी ने भारतीय संविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की कचहरी स्थित प्रतिमा व इंदिरा चौक स्थित पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक विवाद का हुआ सफल निस्तारण

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में पारिवारिक विवाद पत्रावलियां विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें श्रीमती संजू देवी बनाम नन्दलाल थाना महराजगंज तराई बलरामपुर के मध्य आपसी पारिवारिक विवाद की पत्रावली प्राप्त हुई। परामर्शदाता टीम द्वारा दोनों पक्षों को एकत्र कराकर आपसी मनमुटाव एवं वैचारिक मतभेदों खत्म कराया गया। पारिवारिक विवाद निस्तारण में परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, वन्दना मिश्रा, देवतादीन दूबे, महिला आरछी ज्योति व हेमा का सराहनीय योगदान रहा।

लूट का माल बरामद, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला श्री प्रमोद कुमार यादव के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रेहरा बाजार थाना रेहरा बाजार पुलिस टीम द्वारा मु०अ०सं०- 206/2024 धारा 309(4)/317(2) इठर से सम्बन्धित 03 वांछित अभियुक्त फूलचंद पुत्र नन्हकऊ निवासी ग्राम किशुनपुर ग्रंट थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर आज्ञाराम पुत्र विश्वनाथ चौहान निवासी ग्राम छिंटईपुरवा उज्जैनी कलां थाना धानेपुर जनपद गोण्डा सुरेश कुमार पुत्र भोंदू निवासी उज्जैनी कलां थाना धानेपुर जनपद गोण्डा को ग्राम रुधौली बुजुर्ग थाना रेहरा बाजार बलरामपुर से गिरफ्तार कर अभियुक्तगण के कब्जे से लूट का एक एन्ड्रायड फोन व 2050 रुपये नगद तथा लूट कारित करने हेतु प्रयोग की गयी एक मोटरसाइकिल बरामद कर अभियुक्तों को न्यायालय रवाना किया गया।

महिला को चाकू से किया घायल

जसवन्तनगर, इटावा। बलरई थाना क्षेत्र के गाँव नगला तौर में एक विवाहित महिला पर चाकू से हमला हुआ है। पीड़ित महिला आशा देवी पत्नी राजकुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जब वह अपने घर पर बैठी थी, तभी गाँव का ही एक युवक शराब पीकर आया और लड़ाई झगडा करने लगा। उसने शराब पीकर हाथापाई की और मेरे बाएं हाथ की हथेली के साथ दाहिने हाथ में चाकू मारा, जिससे महिला के दोनों हाथों में चाकू लग जाने से वह घायल हो गई। उसके बाद उसने थाने पर जाकर पुलिस को तहरीर दी जब इस सम्बंध थानाध्यक्ष अमित मिश्रा से की गई तो उन्होंने बताया कि घायल महिला को सीएचसी पर ले जा कर मेडीकल परीक्षण कराया गया है मेडीकल रिपोर्ट के आधार पर जो चोट लगी हुई हैं वो धारदार हथियार चाकू का घाव नहीं है तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

पशु चोरों और पुलिस के बीच मुठभेड़ दारोगा समेत दो घायल, पांच गिरफ्तार

बिजनौर। जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में पशु चोरों के साथ मुठभेड़ में गोली लगने से एक दारोगा घायल हो गया। मुठभेड़ में एक पशु चोर के भी जख्मी होने की खबर है। पुलिस ने बताया कि घायल चोर के साथ-साथ उसके चार अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक राम अर्ज ने रविवार को बताया कि शनिवाररविवार की दरम्यानी रात को पुलिस कर्मी कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मालीवाला तिराहे पर गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें दो मोटरसाइकिल पर सवार पांच लोग आते दिखे। इन लोगों को शक के आधार रोकने की कोशिश की गई, तो उन्होंने पुलिस पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया और मौके से भागने लगे। अर्ज ने बताया कि बदमाशों द्वारा चलाई गई गोली हाथ में लगने से दारोगा आशीष पुनिया घायल हो गया। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में तंजीम नाम के एक बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस दल ने मौके से तंजीम और उसके साथियों-अनस, शुएब, अरशद और आदिल को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार पशु चोरों के पास से एक देसी पिस्तौल, दो मोटरसाइकिल और 67,000 रुपये बरामद किए गए हैं। पकड़े गए अपराधी मवेशियों की चोरी करके उन्हें बेचते थे।

ढाई साल बाद व्यक्ति का नहीं लगा सुराग

बकेवर, इटावा। कस्बा लखना से लापता एक व्यक्ति का ढाई साल बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस लापता युवक की तलाश में जुटी है। कस्बा लखना के नया नहर पुल निवासी विजय कुमार पुत्र अमर सिंह करीब ढाई वर्ष पहले से लापता है। विजय कुमार रेल विभाग में झांसी में टेक्नीशियन के पद पर कार्य थे जहां से अवकाश लेकर घर आए उसके कुछ दिन बाद ही वह घर से लापता हो गए तबसे आज तक उनका कोई पता नहीं चला है। मामले की विवेचना कर रहे हैं एसएसआई बकेवर मनजीत सिंह दयाल ने बताया लापता युवक का पता लगाए जाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

बिना परमिशन ईदगाह निर्माण को ध्वस्त कराने की हुई मांग

जिला संवाददाता (vol)

गोला,गोरखपुर। उपनगर गोला स्थित डाक बंगला के पास हो रहे इदगाह निर्माण को लेकर भाजपा गोला मण्डल अध्यक्ष देवेश निषाद ने जिलाधिकारी गोरखपुर से शिकायत की है। उन्होंने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से शिकायत कर अवैध इदगाह पर तत्काल प्रभाव में बुलडोजर चलाने की मांग की है। उन्होंने शिकायत करते हुए लिखा है कि हमें कार्यकताओं से पता चला है कि गौशाला से डाकबंगला जाने वाले मार्ग पर पुराने इदगाह से थोड़ा आगे ही नये इदगाह का निर्माण किया जा रहा है जो पूणतः अवैध है। इदगाह को लेकर नगर पंचायत या अन्य किसी प्रशासनिक विभाग से कोई परमिशन नहीं ली गयी है। इसका निर्माण कुछ लोगों के द्वारा जबरदस्ती कराया जा रहा है। जो गलत है। अतः अवैध निर्माण कार्य को तुरंत रोक कर ध्वस्त कराया जाए तथा निर्माण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाई की जाए। वार्ड नंबर 18 में 1998 में मुस्लिम यूथ वेल्फेयर सोसाईटी के नाम से एक जमीन खरीदी गयी थी। तकरीबन 6 माह पूर्व छिपाकर इसपे इदगाह का निर्माण शुरू किया गया था। जिसकी शिकायत भाजपा नेता देवेश निषाद व रतनप्रकाश दूबे के द्वारा एसडीएम गोला से की गयी ।जिसके बाद प्रशासन के द्वारा निर्माण कार्य को रूकवा दिया गया तथा नोटिस जारी कर निर्माण को लेकर जवाब मांगा गया था। ईओ संजय तिवारी ने बताया था कि बिना जिलाधिकारी के आदेश के धार्मिक स्थानों का निर्माण नहीं किया जा सकता है। इनके पास कोई भी आदेश नहीं है। ईओ गोला के फोन नहीं उठाने पर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कार्यलय में लगाये गये जवाबों व नक्शा को जिलाधिकारी कार्यलय भेज दिया गया है। जिलाधिकारी का जो निर्णय होगा उसका पालन किया जाएगा।

पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार साव ने रविवार को बताया कि सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में विशाल नामक व्यक्ति को शनिवार शाम पुरकाजी थाना क्षेत्र के खैखेरी गांव से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि विशाल ने सार्वजनिक हुए एक वीडियो को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

फीडरों पर लगाये गये स्मार्ट मीटर

जसवन्तनगर, इटावा। फीडरों पर बिजली आपूर्ति, खपत का पूरा हिसाब रहेगा। इसके लिए क्षेत्र के फीडरों पर स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। इस कार्य के लिए कंपनी को ठेका दिया गया है। कंपनी ने इसका काम भी शुरू कर दिया है। इसमें 33,11 केवी फीडरों पर इनकमिंग मशीनों में स्मार्ट मीटर लगवाए जा रहे हैं। लाइन लॉस को भी विभागीय अधिकारी कम करने का प्रयास कर रहे हैं। बिजली चोरी पर अंकुश लगाना और लाइन लॉस में कमी लाने के साथ ही दुर्घटनाओं में कमी लाने को फोकस किया गया है। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने क्षेत्र में इस दिशा में काम शुरू करा दिया है। इस सम्बंध में एसडीओ अरविंद कुमार ने बताया कि झूलती लाइनों से होने वाली समस्याओं के निस्तारण के लिए खंभों के बीच के स्थान को कम किया जाएगा। इसके लिए नए पॉल भी लगेंगे। साथ ही चोरी रोकने, लाइन लॉस कम करने, ट्रांसफार्मरों के क्षतिग्रस्त होने में कमी लाने के लिए पीवीसी कोटेड लाइनों को बिछाया जा रहा। इससे दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। आरडीएसएस के तहत सबसे अहम काम बिजली लाइन लॉस को कम करना है। इसके लिए नया सिस्टम डवलप हो रहे हैं। बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के साथ-साथ दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। फीडरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इसके बाद अफसर किसी भी समय ट्रांसफार्मर एवं फीडरों पर बिजली खपत की जानकारी ले सकेंगे। स्मार्ट मीटर लगने के बाद जैसे ही फीडर या ट्रांसफार्मर पर लोड अधिक हुआ तो विभागीय अधिकारियों को चेक करने पर स्मार्ट मीटर के माध्यम से तुरंत ही जानकारी हो जाएगी। स्मार्ट मीटर में बिजली रीडिंग को घटाया या बढ़ाया भी नहीं जा सकेगा। क्षेत्र में लाइन लॉस को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। लाइन लॉस को कम करने के लिए टीमें लगातार छापा मारकर उपभोक्ताओं से बिलिंग करा रही हैं। बिजली चोरी रोकने के लिए फीडरों पर स्मार्ट लगाए गए हैं, स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान एसडीओ अरविन्द कुमार, जेई कौशल पाण्डेय, प्रमोद गौतम, कंपनी के सर्किल इंचार्ज सुशांत सक्सेना, सुपरबाइजर जितेन्द्र कुमार, रवि कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

शामली में होटल व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

मुजफ्फरनगर। शामली जिले के कोतवाली थाना इलाके में रविवार सुबह सैर पर निकले एक होटल व्यवसायी की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, कैनाल रोड पर सुबह की सैर के लिए निकले होटल व्यवसायी शिव कुमार कंबोज (60) की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

शामली के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संतोष कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि कंबोज का शव नहर रोड पर मिला। पुलिस की चार टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। कंबोज प्रॉपर्टी डीलर का काम भी करते थे।

औद्योगिक विकास में बिजली की महत्वपूर्ण भूमिका : ईशा दुहन

उद्यमियों की बिजली समस्याओं का हर सम्भव समाधान होगा : प्रबन्ध निदेशक

जिला संवाददाता (vol)

मेरठ। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबन्ध निदेशक आईएएस अधिकारी श्रीमती ईशा दुहन ने रविवार को नोएडा स्थित फोनरवा ऑफिस सेक्टर-52 में औद्योगिक संगठनो ,उद्योग बन्धुओ तथा व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा की औद्योगिक इकाइयों को इज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी जिससे उद्योगो को प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होने कहा उद्योग विकास की धुरी है और औद्योगिक विकास में बिजली की महत्वपूर्ण भूमिका है। उद्योगो को बढ़ावा देने के लिए, औद्योगिक इकाइयों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में

औद्योगिक संगठनो के प्रतिनिधियों और व्यापार मण्डल के साथ बिजली कटौती, नये बिजली घरो की स्थापना, जर्जर तार, जर्जर लाईन, नये विद्युत संयोजन जारी करने सहित अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। प्रबन्ध निदेशक ने उद्यमियों की बिजली से सम्बन्धित समस्याओं को सुना और उनका समयबद्ध निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने कहा उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिये, उद्यमियों की बिजली सम्बन्धी समस्याओं का हर सम्भव समाधान किया जायेगा।

प्रबन्ध निदेशक ने कहा की जनसहयोग से पश्चिमांचल डिस्कॉम औद्योगिक क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गुणवत्ता पूर्ण बिजली के लिए डिस्कॉम प्रतिबद्ध है। औद्योगिक क्षेत्रो को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिये डिस्कॉम द्वारा प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं, इन प्रयासों से बिजली आपूर्ति के सुदृढीकरण और आधुनीकीकरण में मदद मिलेगी। बैठक मे श्री संजय जैन, निदेशक (वाणिज्य), श्री एन०के० मिश्र, निदेशक (तकनीकी), औद्योगिक संगठनो, उद्योग बन्धुओं तथा व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

दीवार तोड़कर थाने में घुसा गोवंशीय पशुओं से लदा ट्रक

चालक समेत दो गिरफ्तार

जिला संवाददाता (vol)

देवरिया। जिले में रविवार को गोवंशीय पशुओं से लदा एक ट्रक थाने की दीवार तोड़कर उसमें घुस गया। इस मामले में ट्रक चालक और एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तर) दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि रविवार सुबह मवेशियों से लदा एक ट्रक रामपुर कारखाना थाने की दीवार को तोड़ता हुआ थाना परिसर के अंदर घुस गया। घटना में थाने में खड़ी कुछ मोटरसाइकिल को नुकसान पहुंचा है, लेकिन संयोगवश कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। चौधरी के अनुसार, देवरिया से आ रहा पशुओं से लदा एक ट्रक कंचनपुर चौराहे की तरफ से बिहार जा रहा था, तभी रामपुर कारखाना थाने के ठीक सामने एक पुलिसकर्मी ने चालक को वाहन की जांच के लिए रुकने का इशारा किया। इससे चालक घबरा गया और उसका वाहन अनियंत्रित होकर दीवार तोड़ते हुए थाना परिसर के अंदर घुस गया।

टक्कर की आवाज से थाने में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने ट्रक की जांच के दौरान उसमें गोवंशीय पशु लदे पाए, जिसके बाद चालक सहित एक पशु तस्कर को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति जागरूकता आवश्यक

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा संगोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को यहां नागरिक कर्तव्य एवं उनके निर्वहन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजर्षि टण्डन मुक्ति विश्वविद्यालय के मानविकी निदेशक प्रो. सतपाल तिवारी ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में पंचप्राण में नागरिक कर्तव्य महत्वपूर्ण विषय है।

वहीं उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक व्यक्ति को अपने नागरिक कर्तव्यों का सदैव निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्राचार्य डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा ने भी नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता को महत्वपूर्ण कहा। संघ के बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डा. सौरभ पाण्डेय ने विषय प्रवर्तन किया। संचालन मधुकर ने किया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने देश भक्ति, कानून का पालन, सामाजिक न्याय, पर्यावरण सुरक्षा, शिक्षा और जागरूकता, सामुदायिक सेवा आदि विषयों पर विचार रखे। कार्यक्रम में रमेश पटेल, नगर संघ संचालक संतोष, राकेश, किसान नेता भानू प्रताप सिंह, प्रेम बहादुर सिंह, आचार्य राम अवधेश मिश्र, सतीश मिश्र, डॉ. शक्तिधर नाथ पाण्डेय, हरि शंकर द्विवेदी, बालजी मिश्रा, मंटू पाण्डेय, शैलेन्द्र, अमरमणि आदि रहे।

संक्षेप

कुछ होटलों पर अनैतिक कार्य किए जाने का आरोप, ग्रामीणों ने दिया शिकायती पत्र

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाने पर शिकायती पत्र देकर कुछ ग्रामीणों ने कुछ होटलों में अनैतिक कार्य किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है। आरोप है कि तरकुलहा मोड़ से दो सौ मीटर के आस पास स्थित अधिकांश होटलों में अनैतिक कार्य किया जाता है। जिससे आये दिन उसमें से नवयुवक व युवतियों का आना जाना लगा रहता है। हम लोगों के ग्राम व अगल बगल के ग्राम सभाओं के या मुख्यमार्ग पर आने जाने वाले सभ्रांत व्यक्तियों के घर की लडकियों या महिलाओं के साथ उक्त होटलों के सामने से गुजरते हैं। तो वहां के कर्मचारी उनको कमरा खाली होने का कहकर बुलाते हैं। जिसके कारण सभ्रान्त लोगों व स्कूल जाने वाली युवतियों व किसी काम से बाहर निकलने वाली महिलाओं का उस रास्ते से आना जाना दुभर हो गया है।दी गई शिकायती पत्र की जांच स्थानीय पुलिस चौरीचौरा को सौंपी गई है।

घर से कोचिंग पढ़ने निकला छात्र लापता, गुमशुदगी दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिक्टौर बाजार टोल के महुआतर निवासी एक छात्र ट्यूसन पढ़ने की बात कह कर घर से निकला देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजन परेशान होकर ढूढने का प्रयास किये। असफल होने पर चिलुआताल पुलिस को लिखित सूचना दी। सिक्टौर महुआ तर निवासी महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने लिखित सूचना चिलुआताल पुलिस को देकर बताया कि मेरा बेटा शिखर श्रीवास्तव (14) 31 अगस्त को समय लगभग पाँच बजे शाम को घर से मोहरीपुर ट्यूसन पढ़ने निकला। देर रात जब घर नही पहुचा तो परिजन परेशान होकर इधर उधर ढूढने का प्रयास किये, कोई सुराग न मिलने पर थक हार कर लिखित सूचना चिलुआताल पुलिस को दी पुलिस गुमसुदगी दर्ज कर कैमरे खगाल रही है ताकि छात्र का सुराग लगाया जा सके।

घर से गायब किशोरी का शव राप्ती नदी में बरामद

गोरखपुर। कैंम्पियरगंज थाना क्षेत्र के राप्ती नदी के सोनौरा बंधे के पास एक किशोरी का शव उतराते हुए पुलिस ने बरामद किया। शव की पहचान क्षेत्र के गेरूई खुर्द निवासी रीमा साहनी (17) पुत्री चन्द्रिका के रूप में हुआ। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया नदी के किनारे घर है शुक्रवार देर शाम कों वह घायब हो गई। नात -रिश्तेदारी में काफी खोजबीन किया लेकिन कही पता नहीं चला था।रविवार कों पुलिस का फोन आया तब पता चला की उसका शव राप्ती में उतराते हुए मिला। नदी के किनारे घर होने के कारण किशोरी शौच के लिए गई रही होंगी और पैर फिसलने के कारण नदी में चली गई। पुलिस ने शव कों कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

ग्राम प्रधानों ने एडीओ पंचायत को सौंपा ज्ञापन

चौरीचौरा, गोरखपुर। सरदार नगर ब्लाक के कुछ ग्राम प्रधानों ने ब्लाक पर बैठक करने के पश्चात सहायक विकास अधिकारी पंचायत राधेश्याम जायसवाल को शिकायती पत्र देकर डुमरी खास क्लस्टर की सचिव निर्मला चौहान के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग किया है। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि डुमरी खास कलस्टर की सचिव निर्मला चौहान ग्राम पंचायत छपरा मंसूर के ग्राम प्रधान दीपक कुमार का डोंगल लेकर मनमाने तरीके से अपने चहेतो के फर्म में पैसा भुगतान कर दिया गया तथा विरोध करने पर उनके पति द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया।ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि पूर्व में ग्राम प्रधानों ने जिला पंचायत राज अधिकारी तथा सीडीओ को भी उक्त मामले में पत्रक देकर न्याय की गुहार लगाई थी लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई ।वहीं उक्त संबंध में सचिव निर्मला चौहान का कहना है कि मेरे पास चार गांव है। अगर मुझसे कोई दिक्कत होती तो सिर्फ एक गांव के प्रधान को क्यों ?आरोप मनगढ़ंत है ।और रहा सवाल डोंगल का तो सभी प्रधानों का डोंगल उनके पास ही रहता है ।इसके अलावा भुगतान होने की स्थिति में मोबाइल पर ओटीपी जाता है ओटीपी बताने के बाद ही भुगतान होता है तो हम फर्जी ढंग से भुगतान कैसे कर देंगे।

उपराष्ट्रपति करेंगे सैनिक स्कूल का लोकार्पण

7 सितंबर को प्रस्तावित है कार्यक्रम, राज्यपाल और सीएम भी रहेंगे उपस्थित

- सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक है सैनिक स्कूल गोरखपुर
- खाद कारखाना परिसर में 49 एकड़ में 176 करोड़ रुपये की लागत से बना है सैनिक स्कूल

जिला संवाददाता (vol)

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक और पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सैनिक स्कूल का लोकार्पण उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे। सैनिक स्कूल गोरखपुर के लोकार्पण के लिए 7 सितंबर की तारीख संभावित है। इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी उपस्थित रहेंगी। लोकार्पण को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

गोरखपुर का सैनिक स्कूल खाद कारखाना परिसर में आवंटित 49 एकड़ भूमि पर बना है। 176 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले इस स्कूल का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 23 जुलाई 2021 को किया था। ह्यूयुवाओं को शिक्षा, देश की रक्षा के ध्येय से इस शैक्षिक प्रकल्प में कक्षा 6 से 12 तक बालक-बालिकाओं को आवासीय व्यवस्था के तहत शिक्षा प्रदान की जाने की व्यवस्था है।

प्रवेश परीक्षा के जरिये कक्षा 6 और 9 में दाखिला लेने के बाद इस सैनिक स्कूल में पहली जुलाई से पढ़ाई शुरू हो चुकी है। प्रथम चरण में इस स्कूल में कक्षा 6 और 9 में 84-84 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया है। इनमें कुल मिलाकर 40 छात्राएं और 128 छात्र हैं। यहां छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग कैंपस हैं। स्कूल का प्रशासनिक भवन प्राचीन भारतीय संस्कृति व परंपरा का दर्शन कराते है। सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों के खेलकूद की गतिविधियों के लिए खेलों के कई कोर्ट व मैदान भी विकसित किए गए हैं। सैन्य सेवाओं में अवसर को क्षेत्रीय संतुलन बढ़ाएगा सैनिक स्कूल गोरखपुर गोरखपुर का सैनिक स्कूल सीएम योगी के दिल के बहुत करीब है।

इसके शिलान्यास के बाद भी वह कई बार इसके निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण करने आते रहे हैं। उन्होंने सैनिक स्कूल का उपहार देकर पूर्वी उत्तर प्रदेश के मेधावियों को सैन्य सेवाओं में जाने के लिए एक सशक्त प्लेटफार्म उपलब्ध कराया है। पूर्वी उत्तर के इस सैनिक स्कूल से सैन्य सेवाओं में अवसर के लिए क्षेत्रीय संतुलन को भी बढ़ावा मिलेगा।

यूपी सैनिक स्कूल सोसाइटी के तहत स्थापित दूसरा स्कूल

गोरखपुर का सैनिक स्कूल यूपी सैनिक स्कूल सोसाइटी के अंतर्गत स्थापित होने वाला दूसरा विद्यालय है। यहां 20 क्लासरूम, 4 लैब्स, छात्रावास, डायनिंग हाल, मल्टीपर्पज हाल, कांफ्रेंस हाल, 1014 सीटेड ऑडिटोरियम, योग सेंटर, इंडोर शूटिंग रेंज, इंडोर स्विमिंग पूल और सीएसडी कैंटीन की सुविधा है। इस सैनिक स्कूल में कुल प्रवेशित विद्यार्थियों को चार सदनों (हॉस्टल) में रखा गया है। इन सदनों का नामकरण शहीद भगत सिंह, शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, शहीद बंधु सिंह और रानी लक्ष्मीबाई के नाम पर किया गया है। विद्यार्थियों के लिए भोजन की व्यवस्था अन्नपूर्णा भवन में की गई है। परिसर में क्रीड़ा गतिविधियों के लिए बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल, टेनिस, बैडमिंटन कोर्ट बनाए गए हैं।

यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा में दो जालसाज गिरफ्तार

इटावा। यूपी सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा के आखिरी दिन प्रथम पाली में दो अभ्यर्थियों को चेकिंग के दौरान आधार ई-केवाईसी के दौरान खामी पाई जाने के चलते गिरफ्तार किया है। दोनों अभ्यर्थियों का डॉक्टरी परीक्षण करवाने के बाद दोनों को जेल भेजा गया है। शहर के इंटर कालेज में दोनों जालसाज गिरफ्तार किए गए है। शहर के जनता इंटर कालेज परीक्षा केन्द्र पर सुबह की पाली में दो अभ्यर्थियों को प्रपत्रों में हेराफेरी कर शामिल होने के आरोप में धरे गए है। दोनों ने परीक्षा में खुद को पात्र बनाने के लिए अपने आधार कार्ड में जन्मतिथि में हेराफेरी की थी लेकिन केन्द्र पर आधार ई-केवाईसी के दौरान उनकी यह जालसाजी पकड़ में आ गई। इसमें एक आगरा तथा दूसरा मैनपुरी जिले का रहने वाला है। इन दोनों को केन्द्र व्यवस्थापक ने परीक्षा देने के बाद पुलिस के सुपुर्द कर उनके विरूद्ध दर्ज कराया। पुलिस द्वारा दोनोंको जेल भेजने की कार्रवाई की गई। परीक्षा के नोडल अधिकारी एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने बताया कि शनिवार को सुबह की पाली में पकड़े गए दोनों अभ्यर्थी देवेन्द्र सिंह पुत्र अशोक चाहर, बंधा थाना कागरोल जनपद आगरा निवासी है जबकि अतुल पुत्र बलवीर सिंह यादव गांव उधन्ना थाना दन्नाहार मैनपुरी का निवासी है। इन दोनों की परीक्षा जनता इंटर कालेज अशोकनगर परीक्षा केन्द्र पर सुबह 10 बजे से थी। केन्द्र पर चेकिंग के दौरान प्रवेश पत्र और आधार कार्ड का मिलान किया गया देवेन्द्र सिंह के आधार कार्ड में उम्र 8 मार्च 1994 में लिखी थी।

जहरखुरानी गैंग का आतंक, नेशनल हाईवे पर लूट

इटावा। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर जहरखुरानी गैंग की सक्रियता में तेजी आ गई है। बीते 24 घंटे में गैंग ने दूसरी बार ट्रक और कंटेनर को अपना निशाना बनाया है। गैंग के सदस्य पहले ट्रक कंटेनर में सवारी बनकर बैठते हैं, फिर चालक और परिचालक को नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर देते है। इसके बाद नकदी, मोबाइल और ट्रक में भरा सैकड़ों डीजल लूट लेते है।

दो घटनाओं से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। पहली घटना में थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के आईटीआई ओवरब्रिज के ऊपर मैनपुरी जिले के रहने वाले दो ट्रक चालक और परिचालक को शिकार बनाया गया। गैंग ने करीब 800 लीटर डीजल और अन्य सामान लूट लिया। पुलिस अब तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा पाई थी। दूसरी घटना मानिकपुर मोड़ पर घटी, जहां हरियाणा से कोलकाता जा रहे ट्रक के चालक और परिचालक को बेहोश कर नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया गया। संबंधित कंटेनर के चालक कुलदीप और परिचालक नीरज के परिजनों ने बताया कि दोनों हरियाणा की एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के लिए काम करते है। होश आने पर कुलदीप ने बताया कि उन्हें इटावा से पहले चाय पिलाकर नशीला पदार्थ दिया गया था जिसके बाद उन्हें कुछ याद नहीं है। सीओ सिटी अमित सिंह ने कहा कि मामला पुलिस के संज्ञान में है। जांच जारी है पुलिस जल्द ही इस गैंग को पकड़ने में सफल होगी।

तीन लोगों की मौत के आरोपी गिरफ्तार

इटावा। कर्ज के दबाव में किसान द्वारा भाभी व भतीजी सहित खुदकुशी करने के मामले में सैफई थाना पुलिस ने तीन आरोपितों में से दूसरे को हैवरा तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले घटना के दूसरे दिन एक आरोपित गिरफ्तार कर लिया गया था। तीनों पर खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 27 अगस्त को सरोजनी पत्नी वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम भदेई द्वारा गांव के ही उपेन्द्र यादव व जितेन्द्र यादव पुत्रगण कमल चन्द्र, ज्ञानेन्द्र उर्फ रिंकू पुत्र शिवराज यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि उनके पुत्र दयाशंकर पर रुपये मांगने का दबाव बनाया और इसी से परेशान होकर पुत्र, भाभी पूजा पत्नी उमाशंकर तथा एक वर्ष की भतीजी सिबी ने सल्फास की गोलियां खा ली, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। 28 अगस्त को ज्ञानेन्द्र उर्फ रिंकू गिरफ्तार कर लिया गया था। जबकि जितेन्द्र कुमार को रविवार को गिरफ्तार किया गया।

चंबल नदी पुल की बेयरिंग फिर से क्षतिग्रस्त

इटावा। यूपी-एमपी सीमा पर स्थित चंबल नदी पुल की रोलिंग बेयरिंग एक बार फिर क्षतिग्रस्त हो गई है। ओवरलोड वाहनों के चलने से पुल के पिलर की बेयरिंग में खामी आने की आशंका जताई जा रही है। पिछले दो वर्षों में पुल कई बार क्षतिग्रस्त हो चुका है और इसकी मरम्मत की जिम्मेदारी पीएनसी कंपनी को दी गई है। 28 जून 2024 को इटावा के डीएम अवनीश राय ने पीएनसी कंपनी को चंबल पुल से भारी वाहनों के आवागमन की अनुमति दी थी लेकिन शर्तों के अनुसार ओवरलोड वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित था इसके बावजूद स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के चलने से पुल की बेयरिंग फिर से क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे पहले 2023 में जिलाधिकारी ने पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि पीएनसी कंपनी ने प्रयास करके इस प्रतिबंध को हटवाया था लेकिन अब फिर से पुलिस की बेयरिंग में खामी आई है। पीडब्यूडी के अधिकारियों व पीएनसी कंपनी की तकनीकी टीम ने पुलिस का मुआयना किया है और रिपोर्ट दिल्ली की टीम को भेजी है। अधिशाषी अभियंता मुकेश राठौर ने बताया कि बेयरिंग की मरम्मत के लिए टीम को सूचित कर दिया गया है और मरम्मत कार्य जल्द शुरू होगा। इस दौरान पुल पर किसी भी प्रकार के आवागमन पर रोक नहीं लगाई जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पीएनसी कंपनी के द्वारा ओवरलोड वाहनों के संचालन के कारण पुलिस की स्थिति बिगड़ती जा रही है और वे इसकी मरम्मत और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग कर रहे है।

चंबल फेस्टिवल के लिए आये फिल्मों के आवेदन

इटावा। चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के आठवें संस्करण का आयोजन 7-8 सितंबर को जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में होने जा रहा है। चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल संस्थापक और चंबल संग्रहालय, पंचनद के महानिदेशक डॉ. शाहआलम राना ने जानकारी देते हुए बताया कि में इस वर्ष भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, बेल्जियम, बुल्गारिया, चीन, कोलंबिया, इटली, रूसी संघ, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, ताइवान, जापान, स्पेन, पुर्तगाल, डेनमार्क, जर्मनी आदि देशों के फिल्मकारों ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी फिल्में भेजी हैं। जिसमें से ज्यूरी सदस्यों के निर्णय के बाद चुनिंदा फिल्में चंबल फिल्म समारोह के दौरान प्रदर्शित की जाएंगी। चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की ज्यूरी में देश-विदेश की पांच शख्सियतें शामिल हैं। जिनमें पहला नाम ताइवान की चर्चित फिल्मकार शिह्युन वांग हैं। शिह्युन वांग विश्व की ऐसी फिल्म लेखिका, निमार्ता और निर्देशक हैं जिन्होंने वृत्तचित्र, कॉमेडी, विज्ञान-फाई, हॉरर, संगीत, रोमांस और सार्थक फिल्में बनाकर अपनी जादुई प्रतिभा का लोहा मनवाने के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका की भी कई फिल्मों का निर्देशन भी किया। कोविड महामारी के दौरान निर्मित उनकी 24 फिल्मों ने 14 एकोलेड ग्लोबल कॉम्पिटिशन पुरस्कार, 16 इंडीफेस्ट पुरस्कार, 9 सर्वश्रेष्ठ शॉर्ट्स पुरस्कार जीते।

अस्पताल कर्मियों की लापरवाही से प्रसूता की हुई मौत

डेढ़ साल पहले दुल्हन बन आई थी ससुराल

जिला संवाददाता (vol)

गोरखपुर। सीएचसी बड़हलगंज के कर्मचारियों की लापरवाही व चिकित्सक के रात्रि निवास न करने के चलते शनिवार की रात्रि एक प्रसूता की मौत हो गई। मृतका के परिजन ने इलाज में हुई लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दे दी है। बताते चलें कि बड़हलगंज थाना क्षेत्र के बहसुआ गांव निवासी गोपाल गौड़ की पुत्री रानी का विवाह बीते साल 22फरवरी 2023 को नगर पंचायत बड़हलगंज के जाईपार निवासी सोनेलाल गौंड के पुत्र आलोक से हुई थी। हसीन सपनों को देखती हुए रानी ससुराल आई। हंसी खुशी कुछ महीने बीते और जल्द ही उसे मां बनने की खुशखबरी मिली। हर महिला के लिए यह खुशी कुछ अलग होती है। रानी भी बच्चे को लेकर सपने सजाने लगी। उसे क्या पता था कि क्या होने वाला है ?शनिवार दोपहर रानी को प्रसव वेदना हुई। और परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़हलगंज पहुंचे जहां रानी को कुछ घण्टे बाद पुत्र पैदा हुआ। परिजन काफी खुश हुए।अस्पताल कर्मी नेग मांगे। परिजन सात हजार रुपए दे डाले। शाम तक सब ठीक रहा। इसी बीच प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ शुभम कुमार का स्थानांतरण का आदेश आ गया। और देर शाम वे अस्पताल से चले गए। उनके जाते ही सारे कर्मचारी भी गायब हो गए। रात में रानी के पेट में भयंकर दर्द उठा। परिजन चिकित्सक को ढूंढते रह गए पर इमर्जेंसी में कोई चिकित्सक अस्पताल पर मौजूद नहीं था। असह्य वेदना के चलते रात्रि पौने तीन बजे रानी ने दम तोड़ दिया और इस तरह चिकित्सीय लापरवाही ने एक बार फिर एक घर उजाड़ दिया। पति से उसकी पत्नी व नवजात से उसकी मां को छीन लिया। मृतका रानी गौड़ के ससुर सोनेलाल गौड ने इलाज में चिकित्सीय लापरवाही व दवाओं की कमी के चलते अपनी बहू की मौत का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

मगरमच्छ को ग्रामीणों ने पकड़कर वन विभाग को सौंपा

मगरमच्छ ने बकरी को बनाया शिकार

सरहरी, गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरहरी चौकी अन्तर्गत ग्राम सभा सियारामपुर के कुदरिहा में एक सप्ताह पूर्व रोहिन नदी के पास गड्ढे में दिखाई दिए विशाल मगरमच्छ को ग्रामीणों ने रविवार को कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ कर वन विभाग को सुपुर्द कर दिया।

क्षेत्र के सियारामपुर के कुदरिहा टोले के पास रोहिन नदी के समीप एक गड्ढे में एक सप्ताह पूर्व मगरमच्छ दिखाई दिया था जिसकी सूचना ग्रामीणो ने तिकोनिया रेंज के रेंजर लव सिंह को दी थी।सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंच कर मगरमच्छ को गड्ढे में काफी तलाश की परन्तु वह दिखाई नहीं दिया तो टीम अपने साथ लाया गया जाल ग्रामीणों से मगरमच्छ दिखाई देने पर तत्काल सूचना देने की बात कह कर वहीं छोड़ कर वापस चली गई थी। रविवार को दोपहर में गड्ढे के पास बकरियां चर रही थीं उसी दौरान मगरमच्छ एक बकरी को पकड़ कर गड्ढे में खींच ले गया जिससे बाकी बकरियां चिल्लाते हुए भागने लगीं। बकरियों की शोर सुनकर ग्रामीण गड्ढे की तरफ गये तो मगरमच्छ दिखाई दिया। जिसपर वे साहस दिखाते हुए खुद जाल गड्ढे में डाल कर काफी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ ग्रामीणो ने तिनकोनिया रेंजर लव सिंह को दिए।सूचना पाकर वन विभाग की टीम पहुंच कर मगरमच्छ को वाहन में लाद कर चिड़ियाघर लेकर चली गई।

एक्सपर्ट टॉक शो का हुआ आयोजन

गीडा, गोरखपुर। गीडा क्षेत्र स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज में इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए इन्नोवेशन इन आईसी इंजन विषय पर एक एक्सपर्ट टॉक शो का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों ने छात्रों के बीच तमाम उपयोगी जानकारियों को साझा किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अन्वेषक संदीप कुमार दुबे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आईसी इंजन द्वारा उत्पन्न उपयोगी कार्य दहन के गर्म गैसीय उत्पादों से आता है, जो टर्बाइन ब्लेड, पिस्टन का चेहरा, या नोजल जैसी सतहों पर कार्य करता है। इसके अलावा, यह काम कर रहे तरल पदार्थ के रूप में गैसोलीन, हाइड्रोजन, डीजल ईंधन, मीथेन और प्रोपेन गैस का उपयोग कर सकता है। अन्तर्दहन इंजन की चाल को चक्र/मिनट में दशार्या जाता है। पिस्टन की गति के द्वारा इंजन की गति को निर्धारित किया जाता है। जब पिस्टन का वेग अधिक बढ़ाया जाता है तो यह जल्दी-जल्दी घिसने लगते हैं और जल्द ही नष्ट हो जाते हैं अर्थात इनका जीवनकाल कम हो जाता है। उन्होंने छात्रों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर भी दिया। संस्थान निदेशक डॉ एन के सिंह ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ साथ व्यावहारिक ज्ञान भी मिलता हैं जिससे वो पढ़ाई पूरी करने के बाद अच्छे तरीके से इस्तेमाल करके इस क्षेत्र मे नवाचार कर सकते हैं।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

इटावा। युवती की वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करके दुष्कर्म करने में आरोपित अशीष उर्फ गोलू पुत्र रमेश चन्द्र निवासी ग्राम कोकावली, थाना बलरई को सैफई थाने के नगला सुभान मोड़ से गिरफ्तार किया गया। एसएसपी ने बताया कि शनिवार को थाना सैफई पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी ससुराल पक्ष के आशीष उर्फ गोलू का उनके घर पर आना-जाना था। आशीष ने धोखे से उनकी पुत्री की नहाते समय वीडियो बना ली तथा उसे ब्लैकमेल करने लगा। 28 अगस्त को रात करीब 10 बजे आशीष अपने दोस्तों के साथ मिलकर पुत्री को लेकर अपने घर गया तथा वहां से ग्राम भोली में ले गया, जहां आशीष ने उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया।

महाकवि शिशुपाल शिशु की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित

उदी, इटावा। महाकवि शिशुपालसिंह शिशु की जयंती पर बढ़पुरा पारपट्टी के ग्राम उदी स्थित स्मारक भवन प्रांगण में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों के अलावा कवियों द्वारा अपनी रचनाओं से शिशु जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। शिशु स्मारक समिति उदी के तत्वाधान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर भाजपा नेता विमल भदौरिया के पिता अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं समाजसेवी स्व. अहिवरन सिंह भदौरिया के प्रति दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त कर पुष्प अर्पित किए गए। तो वहीं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मौजूद कवि गणों एवं संभ्रांत जनों द्वारा स्मारक प्रांगण में स्थापित शिशु जी की आदम कद प्रतिमा पर पुष्पमालाऐं पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

महाकवि शिशु जी जन्म आज के दिन 01 सितंबर 1911 को इसी ग्राम उदी में हुआ था। आज उनकी जन्म जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के जनपद भिंड से पधारे कवि शिवबहादुर सिंह शिव डॉ. शशि बाला राजपूत, अंजुम मनोहर, प्रदीप बाजपेई, युवराज, उमाकांत भारद्वाज सविता के द्वारा अपनी काव्य रचनाओं को सुनकर शिशु जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए तो वहीं शिशु जी पौत्र शिवपाल भदौरिया द्वारा शिशु जी रचित मरघट का पाठ सुनाया। ग्राम उदी निवासी बाल कवि सूर्यांश प्रताप भदौरिया एवं रामवीर भदौरिया ने भी काव्य पाठ द्वारा शिशुजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के आयोजक शिशुजी के प्रपौत्र आशीष भदौरिया, रामपाल भदौरिया, शिवपाल भदौरिया द्वारा कार्यक्रम में पधारे कविगणों एवं समस्त उपस्थित संभ्रांत जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षत्रिय स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष विकास उर्फ कुन्नू भदौरिया, अभय भदौरिया गोलू, पत्रकार महाराज सिंह भदौरिया, राजेन्द्र भदौरिया मुन्ना, सपा जिलासचिव शिलपू भदौरिया, प्रमोद भदौरिया, अनिल सिंह एडवोकेट, नीरज भदौरिया, अरुण भदौरिया, पूर्व सैनिक छविनाथ भदौरिया, महेंद्र प्रताप मंटू भदौरिया, पूर्व प्रधान आशू भदौरिया, पत्रकार कुलदीप सिंह आदि सहयोगी गणों के अलावा तमाम संभ्रांत जन मौजूद रहे।

शराब की दुकानें हटाने के लिए महिलाओं का हंगामा

महिलाओं ने झाड़ू व मूसल लेकर किया सड़कों पर प्रदर्शन

इकदिल, इटावा। मनियांमऊ गांव में शराब की दुकानें हटाने की मांग को लेकर महिलाओं ने फिर दुबारा विरोध कर हंगामा किया। महिलाओं के हंगामा करने की सूचना अबकारी विभाग के क्षेत्रीय आबकारी इंस्पेक्टर रंजीत सिंह, साथ सदर इस्पेक्टर जगदम्बा प्रसाद, और चकरनगर इंस्पेक्टर प्रेमनारायण निरंजन के साथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पिछले माह एक अगस्त से 12 दिनों गुस्साई महिलाएं शराब की दुकानें हटाने की मांग कर रही थी। उसके बाद महिलाओं के ना मानने पर अधिकारियों ने 12 अगस्त को शराब की दुकानें बंद करादी गई थी। उसके बाद 20 दिन ठेके बंद रहने के बाद 31 अगस्त की देर शाम को अधिकारियों ने शराब के ठेके दुबारा खोलवा दिए। रविवार सुबह गांव की महिलाओं ने एक जुट होकर हाथ मे झाड़ू, मूसल, रस्सी को लेकर ठेकों को बंद कराने के लिए दुबारा विरोध कर हंगामा किया। और शराब लेने के लिए कोई व्यक्ति जाता है तो उसकी शराब छीनकर फैला देती है। जिसमें आबकारी विभाग के अधिकारियों के सामने रविवार को रास्ते मे रोककर एक अधेड़ व्यक्ति को महिलाओं ने एक जुट होकर झाड़ू से मारपीट करदी जिसका किसी ने वीडियो बनाकर शोशाल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल हुई वीडियो की आपका अपना वायस आफ लखनऊ पुष्टि नहीं करता है। जिसमे महिलाओं का कहना ही कि पहले गांव के पहले रास्ते पर शराब की दुकानें खुली हुई थी तब उन्होंने इसका विरोध किया था। और अधिकारियों ने ठेकेदारों से मिलकर अब गांव के रिषिधाम आश्रम वाले रोड पर खोलवा दिए हैं। आश्रम में प्रचीन शिव मंदिर बना हुआ है। उसमें महिलाएं पूजा पाठ करने के लिए आती जाती है। शराब के ठेकों के बाहर लोग शराब पीकर पूजा पाठ करने के लिए जाती महिलाओं से उल्टा सीधा बोलते हैं। और महिलाओं का आरोप है कि गांव के छोटे बच्चे खाली पड़ी पौआ में बची शराब को निचोड़ कर पीते हैं। गांव के बच्चों पर इसका बुरा असरार पड़ रहा है। जिला आबकारी विभाग के (डीओ) विजयपाल सिंह ने बताया कि पहले दो शराब की दुकाने 2018 में गांव में देशी और वीयर के ठेके खोले गए थे जिसमे अंग्रेजी शराब का ठेका 15 मई 2024 में अभी खोलवा दिया गया है। महिलाओं का कहना है कि ग्राम पंचायत में शराब की दुकानें नही खोली जाये।

बाइक की टक्कर से बैंक कर्मी की मौत

इटावा। भरथना के मोतीगंज स्थित एक बैंक में प्राइवेट कर्मचारी 24 वर्षीय विवेक कुमार उर्फ रिंकू शनिवार रात बाइक से घर ग्राम सिरकौरा लौट रहे थे। जैसे ही ग्राम सिरकौरा और पाली रोड के मध्य ग्राम बरुआ के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रही एक बाइक से टक्कर हो गई, जिससे वह गंभीर घायल होकर बीच सड़क पर गिर पड़े। स्वजन ने उनको पहले भरथना सीएचसी फिर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डाक्टर ने विवेक को मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरजीत कुमार व ग्राम प्रधान प्रभाकांत ने बताया कि विवेक का विवाह छह वर्ष पहले हुआ था। इधर दुर्घटना की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत सदस्य डा. पुस्कर यादव, ब्लाक अध्यक्ष श्रीनिवेश यादव, सीग्रेश यादव, मनोज यादव, लल्लन यादव सहित अन्य ने मौके पर पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट की है।

संक्षेप

किशोरी के साथ छेड़छाड़, केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। कोतवाली के अमीर नगर चौकी क्षेत्र के एक गांव में गन्ने के खेत में शौच करने गई किशोरी को युवक ने जबरन मुंह में कपड़ा ठूंस कर उठा ले गया जहां उससे छेड़छाड़ करने लगा विरोध करने पर मारपीट कर जान से मार डालने की धमकी देकर चला गया था। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने नाम जद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया उसकी पुत्री मकान के पड़ोस गन्ने के खेत में शौच करने गई थी। वहां पहले से मौजूद गांव का नदीम पुत्र परवेज ने पीछे से दबोच लिया और खेत के अंदर घसीट ले गया जहां उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा था। पीड़िता ने बचाव करते हुए चीख पुकार मचाने लगी अपने को फंसता देख आरोपी ने मारपीट कर जान से मार डालने की धमकी देकर चला गया था। पीड़िता ने घर जाकर पूरा वाक्या अपनी मां को बताया था। पुलिस ने मां की शिकायत पर नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर किशोरी को मेडिकल के लिए भेजा है। मामले की विवेचना चौकी इंचार्ज अमीर नगर को सौंपी गई है।

सड़क हादसे में हुई मौत पर मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र में 27 अगस्त को सड़क दुर्घटना में हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम अहमदनगर निवासी राजकपूर पुत्र खुशीराम ने दर्ज कर रिपोर्ट में कहा है कि उसके पिता 27 अगस्त को गोला से घर जा रहे थे। इसी दौरान गोला खुटार मार्ग पर अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां से रेफर कर दिया गया। जिनकी शनिवार को मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मारपीट के मामले में चार पर मुकदमा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गुरूवार की रात शहर की सिनेमा रोड पर हुई मारपीट के मामले में दूसरे पक्ष ने चार लोगों को नामजद व 12-15 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालपुर निवासी नदीम पुत्र अलीजुल्ला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह सिनेमा रोड स्थित पीयूष मेडिकल एजेंसी पर काम करता है। 28 अगस्त को मेडिकल पर काम करने वाले रिषभ गुप्ता पुत्र अनूप गुप्ता से विवाद हो गया। जिसके बाद 29 अगस्त को रिषभ गुप्ता उसके पिता अनूप गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता, रामजी गुपता पुत्र मुन्नालाल गुप्ता व गुलजार गुप्ता सहित 12-15 अज्ञात दुकान पर आये उसे पकड कर मारा पीटा और अवैध हथियार लहराते हुये जान से मारने की धमकी देकर चले गये।

सड़क दुर्घटना में तीन घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मूडा जवाहर निवासी गोपी सिंह (18) पुत्र राकेश, प्रिंस कुमार (17) पुत्र टीकाराम व आदित्य कुमार (17) पुत्र फूलचंद सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने रेफर कर दिया।

सरकारी खाद्यान्न बरामद, कोतवाली लाया गया ट्रक

जिला संवाददाता(vol)

निघासन-खीरी। सरकारी गल्ले से भरा ट्रक उतरने के दौरान तहसीलदार ने छापेमारी कर कुछ बोरियां ट्रक के भीतर बरामद होने के बाद खुला गल्ले को मौके से ही बरामद कर लिया।तहसीलदार ने ट्रक को कोतवाली में खड़ा करने के बाद पूर्ति विभाग को कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए है।निघासन के एक गल्ला आढ़ती के यहा सरकारी खाद्यान्न होने की सूचना पर तहसीलदार मय टीम के साथ मौके पर जाकर छापा मारकर करीब 50 कुंतल सरकारी खाद्यान्न को सील कर दिया है।अग्रिम जांच में पूर्ति विभाग जुट गई है।इस छापेमारी अभियान से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

तहसील निघासन क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुड़ाबुजुर्ग मजरा गुलरी पुरवा की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान धनीराम गुप्ता के नाम है।मजे की बात यह है कि कोटेदार के साथ- साथ गल्ले का आढ़ती भी है।जो निघासन मे गल्ले की आढ़त चलाता है।जहां पर सरकारी खाद्यान्न का एक ट्रक आढ़त पर उतर ही रहां था तभी तहसीलदार भीमचंद को सूचना होने के बाद मौके पर पहुचें तहसीलदार ने छापा मारकर मामले की जांच की तो सरकारी खाद्यान्न पाया गया। जिस पर कार्यवाही करते हुये 30 बंद बोरा तथा 30 कुंतल खुला खाद्यान बरामद किया गया।तहसीलदार ने बरामद खाद्यान्न को सील कर दिया है।शेष कार्यवाही के लिए पूर्ति विभाग की टीम भी जांच मे जुट गई है।

तहसीलदार भीमचंद ने बताया कि निघासन के झण्डी रोड पर धनीराम की आढ़त है जिनके यहां छापा मारा तो करीब 50 कुंतल खाद्यान्न बरामद हुआ। जिसकी कार्यवाही करते हुए सील किया गया है आगे की कार्यवाही पूर्ति विभाग को सौंपी गयी है।

आबकारी निरीक्षक ने किया औचक निरीक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शनिवार की देर शाम रात आबकारी निरीक्षक ने टीम के साथ शहर की शराब और बियर की दुकानों का औचक निरीक्षक किया।

दुकानों के अंदर युवकों को शराब पिलाई जाने पर दुकानदारों को सख्त किया। शनिवार की देर रात लगभग 10 बजे सिनेमा रोड पर आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह की अगुवाई में टीम पहुंच गई। अंग्रेजी शराब और बियर की दुकान का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्हें बियर की दुकान के अंदर डिस्पोजल ग्लास और दुकान के अंदर लोग शराब पीते मिले। जिसको लेकर उन्होंने दुकानदारो को सख्त हिदायत दीकहा भविष्य में ऐसा न मिले। आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह ने बताया कि मुहल्ले वालों द्वारा युवकों को दुकान के अंदर शराब पिलाने की शिकायत की गई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए शराब और बीयर की दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। सिनेमा पर दोनों दुकानदारों के पास सभी अभिलेख दुरुस्त मिले हैं।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 362 रोगियों का हुआ उपचार

मोहम्मदी खीरी। ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें डॉक्टरों ने 362 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई वितरित की है। रविवार को आयोजित स्वास्थ्य मेले में मूड़ा गालिब केंद्र पर डॉ कुलदीप ने 99, पिपरिया कप्तान पर डॉ एस के अवस्थी ने 89, राजापुर बेनी में डॉ धर्मेंद्र ने 87 और हरनाजाट केंद्र पर डॉ अनुपम ने 87 आए रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां वितरित की है। वहीं केंद्र पर आए गंभीर रोगियों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती होने की सलाह दी गई है। अधीक्षक मयंक मिश्रा ने बताया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आए गंभीर रोगियों को इलाज के लिए पंजीकृत कर सी एच सी पर जाने की सलाह दी गई है। ऐसे रोगियों को प्राथमिक वरीयता के आधार पर जांच कर दवाइयां दी जा रही है।

बिजली विवाद में भाई की कर दी हत्या

सिंगाही खीरी। सिंगाही थाना क्षेत्र के ग्राम भेढोरा में बिजली कनेक्शन के विवाद को लेकर भाई ने पत्नी के साथ मिलकर शनिवार की देर रात भाई की पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी होने पर सिंगाही पुलिस जांच पड़ताल में जुड़ गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है सिंगाही पुलिस ने समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है।जानकारी के अनुसार थाना सिंगाही क्षेत्र के ग्राम भेढ़ोरा में मोनू 24 पुत्र धनीराम कि उसके घर में सगे भाई व उसकी पत्नी ने हत्या कर दी। आरोपियों ने हत्या के बाद शव को चारपाई पर डाल दिया। पुलिस की जांच पड़ताल में मृतक के भाई सोनू व उसकी पत्नी रागिनी का नाम हत्यारूपतियों में प्रकाश में आया है। मृतक के ससुर कल्लूराम निवासी बिनौरा ने बताया कि उनकी पुत्री रिंकी का विवाह मोनू के साथ 6 माह पहले हुआ था शनिवार को मोनू अपनी पत्नी रिंकी को छोड़ने ग्राम बिनौरा आए थे, शनिवार को ही वापस भेड़ेरा चले गए। देर रात करीब 9 बजे सूचना मिली कि तुम्हारे दामाद मोनू की हत्या कर दी गई है। हत्या के पीछे बिजली कनेक्शन का विवाद बताया जा रहा है। कल्लू ने बताया घर में मृतक दामाद मोनू के छोटे भाई छोटू के नाम से कनेक्शन है। एक ही कनेक्शन से उनके दामाद मोनू व सोनू बिजली जला रहे थे। शनिवार को मृतक दामाद मोनू के बड़े भाई सोनू ने मोनू का केबल निकाल कर फेंक दिया। दोनों भाइयों में बिजली कनेक्शन को लेकर विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर सोनू व उनकी पत्नी रिंकी ने उनके दामाद मोनू की पीट पीट कर हत्या कर दी। मृतक कुल चार भाई थे सोनू और मोनू ग्राम भेढ़ोरा में रहते थे, दो भाई गैर जनपद में काम करने गए हैं। घटना की जानकारी होने पर सीओ निघासन प्रवीण कुमार घटना की बारीकी से जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया दोषी कोई हो बक्सा नहीं जाएगा। पूछताछ के लिए कुछ लोगों को लाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

धूमधाम से मनायी भगवान श्री कृष्ण की छठी

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में भगवान कृष्ण की छठी पर जगह-जगह आयोजित भंडारे में कन्या भोग के साथ प्रसाद वितरण किया गया है।बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया है। रविवार को भगवान कृष्ण की छठी धूमधाम से मनाई गई है। कस्बा में कोतवाली परिसर, हनुमान मंदिर, नर्वदेश्वर मंदिर, स्थल मंदिर राम जानकी सेवा संस्थान समेत तमाम प्रमुख जगहों पर छठी के पर्व पर भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें विशिष्ट अतिथियों ने पहुंच कर कार सेवा की है। आयोजन में भगवान कृष्ण को कढ़ी चावल का भोग लगाया गया है। आयोजन में आए लोगों को प्रसाद वितरित किया गया है। इस मौके पर दर्जा राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, अतुल रस्तोगी, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

एनसीएल से सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के सम्मान में हुआ अभिनंदन समारोह

सोनभद्र। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) से अगस्त माह के अंत में 5 अधिकारियों व 35 कर्मचारियों सहित कुल 40 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से सुरक्षा और बचाव विभाग में पदस्थ वरीय निजी सचिव सोमारू प्रसाद कौशल सेवानिवृत्त हुए।

मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार एवम निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण तथा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार ने सोमारू प्रसाद के कार्यालयीन, सामाजिक और निजी जीवन में सफल होने पर बधाई दिया। साथ ही किसी भी आवश्यकता पर एनसीएल द्वारा हमेशा सहयोग करने के का भरोसा देते हुए आगे के जीवन के सपरिवार सुखद और सुखमय होने की कामना की।

इस अवसर पर निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण ने कहा कि सोमारू प्रसाद कार्यालयीन और सामाजिक जीवन में पूरी तरह से मुस्तैद रहे। आपकी कर्तव्यनिष्ठा के लिये एनसीएल की ओर से आभार व्यक्त किया। साथ ही स्वस्थ और सुखमय आगामी जीवन की कामना किया। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त हुए कर्मी सोमारू प्रसाद ने अपने लंबे कार्यालयीन जीवन के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया और अपनी उपलब्धियों का श्रेय एनसीएल को दिया। गौरतलब है कि एनसीएल के विभिन्न कोयला क्षेत्रों व इकाइयों में सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

ताला तोड़कर हजारों का माल पार कर ले गये चोर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर के मोहल्ला कुम्हारन टोला में बदमाशों ने एक घर को निशाना बनाकर नगदी समेत हजारों का सामान पार कर दिया। चोरी की वारदातें कम न होने से लोगों में दहशत है। चोरों ने कुम्हारन टोला में लवप्रीत सिंह के मकान पर धावा बोलकर दस हजार रुपए नगदी सहित हजारों का सामान चोरी कर लिया। लवप्रीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह परिवार के साथ घर में ताला डालकर रिश्तेदारी में गए थे। शनिवार की रात चोरों ने घर के दरवाजे का ताला तोड़ दिया। चोर दो गैस सिलेंडर, कीमती बर्तन और दस हजार रुपए नगद चोरी ले गए हैं। इतना ही नहीं इससे पहले भी तमाम चोरी की वारदातें हो चुकी है खुलासा किसी का नहीं हुआ है जिससे आमजन दहशत में है।

वूमेंस सोसाइटी ऑफ गोला की सदस्यों ने किया पौधरोपण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) पर्यावरण संरक्षण को लेकर महिला संगठन भी आगे आया है। संगठन की सदस्यों ने पौधारोपण कर संदेश दिया है कि सभी लोग अधिक से अधिक पौधे रोककर पर्यावरण संतुलन बनाने में मदद करें।

रविवार को वूमेंस सोसाइटी ऑफ गोला की अध्यक्ष प्रमिला गुप्ता की देखरेख में संगठन की महिला सदस्यों ने पौधारोपण का जुम्मा उठाया। संगठन की महामंत्री अंशु आनंद, मंत्री रत्ना अवस्थी, संगठन मंत्री राखी गुप्ता, आराधना गुप्ता, रेखा गुप्ता, श्वेता, शीलू, मीणा भसीन, रोली ने कृष्णा वाटिका में अशोक, कटहल, अमरूद, केला, गुड़हल, चांदनी, लैला, मजनू, नींबू समेत 25 पौधे लगाए। साथ ही लोगों से अपील की है कि समय-समय पर पौधा रोपण जरूर करें।

एनसीजेडआईईएफ का 30वां प्रांतीय सम्मेलन 14 से

अयोध्या। नार्थ सेन्ट्रल जोन इन्श्योरेंस इम्पलाइज फेडरेशन (एनसीजेडआईईएफ) का 30वां प्रांतीय सम्मेलन 14 से 16 सितंबर तक होने वाले सम्मेलन की रिसेप्शन कमेटी की बैठक कमेटी के चेयरमैन डाक्टर अनिल कुमार सिंह अध्यक्षता में आज हुई।जिसका संचालन जोन के महामंत्री राजीव निगम ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जोनल अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि आगामी 14 सितंबर से 30वां सम्मेलन आइये हम एक हो, और अच्छे समाज व सुनहरे भविष्य के लिए आगे बढ़ेनारे के साथ शुरू हो रहा है जो 14 सितंबर से शुरू होकर 16 सितंबर तक चलेगा उसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन, सौंपी चाभी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) ब्लाक कुंभी गोला क्षेत्र की ग्राम पंचायत परसपुर में मनरेगा राशन वितरण अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन भाजपा नेता धर्मेन्द्र गिरि मोंटी और ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, बीडीओ हनुमान प्रसाद मिश्रा, प्रधान शाहिद खान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

अन्नपूर्णा भवन बनने से ग्राम पंचायत के लोगों को राशन लेने के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। इस मौके पर कोटेदार को अन्नपूर्णा भवन की चाभी ब्लॉक प्रमुख ने दी।साथ ही पंचायत घर का नीव पूजन किया गया।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद मिश्रा ने बताया कि प्रधान मंत्री आवास ग्रामीण पात्रता 2024 की सर्वे शुरू होने वाली है। सर्वे में पात्रता और अपात्रता के विषय में भी बताया साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायत में अन्नपूर्णा भवन निर्माण पर बल दिया। इस मौके पर एडीओ पंचायत अवनीश त्रिपाठी, ग्राम विकास अधिकारी, सैलवी वाजपेई, अंकित श्रीवास्तव, राजीव मुकुल श्रीवास्तव, भाजपा नेता जुबेर खान, लुकमान, संदीप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

आरोग्य मेले में आये 49 मरीज, दी गयी दवाइयां

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 49 मरीज को दवाइयां दी गई। शहर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ एसके द्विवेदी, अखिलेश अवस्थी फार्मासिस्ट, प्रमोद कुमार, पुष्पेंद्र कुमार और राजन बार्ड बाय मौजूदगी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला लगा। जिसमें तमाम मरीज का उपचार कर 49 मरीजों को दवाइयां वितरित की गई।

गणेश चतुर्थी महापर्व को लेकर बैठक

सोनभद्र। घोरावल तहसील में स्थित गावकुंडा गांव में होने वाले परंपरागत रूप से गणेश चतुर्थी पूजन के तैयारियों को लेकर रविवार को गणेश चतुर्थी सेवा समिति द्वारा 4 सितम्बर को मूर्ति स्थापना एवं 8 को विसर्जन के संबंध में बैठक किया गया। समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार आदिवासी द्वारा बताया गया कि गणेश चतुर्थी पूजन के तैयारियों को लेकर हमारी टीम बिल्कुल आस्था के साथ कार्य में लगी हुई है। हम लोग द्वारा क्षेत्रीय सहयोग से विगत कई वर्षों से गणेश चतुर्थी महापर्व पर पूजा पाठ, भक्ति जागरण, झांकी आदि का आयोजन किया जाता हैं।

इस वर्ष समिति द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि मुख्य अतिथि के रूप में कुछ वरिष्ठ अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों को पत्रक भेजकर आमंत्रित किया जायेगा। दीपू विश्वकर्मा ने कहा कि गणेश जी प्रथम पुज्यमान देवता हैं जिनकी कृपा से हम समिति के सदस्यों को लेकर कार्यक्रम सफल बनाने का प्रार्थना करते हैं। समाजसेवी विनीत तिवारी द्वारा हर वर्ष सामाजिक संगठनों शकुशल नेतृत्व में कार्यक्रम को अच्छा रूप दिया जा रहा हैं।

समाजसेवी अमित मिश्रा द्वारा परम्परागत रूप से होने वाले समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने से समंधित उचित दिशा निर्देश दिया और आयोजक द्वारा प्रत्येक वर्ष का कार्यवाही रजिस्टर को देख कर कुछ प्रसाद एवं बैठने के प्रबंध को लेकर प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष विनोद अरविंद, बब्बू, सूरज, दीपू, दीपक, दिलवर, निशु, लवकुश, सुनील, गुलाब, मनीष एवं क्षेत्रीय गणमान्य उपस्थित रहे।

बुद्धिस्ट सोसाइटी ने मनाया ललई सिंह का जन्मदिन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) द बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया शाखा गोला गोकर्णनाथ के तत्वावधान में महान क्रान्तिकारी समाज सुधारक ललई सिंह यादव की जयंती मनाई गई। जिसमें बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया शाखा गोला के अध्यक्ष डॉ बीआर गौतम ने कहा कि ललई सिंह यादव का जन्म एक सामान्य कृषक परिवार में हुआ था।

वह सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक थे। जिन्होंने सामाजिक विषमता जातिवाद और वर्ण व्यवस्था के श्रुति स्मृति और पुराणों से प्रेषित है।

अर्ध सैनिक बल में पुलिस कर्मी थे जो सामाजिक न्याय कार्य कर्ता और नाटक लेखक बन गये। उन्होंने शमभूक वध जैसे नाटक लिखे। पेरियार ईवी रामास्वामी की सच्ची रामायण को समझने की कुंजी का तमिल से हिंदी भाषा में रामायण की चाभी के रूप में अनुवाद किया जिसपर पूरे देश में यादव जी खिलाफ आंदोलन हुआ।

समारोह में सुरेन्द्र पाल सिंह, शम्भू दयाल चौधरी, कांशी राम दर्शन लाल आदिम, रामाकांत चौधरी, विक्रम सिंह, सुनील चौधरी ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर योगेन्द्र टायगर, डॉ सुमित सेठ, सन्तोष कुमार विपिन चौधरी समेत तमाम लोग मौजूद थे।

सदस्यता अभियान को लेकर विधायक ने की बैठक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) दो सितम्बर से भारतीय जनता पार्टी के शुरू हो रहे सदस्यता अभियान को लेकर कुम्भी ब्लॉक की ग्राम सभा लाल्हापुर में बैठक प्रधान जनार्दन गिरि की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सदस्यता को लेकर जोर दिया गया।

बैठक में विधायक अमन गिरि ने संगठन विस्तार पर व्यापक चर्चा करते हुये कहा भारतीय जनता पार्टी का सिद्धान्तवादी शीर्ष नेतृत्व सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना को लेकर कार्य कर रहा है। भाजपा सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी ही नही बल्कि करोड़ों देशवासियों की एक विचारधारा है। जिसमे विश्वास जताते हुए भारत का हर नागरिक भारतीय जनता पार्टी के प्रति विश्वास जताते हुए अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। विधायक ने लोगों से सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति में अपनाते हुये संगठन विस्तार के इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर भाजपा मैलानी मंडल अध्यक्ष संजीव वर्मा, शोभित सिंह, बृजकिशोर दीक्षित, राजाराम गौतम, भगवान गिरि, बीडीसी रफी मो0, प्यारे लाल राठौर, सरला सिंह, चित्रा राठौर, परशुराम, नंदकिशोर, आशीष प्रजापति, नीरज चैहान, जितेंद्र चैहान आदि मौजूद रहे।

गरीबों की सेवा करने वाला ही सच्चा प्रतिनिधिः रमाशंकर

मीरजापुर। पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा कि जो जनप्रतिनिधि जनता के सुख-दुख और उसके छोटे-छोटे कार्यों में सहयोग करता है वह जनप्रतिनिधि जनता का सच्चा सेवक होता है और जनता उसे भगवान की तरह मानती है और उसका सम्मान करती है।

उक्त बातें उन्होंने राजगढ़ ब्लाक सभागार में आयोजित पीएमवाईजी सर्वे 2024 के उन्मुखीकरण गोष्ठी में बोलते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी गरीबों को पक्का छत मिले ऐसे में ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य पारदर्शी ढंग से पात्रों का चयन करें किसी पात्र व्यक्ति को न छोड़े और अपात्रों को किसी प्रकार की लाभ न पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि 3 करोड़ प्रधानमंत्री आवास योजना आई है। मार्च के बाद बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री आवास योजना भी आएगी ऐसे में गांव का कोई भी व्यक्ति बिना पक्का छत के नहीं रह जाएगा।इसलिए पात्रों का चयन पारदर्शी ढंग से करें और जो प्रधान पारदर्शी ढंग से चयन करके गरीबों का सेवा करेगा वह अगली बार पुनः जनता का सेवा करने के लिए इस सदन में पुनः आएगा। इसलिए ग्राम प्रधानों से निवेदन है कि सरकार की की महत्वाकांक्षी योजना को पारदर्शी ढंग से लागू करें। राजगढ़ ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह ने भी सरकार की आवास योजना पर प्रकाश डाला और अपने क्षेत्र पंचायत सदस्यों से कहा कि गांव के सभी गरीबों को छत मुहैया कराए। खंड विकास अधिकारी राजगढ़ वीरेंद्र प्रताप वर्मा ने लाभार्थी की योग्यता पर प्रकाश डाला और समस्त प्रधानों से शासन की मनसा के अनुरूप सूची बनाने को कहा।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र प्रताप वर्मा, प्रधान संघ के अध्यक्ष इन्स पटेल, ओम प्रकाश सिंह प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष, दुखरन सिंह ग्राम प्रधान, अभय मानसिंह गुलाब मौर्य एडीओ अभय कुमार सिंह, संजय सिंह, राहुल सिंह, राजकुमार सिंह ,कमलेश कुमार, आशीष जायसवाल, रवि शंकर सिंह पटेल, श्याम सुंदर सिंह ,दिव्या सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

बिजली के करंट से महिला झुलसी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेंहडा मुल्तान निवासी 40 वर्षीय नीलम देवी पत्नी वीरेन्द्र कुमार घर में काम कर रही थी। इसी दौरान अचानक बिजली करंट लगने से झुलस गईं। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

संक्षेप

अधेड़ का शव मिलने से सनसनी

आजमगढ़। सरायमीर क्षेत्र के नोनारी गांव के पास रविवार की सुबह अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही गांव के लागों की भीड़ जुट गई। 50 वर्षीय रामपलट राजभर घर से सुबह निकले थे। देर तक घर नहीं पहुंचे तो परिजन तलाशने लगे। गांव के बाहर उनका शव पड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सरायमीर थाना पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पोखरी की जमीन पर अवैध कब्जा को कराया मुक्त

आजमगढ़। निजामाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा सुराई में पोखरी की जमीन पर अवैध रूप से गांव निवासी नसीम ने काफी अर्से से अवैध कब्जा कर पक्का मकान का निर्माण कराकर रह रहे थे। जबकि वर्ष 2021 में बेदखली का आदेश भी हो चुका था। गांव के में जल निकासी की समस्या होने पर गांव निवासी अतीक ने तहसील दिवस पर प्रार्थना पत्र देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। शिकायती पत्र पर अधिकारियों ने मौके का स्थलीय निरीक्षण और नापी कर 15 दिन पूर्व नोटिस चस्पा किया था। नोटिस मिलने के बाद अतिक्रमण कर्ता ने शुक्रवार को बाउंड्रीवॉल और गेट तोड़कर हटा लिया था। शनिवार को नायब तहसीलदार फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर पोखरी की भूमि पर किये गए अवैध कब्जा को जेसीबी से ढहवा कर खाली करवा दिया। इस मौके पर नायब तहसीलदार आदर्श सिंह, कानूनगो अच्छेलाल यादव, लेखपाल हिमांशु सोनकर और कमलेश यादव के साथ पुलिस फोर्स भी उपस्थित रही।

महिला के चिल्लाने पर माल लेकर चोर फरार

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर गांव के ब्राह्मण बस्ती निवासी जयप्रकाश नारायण पुत्र राजनारायण के घर बीती रात चोरों ने मकान की खिड़की के छज्जे के सहारे छत पर पहुंच घर के अंदर प्रवेश कर पेटी में रखा सोने की लॉकेट सहित सोने की चेन व समेत 40 हजार कैष लेकर निकल गये। बताते है कि चोर घर में प्रवेश कर घर की लाइट बंद कर अपने इरादा को अंजाम दे रहे थे, कि इसी बीच परिवार की एक महिला की नींद खुल गई और बंद लाइट जला दी घर के कमरों को खुला देख घर के अंदर जाकर देखा तो चड्डा बनियान में दो युवक खड़ा देख शोर मचाना चाहा तो चोरों ने मारने का प्रयास किया जिसके बाद महिला शोर मचाते हुए बाहर आ गई। तत्पश्चात चोर घर से भागते समय महिला का मोबाइल व अपना स्लीपर हाथ में लेकर फरार हो गए।चोरी की घटना के वारदात की दृश्य घर के बगल में लगे सीसी टीवी कैमरे में चोरी की घटना कैद हो गई। जिसका फुटेज सोसल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर सीसी टीवी फुटेज को कब्जे में लेकर चोरों की पहचान करने में जुट गई।

बढ़ता जा रहा वायरल फीवर का प्रकोप

जौनपुर। जिले में वायरल फीवर का प्रकोप अब तेजी से बढ़ने लगा है. इसकी बानगी सरकारी व निजी अस्पतालों में देखने को मिल रही है. अस्पताल पहुंच रहे मरीजों में सौ में 20 से 25 वायरल फीवर से पीड़ित पाये जा रहे हैं. शुक्रवार को सदर अस्पताल में ओपीडी में आये 592 मरीजों में 200 से अधिक मरीज बुखार से पीड़ित रहे.जिससे मरीजों को इलाज कराने में काफी परेशानियों का सामना करना । बारिश के दौरान मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है। सर्दी, खांसी के साथ-साथ वायरल फीवर धीरे-धीरे प्रत्येक गांव में फैलने लगा है. बीमारी की शुरूआत में मरीजों के बदन में इतना तेज दर्द होता है. इसके बाद जुकाम व बुखार का प्रकोप बढ़ जाता है.बुखार भी इतना तेज आता है कि पीड़ित बेचैन हो जाता है। जिस घर में इसका प्रकोप शुरू होता है उस घर के प्रत्येक व्यक्ति को बारी-बारी से अपनी जद में ले रहा है.यही कारण है कि सरकारी व निजी अस्पतालों में मौसमी बीमारी समेत बुखार से पीड़ित मरीजों की लाइन लगी रहती है. आंकड़ों पर गौर करें तो प्रत्येक सप्ताह में तकरीबन दो हजार हजार लोग ओपीडी में इलाज करने पहुंचते हैं. बुखार ठीक होने के बाद बढ़ जाती है कमजोरी व खांसी वायरल फीवर की जद में आने के बाद मरीज को कमजोरी का एहसास होने लगता है. इस कारण घूमने-टहलने में उसे चक्कर भी आ जाता है. इतना ही नहीं बुखार ठीक होने के बाद पीड़ित व्यक्ति खांसी का शिकार हो रहे हैं।

डबल इंजन की सरकार गरीबों के लिए समर्पित

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर । उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के पुलिस लाइन पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर सलामी दी गई।जनपद के विधानसभा मझंवा के अन्तर्गत ग्राम चन्दईपुर में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया।

रोजगार मेला का उद्घाटन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले आशीष पटेल, मंत्री श्रम एवं सेवायोजन अनिल राजभर के अलावा सांसद भदोही डॉ विनोद कुमार बिन्द, सदस्य विधान परिषद श्याम नरायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, विधायिका छानबे , विधायक राबर्टसगंज भूपेश चौबे, विधायक घोरावल अनिल कुमार मौर्य के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने उप मुख्यमंत्री व मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामलें व मंत्री श्रम एवं सेवायोजन को को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम भेंटकर स्वागत व अभिनन्दन किया। तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार द्वारा विधायकगण सहित सभी जन प्रतिनिधियों का स्वागत व अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। आयोजित रोजगार मेला में उप मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रीगण के द्वारा 1292 छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण व 999 स्वंय सहायता समूह की सदस्यों को 13 करोड़ 50 हजार रुपए का रिवालिंग फण्ड सामुदायिक निवेश निधि व बैंक ऋण के तहत डेमो चेक का वितरण किया गया।

21 लाभार्थियों को माटीकला टूल किट्स, इलेक्ट्रानिक चाक, पापकार्न मेकिंग मशीन व दोना पत्तल मेकिंग मशीन व टूल किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तहत 06 बैंक व विद्युत सखियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र तथा प्रतिकात्मक रूप से 100 लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसी प्रकार ओ0डी0पी0 योजना के तहत 10 लाभार्थियों को डेमो चेक तथा 10 लाभार्थियों को टूल किट वितरण एवं प्रतिकात्मक रूप से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास के दो लाभार्थियों

को आवास की चाभी तथा कस्टम हायरिंग सेन्टर व फार्ममशीनरी बैंक के दो लाभार्थियों को चाभी वितरण लाभान्वित किया गया। जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि रोजगार मेला में कुल 60 कम्पनियों द्वारा अपने स्टाल लगाए गए, पंजीकरण कराने वाले बच्चों में 3717 आनलाइन एवं 5895 आफलाइन युवाओं द्वारा पंजीकरण कराया गया, जिसमें रोजगार मेला में कम्पनियों के द्वारा मौके पर 4292 लोगो को रोजगार मुहैया हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

रोजगार मेला को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डबल इंजर सरकार गरीबों के लिए समर्पित सरकार हैं यह सरकार देश व प्रदेश में अच्छे सुशासन मुहैया कराने के साथ ही प्रदेश के जनपदों में वृहद रोजगार मेला आयोजित कर युवाओं को रोजगार से जोड़ने का भी कार्य प्रशस्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के द्वारा महिला सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किया जा रहा हैं। राष्ट्रीय आजिविका मिशन की चर्चा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत गांव की गरीब महिलाओं का समूह बनाकर इन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए बैंको से ऋण मुहैया कराया जा रहा है जिससे वे स्वारोजगार कर अपना जीवन यापन कर सके तथा समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि अब तक 60 लाख गरीब बेघर लाभार्थियों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया जा चुका हैं आगे भी प्रत्येक बेघर परिवार को छत मुहैया कराने की दिशा में सरकार कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब का बेटा होने के कारण गरीबों के दुख दर्द को भलीभाति समझते है। उन्होंने डबल इंजर की सरकार के माध्यम से प्रत्येक परिवार को आवास, शौचालय, प्रत्येक घरो में विद्युत कनेक्शन, खाद्यान योजना के तहत राशन वितरण, आयुष्मान योजना तथा उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन देकर लाभान्वित किया है तथा शुद्ध पेयजल हेतु प्रत्येक ग्रामों में हर घर नल योजना पर भी कार्य तेजी से किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि 80 करोड़ लाभार्थियों को प्रधानमंत्री खाद्य सुरक्षा योजना के तहत निशुल्क राशन देकर लाभान्वित किया जा रहा हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब के भलाई के लिए डबल इंजन की सरकार सर्वत्र न्यौछावर हैं।

- सुशासन के साथ ही रोजगार मेला के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कटिबद्ध : केशव मौर्या
- रोजगार मेला में 60 कम्पनियों के द्वारा लगाए गए स्टाल 4298 को मिला रोजगार
- 80 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत मिल रहा है लाभ

पीड़ित निवेशकों ने डीएम दफ्तर के समक्ष दिया धरना

सोनभद्र। ठगी के शिकार पीड़ित जमाकर्ता के जिला कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष गिरीश कुमार मिश्र के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। जिसके माध्यम से बताया गया कि विभिन्न चिटफंड कंपनियों व सोसाइटियों में जमा अपने मेहनत का पैसा वापस पाने हेतु शासन-प्रशासन व अन्य अधिकारियों को कई बार ज्ञापन, संसद में बना कानून अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी कानून 2019 भुगतान गारंटी अधिकार अधिनियम के तहत पीड़ितों से आवेदन लेने एवं भुगतान कराए जाने हेतु दिया है।

कई पीड़ितों ने अपने भुगतान दावा आवेदन जिलाधिकारी के यहां प्रस्तुत किए हैं। लेकिन अब तक विधि सम्मत किसी भी पीड़ित का भुगतान नहीं हुआ। इस कारण पीड़ितों में, अपने भुगतान की पीड़ा का समाधान नहीं होने से। काफी रोष है। इसलिए समस्त चिटफंड कंपनियों के पीड़ित निवेशक अब शासन-प्रशासन एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विधि की पालना धरातल पर करवाने हेतु, भुगतान की त्रिस्तरीय मांगों को लेकर 1 सितंबर को जिला मुख्यालय पर अहिंसक शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन असहयोग आंदोलन सत्याग्रह के माध्यम से करेंगे। भुगतान की गारंटी के अधिकार कानून अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 (ठनके । बज2019) प्रत्येक ठगी के शिकार पीड़ित निवेशकों की जमाराशि का दो से तीन गुना भुगतान कराया जाय। बेरोजगार निर्दोष एजेंट्स को सुरक्षा सम्मान रोजगार और पुनर्वास का अधिकार दिया जाय। भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 111 के तहत प्रत्येक ठग बेईमान को मृत्युदंड देकर पावन पवित्र हिंदुस्तान को ठगमुक्त बेईमान रहित राष्ट्र राज्य के रूप में स्थापित करने में सहयोग प्रदान करे। इस मौके पर जमाकर्ता परिवार के जिलाध्यक्ष गिरीश कुमार मिश्रा, राजेश कुमार जायसवाल, निरंजन त्रिपाठी, देवनाथ सिंह, रामचंद्र सिंह, जयप्रकाश, दीपक यादव, विजय विश्वकर्मा, कबूतरी आदि मौजूद रहे।

किशोरी से दुष्कर्म में अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। सरायमोहिउद्दीनपुर चैकी प्रभारी विजयशंकर सिंह अपने सहयोगियो के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। थाना क्षेत्र के एक गांव में विगत माह किशोरी के साथ दुराचार में वाछित अभियुक्त की क्षेत्र में होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने दुराचार एवं पॉक्सो एक्ट में वांछत अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के बुढूपुर गांव निवासी सूरज बिन्द पुत्र प्यारेलाल बिन्द के रूप में हुई। गौरतलब है कि गिरफ्तार अभियुक्त के भारतीय दण्ड विधान की धारा 363/366/376/ व 3/4 पास्को एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत था। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई कर चालान न्यायालय भेज दिया।

सीडीओ ने स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय का किया निरीक्षण

मीरजापुर । मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, मीरजापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय मीरजापुर डा० विश्वजीत दास, परियोजना प्रबन्धक यू०पी० प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड इकाई-16 मीरजापुर हरिशंकर गुप्ता, अवर अभियन्ता अवधेश मौर्या एवं साधना वर्मा मौके पर उपस्थित रहे। स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय मीरजापुर परिसर के बाउण्ड्रीवाल फेसिंग एवं सी०सी० रोड का निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत हुआ था जिसकी प्राक्कलित लागत 293 लाख है, जिसमें प्राचार्य आवास के चारों तरफ बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य गेट सहित, महाविद्यालय परिसर के पुराने बाउण्ड्रीवाल पर फेन्सिंग का कार्य एवं महाविद्यालय परिसर के अन्दर सी०सी० रोड का निर्माण कार्य कराया जाना प्राविधानित है। निरीक्षण के दौरान कार्य पूर्ण पाया गया। हैण्डओवर के सम्बन्ध में पृच्छा करने पर कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि इन्वेन्ट्री प्राचार्य स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय मीरजापुर को प्रेषित की जा चुकी है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि तत्काल तकनीकी समिति का गठन कराते हुए जॉच की कार्यवाही पूर्ण कराते हुए हैण्डओवर की प्रक्रिया पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

टीकाकरण टीम पर भड़के लोग

आजमगढ़। पवई ब्लाक के सरैया भटपुरवा नट बस्ती में बच्चों का टीकाकरण करने गई स्वास्थ्य टीम पर गांव के लोग भड़क गए। बच्चों को घर में छिपा दिया। इसके बाद टीम को धमकी देने लगे। इसके बाद पुलिस को बुलाना पड़ा। तब जाकर 22 बच्चों का टीकाकरण हो सका। जनपद के कुछ इलाकों में लोग बच्चों का टीकाकरण नहीं करा रहे हैं। टीकाकरण से वंचित बच्चे इन दिनों गलाघोर्टू (डिप्थीरिया) से पीड़ित हो रहे हैं। मिजार्पुर ब्लाक के सीधा सुल्तानपुर गांव की नट बस्ती में छह बच्चों की तथा रानी की सराय ब्लाक के फरिहा गांव की नट बस्ती में दो बच्चों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम वंचित बच्चों का टीकाकरण कर रही है। पवई ब्लाक के भटपुरवा नट बस्ती में दो दिन से स्वास्थ्य विभाग की टीम टीकाकरण के लिए जा रही थी। गांव के लोग बच्चों का टीकाकरण नहीं करा रहे थे। स्वास्थ्यकर्मी को धमकी दे रहे थे। पवई ब्लाक के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राहुलकांत यादव के नेतृत्व में शनिवार को टीककाकरण की टीम पहुंची। गांव के प्रधान को बुलाया गया। कुछ परिवार की महिलाओं ने बच्चों को अंदर कर घर का दरवाजा बंद कर लिया। बुलाने पर स्वास्थ्य कर्मियों से विवाद करने लगीं। इसके बाद स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ने पुलिस के साथ ही उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। यहां पर 50 बच्चों को चिह्नित किया गया है। पुलिस के पहुंचने पर 22 बच्चों को तलाश कर उनका टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राहुल कांत यादव ने बताया कि पांच एनएम, बीसीएपीएम, आईओ, बीएचडब्लू, बीसीपीएम के साथ बच्चों का रूबेला, डिप्थीरीया आदि का टीकाकरण किया गया।

डेंगू के खिलाफ जागरूकता वाहन को दिखायी झंडी

जौनपुर ।आम आदमी पार्टी के मासिक बैठक रविवार को कलेक्ट्रेट कचहरी के पास स्थित एक मैरिज हॉल में हुई। पार्टी के ठाकुर प्रसाद राय ने झंडी दिखाकर डेंगू के खिलाफ जागरूकता फैलाने वाले प्रचार वाहन को रवाना किया। इस अभियान का संयोजक प्रदीप मिश्र को बनाया गया।

राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के अनुमोदन से प्रांत अध्यक्ष पवन तिवारी ने आम आदमी पार्टी की जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी है। मोहम्मद गालिब शेख व मुरली मनोहर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय सिंह बागी व अजय यादव उपाध्यक्ष विनोद प्रजापति को जिला महासचिव,विद्याधर मिश्र कोषाध्यक्ष, अमित श्रीवास्तव व सुभाष चंद्र मौर्य को जिला सचिव, ठाकुर प्रसाद राय, बी0एल0 मौर्य ,लक्ष्मी नारायण

चौरसिया, आशीष यादव, साधना त्रिपाठी सदस्य, जिला कार्यकारिणी बनाए गए हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामरतन विश्वकर्मा ने जनपद के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से अपील की की जनपद के सभी नगर पालिका व नगर पंचायत तथा ग्राम पंचायत में कार्यकर्ता घर-घर जाकर हर रविवार-डेंगू पर वार अभियान के विषय में लोगों को जानकारी दें और सभी से यह कहे कि आज से हर रविवार 10 हफ्ते 10बजे,10 मिनट निकालकर अपने घर पर तथा आसपास रुका हुआ साफ पानी निकालकर या फिर उसमें तेल डालकर डेंगू के मच्छरों को पैदा होने से रोकें क्योंकि डेंगू से बचने का सबसे अच्छा उपाय डेंगू के मच्छर पैदा होने ही ना दिया जाय। पूर्वांचल प्रांत प्रभारी डॉ० अनुराग मिश्र ने पार्टी के संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं में अनुशासन एवं प्रशिक्षण आदि पर प्रकाश डाला।

तीन गो तस्करों को मुठभेड़ में गोली लगी , गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। जिले के तीन थानों की पुलिस की संयुक्त पुलिस टीम के साथ हुई मुठभेड़ में तीन पशु तस्कर गोली लगने से घायल होने के बाद गिरफ्तार हो गये। अभियुक्तों के कब्जे से तीन तमन्चा कारतूस, एक पिकअप और चार गोवंश बरामद किये गये।

पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा, ने बताया कि थानाध्यक्ष सरपतहां सहयोगियों के साथ सरपतहां मोड़ पर मौजूद थे कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप पर गोवंश लाद कर कुछ गो तस्कर गोवध हेतु सूरापुर सुल्तानपुर की तरफ से आ रहे हैं और इसी रास्ते से शाहगंज की तरफ जाने वाले है, इसके बाद खुटहन व शाहगंज थाने की पुलिस के साथ सड़क के दोनों ओर चेकिंग की ष्षुरू की गयी थोड़ी देर बाद एक चार पहिया वाहन तेजी से सूरापुर की तरफ से आती हुई दिखाई दिया। जिसे टार्च की रोशनी से रोकने का इशारा किया गया तो पिकअप चालक पुलिस वालों के ऊपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया तथा पिकअप में सवार एक व्यक्ति द्वारा फायर किया गया। पिकअप चालक गाड़ी को बहुत तेजी से पट्टीनरेन्द्रपुर की तरफ लेकर भगा, जिसका पीछा थानाध्यक्ष सरपतहां द्वारा किया गया।

पिकअप सवार पटैला की तरफ जा रही पक्की सड़क की तरफ घूमकर भागने लगे जहां पर थानाध्यक्ष शाहगंज व थानाध्यक्ष खुटहन की संयुक्त टीम द्वारा आकर घेर लिया गया। अपने आप को घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर कर दिये, पुलिस द्वारा की गयी फायरिंग से सहाबुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन निवासी लेदरही थाना खेतासराय जनपद जौनपुर के पैर में गोली लगने से चोटिल हो गया, दूसरा मो0 अरशद पुत्र मो0 अहमद निवासी मजडीहा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर के घुटने के नीचे व तीसरे अभियुक्त गोविन्द कुमार पुत्र स्व राजेन्द्र प्रसाद निवासी बड़ौना थाना शाहगंज जनपद जौनपुर के घुटने के नीचे गोली लगने से चोटिल हो गया। इसें बाद तीनों को गिरफ्तार कर तत्काल पुलिस अभिरक्षा में इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है।

भादी महोत्सव के क्रम में निकली कलश यात्रा

आजमगढ़। राणी सती श्याम भक्त मंडल की ओर से भादी महोत्सव के क्रम में रविवार की सुबह मारवाड़ी धर्मशाला परिसर से कलश यात्रा निकाली गई। जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मारवाड़ी धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई। जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्त मंडल के सदस्यों द्वारा पहले दादी माता की पालकी सजाई गई। विभिन्न प्रकार के फूलों से दादी मां का श्रृंगार किया गया। इसके बाद गाजे बाजे के साथ ही गुलाब की पंखुड़ियों को उड़ाकर यात्रा की शुरूआत हुई। कलश यात्रा मारवाड़ी धर्मशाल परिसर से निकलकर जामा मस्जिद, पुरानी कोतवाली, चैक होते हुए पुनः मारवाड़ी धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे रास्ते सिर पर कलश लिए नाचते गाते हुए महिलाएं लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। जगह-जगह लोगों ने कलश यात्रा पर फूलों की वर्षा की। धर्मशाला पहुंचकर दादी मां की आरती उतारी किया। भक्तों ने मारवाड़ी धर्मशाला में प्रवेश किया। जहां जलपान के साथ ही श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद अब सभी को शाम को होने वाली भजन संध्या का आयोजन है। जिसमें कलकत्ता के आए प्रसिद्ध भजन गायक सौरभ मधुकर अपने भजनों से लोगों को सरोबार करेंगे। इस मौके पर आशुतोष रुंगटा, शुभम अग्रवाल, बंटी रुंगटा, प्रत्यूष डालमियां, हिमांशु अग्रवाल, सौरभ डालमियां आदि उपस्थित थे।

पिकनिक मनाने दादरी फाल आये बीयर बार संचालक की मौत

मीरजापुर ।पटेहरा क्षेत्र के ददरी फॉल पर परिजनों के साथ पिकनिक मनाने गए बीयर बार संचालक नहाते समय गहरे पानी में जाने से बह गया। डूबने पर फाटक बंद कराया गया। खोजबीन के दौरान डेढ़ किमी दूर शव मिला। वाराणसी के लहरतारा निवासी आदित्य 25 वर्ष ने बताया कि पिता अनिल रावत 55 वर्ष पिकनिक मनाने के लिए मां कलावती व बहन सोनाली, प्रिंसी व अन्य रिश्तेदारों के साथ ददरी बांध गए थे। बांध के दो फाटक खुले होने के कारण पानी का बहाव तेज था। सभी लोग फॉल में किनारे ही नहा रहे थे। पिता नहाते समय गहरे पानी की तरफ गए और तेज बहाव में बह गए। पिता को डूबते देख सभी लोग लाचार होकर चीखने-चिल्लाने लगे। पानी का बहाव तेज होने के कारण पिता का कहीं पता नहीं चला। पुलिस की मदद से फाटक को बंद करवाया। फाटक बंद होने पर पानी कम हुआ। करीब 40 से 45 मिनट बाद पिता डेढ़ किमी दूर एक पत्थर के पास पड़े दिखे। इसके बाद उन्हें बाहर निकाला गया। अपने निजी साधन से इलाज के लिए पटेहरा पीएचसी ले गए। जहां देखते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि नहाते समय डूबने से अनिल रावत की मौत हो गई। पुत्र की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।

हिंदू समाज को एकजुट होने की जरूरतः विहिप

जौनपुर विश्व हिन्दू परिषद का स्थापना दिवस आजमगढ़ मार्ग स्थित एक होटल में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि काशी प्रांत गोरक्षा प्रमुख महेंद्र शुक्ला रहे। विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित समारोह में मुख्य वक्ता ने हिंदू समाज के एकजुट होने की जरूरत पर जोर दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में सनातनी हिंदू मौजूद रहे। कहा कि हिन्दू समाज को एकजुट होना

पड़ेगा, अन्यथा जिस तरह अखंड भारत के भू-भाग को कई टुकड़ों में बांटा गया उसे दोहराया जाएगा। भारत में गोवध, लव जिहाद को रोकने के लिए कठोर कानून बनाना चाहिए और कॉमन सिविल कोड को लागू करना चाहिए। जिससे भारत की अखंडता बनी रहे। अध्यक्षता प्रेम नारायण जायसवाल ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर संघचालक दिलीप अग्रहरि, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष विमल सिंह, जिला विभाग संगठन मंत्री सतेंद्र, नगर अध्यक्ष अजय बाबू मंचासीन रहे।संचालन सुशील सेठ ने किया। जय नारायण, सुनील, आशीष, अवधेश, साधु तिवारी, हनुमान, प्रदीप, प्रशांत, रामजी चैरसिया, सियाराम, पवन, रामपलट आदि मौजूद रहे।

उबड़ खाबड़ सड़क होने के चलते आवागमन में परेशानी

सोनभद्र। जिला मुख्यालय के समीप चुर्क मोड़ स्थित वार्ड नं 4 नगर पालिका राबर्ट्सगंज परिक्षेत्र के डीएवी स्कूल के पास सहिजन खुर्द के नगरवासियों के लिए सड़क मार्ग उबड़ खाबड़ होने के कारण आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। वार्ड वासियों के अनुसार सड़क की लम्बाई लगभग 1 किलोमीटर है इस सड़क मार्ग से लगभग 8000 के आबादी वाले रहवासियों का आना-जाना होता है। बच्चों को भी स्कूल जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से पहले भी अवगत कराया गया किन्तु आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। नगर पालिका अध्यक्ष से संपर्क किया गया तो उनके द्वारा बजट का रोना रोया जाने लगा। इस बावत जनप्रतिधियों को भी अवगत कराया गया लेकिन उनका भी कोई सहयोग नहीं किया जा रहा है। सभासद राकेश भारती को भी अवगत कराया गया लेकिन कोई सुनने वाला नहीं मिला। थक हार कर लोगो ने रोड की दयनीय स्थिति की फोटो के साथ मुख्यमंत्री के पोर्टल पर किया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पुनः सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के ट्यूटर पर भी अवगत कराया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सभी रहवासियों द्वारा चंदा इकट्ठा कर गिट्टी मंगाकर अपना श्रम दान करके गड्ढा भरने का कार्य किया जा रहा है। किसी ने श्रम दान किया किसी ने धन दान कर गड्ढा भरने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर संजीव कुमार दिवेदी, रिंकु गुप्ता, मनीष शर्मा, राजेश कुमार, मदरघोष चिल्ड्रेन स्कूल के प्रबन्धक मुकेश, सौरभ कुमार, आनंद गिरि, मिथलेश यादव, रमाकांत यादव, काफी सहयोग रहा।

100 केवीए के ट्रांसफार्मर लगाने की ग्रामीणों ने की मांग

सोनभद्र। विकासखंड दुद्धि के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलिनडुबा में प्राइमरी विद्यालय के पास बीते 3 माह पूर्व बिजली विभाग के द्वारा क्षमता वृद्धि के मद्देनजर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लाकर रखा हुआ है। जिसे संबंधितों के द्वारा नहीं लगाए जाने के कारण ग्राम प्रधान यदुनाथ यादव के अगुवाई में रविवार को दोपहर के बाद दर्जनों ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार विकासखंड दुद्धि के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलिनडुबा में प्राइमरी विद्यालय के पास पूर्व में लगा 63 केवीए के ट्रांसफार्मर पर स्थानीय ग्रामीणों की आबादी धीरे-धीरे बढ़ जाने के कारण ज्यादा लोड बढ़ जाने से लो वोल्टेज की समस्या आ गयी है। जिससे ग्रामीणों की मांग पर बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों के द्वारा तीन माह पूर्व ही 100 केवीए ट्रांसफार्मर लाकर रखा गया है। परंतु आज तक नहीं लगाए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान यदुनाथ यादव की अगुवाई में आक्रोश व्यक्त किया। मौके पर मौजूद यदुनाथ यादव प्रधान ने कहा कि बिजली विभाग के संबंधित कर्मचारियों के द्वारा गांव के बिजली कनेक्शनधारियों का शोषण किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग द्वारा ग्रामीणों से पैसा एकत्रित करके चबूतरा निर्माण करने की बात कही गई है। परंतु ग्रामीण के द्वारा ट्रांसफार्मर रखने हेतु चबूतरा नहीं बनाए जाने के कारण आज तक उक्त ट्रांसफार्मर यथा स्थिति में पड़ा हुआ है। आज ग्रामीणों ने बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। तथा तत्काल ट्रांसफार्मर लगवाए जाने की मांग की है। जे ई बाबूनंदन से जब संपर्क साधा गया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ था। वही संविदा कर्मी संजय गुप्ता ने कहा कि 100 केवीए का ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि के लिए रखा गया है। जैसा जे ई कहेंगे हम लोग काम करने को तैयार हैं। इस मौके पर ग्रामीणों में रमेश विश्वकर्मा, जितेंद्र, अरविंद, श्याम नारायण विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा जगदीश भारती, सुरेंद्र भारती, चंद्रशेखर यादव ,प्रदीप यादव, जदुनाथ यादव ग्राम प्रधान, अब्दुल हकीम, सतार जब्बार, तुफैल आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

आंवरा जानवरों को संरक्षित करने के लिए शुरू हुआ विशेष अभियान

अयोध्या। प्रदेश सरकार द्वारा छुट्टा जानवरों के संरक्षण के लिए चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद में जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देशन में आज अभियान के पहले दिन जनपद में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र से कुल 105 गौवंशो को संरक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर एक दल का गठन किया गया है उक्त दल में ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत मित्र, पशुधन प्रसार अधिकारी, सम्बन्धित ग्राम के सफाई कर्मी को सम्मिलित किया गया है इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र में भी नगर आयुक्त द्वारा टीम का गठन किया गया है ग्रामीण क्षेत्रो में यह दल संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी/खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में कार्य करेगी। उन्होंने आगे बताया कि इस अभियान में जन जागरण से किसी क्षेत्र विशेष में निराश्रित गोवंश की सूचना प्राप्त होने पर टीम द्वारा गोवंश को तत्काल संरक्षित कराया जाएगा।

बेतिया स्टेट ने जमीनों का कराया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। बेतिया स्टेट ने अपने जमीनों का सर्वे शुरू कर दिया है। इसी क्रम में रविवार को हाटा तहसील के नगर पंचायत मथौली व अहिरौली में तहसील मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में अपने भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर जानकारी लिया। अधिकारियों के निरीक्षण से अवैध कब्जाधारियों में

- बेतिया स्टेट की जमीनों को अवैध रूप से कब्जा करने वालों में हड़कंप

हड़कंप मचा हुआ है।बता दें कि बिहार सरकार के निर्देश पर उप सचिव राजस्व संजीव कुमार रविवार को मथौली स्थित चेड़ा देवी मंदिर व कचहरी तथा अहिरौली में स्टेट की जमीनों का निरीक्षण किया।

इस दौरान नक्से के साथ तहसील के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे जो बेतिया स्टेट की जमीनों का विवरण बताए रहे। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बेतिया स्टेट की जमीन सुरक्षित रहे और उसका ठीक से देखभाल किया जाए। बिहार सरकार के निर्देश पर निरीक्षण हो रहा है।

बता दें कि बेतिया स्टेट की जमीन पर मंदिर, मठ सहित अन्य सार्वजनिक स्थल के रूप में प्रयोग हो रहा है। निरीक्षण के बाद अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। हाटा तहसील क्षेत्र में मथौली 5.15 एकड़ व चेड़ा देवी मंदिर पर 74 डिस्मिल जमीन है।

इसी प्रकार कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के गंभीरपुर में 2.9270 एकड़, साखोपर में 1.8250, मोहनमुंडेरा में 3.4390, डोमबरवा में 0.1130 व पेमली में 0.1620 यानी कुल 8.4660 रकबा जमीन है। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार हाटा नरेंद्र राम, तहसीलदार कप्तांगन सुमित सिंह, नायब तहसीलदार सुनील सिंह, लेखपाल अमित कन्नौजिया, रंजू यादव, आशुतोष कुशवाहा मौजूद रहे।

डाकघर में आयोजित हुई खेल प्रतियोगिता

अयोध्या। मण्डल डाकघर कार्यकाल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पोस्टमैन, एम टी एस बनाम डाक सहायक महिला पुरूष बैडमिंटन, रस्साकशी प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला व पुरूष वर्ग में डाक सहायक संवर्ग ने बाजी मारी तो वहीं रस्साकशी में महिला पोस्टमैन संवर्ग तथा पुरुष वर्ग में डाक सहायक संवर्ग ने परचम लहराया, रस्साकशी प्रतियोगिता को देखने के लिए डाकघर परिसर व बाउंड्री बाहर हजारों संख्या में दर्शकों की भारी भीड़ लगी हुई थी। बैडमिंटन खिलाड़ी में राजेशवर दूबे, ज्योतिरादित्य सिंह, प्रकाश चैधरी, वासदेव यादव पुरस्कृत हुए तथा रस्साकशी खेल में पोस्टमैन महिलाओं में नीलू सोनी एवं डाक सहायक में चन्द्रेश वर्मा को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रवर अधीक्षक डाकघर हरे कृष्ण यादव ने पुरस्कार देते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है जिससे शरीर स्वस्थ रहता है।

अधिक से अधिक सदस्य बनाएं कार्यकर्ता : संतराज यादव

देवरिया। भारतीय जनता पार्टी ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए रविवार को औरा चौरी स्थित पार्टी कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी संतराज यादव ने बताया कि पार्टी ने सभी कार्यकताओं की सदस्यता को शून्य करते हुए पुनः सदस्यता अभियान चलाने जा रही है। कल 2 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराएंगे और इसी के साथ सदस्यता ग्रहण का ये अभियान पूरे देश में शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के शुरू होने पर हर कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर इसी दिन कम से कम 25 लोगों को सदस्यता ग्रहण कराएंगे तथा जितना हो सके अधिक से अधिक लोगो को सदस्य बनाएंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि 4 सितंबर को जिले के प्रथम व्यक्ति जिला पंचायत अध्यक्ष को, सांसद को, तथा सभी विधायक गणों को मेरे द्वारा सदस्यता ग्रहण करानी है। इसके साथ ही सभी पार्टी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता ग्रहण कराएंगे ताकि हर अभियान की तरह सदस्यता अभियान में भी देवरिया जनपद प्रदेश में अग्रणी रहे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, मारकंडे शाही, अंतयार्मी सिंह, सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी प्रेमचंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, अजय शाही, गंगा सिंह कुशवाहा, राजेश मिश्रा, महामंत्री, रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, रमेश सिंह, जिला मंत्री अरविंद पांडे, डा हेमंत मिश्रा, निर्मला गौतम, रामाज्ञा चौहान, अंकुर राय, प्रभाकर तिवारी, अजय उपाध्याय, मोहन उपाध्याय, कामेश्वर तिवारी, भारती शर्मा, पवन मिश्रा, विजय गोंड, गोविंद चौरसिया, बिजेंद्र कुशवाहा, गोविंद चौरसिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।=

प्रधानमंत्री के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे भाजपा कार्यकर्ता

बरेली। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा नेतृत्व ने पार्टी कार्यकताओं को ऊजार्वान बनाने का अभियान छेड़ दिया है। आज देश के प्रधानमंत्री एक बार फिर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर सदस्यता अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसी को लेकर सभी स्तरों पर पार्टी के कार्यकताओं को सदस्यता अभियान में जुटने का आवाहन किया गया है।

देश भर में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान आज से शुरू हो जाएगा। क्योंकि इसी दिन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री को सदस्य बनाकर अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसी को लेकर बूथ से लेकर, पार्टी के सांसद, विधायक, महापौर के साथ ही सभी पदाधिकारी लक्ष्य निर्धारित कर पार्टी के सदस्यता अभियान में जुट जाएंगे। इसी क्रम में पार्टी के जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने जिले का कई स्थानों पर दौरा किया है। इसी क्रम में महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना भी अपनी टीम के साथ सदस्यता अभियान को लेकर प्रत्येक क्षेत्र में संपर्क किया।

चोरी हुई मोटरसाइकिलें, कार गैराज से बरामद

बहेड़ी, बरेली। नगर के एक क्लीनिक के बाहर खड़ी दो मोटरसाइकिल चोरी हो गईं। घटना के बाद युवको ने मोटरसाइकिल चोरी की तहरीर पुलिस को दी। तहरीर मिलने के कुछ समय बाद पुलिस ने दोनो मोटरसाइकिलों को नगर के एक कार गैराज से दोनो मोटरसाइकिल बरामद कर लीं। ग्राम शरीफनगर निवासी हिमांशु शर्मा शनिवार 31 अगस्त को अपनी मोटरसाइकिल बजाज प्लेटीना व ग्राम अखा निवासी जितिन कुमार अपनी बजाज सीटी 100 मोटरसाइकिल रामलीला के पास सिंह क्लीनिक के सामने खड़ी कर दवाई लेने के लिये चले गए। करीब 1 घंटे बाद जब दोनो युवक बाहर आये तो उनकी मोटरसाइकिले वहां मौजूद नही थी। मोटरसाइकिल चोरी होने पर उन्होंने इसकी तहरीर पुलिस को दी। उधर पुलिस ने चोरी की गईं दोनों मोटरसाइकिलों को विशाल रस्तोगी नाम के एक युवक के कार गैराज से बरामद कर लिया।बहेड़ी पुलिस के मुताबिक मरीज के साथ में आने वाले युवक के घर के सामने मोटरसाइकिल लगा दिया करते थे कई बार मना कर पर भी लोग नही माने इस बजह से युवक ने मोटरसाइकिल अपने घर में खड़ी करली थीं

तंजीम ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से हासिल की पीएचडी की उपाधि

बहेड़ी, बरेली। नगर के एक छात्र ने पीएचडी की उपाधि हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है। उसकी इस उपलब्धि पर उसे व उसके परिजनो को परिचितों एवं रिश्तेदारों ने बधाई दी है। नगर के मोहल्ला शेखपुर बशीरी मस्जिद के पास रहने वाले तंजीम रजा ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पीएचडी की उपाधि हासिल की है। तंजीम सभासद पति नसीम अहमद के छोटे भाई हैं।

एक करोड़ 51 लाख स्ट्रोक कपालभाति कर स्वामी महेश योगी ने रचा इतिहास

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के सिद्धपीठ श्री हनुमानगढ़ी बसंतिया पट्टी के संत डा. महेश दास उर्फ स्वामी महेश योगी ने महर्षि पतंजलि जी की जन्म भूमि से योग में एक अनोखा विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। 2 अप्रैल से अभी तक पांच माह में सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी अयोध्या निज आश्रम पर भोजन का त्यागकर अनवरत 11 घंटे प्रतिदिन कपालभाति करते हुए महेश योगी ने एक करोड़ 50 लाख कपालभाति किया था वही 30 अगस्त 2024 को कोडर महर्षि पतंजलि की जन्मभूमि पर अनवरत 11 घंटे में एक लाख कपालभाति कर महर्षि पतंजलि जी की जन्म भूमि से एक करोड़ 51 लाख कपालभाति करने का नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। जिसे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के रिकॉर्ड बुक में अंकित किया गया। किंतु उन्होनें अपनी साधना को अभी विराम नहीं दिया है। स्वामी जी की यह साधना छः माह यानि 1980 घंटे (सितम्बर माह तक) अनवरत चलती रहेगी। छः माह से श्री हनुमान जी के सानिध्य में अष्टसिद्धि साधना व रुद्र राज योग की साधना कर रहे स्वामी महेश योगी जी सम्पूर्ण भारत वर्ष में श्री हनुमान भक्ति आन्दोलन संचालित कर सनातन धर्म के अभ्युदय तथा योगमय भारत बनाने जैसे अनेकों महनीय उद्देश्यों की की प्राप्ति के लिय साधना रत हैं। जन जन में योग शक्ति की ऊर्जा पुंज को स्थपित करने हेतू स्वामी जी ने अनेकों अभियान चलाया तथा भारत के चारों दिशाओं में चार योग धाम की स्थापना के लिए कार्य कर रहे हैं। योग, कला, साहित्य व अध्यात्म के क्षेत्र में पहले भी महेश योगी ने अनेकों आश्चर्य जनक विश्व कीर्तिमान बनाकर विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ाया है। जिसमें अनवरत 76 घंटे तक योग मैराथन करने का विश्व रिकॉर्ड, अनवरत 51 घंटे कपालभाति करने का विश्व रिकॉर्ड, 1 मिनट में 21 बार सूर्य नमस्कार करने का विश्व रिकॉर्ड, एक घंटा 15 मिनट शीर्षासन में कपालभाति करने का विश्व रिकॉर्ड, अयोध्या मां सरयू की गोद में लगातार 13100 बार डुबकियां लगाने का विश्व रिकॉर्ड, चित्रकला के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी व्यक्ति चित्र श्रृंखला बनाने का विश्व रिकॉर्ड, अब तक 11000 चित्रों का सृजन करने का रिकॉर्ड तथा दिव्य भारत गौरव ग्रंथ एवं भारत ऋषि ज्ञान एनसाइक्लोपीडिया के लेखन कार्य जैसे अनेकों विशिष्ठ कीर्तिमान महेश योगी के नाम से दर्ज हैं।

आल इंडिया तरही शब्बेदारी में अंजुमनों ने की नौहाख्वानी

अयोध्या। अंजुमन गुंचाए मजलूमिया की बयादे असगरे मासूम आल इण्डिया तरही शब्बेदारी इमामबाड़ा जवाहर अली खां में हुई। शब्बेदारी में शहर व अन्य जिले से आई अंजुमनों ने अर्शी फैजाबादी के मिसरे तरह एक अनोखा काम असगर कमसिनी में कर गए पर अपने कलाम पढ़े।

पूर्व अध्यक्ष हामिद जाफर मीसम ने बताया कि शब्बेदारी में वसीका अरबी कालेज से इमामबाड़ा जवाहर अली खां पर अंजुमन सोगवाराने हुसैन अलम लेकर आई। शब्बेदारी की मजलिस मौलाना मो मोहसिन प्रिंसिपल वसीका अरबी कालेज ने पढ़ी। संचालन मौलाना हैदर अली ताबिश ने व पेशख्वानी सिब्तेन मेंहदी श्यावर व हाजी चन्दन फैजाबादी ने की। शहर की अंजुमनों में अंजुमन मासूमियां के साहेब बयाज विक्रम चंद शर्मा ने दानिश फैजाबादी का आंसुओं का लेके तोहफा जब सरे महशर गए, लेके हमको साकिए कौसर लबे कौसर गए पढ़ा। इसके अलावा शहर की हुसैनिया वजीरगंज, हैदरिया खुर्दमहल, अंजुमने अब्बासिया ने अपने तरही कलाम पढ़े।

किसानों की मांगों को लेकर सूर्य प्रताप शाही से मिला प्रतिनिधिमंडल

देवरिया। कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही को देवरिया बाईपास से प्रभावित सैकड़ो किसानों द्वारा भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार , सचिव पूर्वी उत्तर प्रदेश विनोद गुप्ता, जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद सिंह, नीरज मिश्रा, सत्य प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में ज्ञापन देकर मांग किया गया कि जिला प्रशासन किसानों की जमीन के किसी भी गाटे में 101एयर का मुआवजा 2020 के सर्किल रेट से चार गुना देकर बाकी सारी जमीनों में 1/3 के हिसाब से मुआवजा देकर किसानों की मुआवजे की धनराशि में सीधे 2/3 की कटौती यानी 67% की कटौती का कार्य करने जा रहा है जो किसानों को कतई मंजूर नहीं है। इसी प्रकार नगरीय किसानों को भी 2020 के सर्किल रेट से 101 एयर का मुआवजा दो गुना देकर बाकी सारी जमीनों का 1/3 के हिसाब से मुआवजा देकर सीधे 67% की कटौती की जा रही है जो किसानों को कतई मंजूर नहीं है। किसानों ने अपने मांग पत्र में कहा कि बाईपास से प्रभावित सभी किसानों (ग्रामीण, नगरीय) को भूमि अधिग्रहण कानून 2013 में सक्षम प्राधिकारी को दिए गए अधिकार का प्रयोग करते हुए वर्तमान बाजार मूल्य का सबसे अधिक मुआवजा दिलाया जाय जबकि सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसानों को सबसे निचला मुआवजा देने की बात की गई हैं जो किसानों को कत्तई मंजूर नहीं है। किसानों ने कहा सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी छोटी या बड़ी सड़क के किनार आवासीय भूमि या व्यावसायिक भूमि का बाजारू मूल्यांकन नहीं किया गया। सभी जमीनों का सबसे कम मूल्य लगाया गया है। कृषि मंत्री ने कहा इसको मैं खुद अध्ययन करके जिला प्रशासन के अधिकारियों की मीटिंग करेंगे। ज्ञापन देने वालों में बाकियों के पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह द्वारा पूर्वी उत्तर प्रदेश के सचिव विनोद गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्याम देव राय , जिला उपाध्यक्ष कृष्णकांत सिंह , जिला उपाध्यक्ष मारकंडेय सिंह जिला कोषाध्यक्ष चंद्रदेव सिंह, नीरज मिश्रा, सत्य प्रकाश मिश्रा , चरण दास झुनझुन सिंह, विक्रान्त मिश्रा, मनीष सिंह, शिवाजी चौहान, सुधीर चौहान, यशवंत यादव, सचिन यादव, मदन मिश्रा, ललन यादव, इत्यादि सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

इंडो-नेपाल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में कलीम और खुशी राजा ने किया प्रदर्शन

कुशीनगर। नेपाल टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन एवं अंडर एशियन टेनिस बाल क्रिकेट फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में पडोसी राष्ट्र नेपाल के पोखरा स्थित रंगशाला स्टेडियम में आयोजित इंडो-नेपाल प्रतियोगिता के अन्तर्गत इंटर स्टेट इंटरनेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में कुशीनगर जनपद के दो खिलाड़ियों ने बेहतर प्रर्दशन कर मेडल हासिल किया।

वर्ष 2023-24 सत्र में पड़ोसी देश नेपाल में इंडो- नेपाल प्रतियोगिता के तहत टेनिस बॉल स्टेट इंटरनेशनल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । इस प्रतियोगिता मे कुशीनगर जनपद के विशनपुरा विकासखंड क्षेत्र के जोगी छपरा निवासी कालीम पुत्र ग्यासुद्दीन अंसारी एवं खुशी राजा पुत्र खुर्शेद आलम ने बेहतरीन खेल का प्रर्दशन करते हुए अपनी टीम का परचम लहराया। कालीम और खुशी राजा के खेल प्रर्दशन ने स्टेडियम मे मौजूद सभी खिलाड़ियों व दर्शकों का इस कदर मन मोह लिया कि खेल के दौरान इन दोनो खिलाड़ियों के हर शॉट पर पूरा स्टेडियम इनके नाम और तालियों की गड़गड़ाहट सें गूंज उठता था। इन कालीम और खुशी राजा के बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए पूर्वांचल टेनिस बाल एसोशिएशन के सचिव अतहर आलम लारी ने दोनों खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि उभरते हुए यह खिलाडी कल के भविष्य है। इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर इलाहाबाद जनपद के टेनिस बाल एसोशिएशन के सचिव लक्ष्मीकांत पटेल, पूर्वांचल टेनिस बाल एसोशिएशन के अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव, पूर्वांचल टेनिस बाल एसोशिएशन के सिनियर उपाध्यक्ष असलम वारसी ने आदि ने अपनी खुशी का इजहार किया है। इसी तरह जनपद के पडरौनासरप्रधानाचार्य चंद्र शेखर तिवारी, संदीपने हर्ष व्यक्त करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

तीन तलाक के खिलाफ बीबी पहुंची थाने

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। तीन तलाक से भले ही मोदी सरकार ने मुस्लिम महिलाओं की सुरक्षा को संकल्प जताया लेकिन ग्रामीणांचल में अभी भी रिश्ते तोड़ने को तलाक तलाक तलाक कहना आसान बना हुआ है। ताजा मामला जनपद के रौनाही थाने की पुलिस चैकी सत्तीचैरा क्षेत्र का है। मुस्लिम समुदाय की नव विवाहिता के साथ कम दहेज

- दहेज और उत्पीड़न की भी धाराएं लगीं, फरवरी 24 में हुआ था निकाह
- रौनाही पुलिस ने संगीन धाराओं में दर्ज किया मुकदमा

मिलने से उत्पीडन करने तथा तीन बार तलाक तलाक बोल कर रिश्ता खत्म करने का मामला रौनाही पुलिस के पास पहुंच गया है।

क्षेत्र की बरई खुर्द निवासी शबीना पुत्री स्व. कमरूद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि थाना पूराकलंदर निवासी मोहम्मद अशरफ पुत्र शान मोहम्मद के साथ 21 फरवरी24 को मेरा निकाह हुआ है।

पिता के देहांत के बाद निकाह की जिम्मेदार मेरे भाइयों ने संभालते हुए दहेज मे बाइक, नकदी के साथ जेवरात देकर विदा किया था। पूरा कलन्दर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर ससुराल पहुंचने के एक माह में ही कम दहेज मिलने के कारण मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

मेरे भाई से पति और ससुराल पक्ष ने 10 हजार रुपए की मांग की। भाइयों ने स्थिति खराब होने के कारण और दहेज न दे पाने की बात कहते हुए विवशता जताई।

जिसके बाद ससुराल के लोगों की प्रताड़ना बढ़ गई। लगातार बढ़ती प्रताड़ना से आजिज आकर शिकायत महिला थाना अयोध्या में की। जिसकी जानकारी होने और पूरा परिवार फंसता देखकर काफी अनुनय विनय कर ससुराल वालों ने गांव दौलत पुर बुला लिया। कुछ दिन बाद जब ईद निकल गई तो भाई के साथ 16 जुलाई 24 को पहुंची।

पहुंचते ही तीन बार तलाक, तलाक तलाक कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर भगा दिया गया।ससुराल में सास, ससुर, देवर और ननद का विकराल रूप देखते हुए किसी प्रकार से जान बचाकर भाई के साथ बरई खुर्द आने पर विवश हो गयी।

इस बाबत रौनाही थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि महिला पुलिस द्वारा पीडित युवती की तहरीर पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 85-115/2-351/2-352- मुस्लिम महिला सुरक्षा दहेज उत्पीडन 3 विवाह अधिकार की धारा 4 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

भाजपा सांसद की अभद्र टिप्पणी पर कांग्रेसियों ने जताया रोष

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। किसान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष जगभान सिंह बुंदेला की अगुवाई में भाजपा सांसद कंगना रानाउत द्वारा किसानों के प्रति दिए गए अभद्र बयान को संज्ञान लेते हुए किसान कांग्रेस की बैनर तले राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि विगत दिनों भाजपा सांसद द्वारा किसानों पर अभद्र टिप्पणी के द्वारा अपमानित करने का कार्य किया गया है।वक्ताओं ने कहा कि यह गिरती राजनीति का नमूना है प्रधानमंत्री को चाहिए कि इस पर तुरंत एक्शन लें और किसानों से माफी मांगे साथ ही उन्हें बर्खास्त किया जाए।

देश के अन्नदाता किसानों को जब वह शांतिपूर्वक तरीके से अपनी मांगों के लिए आंदोलन कर रहे थे ऐसे में लगभग 700 किसानों की शहादत हो गई लेकिन भाजपा की मानसिकता में सुधार नहीं हुआ यदि कंगना रनौत के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो कांग्रेस आने वाले समय में वृहद आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान विशेष कर कांग्रेस प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश रजक एडवोकेट, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एडवोकेट, किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र सिंह बिट्टू राजा, पीसीसी रामभरोसे कुशवाहा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नेहा तिवारी, कोषाध्यक्ष जाहर सिंह पटेल, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अंकित यादव, खलक सिंह राजपूत, अमर सिंह राजपूत, एन एस यू आइ प्रदेश सचिव कुलदीप पाठक, किसान प्रदेश सचिव सुनील अहिरवार, महेंद्र पनारी, राजकुंवर, रजनी यादव, सीताराम राय, मुलायम सिंह चंदेल, जितेंद्र विश्वकर्मा, संजय जाटव, , राहुल सेन, राजपाल रजक, रामदयाल, हर नारायण, श्याम सुंदर सिरोठिया, सुरेश के हस्ताक्षर बने हैं।

स्वाधीनता आंदोलन और लोकतंत्र की रक्षा में सच्चिदानंद का रहा अप्रतिम योगदानः प्रो. रामदेव

देवरिया। नागरी प्रचारिणी सभा ने कांग्रेस के प्रथम विधायक व एमएलसी पं सच्चिदानंद नाथ त्रिपाठी की याद में स्मृति संवाद एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

सभा के अध्यक्ष रहे स्व त्रिपाठी के बारे में विचार व्यक्त करते हुए मुख्य वक्ता प्रो रामदेव शुक्ल ने कहा स्व सच्चिदानंद भारत के उस संयुक्त परिवार की देन थे, जिसने विश्व में आतंक फैला रखे इस्लाम के विजय रथ को रोक दिया। एक संयुक्त परिवार में संवेदना, शालीनता और सत्य प्रियता होती है।

इसी का प्रयोग उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन और लोकतंत्र की रक्षा में किया। प्रो चितरंजन मिश्र ने कहा कि स्व त्रिपाठी को याद करना सदाचार को याद करना है, शक्ति को याद करना है। वे सत्य, शालीन और मयार्दा बनाने वालों में से हैं।

डॉ अरुणेश नीरन ने कहा कि पं सच्चिदानंद नाथ त्रिपाठी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षालयों के संस्थापकों में रहे हैं। वे संन्त विनोबा पीजी कालेज और बी आरडीपीजी कालेज के संस्थापक सदस्य रहे। वे जीवन पर्यन्त सत्य और शालीनता के प्रति आग्रही रहे। समाजवादी नेता व पूर्व विधायक सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि सच्चिदानंद नाथ त्रिपाठी एक निष्ठावान, कर्मठ और दृढ़ निश्चयी व्यक्ति थे। उनका जितना महत्व स्वतंत्रता आन्दोलन के लिए है उतना ही लोकतंत्र की रक्षा के लिए भी है।

वरिष्ठ पत्रकार धनंजय मणि ने स्व त्रिपाठी के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। इन्द्र कुमार दीक्षित, सरोज कुमार पाण्डेय और सौदागर सिंह ने गीतों में स्व त्रिपाठी के व्यक्तित्व और कृतित्व को पिरोया। इसके पूर्व सौदागर सिंह के नेतृत्व में काजल विश्वकर्मा और सरोज ने 'रघुपति राघव राजा राम' और 'वैष्णव जन ते तेने कहिये' का गान किया। सभाध्यक्ष आचार्य परमेश्वर जोशी ने कहा कि नागरी प्रचारिणी सभा के विकास में सच्चिदानंद जी का बहुत बड़ा योगदान है। आभार प्रदर्शन करते हुए डा. राजेश त्रिपाठी ने कहा कि हम स्व त्रिपाठी के विचारों को आगे बढ़ायेंगे और अपने पूर्वजों द्वारा पोषित सभा के लिए जो सहयोग संस्था चाहेगी वो हम करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत डा. अनिल कुमार त्रिपाठी, मंत्री, नागरी प्रचारिणी सभा के द्वारा स्वागत के साथ हुआ।

इस दौरान जयनाथ मणि त्रिपाठी, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, तारा शंकर नाथ, त्रिलोकी नाथ, हेमचन्द्र नाथ त्रिपाठी, शुभम नाथ त्रिपाठी, अशोक मिश्रा, अजय मिश्रा, धर्मशील तिवारी, अवनिन्द्र नाथ तिवारी, आद्या मिश्रा, आद्या प्रसाद मिश्र, डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी, अनिल कुमार त्रिपाठी विज्ञान संचारक, प्रताप नारायण जायसवाल, सत्य देव आर्या, जितेन्द्र प्रसाद तिवारी, सतीश पति त्रिपाठी, बृजेश पाण्डेय अधिवक्ता, रवीन्द्र नाथ तिवारी, दिनेश कुमार त्रिपाठी, बृजेश पाण्डेय प्रबंधक, ऋषिकेश मिश्र, जगदीश उपाध्याय, श्वेतांक करण त्रिपाठी, रजनीश गोरे, चतुरानन ओझा, वासुदेव वर्मा, नागेन्द्र शुक्ल, पार्श्वनाथ त्रिपाठी, पार्वती देवी, लालसा प्रसाद चौधरी, नंदलाल मणि, कुवंर आशीष पांडे आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

लंबी बीमारी के बाद समाजसेवी का निधन

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर पंचायत के अध्यक्ष के चचेरे भाई समाजसेवी नितिन जायसवाल का लंबी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। जिससे कस्बा व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। निधन की खबर सुनकर दिवंगत के घर पर लोगों का जमावड़ा लग गया। नगर पंचायत निवासी चैयरमैन मिथलेश जायसवाल के चचेरे भाई व समाजसेवी नितिन जायसवाल 32 वर्ष काफी समय से पेट की बीमारी से पीड़ित थे। जिनका इलाज काफी समय से चल रहा था। जिसके बाद उनकी तबियत खराब होने पर मलिहाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां रविवार को उनका निधन हो गया। निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार दबौली के सरैया घाट पर कर दिया। दिवंगत अपने पीछे पत्नी मोनी व दो पुत्री रिया, परी व एक वर्षीय पुत्र शिवांश को रोता बिलखता छोड़ गया है।

एसडीएम ने सीएचसी का किया निरीक्षण दिए निर्देश

महोली (सीतापुर)। शनिवार को एसडीएम अभिनव यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महोली का औचक निरीक्षण किया। ओपीडी मे आने वाले मरीजों की संख्या, साफ सफाई तथा संविदाकर्मियों की जानकारी ली। उन्होने महोली पुलिस से सभी का बेरीफिकेशन कराने का निर्देश दिया। सीएचसी मे प्रकाश की व्यवस्था सही न होने पर रोशनी का समुचित प्रबंध कराने के निर्देश अधीक्षक इमरान को दिए। एसडीएम ने कहा मरीजो की संख्या बढ़ रही इसको लेकर सतर्कता बरती जाए। जिन गांवो से खासी बुखार के मरीज ज्यादा आ रहे हो वहां कैंप लगाकर जांच के बाद दवाई वितरित की जाए। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

बुखार से दो और महिलाओं की गई जान

सीतापुर। सकरन इलाके में इन दिनों संदिग्ध बुखार तेजी से पांव पसार रहा है। आए दिन वह किसी न किसी व्यक्ति की जान ले रहा है। अब तक आधा सैकड़ा के करीब लोग इस संदिग्ध बुखार की चपेट में आकर अपनी जान गवां चुके हैं। सकरन क्षेत्र के उमराकलां गांव में निवासी रामपति उम्र 60 वर्ष पत्नी रामशंकर बुखार से पीड़ित थीं। जिनका इलाज क्षेत्र के प्राइवेट डाक्टर के द्वारां चल रहा था। शुक्रवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इसी गांव की निवासी पुष्पा उम्र 24 वर्ष पत्नी रमेश भी बुखार से पीड़ित थी। क्षेत्र के डाक्टरों को दिखाने के बाद जब हालत में सुधार नही हुआ तो परिजन उसे लखनऊ मेडिकल कालेज लेकर गये। वहां शुक्रवार की सुबह उनकी मौत हो गयी। एक ही गांव में दो मौतों से हाहाकार मचा हुआ है। इस गांव में ही करीब सौ से अधिक लोग बुखार से पीड़ित हैं। जबकि आसपास के गांवों को देखें तो पूरे क्षेत्र में अनगिनत लोग बीमार पड़े हैं। सीएचसी अधीक्षक अनिल कुमार सचान ने बताया प्रभावित गांव में टीम भेजकर दवाओं का वितरण करवाया जाएगा।

सांप के डसने से मौत

सीतापुर। थाना सकरन इलाके के चिल्हिया बांधेपुरवा गांव निवासी पेमन निषाद उम्र 50 वर्ष सांप पकडने का कार्य करता था। वह सांप काटने का इलाज भी करता था। क्षेत्रीय लोग सांप के काटने पर इलाज के लिए पेमन निषाद के पास ले जाते थे। बताया जाता है कि वह जड़ी बूटी देकर सांप का जहर उतारने का दावा करता था। लोग घरों से सांप निकलने पर उसे पकड़वाने के लिए पेमन को बुलाते थे। शनिवार को पेमन एक जहरीला सांप पकड़ कर घर लाए थे।

शाम को उसे लोगों को दिखाने के लिए डिब्बे से निकाल रहे थे। इसी बीच सांप ने अचानक पेमन को डस लिया। सांप के काटने पर उन्होने अपने पास रखी जडी बूटी की दवा खाई। मगर उसकी हालत गम्भीर होते चली गयी। परिजन उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, इसी बीच पेमन की मौत हो गयी। परिजनों ने बगैर पोस्टमार्टम करवाए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

नाबालिग किशोरी का पेड़ से लटकता मिला शव

परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

जिला संवाददाता(vol)

- फोरेंसिक टीम व पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच पड़ताल की,पीएम के लिए भेजा गया शव

तंबौर सीतापुर। एक नाबालिक से मारपीट कर पेड़ से लटकाये जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के इच्छा में गांव के बाहर खेत में एक पेड़ से नाबालिग किशोरी का शव लटके होने की सूचना पर गांव में हड़कप्प मच गया।

मृतक के पिता विजय कुमार ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही निवासी प्रदीप पुत्र सोबरन , सोबरन की पत्नी व साहब पुत्र रामपाल निवासी बभिया थाना रेउसा पर आरोप लगाते हुए बताया इन लोगों ने मेरी पुत्री खुशबू उम्र 15 वर्ष के साथ मारपीट करने के बाद गांव के बाहर सुरेश के गन्ने के खेत में शीशम के पेड़ से लटकाकर हत्या कर दी है।परिजनों के मुताबिक बीते शनिवार शाम से किशोरी घर से लापता थी।जिसकी तलाश परिजनों द्वारा रात भर की गयी लेकिन कोई सूचना नहीं मिल सकी।सुबह मृतका की चचेरी बहन जब शौच के लिए गांव के बाहर खेतों में गयी तो उसे पेड़ में लटके शव की जानकारी हुई।जिसकी सूचना उसके द्वारा परिजनों को दी गयी।घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों ने इसकी सूचना थाने को दी।सूचना मिलने पर क्षेत्रीय पुलिस सहित फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

इस सम्बंध में इंस्पेक्टर विजयेंद्र सिंह ने बताया कि शव पीएम के लिए भेजा जा रहा है तहरीर व पीएम रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

फार्म हाउस में पार्टी के लिए लाई विदेशी शराब बरामद

सोहरामऊ, उन्नाव। आबकारी विभाग को एक बड़ी सफलता वक्त हाथ लगी जब एक फॉर्महाउस मे छापेमारी के दौरान विदेशी शराब व बियर भारी तादात मे बरामद हुई।

बता दें कि सोहरामऊ थानाक्षेत्र के इनारा फार्म हाउस में देर रात आबकारी विभाग ने छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अवैध विदेशी शराब और बियर बरामद की है। फार्म हाउस में महंगी विदेशी शराब की पार्टी चल रही थी। अचानक हुई छापेमारी से पार्टी में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। टीम ने दो लोगों को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कराया है।गौरतलब हो कि सोहरामऊ थाना क्षेत्र स्थित लखनऊ-कानपुर हाईवे के किनारे टोल प्लाजा के पास इनारा फार्म हाउस में देर रात एक पार्टी का आयोजन किया गया था। मुखबिर की सूचना पर आबकारी विभाग की टीम ने फार्म हाउस में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान वहां महंगी अवैध विदेशी शराब की पार्टी चल रही थी, जिसमें शराब और बियर की बड़ी मात्रा मौजूद थी। मौके पर 36 लीटर विदेशी शराब और 245 लीटर बियर बरामद की गई। इसके अतिरिक्त, 48 नग विदेशी शराब की बोतलें और 562 नग बियर की बोतलें भी पकड़ी गईं। पुलिस ने अमरेश कुमार और सिंपल भाटिया को हिरासत में लिया है।

दुष्कर्म के आरोपी बंदी ने फांसी लगाकर दी जान

एसडीएम व फोरेंसिक टीम जांच पड़ताल करने जेल पहुंची

उन्नाव। नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी ने जेल में बंद विचाराधीन बंदी ने गमछे का फंदा बनाकर पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

सूचना पर एसडीएम व अन्य अफसर पहुंचे। फोरेंसिक टीम की जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर मोर्चरी भेजा गया। घटना की सूचना के बाद भी उसके परिजन नहीं पहुंचे। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के पलिया गांव निवासी सुधीर उम्र लगभग 46 वर्ष पुत्र दुलारे लाल लोहार को बांगरमऊ पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में बीती 30 जुलाई वर्ष 2016 को जेल भेजा था। तभी से वह जेल में था। उसके परिजन भी उसके कृत्य से दुखी होकर उससे कोई सरोकार नहीं रखते थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उसे पैरवी के लिये अधिवक्ता उपलब्ध कराया गया था। कारागार के बगीचे में कार्य करने को बंदी गए थे। सुधीर भी उनके साथ गया था। इसी दौरान वह नजर बचाकर बगीचे में लगे पीपल के पेड़ में गमछे का फंदा बना कर लटक गया। बंदियों की नजर पड़ी तो उन्होंने जेल अफसरों को इसकी जानकारी दी। जेल के डॉक्टर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। एसडीएम हिमांशु गुप्ता व फोरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर जांच की। शव नीचे उतरवाकर मोर्चरी भेजा गया। जेल प्रशासन ने इसकी सूचना परिजनों को दी। लेकिन उन्होंने आने से इंकार कर दिया। जेल अधीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि विचाराधीन बंदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। परिजनों को जानकारी दी गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

सेल्समैन की पिटाई करने में दो गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। कोतवाली महमूदाबाद इलाके के रमकुंडा चौराहे पर शराब की दुकान मौजूद है। पैंतेपुर रोड स्थित इस दुकान के सेल्समैन शराब के नशे में कुछ लोगों ने जबरन अपने वाहन में बिठा लिया था। जिसके बाद सेल्समैन को मारपीटकर कुछ दूरी पर कंचनपुर ग्राम के पास छोड़ दिया था। इस मामले में केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने नामजद आरोपी महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेलदारी टोला निवासी अमन सोनी पुत्र मुन्नू लाल सोनी व कैथी टोला निवासी श्याम श्रीवास्तव पुत्र संतोष कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है।

मित्रसेन यादव की पुण्यतिथि पर नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव होंगे मुख्य अतिथि

मिल्कीपुर-अयोध्या। पूर्वांचल की राजनीति के प्रख्यात समाजवादी कद्दावर नेता व फैजाबाद लोकसभा के तीन बार के सांसद, 6 बार के विधायक रहे स्व. मित्र सेन यादव की पुण्यतिथि पर 7 सितंबर को किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होगे।

श्रद्धांजलि सभा को लेकर पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव की अगुवाई में किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर में तैयारी बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने कहा कि बाबूजी मित्र सेन यादव ने गरीब, मजलूम,मजदूर व किसानों के हक हुकूब की जो लड़ाई लड़ी थी। उस लड़ाई को हम सभी को आगे भी जारी रखना होगा तभी हम बाबूजी के सपने को साकार कर पाएंगे। इतना ही नहीं पूर्व मंत्री ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर सामंतवाद व नफरत फैलाने वाली ताकतों के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी तभी हमारा समाज सुखी और संपन्न रह पाएगा। आपको बताने की नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के समाजवादी पार्टी से प्रभारी भी बनाए गए हैं और सेन परिवार का मिल्कीपुर की राजनीति से गहरा नाता रहा है। ऐसे में सभी की निगाहें 7 सितंबर को कल्याणपुर इंटर कॉलेज में होने वाली श्रद्धांजलि सभा पर रहेगी। कार्यक्रम को पूर्व ब्लाक प्रमुख इंदुसेन यादव साकेत महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष संजय यादव,ब्लॉक प्रमुख अंकुर सेन यादव,पूर्व प्रमुख अमानीगंज राम प्रगट रावत,सपा नेता आनंद सिंह मिंटू,साहबलाल यादव, चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व प्रमुख लल्लन कोरी,सपा जिला उपाध्यक्ष रामजी पाल, विधानसभा अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन धर्मपाल यादव ने किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वर्गीय मित्र सेन यादव के करीबियों के अलावा समाजवादी पार्टी के नेताओं का कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

संक्रामक रोगों से बचाव के लिए बरतें सावधानी

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। बरसात के मौसम में नगर कस्बे के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी संक्रामक रोगों ने अपने पैर पसार लिए हैं जिसमें बूढ़े बच्चे नौजवान गर्भवती महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जबकि इस मौसम में सर्दी खांसी जुकाम बुखार छींक इत्यादि लक्षण सामान्यत पाए जाते हैं हालांकि शासन प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर अपने विशेष अभियान चलाकर लोगों के स्वास्थ्य को लेकर अनेकों प्रकार की दवाइयां वितरित करते रहते हैं। डा संजीव कुमार ने बताया मच्छरदानी का उपयोग करें, ताजा खाना खाएं, बरसात का पानी घरों के आसपास जमा न होने दे, एंटी लार्वा का छिड़काव करें, या करवाये, ठंढा पानी न पीये ऐसी मे न लेटे छीकने पर मुंह पर रूमाल या मास्क लगाकर छींके,या अन्य समस्या होने पर निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। बरसात की मौसम में होने वाली बीमारियों के बारे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर संजीव कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस समय वायरल फीवर अपनी चरम सीमा पर चल रहा है। जिससे की ओपीडी मे लगभग ढाई सौ मरीज प्रत्येक दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देखे जा रहे हैं और समय-समय पर गांव में कैंप लगाकर लोगों की जांच भी कराई जा रही है। यदि किसी को स्वास्थ्य संबधी समस्या आती है तो वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आकर परामर्श या दवाई ले सकता है।

भारतीय मानक ब्यूरो की कार्यशाला आयोजित

जिला संवाददाता(vol)

जसवंतनगर, इटावा। भारतीय मानक ब्यूरो के द्वारा माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों में बाजार में उपलब्ध वस्तुओं की गुणवत्ता तथा मानकीकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संदर्भदाता एमके सिंह तथा सोनी यादव के द्वारा हिंदू विद्यालय में किया गया।

विद्यालय में स्थापित मानक क्लब के समन्वयक प्रवक्ता भौतिक विज्ञान प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि बाजार की वस्तुओं में असली तथा नकली की पहचान के लिए बच्चों के मध्य क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।मानक क्लब की क्विज प्रतियोगिता में अनामिका रिशभ मोहन तथा नेहा विजयी रहे। मानक क्लब का उद्देश्य है कि खाने की वस्तुओं में एगमार्क का चिन्ह तथा सोने की वस्तुओं में हॉलमार्क तथा अन्य उत्पादों में आईएसआई मार्क और पर्यावरण हितैषी ईको मार्क देख कर ही खरीदे।विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

बारिश से तापमान में आई गिरावट

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। रविवार की सुबह जब लोगों की नींद टूटी, तो आसमान साफ था। सूर्योदय हुआ तो तपिश देने वाली धूप ने सभी को परेशान करना शुरू कर दिया। हालांकि इस बीच सुबह के 10 बजते ही आसमान में घने काले बादल छा गए।

बादलों के छाने से लोगों ने थोड़ा राहत महसूस की। इसी बीच दोपहर के वक्त तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश होने लगी। हालत यह थी कि बीते कई दिनों से उमस का दंश झेल रहे बच्चे व युवा बारिश के पानी में उछलकूद मचाने लगे। युवा व बच्चों ने इस बारिश का जमकर बारिश का आनंद लिया। बारिश होने से जहां मौसम खुशनुमा हो गया, वहीं कई मोहल्लों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई। शहर के गुरुद्वारा रोड, रंपा रोड , पुलिस लाइन्स के निकट सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर कीचड़ व जलभराव की समस्या देखने को मिली। जिससे आवागमन में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसके अलावा शहर के पूर्णागिरी नगर, मुंशीगंज, आजाद नगर, आदर्श नगर, खूबपुर आदि मोहल्लों में जलभराव की समस्या देखने को मिली।

रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा।

शाखा प्रबंधक को मारपीट कर घायल किया

बकेवर, इटावा। फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस की किशते जमा न करने पर दांदरपुर में जानकारी करने गये बकेवर ब्रांच के शाखा प्रबंधक को गाँव के दो नामजद सहित एक अज्ञात व्यक्ति ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल किया। पुलिस ने मामला दर्ज किया। मथुरा जनपद के शाहपुर जाटन थाना मगोर्रा निवासी साहब सिंह पुत्र लक्षण सिंह ने बकेवर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह बकेवर कस्वा स्थित फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस में शाखा प्रबंधक पद पर कार्यरत है। दाँदरपुर गांव के दो तीन लोगो द्वारा शाखा से लोन ले रखा है जिसकी वह लोग किश्त जमा नही कर रहे है जिसकी जानकारी करने के लिए शनिवार की दोपहर ग्राम दाँदरपुर पहुँचे इसी बात को लेकर गाँव के ही मनू दुवे पुत्र राजू,सोनी पत्नी हीरू तथा एक अज्ञात अपने साथियो के साथ आये गाली-गलौज करते हुए मारपीट करके घायल कर दिया जब तक गांव के लोग बचाने आये तब तक हमलावर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने शाखा प्रबंधक के प्रार्थना पत्र पर एक महिला सहित तीन लोगो के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

मंगल महोत्सव 8 से

भरथना, इटावा। बुढवा मंगल के पावन पर्व पर शक्तिपीठ बालरूप हनुमान महाराज हनुमान गढी छोला मन्दिर पर 43वाँ मंगल महोत्सव 8 सितम्बर से 19 सितम्बर तक आयोजित किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी मन्दिर प्रबन्धक राजू चैहान व राजेश चैहान ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि उपरोक्त धार्मिक अनुष्ठान के तहत 8 सितम्बर से गणेश पूजन, सत्य नारायण व्रत कथा के साथ 9 सितम्बर को मंगल कलश यात्रा मारूति महायज्ञ प्रारम्भ होगा। 9 सितम्बर से 18 सितम्बर तक श्रीकृष्णलीला व 10 सितम्बर से 16 सितम्बर तक श्रीमद् भागवत कथा एवं प्रवचन सम्पन्न होगें। 14 सितम्बर को विशाल जबाबी कीर्तन, 17 सितम्बर दिन मंगलवार को बुढवा मंगल महोत्सव के तहत बालरूप हनुमान महाराज का श्रृंगार पूजन, 108 हनुमान चालीसा पाठ व सुन्दर कांड पाठ सहित 19 सितम्बर को विशाल धनुष यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने नगर व क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुजनों से उक्त धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

बरसात से हुआ जल जमाव फसल सहित मार्ग भी खराब

सोनभद्र। विगत दिनों हुई बारीश से ब्लॉक के गडिया गांव में नुकसान हुआ था। इस गांव का संपर्क मार्ग डूब गया है जिससे सैकड़ो लोगों का आवागमन बाधित हो गया है और बच्चे विद्यालय तक नहीं जा पा रहे हैं। सड़क मार्ग खराब होने के कारण इलाज कराने हेतु जाने वालों को सोचना पड़ रहा है। बारिश के कारण कई किसानों की फसलें डूब चुकी हैं और खराब भी हो गयीं। लेकिन उन्हें मुआवजा देने की कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के जिला संयोजक कृपाशंकर पनिका और मजदूर किसान मंच के तहसील प्रभारी राम विचार गोंड ने रविवार को गडिया का दौरा किया। समाजसेवियों ने समस्याओं पर एसडीएम दुद्धी से दूरभाष पर वार्ता करके समस्याओं के निस्तारण की अपील किया। ग्रामीणों ने बताया कि भारी बारिश से बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान से लेकर जनप्रतिनिधियों ने विगत एक सप्ताह पहले वहां की समस्याओं को लेकर म्योरपुर ब्लॉक में ज्ञापन भी दिया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। लोगों ने कहा कि यदि रपटा की जगह वहां पुलिया का निर्माण करा दिया जाए तो भविष्य में लोगों के आवागमन में कोई भी दिक्कत नहीं आएगी। किसानों की बर्बाद हुई फसल के लिए तत्काल मुआवजा की भी मांग लोगों ने उठाई। आइपीएफ नेताओं ने भरोसा दिलाया कि उनके सवालों को प्रशासन के संज्ञान में लाया गया है और यदि कार्रवाई नहीं होती है तो अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज

सोनभद्र। सोशल मीडिया के एक्स पर मंडी लोक सभा सीट से भाजपा सांसद कंगना रनौत सहित चार भाजपा नेत्रियों पर आपत्तिजनक व अभद्र टिप्पणी करने वाले शक्तिनगर के प्रेमनगर निवासी युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने शनिवार को 67 आईटी एक्ट में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक कुछ लोगों ने शनिवार को एक्स के जरिये शक्तिनगर के प्रेम नगर निवासी तस्लीम अंसारी पुत्र मंसूर अंसारी द्वारा सांसद कंगना रनौत, पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी, नवनीत राणा और माधवी लता पर आपत्तिजनक व अभद्र टिप्पणी किया था। सोशल मीडिया से जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल के खड़कपुर में तस्लीम अंसारी काम करता है। शक्तिनगर थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह ने बताया कि प्रेमनगर निवासी तस्लीम अंसारी के खिलाफ 67 आईटी एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया है।

सपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

सीतापुर। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन महोली नगर के एक गेस्ट हाउस मे किया गया। जिसमें धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया और पूर्व विधायक अनूप कुमार गुप्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद आनंद भदौरिया ने कहा कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होता है। हमें मजबूती के साथ खड़े रहना है। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता का उत्पीड़न किया गया तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व विधायक अनूप कुमार गुप्ता ने कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा की कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से लगें और आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का परचम लहराएगा। कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को उजागर करें। जिनको हल करने के लिए क्षेत्रीय सांसद का सहयोग मिलता रहेगा। कार्यकर्ता सम्मेलन में मोनू दीक्षित, रमेश चंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

गोंगपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की मजबूती के लिए बनायी रणनीति

सोनभद्र। गोड़वाना गणतंत्र पार्टी(गोंगपा) कार्यकताओं की मासिक बैठक रविवार को दोपहर में चोपन ब्लाक अंतर्गत तेलगुड़वा स्थित पार्टी कार्यालय पर हुई। जिसमें पार्टी की मजबूती के लिए विचार विमर्श कर आवश्यक रणनीति बनाई गई। जिलाध्यक्ष राम नरेश पोया ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक सदस्य बनाने की जरूरत है। यह तभी संभव होगा जब गांव गांव जाकर लोगों की समस्याओं से अवगत होकर उनकी हर समस्याओं का निदान कराया जएगा। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा, आवास, पेंशन आदि विभिन्न समस्याओं का समाधान ब्लाक, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, कोर्ट कचहरी, तहसील, अस्पताल आदि जगह पर पहुंच कर पार्टी कार्यकर्ता हर संभव समस्या से निजात दिलाने का काम करेंगे। बैठक में प्रस्ताव तैयार कर सांसद को समस्या के समाधान कराने के लिए सौपा गया। इसके अलावा 18 सितंबर को महाराजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के शहादत दिवस परास पानी कोटा में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। जिला प्रवक्ता एडवोकेट संतोष कुमार ने कहा कि पार्टी कार्यकताओं की हर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इसके लिए कोर्ट कचहरी, तहसील, कलेक्ट्रेट, ब्लाक, अस्पताल आदि जगहों पर जाकर हर संभव मदद की जाएगी। इसी प्रकार से अन्य वक्ताओं ने भी अपना विचार व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राम नरेश पोया और संचालन जिला संगठन सचिव हीरालाल मरपची ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से आरके सिंह,रामशंकर सिंह, श्याम बिहारी मरकाम,विनोद सिंह खरवार,रामचंद्र सिंह टेकाम, देवा सिंह, हीरालाल मरकाम, श्रीराम टेकाम, ज्ञानी सिंह पोया, रामरतन, महेश मरकाम,राम कुमार, अयोध्या प्रसाद टेकाम आदि शामिल रहे।

विधायक ने किया मेले का शुभारंभ

सीतापुर। महोली कस्बे में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले का शुभारंभ महोली में विधायक शशांक त्रिवेदी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह धार्मिक मेला वर्षों से यहां पर आयोजित किया जा रहा है। इस बार भी मेले में आकर्षक झूले एवं बच्चों के लिए तरह-तरह के आकर्षण खिलौने सजे हुए है। मेला व्यवस्थापक अशोक कुमार दीक्षित, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत श्रीष मिश्रा, कोतवाल विनोद कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

नाबालिग लड़कियों को भगा ले जाने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से नाबालिक लड़कियों को भगा ले जाने के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद कानूनी कार्यवाही कर जेल भेजा। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम बाबू खेड़ा से नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर गांव का रोहित कुमार पुत्र मेंडी लाल 16 फरवरी 2024 को ले गया था। जिसके खिलाफ पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 138/2024 में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। वही कस्बा भगवंत नगर के वार्ड संख्या 5 से नाबालिक लड़की को गांव का ही सुमित पुत्र स्वर्गीय रमेश बहला फुसलाकर 6 जुलाई को ले गया था उक्त के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 156/2024 में आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था। घटना के बाद से दोनों वांछित अपराधी फरार चल रहे थे जिन्हें पुलिस ने रविवार को कस्बा भगवंत नगर के ठाकुरद्वारा मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में सुमित नाबालिक बताया गया जिसे लखनऊ के बाल बंदी ग्रह व रोहित कुमार को जिला जेल भेजा गया।

संक्षेप

हाइवे पर ट्रक की टक्कर से बीडीओ के ड्राइवर की मौत

ललितपुर। शनिवार की रात सड़क हादसे में मड़ावरा के खण्ड विकास अधिकारी के चालक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि उसकी कार खण्ड विकास कार्यालय में किराए पर लगी हुई थी और वह चलाता था। जालौन के थाना एट के विनाया हाल कस्बा निवासी रवि कुमार पुत्र महेंद्र कुमार की कार खण्ड विकास कार्यालय में किराए पर लगी हुई थी। वह कार को चलाने के लिए शनिवार को मड़ावरा खण्ड विकास अधिकारी मड़ावरा के पास गया हुआ था। दिन में उसने कार चलाई। शनिवार की रात वह कार को ललितपुर में खड़ी कर बाइक से लौट रहा था। राष्ट्रीय राज्यमार्ग 44 पर चन्देरा के निकट शनि मंदिर के सामने पहुंचा तभी ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने बताया कि रवि दो भाई एक बहन में दूसरे नम्बर का था और उसकी कार किराए पर खण्ड विकास अधिकारी मड़ावरा के पास लगी थी और वह उसी कार को चलाता था। उसके एक पुत्री और पुत्र है। उनके सिर से पिता का साया उठ गया। इधर सीओ सदर अभय नारायण राय ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अस्पताल परिसर से मोटर साइकिल चोरी

ललितपुर। थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम अनौरा में रहने वाले दिनेश कुमार पुत्र सरमनलाल साहू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 6 अगस्त को अपराह्न करीब 1 बजे जब वह अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 पी 4354 से जिला अस्पताल में दवा कराने के लिए आया हुआ था। कि तभी उसने अपनी मोटर साइकिल को बिना लॉक किये ही अस्पताल परिसर में रख दिया और अंदर चला गया। पीड़ित ने बताया कि उसकी मोटर साइकिल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। जब वह बाहर आया तो उसकी बाइक मौके से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

मोबाइल छीनने के मामले मे युवक पर मुकदमा

बहेड़ी, बरेली। एक तुवक ने एक लड़के पर पुत्री के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। युवक का कहना है कि आरोपी युवक उसकी पुत्री का मोबाइल भी छीनकर भाग गया।

शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना बहेड़ी के ग्राम हसनपुर निवासी एक युवक का कहना है कि बीती 29 अगस्त की शाम गांव के ही एक लड़के ने हसनपुर को जाने वाले रास्ते पर उसकी लड़की के साथ छेड़छाड़ करते हुए उसे गलत नियत से दबोच लिया।

जब उसकी पुत्री ने इसका विरोध किया तो युवक ने उसकी पुत्री के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए पुत्री का मोबाइल छीनकर भाग गया।इस मामले मे बहेड़ी जनपद बरेली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

महिला डॉक्टर को भय दिखाकर दो लाख रुपये की धोखाधड़ी को दिया अंजाम

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। मोबाइल नम्बर से लिंक आधार के जरिए बड़ा अपराध होने और जेल जाने की धमकी देते हुये मुम्बई पुलिस का नाम लेकर महिला चिकित्सक के खाते से 2 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। महिला चिकित्सक ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को इस सम्बन्ध में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।सिविल लाइन की न्यू बैंक कालोनी में रहने वाली डा.दीपाली जैन पुत्री लालचन्द्र जैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 26 जुलाई को उनके मोबाइल नम्बर पर 919261412437 व 1921-425-3312 से फोन आया। उक्त नम्बरों से फोन करके उन्हें बताया गया कि उनक मोबाइल नम्बर टेलीकाम अथॉरिटी ऑफ इण्डिया से बंद किया जा रहा है, क्योंकि आपके दूसरे फोन नं. द्वारा जो कि आधार कार्ड से लिंक है से अपराध हुआ है। महिला चिकित्सक ने बताया कि इस बात का झांसा देकर उन्हें डराया गया और जेल जाने और जरिये मुम्बई पुलिस थाना से मो.नं. 8401906501 से झांसा व धमका कर मेरे खाता नं. 924020010619097 से, फोन पे से व नेट बैंकिग से क्रमशः 50 हजार, 50 हजार और 50 हजार 5.90 रुपये 50 हजार 5.90 रुपये कुल 2 लाख 11.80 रुपये खाता नं. 676901536507 आईएफएससी आईसीआईसी 0006769, 501028737350, आईएफएससी-एन.एस.पी.बी. 0000002, 100203289331 आईएफएससी आई.एन.डी.बी. 0000059 में डलवा लिया। महिला चिकित्सक ने पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच करायी जाकर वैधानिक कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी। महिला चिकित्सक की तहरीर पर पुलिस ने सूचना प्रोद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 66 डी, बीएनएस 2023 की धारा 318 (4) व 316 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

- पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की

स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम के तहत हुई कार्यशाला

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मार्केट का एकलव्य विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन कार्यशाला पहलवान गुरुदीन महिला महाविद्यालय पनारी में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता निधि मथुरिया ने कहा कि निवेशकों के बीच शिक्षा और जागरूकता बढ़ाने के इरादे से प्रतिभूति बाजार प्रशिक्षक कार्यक्रम की शुरूआत की है स्मार्ट निवेशक जागरूकता के अंतर्गत मुख्य विषय मार्केट का एकलव्य विशेष रूप से छात्राओं के लिए डिजाइन किया गया है। जिसका उद्देश्य वित्तीय विवेक पूंजी बाजारों की बुनियादी समझ के मूल जीवन कौशल को सिखाना और उन्हें सरल गहन और व्यावहारिक तरीकों का उपयोग करके धन प्रबंधन कौशल से लैस करना है। इस कार्यक्रम के जरिए छात्राओं को निवेश की सरल अवधारणाओं के बारे में बताया गया है जैसा कि निवेश के लिए सामान्य नियम व प्रबंधन कब कहां और कैसे निवेश करना है, साथ ही निवेश को अलग-अलग रास्तों में फैलने और लंबी अवधि के लिए निवेशित रहने की जरूरत के बारे में भी बताया है इस कार्यक्रम में डीमैट खाते की जरूरत और शेयर बाजारों से जुड़ी दूसरी कार्यात्मक अवधारणाओं पर चर्चा की गई।

पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर डॉ0 सौरव यादव ने बताया कि आय के मूल प्रकारों यानी सक्रिय आए और निष्क्रिय आए मुद्रा स्थिति और उसके प्रभाव तथा निवेश के मूल प्रकारों के निवेश चुनने के लिए मूल पैरामीटर रिटर्न, जोखिम, तरलता और कर है। इसके बाद उन्होंने निवेश जल्दी शुरू करने के लिए महत्व और चक्रवृद्धि की शक्ति के बारे में बताया एक निवेशक के रूप में निवेश को विभिन्न माध्यमों से फैलने की आवश्यकता को समझाया और साथ ही लंबे समय तक निवेशित रहने की आवश्यकता को समझाया इसके बाद प्राथमिक बाजार और द्वितीय बाजार की विभिन्न अवधारणाओं को समझाया गया डीमैट खाते की आवश्यकता और शेयर बाजार की अन्य कार्यात्मक अवधारणाओं पर स्पष्ट रूप से चर्चा की गई। विशिष्ट अतिथि चाहत पूर्णनाथ ने आगे कहां कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड सेबी ने बाजारों में नए निवेशकों के बढ़ने के साथ वित्तीय शिक्षा के क्षेत्र में शेयर बाजारों डिपॉजिटरी एवं मान्यता प्राप्त निवेशक संगठनों के माध्यम से सेबी की सफल को भी रेखांकित किया गया। इस एकदिवसीय वर्कशाप का आयोजन ऑनलाइन मोड में किया गया।

जिसमें महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 सूफिया ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम से छात्राओं में वित्तीय ज्ञान की समझ होंगी और विवेकपूर्ण निवेशक बनने के लिए परिपूर्ण होंगी। इस दौरान ऑनलाइन कार्यशाला में एनसीसी कैप्टन डॉक्टर वंदना याज्ञिक, असि० प्रो० प्रीति शुक्ला असि० प्रो० साधना नागल असि० प्रो० रंजना श्रीवास्तव असि० प्रो० रत्ना याज्ञिक, असि० प्रो० नेहा याज्ञिक, श्रीमती रजनी यादव, पूजा सिंह, राघवेंद्र सिंह, जगत झा, मुस्ताक खान, श्रीमती गेंदा, मालती राज, नेहा अहिरवार एवं समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

- एकदिवसीय वर्कशाप का आयोजन ऑनलाइन मोड में किया गया

सदी के महान गजलकार थे दुष्यंतः नाज

बरेली। मानव सेवा क्लब और शब्दांगन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को नावल्टी चौराहा स्थित एक सभागार में सदी के महान गजलकार दुष्यंत कुमार की 91 वीं जयंती पर एक विचार गोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने कहा कि मात्र 42 वर्ष की अल्पायु में दुष्यंत कुमार ने हिन्दी गजल के क्षेत्र में इतना अधिक काम कर दिया कि वह सदी के महानायक कहे जाने लगे। दुष्यंत कुमार की गजलें बहुत चर्चित हैं। आज भी लोग उसे खूब पसंद करते हैं। शायरी और गजल में विशेष योगदान के लिए मुरादाबाद के वरिष्ठ गजलकार और शायर डॉ. कृष्ण कुमार नाज को 11 वां दुष्यंत कुमार स्मृति साहित्य सम्मान दिया गया। सम्मान में हार, शाल, अभिनंदन-पत्र और स्मृति चिन्ह विशिष्ट अतिथि बीनू सिन्हा और इन्द्र देव त्रिवेदी ने दिया।

अमित सेठ भोलू वैश्य कर्मवीर अवॉर्ड से सम्मानित

बांदा। जिले के वरिष्ठ समाजसेवी अमित सेठ भोलू को ग्वालियर के मंथन रिजार्ट में आयोजित गहोई वैश्य कर्मवीर अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वैश्य एकता अखबार ने किया गया। देश भर में समाजसेवा, चिकित्सा, शिक्षा, औद्योगिक क्षेत्र व पत्रकारिता में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए 79 लोगों को सम्मानित किया गया। बांदा के अमित सेठ भोलू को सच्ची मानवता की सेवा करने, जिनका कोई नही उन लावारिश लाशों का आत्मीय भाव से अंमित संस्कार करने तथा अनेक सामाजिक कार्यों में उनके योगदान के लिए महामंडलेश्वर 1008 भारतीय निमार्णी अखाड़ा के महंत दादू महाराज, फिल्म अभिनेता, गायक पीयूष सुहाने, ग्वालियर की महापौर डॉ शोभा शिकरवार, पूर्व कैबिनेट मंत्री अमिता चपरा, विधायक प्रदीप अग्रवाल, वैश्य एकता अखबार के संपादक भूपेश खांताल ने सम्मानित किया। बेहद शानदार कार्यक्रम में देश भर के समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में इंजीनियर अशोक कंठारिया, राजीव बरसैया, अशोक कस्तवार, प्रतापनारायण सुहानी, नरेश गुप्ता राजू भाई व बड़ी संख्या में महिलाएं तथा गण्यमान लोग मौजूद रहे।

माध्यमिक शिक्षक संघ का धरना 4 को

बांदा। माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट जिला विद्यालय निरीक्षक को आगामी 4 सितंबर को धरना व प्रदर्शन कर 26 सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री को भेजेगा। संघ के जिलाध्यक्ष बालाराम व जिला महामंत्री मोहम्मद बाकर ने बताया कि बीते जून माह में मुजफ्फर नगर में चिंतन शिविर में प्रदेश भर के शिक्षक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 26 सूत्रीय प्रस्ताव पारित कर उसके निराकरण करने की मांग की है। प्रांतीय उपाध्यक्ष केदार वर्मा एवं जनपदीय संरक्षक जानकीशरण शुक्ला ने कहा कि हमें हूबहू पुरानी पेंशन ही चाहिए। यूपीएस शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ एनपीएस से भी बड़ा धोखा है। संगठन विद्यालयों का दौरा कर शिक्षकों के मध्य पेंशन की खामियों को रखेगा। ज्ञापन के महत्वपूर्ण बिंदुओं में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण करना, पुरानी पेंशन को तत्काल बहाल करना, आनलाइन ट्रांसफर, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की धारा 12, 18 व 21 को बहाल कर प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को सेवा सुरक्षा प्रदान करना, कैशलेश चिकित्सा प्रतिपूर्ति की सुविधा, जीपीएफ खातों का रख-रखाव आनलाइन करना आदि मांगें शामिल हैं। संगठन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में धरना में शामिल होने के लिए प्रधानाचार्यों, शिक्षकों व शिक्षिकाओं से 4 सितंबर को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक धरने में शामिल होने की अपील की है।

रोटी बैंक सोसायटी ने ग्रामीणों को बांटे कपड़े व किताबें

बांदा। रोटी बैंक सोसायटी गरीब बच्चों व असहायों को कपड़ा आदि बांट कर सहायता कर रही है। रविवार को शेख सादी जमा के संरक्षण व रिजवाल अली की अध्यक्षता, ग्राम प्रधान की मौजूदगी में कहला गांव में कपड़ा एवं किताबों का वितरण किया। शहर के जागरूक लोगों के सहयोग से कहला गांव के प्रधान का पुरवा के ग्रामीणों को जिले के अन्य क्षेत्रों की तरह कपड़े, जूते व किताबें बांटी गयीं। महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फातिमा ने ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। मोहम्मद शमीम उपाध्यक्ष ने गांव के लोगों को संगठन के बारे में जानकारी दी और बाढ़ से बचने के लिए जागरूक किया। गांव के बच्चे, वृद्ध व असहाय सामग्री पाकर बेहद प्रसन्न दिखाई पड़े और उन्होने बांदा रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद दिया। कपड़ा वितरण कार्यक्रम में कार्यालय प्रभारी मोहम्मद सलीम, सोशल मीडिया प्रभारी अख्तर किरमानी, रिचा रैकवार, लक्ष्मी प्रसाद, इरफान खान, सबीहा नूरानी, फहाना खान व रामकांति आदि सदस्य व बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

अब 15 सितंबर तक होंगे ओपन यूनिवर्सिटी में प्रवेश

बरेली। उत्तर प्रदेश राजर्षि मुक्त विश्वविद्यालय (ओपन यूनिवर्सिटी) की प्रवेश तिथि अब 15 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। यह जानकारी क्षेत्रीय कार्यालय के समन्वयक डॉक्टर सत्येंद्र बाबू ने दी।राजर्षि मुक्त विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉक्टर सत्येंद्र बाबू ने बताया कि कुलपति के आदेश अनुसार विश्वविद्यालय में प्रवेश की तिथि 31 अगस्त से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी गई है। उन्होंने यह भी बताया विश्वविद्यालय के प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर जेपी यादव ने पत्र जारी कर दिया है। जारी पत्र के अनुसार विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर, स्नातक एवं सभी डिप्लोमा के साथ ही सभी प्रमाण पत्रों के लिए प्रवेश तिथि विस्तारित करते हुए 15 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने कि बताया की सभी विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से आवश्यक पत्राजात अपलोड करते हुए ऑनलाइन फीस जमा कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी अध्ययन केंद्र समन्वयकों को भी प्रवेश तिथि विस्तारित होने की सूचना दे दी है। सभी क्षेत्र समन्वयक विद्यार्थियों को नई प्रवेश तिथि की सूचना से अवगत कराने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं जिससे कोई भी विद्यार्थी प्रवेश लेने से वंचित न रह जाए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

महोबा। चरखारी तहसील सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्तर्गत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके तहसीलदार पुष्पक और नायब तहसीलदार खरेला पीयूष साहू ने शिक्षा अधिकार अधिनियम, किसान दुर्घटना बीमा योजना, फसल बीमा योजना से सम्बंधित जानकारी देने के साथ निशुल्क विधिक सहायता हेतु जानकारी दी। उक्त शिविर में कानूनगो हर प्रसाद, चंद्रमोहन, प्रदीप खरे, लेखपाल लक्ष्मण सिंह, श्यामलाल कुशवाहा, हुकुम सिंह, प्रदीप कुमार, मयंक आजाद एवं अधिवक्तागण मौजूद रहे।

बरेली के ने एसपी ट्रैफिक होंगे अकमल खान

बरेली। शासन ने रविवार को 37 एडिशनल एसपी के तबादले कर दिए। इनमें वह भी अधिकारी हैं जो पिछले दिनों सीओ से एडिशनल एसपी के पद पर प्रमोट हुए हैं। एसपी ट्रैफिक बरेली शिवराज को एडिशनल एसपी बांदा बनाया गया है। वहीं अलीगढ़ में सीओ एडिशनल एसपी पद पर प्रमोट हुए अकमल खान को बरेली का एसपी ट्रैफिक बनाया गया है।एसपी ट्रैफिक शिवराज यातायात व्यवस्था को लेकर लगातार शहर में ट्रैफिक पुलिस के साथ रहते थे। कई स्थानों पर जाम खुलवाने वह खुद नजर आते। बरेली में सावन माह में कांवड़ यात्रा और सिपाही भर्ती परीक्षा व उर्स के दौरान उन्होंने बेहतर तरह से यातायात व्यवस्था संभाली। वह जनता में मिलनसार अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं।

शाही रोड पर पेंचवर्क के नाम पर की जा रही है लीपापोती

ललितपुर। ललितपुर की सड़कों की बदहाली और पेचवर्क के नाम पर की जाने वाली लीपापोती के विरोध में गहरी चिन्ता और क्षोभ व्यक्त किया गया। शहर की मुख्य सड़क शाही रोड जो कि सदर कांटे से घण्टाघर, सावरकर चैक होते हुए नेहरू महाविद्यालय तक जाती है की बेहद दयनीय हालत पर जमकर नारेबाजी की गई। ललितपुर शहर की प्रमुख सड़क शाही रोड पर बरसात के कारण काफी गढ्डे हो गये हैं। इस कारण कारण धूल का गुबार उड़ रहा हैं तथा इस सड़क किनारे के लोग धूल के कारण बीमार हो रहे हैं। धूल के कारण लोग दमा ब्रॉन्काईटिस, एलर्जी, चर्मरोग के शिकार हो रहे हैं। इस सड़क पर पेंचवर्क के नाम पर मात्र रस्म अदायगी की जा रही हैं। इनमें गुणवत्ताविहीन सामग्री प्रयोग की जा रही है। गढ्ढों को पाटने के लिए गिट्टी के साथ सूखी रेत डालकर खानापूर्ति की जा रही जिससे प्रयोग की जाने वाली डस्ट और अधिक उड़कर लोगों को बीमार कर रही है। गढ्ढों को पाटने के लिए गिट्टी के साथ सीमेन्ट और बजरी का प्रयोग किया जा सकता है और इससे धूल भी न उड़ेगी। नगरवासियों ने पेंचवर्क के नाम पर जो रस्मअदायगी करके जो लीपा-पोती की जा रही है उसे तत्काल प्रभाव से रोके जाने की मांग की गई तथा साथ ही गुणवत्तायुक्त सामग्री प्रयोग में लायी जाये। इस मौके पर बुविसे के हरीश कपूर, राजकुमार कुशवाहा, कदीर खान, सिद्धार्थ शर्मा, अमरसिंह बुन्देला, प्रकाश रैकवार, प्रदीप साहू, विजय कुशवाहा, फूलचंद रजक, बी.डी.चन्देल, विनोद साहू, प्रेमशंकर गुप्ता, रामेश्वर कुशवाहा, प्रदीप साहू, संजू राजा, गफूर खां, बृजेन्द्र पाल, संतोष अहिरवार, पुष्पेन्द्र शर्मा, देवेन्द्र राजा, बृजेन्द्र बघेल, भैय्यन कुशवाहा, टिंकू सोनी, कामता भट्ट, रामेश्वर कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

राजकीय हाईस्कूल को उच्चीकृत कर इंटरमीडिएट करने की मांग

ललितपुर। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिलाधिकारी से कल्याणपुरा राजकीय हाईस्कूल को उच्चीकृत कर इंटरमीडिएट करने की मांग उठाई गई और एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेसियों ने कहा कि ब्लाक बिरधा के अंतर्गत राजकीय हाई स्कूल कल्याणपुरा में शैक्षिक सत्र 2024-25 कक्षा 9 में 150 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं एवं कक्षा 10 में भी 150 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात आसपास दूर-दूर तक कोई भी सरकारी इंटर कॉलेज न होने के कारण गांव के अति गरीब, किसान, दलित, आदिवासी एवं पिछड़े वर्ग के विद्यार्थी आगे की शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक ललितपुर के पत्रांक / वार्षिक कार्ययोजना बजट/8699-8708 /2023- 24 दिनांक 13 फरवरी 2024 के मध्यम से समग्र शिक्षा माध्यमिक की वार्षिक कार्य योजना एवं बजट वर्ष 2024- 25 में राजकीय हाई स्कूल कल्याणपुरा को उच्चीकृत करने हेतु भूमि की उपलब्धता एवं छात्रांकन की सूचना चाही गई थी किंतु उसके उपरांत विभाग द्वारा उपरोक्त हाईस्कूल को उच्चीकृत करने हेतु कोई भी कार्यवाही नहीं की गई।

जिलाध्यक्ष राकेश रजक एड. ने कहा कि राजकीय हाईस्कूल कल्याणपुरा के आसपास गांव तोर, खिरिया छतारा, तोर टपरियन, भौंरदा, टैंनगा, झरकौन, हरपुरा, मैलवारा, खौंकरा, श्यामपुरा, कंचनपुरा टीकरा तिवारी, रमेशरा आदि कई गांव हैं। इस पूरे क्षेत्र में गरीबी और बेरोजगारी अधिक होने के कारण गांव क्षेत्र के बच्चे प्राइवेट विद्यालयों की फीस वहन नहीं कर पाते एवं कक्षा 10 के बाद घर बैठ जाते हैं एवं कम शिक्षित होने के कारण गुणवत्ता पूर्ण रोजगार भी प्राप्त नहीं कर पाते हैं।

क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी से शीघ्र ही हाई स्कूल को उच्चीकृत कर इन्टरमीडिएट करने की मांग की। इस मौके पर प्रदेश सचिव बलवन्त सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष राकेश रजक, रामभरोसे कुशवाहा, धर्मेंद्र सिंह, बिटटू राजा, जगभान सिंह बुंदेला, अशोक कुमार स्वर्णकार, इंजी.सुनील अहिरवार, संजय जाटव, जाहर सिंह पटेल, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकित यादव, कुलदीप पाठक, खलक सिंह राजपूत, पुष्पेन्द्र सिंह चैहान, महेंद्र पनारी, रोहित कुशवाहा, राजकुंवर, सीताराम राय, मुलायम सिंह चंदेल, राहुल सेन, श्याम सुंदर सिरोठिया, रामदयाल, अमर सिंह राजपूत, हरनारायण, सूर्य प्रताप राणा, देवेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

परमात्मा की प्राप्ति करना ही मानव जीवन का मुख्य उद्देश्यः पूनम

बांदा। शहर के शास्त्री नगर संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को जमशेदपुर से पहुंची पूनम तिवारी की अध्यक्षता में विशाल जोन स्तरीय निरंकारी महिला समागम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में बांदा के अलावा हमीरपुर, मौदहा, महोबा, बिंवार, चित्रकूट, पहाड़ी, मऊरानीपुर, अतर्रा, नरैनी, बबेरू तथा कमासिन आदि स्थानों से सैकड़ों की तादाद में निरंकारी भक्तों ने समागम में हिस्सा लिया। सत्संग में पूनम तिवारी ने कहा कि जहां पर नारियों का सम्मान होता है वह स्थान, घर दैवीय गुणों से भरपूर होता है। यदि एक नारी शिक्षित होती है तो वह अकेले शिक्षित नही होती बल्कि उसकी शिक्षा से पूरा परिवार, समाज एवं राष्ट्र शिक्षित होता है। जगतगुरू संसार के किसी धर्म, जाति, समुदाय विशेष के लिए नही बल्कि पूरे मानव मात्र के लिए धरती पर अवतरित होते हैं। आज मानव संसार में आकर उपलब्धियों में वृद्धि करना ही जीवन का उद्देश्य मानता है जबकि गुरू, पीर, पैगम्बरों की विचारधारा से परम पिता परमात्मा की प्राप्ति करना ही मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य है। यदि वास्तव में इंसान को जीते जी लोक और परलोक की बाजी जीतना है तो सद्गुरू की शरण में आना ही होगा। बिना सद्गुरू के ज्ञान, उजाले के लोक और परलोक बाजी जीतना संभव नही है। अनेक स्थानों से आईं महिलाओं ने अपने विचार, गीत, लघु नाटक, कविता के माध्यम से दया, सहनशीलता, विश्वास व करूणा पर प्रकाश डाला।

धूमधाम के साथ मनाया जायेगा जल विहार पर्व

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। श्री रामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति द्वारा नगर के गणमान्य नागरिकों व सभी मंदिरों के पुजारियों व प्रबंधको की बैठक शिवनारायण चैबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्व सम्मति से जल विहार पर्व धूमधाम से मानने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष पं.बृजेश चतुवेर्दी ने कहा कि शोभायात्रा जो की शाम 5 बजे रघुनाथजी बड़ा मंदिर चैबयाना से प्रारंभ होगी, जो की अपने पूर्व निर्धारित मार्ग रावरपुरा, सुभाषपुरा, घंटाघर, सावरकर चैक, तालाबपुरा रोड होते सुमेरा तालाब पर पहुंचेगी। विमानों में बिराजे भगवान बाके बिहारी गाजे बाजे के साथ निकल कर नगर भ्रमण करते हुए सुमेरा तालाब पर पहुंचेंगे, यहां पवित्र गंगा जल जो कि समिति द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा से भगवान बाके बिहारी जल बिहार करेंगे।

- शोभायात्रा का मार्ग किया गया तय

जलाभिषेक के बाद रात्रि 8 बजे श्रीरामलीला प्रांगण में महाआरती होगी। आरती के पश्चात सभी भगवान सावरकर चैक, कटरा बाजार गणेश झांकी पहुंचेंगे, जहां आरती होगी और आरती के पश्चात सभी विमान जगदीश मंदिर व घंटाघर स्थित थानेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां पर महाआरती के पश्चात सभी विमान अपने अपने देवालयों को प्रस्थान करेंगे। सभी मार्गों को दुरुस्त करने गडढ़ा मुक्त करने के लिए भी प्रशासन से मांग की गई। शोभायात्रा मार्ग से अतिक्रमण भी हटाए जाने की मांग भी प्रशासन से की गई। बैठक में रमेश रावत, रविंद्र पाठक, अवध बिहारी उपाध्याय, शरद खैरा, विलास पटेरिया, गोविंद नारायण रावत, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, राजीव सुडेले, निखिल तिवारी, अजय तोमर, अरविंद कुमार, जितेंद्र त्यागी, मुकेश चैरसिया, राजीव कटारे, रमाकांत दीक्षित, संदीप खरे, रविकांत तिवारी, दीन पाल, शरद तिवारी, कृष्णकांत तिवारी, रमेश कुशवाहा, कमलेश पाठक, रमेश कुमार, पूरन चंद, संतोष कुमार, राहुल चैबे, तासन सिंह, संजय त्रिवेदी, राहुल चैबे, रामकुमार पुरोहित, राहुल चैबे, मनोहरलाल, द्वारिका प्रसाद, अजय तिवारी, मनीष झा, मनोज राठौर, राकेश, कृष्ण बिहारी मिश्रा, रमेश कुमार, रामसनेही शुक्ला, विनोद कुमार भोडेले, श्यामाकांत चैबे, राजेश दुबे, डा.प्रबल सक्सेना, अमित तिवारी, चंद्रशेखर राठौर, राकेश तामिया, अवधेष कौशिक, शिवकुमार शर्मा, मुन्नालाल त्यागी आदि उपस्थित थे। संचालन प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा ने किया।

तिरंगा हमारी आन, बान,शान इसका नहीं करें अपमान

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। भारत देश अपना आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। अभी 15 अगस्त को हमने देश का 78 वा स्वतंत्रता दिवस मनाया हैं। स्वतंत्रता दिवस पर वीर शहीदों, बलिदानियों महापुरुषों को याद करते हैं और उनकी याद में बहुत सारे कार्यक्रम आयोजित भी करते हैं जिससे लोगों में देश के प्रति और बलिदानों की प्रति राष्ट्रप्रेम की भावना उत्पन्न हो और उन शहीदों महापुरुषों के बारे में जाने अपनी आने वाली पीढी को बता पाए कि हमें आजादी कैसे मिली हैं। यह भावना जन जन तक पहुँचे और लोगों में अपने देश के प्रति अच्छी सदभावना रहे, हमें अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए।

केन्द्र व प्रदेश सरकार के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की थी जिससे लोगों में अपने राष्ट्रध्वज के प्रति आदर सम्मान बड़े और लोगों में देश प्रेम की भावना रहे इसी के चलते लोगों ने अपने घरों में दुकानों में फैक्ट्री, आदि कई जगह तिरंगे लगाये और तिरंगो को अपनी छतो पर लहलता देखकर मन बहुत प्रसन्न हो जाता है पर इसके साथ एक जिम्मेदारी हमारी भी बनती हैं की अगर वही तिरंगा झुक जाये, कपड़ा क्षत-विक्षत हो जाये तो मन दुखी हो जाता हैं, क्योंकि इससे उसका अपमान होता प्रतीत होता हैं। इसीलिए जब इनको इस हालात में देखा तो ललितपुर सेवा ग्रुप ने अपनी टीम के साथ पहुँच गए और उन्हें उतार कर रख लिया गया। कुछ समय के बाद हमें इन्हे सम्मान के साथ उतारकर रख लेना चाहिए, क्योंकि हवा धूप बरसात में ये खराब हो जाते हैं फट जाते हैं या लटक जाते हैं, या आपको लगाना हैं तो फिर इनका ध्यान रखना पड़ेगा, जिससे इस का अपमान नहीं हो, नगर में जगह जगह तिरंगे लगे थे पर कुछ जगह लगे तिरंगे झुक गए थे। फट गए थे खराब हो गए थे तो ललितपुर सेवा ग्रुप ने एक अभियान चला कर आजादचैक से घंटाघर पर लगे झंडो को सम्मान के साथ उतारा और स्थानीय दुकानदारों एवं आमजन से अपील की जो भी गलत तरीके या लटके हुये जो भी झंडे लगे हुये हैं इन झंडो को उतारने का आग्रह किया गया। इस मौके पर ललितपुर सेवा ग्रुप के अध्यक्ष अंकुर जैन सानू बाबा, अजय जैन साईकिल, सुधीर मिश्रा बंटी, अंकित सराफ, मोनू, अभिषेक नामदेव आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति की चिंता

बात सिर्फ बंगाल की नहीं है, समस्या राष्ट्रव्यापी है और इसका समाधान भी तभी हो सकता है जब देश संकल्प के साथ बेटियों, महिलाओं की सुरक्षा में खड़ा हो जाये। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अगर परम्पराओं व राजनीतिक मर्यादाओं से आगे बढ़ते हुए महिलाओं, बेटियों की पीड़ा को आवाज दी है, तो इसे नेताओं के द्वारा हल्के में लेने या फिर दलगत राजनीति के चश्मे से देखने के बजाय महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों के आंकड़े और उनकी भयावहता को देखना चाहिए। अगर नेताओं और पार्टियों में जरा भी मानवता होगी, तो सियासी शोर करने के बजाय महिलाओं की पीड़ा और शौतानी पंजों में फंसी बेटियों की चीत्कार सुनाई देगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बेटियों और महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर एक मार्मिक और अभूतपूर्व प्रतिक्रिया दी है। अभूतपूर्व इसलिए है, क्योंकि देश के महामहिम आमतौर पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं देते। राष्ट्रपति केंद्रीय कैबिनेट की सलाह पर ही काम करते हैं। लेकिन महिला अपराधों पर राष्ट्रपति ने अपनी पीड़ा और चिंता को व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने अपनी मनःस्थिति बयां करते हुए अपनी निराशा, हताशा और भय का इजहार भी किया है। कल्पना की जा सकती है कि महिलाओं के खिलाफ बर्बर, पाशविक अपराधों ने राष्ट्रपति को कितना झकझोर दिया होगा कि उन्हें कहना पड़ा-बस, अब बहुत हो गया। एक राष्ट्र के तौर पर शर्मनाक और कलंकित स्थिति है कि राष्ट्रपति को लिखना पड़ा- नर्सरी-केजी की बच्चियों के साथ भी दरिंदगी की जा रही है। आज देश गुस्से में है और मैं भी। अब एक समाज के रूप में हम अपने आप से कुछ कठिन सवाल पूछें।

महिलाओं और बेटियों के खिलाफ वीभत्स अपराध के दिनोंदिन बढ़ते आंकड़े गंभीर चिंता का विषय बन गये हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने सवाल किया है कि 2012 में निर्भया कांड के बाद पूरा देश आंदोलित हो उठा था, लेकिन फिर लोगों ने यौन अपराधों को भुला दिया। क्या हमने यही सबक सीखा था? क्या सामूहिक स्मृतिलोप के शिकार हो गये हैं हम? यह दुखद है और घिनौना भी है। राष्ट्रपति ने तीन पन्नों के अपने पत्र में उल्लेख किया है कि रक्षा बंधन मनाने कुछ बच्चे राष्ट्रपति भवन आए थे। उन्होंने निर्भया कांड जैसी घटनाओं के मद्देनजर मुझसे सवाल पूछे। मैंने उन्हें मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग के बारे में बताया। हालांकि मैं जानती थी कि यह सुरक्षा की गारंटी नहीं है, अब उन बच्चों के सवालों के जवाब समाज ही दे सकता है। किसी भी सभ्य समाज में बेटियों, महिलाओं के खिलाफ ऐसे जघन्य अपराध स्वीकार्य नहीं हैं, हमें ईमानदार, निष्पक्ष आत्म-निरीक्षण की जरूरत है। अब हम न केवल इतिहास का सामना करें, बल्कि अपनी आत्मा के भीतर भी झांके और इन अपराधों के कारणों की जांच करें। कोलकाता में एक तरफ प्रदर्शन हो रहे थे, दूसरी तरफ अपराधी भी घूम रहे थे। दरअसल महिलाओं को कमतर आंकना भी घृणित मानसिकता है। निश्चिय ही कोलकाता कांड ने राष्ट्रपति मुर्मू के मानस को झकझोरा होगा, लेकिन उन्होंने देश भर में बढ़ते बलात्कारों और हत्याओं के प्रति अपनी चिंता और सरोकार जताया है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विपक्ष के अन्य राजनीतिक दलों को इस पत्र से चिढ़ना नहीं चाहिए या फिर सियासी पत्र नहीं आंकना चाहिए। भारत अब एक परिपक्व गणतंत्र हैं। इसलिए राष्ट्रपति के ऐसे सार्वजनिक अभिव्यक्ति पर हमे गंभीर चिंतन करना चाहिए। भारत के राष्ट्रपति ने पत्र लिख कर देश के हालात पर निराशा और पीड़ा जताई है, तो जाहिर है कि पूरी दुनिया की मीडिया और समाज शास्त्रियों के बीच इस पर विमर्श होगा। लोग एक बारगी सोचेंगे कि क्या भारत बलात्कारियों का देश है? इससे भारत का अपमान होगा, देश की छवि पर कालिख पुतेगी, क्योंकि राष्ट्रपति ने ही क्षोभ जताया है। यह दरअसल महिलाओं पर अपराध एवं अत्याचार की पराकाष्ठा है। इस पर राजनीति नहीं राष्ट्रीय संकल्प की जरूरत है।

विचार

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री-पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?

-महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।

-महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।

-शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

-गौतम बुद्ध.

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।

-गीता.

महिलाओं के गायब होने का भयावह आंकड़ा

लोकमित्र

यह हैरान करने वाला ही नहीं बल्कि बहुत खौफनाक भी है कि महाराष्ट्र जैसे देश के अग्रिम पंक्ति के औद्योगिक और साक्षर प्रदेश से हर दिन बड़े पैमाने पर लड़कियां और महिलायें रहस्यमय ढंग से गायब हो रही हैं। यूं तो यह देश में अकेले महाराष्ट्र की समस्या नहीं है, केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक साल 2019 से 2021 के बीच देशभर से 18 वर्ष से ज्यादा उम्र की 10,61,648 महिलाएं और 18 वर्ष से कम उम्र की 2,51,430 लड़कियां गायब हुईं। लेकिन इस साल तो पिछले 8 महीनों में महिलाओं के गायब होने के मामले में महाराष्ट्र ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पिछले 8 महीनों में अकेले महाराष्ट्र से 26000 से महिलाएं इन पंक्तियों के लिखे जाने तक गायब हो चुकी हैं और हैरानी की बात तो यह है कि महिलाओं के गायब होने का यह क्रम एक तरह से लगातार बढ़ता ही जा रहा है। मसलन जनवरी में जहां 2833 महिलाएं गायब हुईं, वहीँ फरवरी में यह आंकड़ा बढ़कर 2940 महिलाओं का हो गया। मार्च में 3262, अप्रैल में 3382, मई में 3933, जून में 3784, जुलाई 3340 और अगस्त में 24 अगस्त तक 2613 महिलाएं गायब हो चुकी थीं।

इन आंकड़ों में अतिरिक्त से डराने वाला एक पहलू यह भी है कि लगातार 18 साल से कम उम्र की लड़कियों के गायब होने की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही हैं। जहां मध्य प्रदेश, उड़ीसा और झारखंड में महिलाओं के इस कदर गायब होने की बात है तो इन प्रदेशों के ज्यादातर आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों से महिलाओं के गायब होने की प्रवृत्ति देखने में आती है, वहीं महाराष्ट्र में मुंबई जैसे कॉस्मोपोलिटिन शहर इस मामले में सबसे आगे है। महज 1 से 27 अगस्त यानी एक महीने से भी कम समय में महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों से महिलाओं के गायब होने की जो संख्या है, उसमें मुंबई सबसे आगे है। मसलन इस दौरान मुंबई से 291, थाणे से 146, पुणे से 117, पिंपरी चिंचवड़ से 109, कोल्हापुर से 97, नागपुर से 91, जलगांव से 77, नवी मुंबई से 64, छत्रपति संभाजी नगर से 59 और नासिक से 55 महिलाएं महज 27 दिनों में गायब हो गयीं। कहने का मतलब मुंबई जैसे देश के सबसे समृद्ध और चाक-चैंबद शहर से भी हर दिन करीब 12 महिलाएं गायब हो जाती हैं, तो यह अकेले घर की कलह, प्रेम प्रकरण जैसा मामला नहीं है, इसके पीछे निश्चित रूप से कोई बड़ा रैकेट काम कर रहा है। निश्चित रूप से देश के ज्यादातर हिस्सों से ही महिलाएं गायब हो रही हैं, लेकिन जब उड़ीसा, झारखंड और मध्य प्रदेश से महिलाओं के गायब होने की बात आती है, तो इसका पारंपरिक निष्कर्ष यह निकाला जाता है कि चूंकि इन प्रदेशों में गरीबी और बेरोजगारी काफी बड़ी तादाद में है, इसलिए इन प्रदेशों से खास तौरपर गांवों से गरीब और आदिवासी महिलाओं को बरगलाकर देश के महानगरों में नौकरी दिलाने के लिए ले जाया जाता है। लेकिन महाराष्ट्र इस तरह की गरीबी और बेरोजगारी से पीड़ित नहीं है कि गांव में रहने वाले लोग अपने लड़कियों को जोखिम मोल लेते हुए शहरों में नौकरी के लिए भेज दें। सबसे बड़ी बात यह है कि पूरे देश में रोजगार पाने का जो सबसे बड़ा शहर मुंबई माना जाता है, आखिर वहां से हर दिन औसतन एक दर्जन महिलाएं क्यों गायब हो रही हैं?

जाहिर है मुंबई से ज्यादा नौकरी पाने की संभावना तो देश के किसी दूसरे शहर में शायद ही होगी, इसलिए यह तो नहीं माना जा सकता कि गरीबी और भुखमरी के कारण महाराष्ट्र में बड़ी तादाद में महिलाएं अपराधियों के चंगुल में फंस रही हैं। निश्चित रूप से महिलाओं के गायब होने के पीछे कोई बड़ा और रहस्मय रैकेट चल रहा है वरना पिछले पांच सालों में महाराष्ट्र से एक लाख से ज्यादा महिलाएं गायब न होतीं और महाराष्ट्र महिलाओं के गायब होने के मामले में देश में दूसरे नंबर का सबसे डरावना प्रदेश बनकर न उभरता।

महाराष्ट्र

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े भी बताते हैं कि महाराष्ट्र में लगातार महिलाएं असुरक्षित हो रही हैं। साल 2018 से लेकर साल 2022 तक महाराष्ट्र से जितनी महिलाएं गायब हुईं, उसमें से 10 फीसदी से ज्यादा 18 साल तक की लड़कियां हैं। पिछले दिनों इस भयावह स्थिति पर एक पूर्व सैनिक ने बॉम्बे हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है और कोर्ट से गुहार लगायी है कि वह सरकार को महिलाओं की सुरक्षा के लिए बाध्य करे। इस याचिका के मुताबिक गायब हो रही महिलाएं, मानव तस्करी, अनैतिक कारोबार और अलगाव वादी गतिविधियों को अंजाम देने वाले अपराधियों के रैकेट का खेल हो सकता है।

जिस तरह से देशभर में मानव अंगों का चोरी छुपे आपराधिक कारोबार चल रहा है, यह उस खेल का भी हिस्सा हो सकता है। इसलिए प्रदेश सरकार को कई दूसरी प्राथमिकताओं से पहले महिलाओं की सुरक्षा को प्रदेश की सबसे पहली और जरूरी प्राथमिकता बनाना होगा वरना मानवाधिकार आयोग, पुलिस बल और विभिन्न तरह की खुफिया एजेंसियों के होने का कोई अर्थ नहीं है। दरअसल जिस तरह से पूरे देश से महिलाओं को टारगेट बनाकर गायब किया जा रहा है, उससे साफ है कि अपराधियों को इस बात से बड़ी निश्चिंतता है कि चाहे राज्य सरकारें हों या केंद्र सरकार, महिला सुरक्षा को लेकर ये सब बातें तो चाहे जितनी बड़ी बड़ी करती हों और दावे भी करती हों, लेकिन वास्तविकता यह है कि महिलाओं की सुरक्षा किसी भी सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। अगर होती तो हर दिन देशभर से कई हजार महिलाएं लगातार सालों से गायब न हो रही होतीं। फेमिनिज्म इन इंडिया यूएनएफपीए की एक रिपोर्ट बताती है कि यदि देश से महिलाएं इसी तरह लगातार गायब होती रहीं, जैसे कि पिछले कई सालों से गायब हो रही हैं तो साल 2047 तक जब तक हिंदुस्तान दुनिया के विकसित देशों की कतार में शामिल होने के उत्सुक है, तब तक आजादी के बाद से करीब 10 करोड़ महिलाएं गायब हो चुकी होंगी। यह इतना बड़ा देश के माथे पर कलंक होगा, जिससे छुटकारा पाने के लिए किसी भी हद तक किया गया विकास और खुशहाली के कोई मायने नहीं होंगे? देश में हर दिन 300 से ज्यादा महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहा है और इससे ज्यादा महिलाएं हर दिन गायब हो रही हैं। इससे साफ पता चलता है कि भले हम विकास की आपाधापी में सड़कें बना ले रहे हों, शहरीकरण अंधाधुंध ढंग से बढ़ रहा हो, लेकिन न तो क्वालिटी लाइफ में कोई इम्प्रूवमेंट हो रहा है और न ही महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था में कोई नजर आने वाला सुधार दिख रहा है। जबकि लगातार महिला सुरक्षा देशभर के लिए समस्या बनी हुई है।

अब वक्त आ गया है कि हमें इन सवालों से आंख मिलाकर टकराना ही होगा कि देशभर में 25 लाख से ज्यादा पुलिस बल, इससे कहीं ज्यादा अर्धसैनिक बल और दूसरे सुरक्षा बलों का क्या मतलब है, जब महिलाएं सुरक्षित ही नहीं हैं? जितना भी जल्दी राज्य सरकारों से लेकर केंद्र सरकार तक को यह बात समझ में आ जाए, उतना सही होगा वरना आजादी के बाद किए गए हमारे तमाम तरह के विकास और उन्नति का सामाजिक सदर्भों में कोई मतलब नहीं रह जायेगा। महाराष्ट्र जैसे राज्य के लिए यह और भी ज्यादा चिंतित होने का मसला है, क्योंकि महाराष्ट्र देश के समृद्ध और औद्योगिक राज्यों में आता है, जहां भुखमरी, गरीबी व बेरोजगारी को वैसे ही इस सबके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, जैसे कई दूसरे प्रांतों और प्रदेशों में हो रहा है।

> महाराष्ट्र जैसे राज्य के लिए यह और भी ज्यादा चिंतित होने का मसला है, क्योंकि महाराष्ट्र देश के समृद्ध और औद्योगिक राज्यों में आता है, जहां भुखमरी, गरीबी व बेरोजगारी को वैसे ही इस सबके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, जैसे कई दूसरे प्रांतों और प्रदेशों में हो रहा है।

सोशल मीडिया

पूज्य संत अघोराचार्य बाबा कीनाराम जी के 425वें पावन अवतरण दिवस जनपद चंदौली में आयोजित जन्मोत्वस समारोह में सम्मिलित होने का आज सौभाग्य प्राप्त हुआ। सीएम योगी.

मुझे फिर एक बार बसपा का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने पर सभी लोगों का हार्दिक आभार, मुझको देश के कोने कोने से बधाई देने वालों का मैं शुक्रिया अदा करती हूं। मायावती.

कभी कभी कांस्य पदक का मोल स्वर्ण से कम नहीं होता, उप्र की शान पीति पाल ने पैरालंपिक, पेरिस में जो कमाल किया है वो दर्शाता है चुनौतियों पर हौसले उससे बड़े हो सकते हैं। अखिलेश यादव

संन्यास की परंपरा

जीवन को आत्म-अज्ञान के बिंदु से देखना संसार है। आत्म-ज्ञान के बिंदु से देखना संन्यास है। इसलिए जब कोई कहता है कि मैंने संन्यास लिया है, तो मुझे बात बड़ी असत्य मालूम होती है। यह लिया हुआ संन्यास ही संसार के विरोध की भ्रांति पैदा कर देता है। संन्यास भी क्या लिया जा सकता है? क्या कोई कहेगा कि ज्ञान मैंने लिया है? लिया हुआ ज्ञान भी क्या कोई ज्ञान होगा? ऐसा ही लिया हुआ संन्यास भी, संन्यास नहीं होता है। सत्य ओढ़े नहीं जाते हैं। उन्हें तुम्हारे भीतर जगाना होता है। संन्यास का जन्म होता है। वह समझ से आता है। उस समझ से हम परिवर्तित होते जाते हैं। जैसे-जैसे हमारी समझ बदलती है, हमारी दृष्टि बदलती है और अनायास ही आचरण भी बदल जाता है। संसार जहां का तहां होता है, पर हमारे भीतर संन्यास का जन्म होता जाता है। संन्यास का अर्थ हैः यह बोध कि मैं शरीर ही नहीं हूं, आत्मा हूं।

बोध के साथ ही भीतर आसक्ति और अज्ञान नहीं रह जाता है। संसार बाहर था, अब भी वह बाहर होगा, पर भीतर उसके प्रति राग-शून्यता होगी, या यूं कहें कि संसार अब भीतर नहीं होगा। असंन्यास में हमने एंट्रेंस तो रखा है, एक्झिट नहीं रखा है। उसमें भीतर जा सकते हैं, बाहर नहीं आ सकते और ऐसा स्वर्ग भी नरक हो जाता है जिसमें बाहर लौटने का दरवाजा न हो। वह परतंत्रता बन जाता है, कारागृह हो जाता है। कोई संन्यासी लौटना चाहे तो कोई क्या कर सकता है? वह लौट सकता है लेकिन आप उसकी निंदा करते हैं, अपमान करते हैं। कंडेमनेशन है उसके पीछे। और इसीलिए हमने एक तरकीब बना रखी है कि जब कोई संन्यास लेता है, तो उसका भारी शोरगुल मचाते हैं। जब कोई संन्यास लेता है तो बहुत बैंडबाजा बजाते हैं। जब कोई संन्यास लेता है तो बहुत फूलमालाएं पहनाते हैं, और यह उपद्रव का दूसरा हिस्सा है, वह उस संन्यासी को पता नहीं है कि अगर वह कल लौटा तो जैसे फूलमालाएं फेंकी गईं, वैसे ही पत्थर और जूते भी फेंके जाएंगे और ये ही लोग फेंकने वाले, कोई दूसरा आदमी नहीं होगा। असल में इन लोगों ने फूलामालाएं पहना कर उससे कहा कि अब सावधान, अब लौटना मत, जितना आदर दिया है उतना ही अनादर प्रतीक्षा करेगा। यह बड़ी खतरनाक बात है। इसके कारण न मालूम कितने लोग संन्यास का आनंद ले सकते हैं, वे नहीं ले पाते। वे कभी निर्णय ही नहीं कर पाते कि जीवन भर के लिए। जीवन भर का निर्णय बड़ी महंगी बात है, बड़ी मुश्किल बात है। फिर हकदार भी नहीं हैं हम जीवन भर के निर्णय के लिए। तो मेरी दृष्टि है कि संन्यास सदा ही सावधिक है आप कभी भी वापस लौट सकते हैं। कौन बाधा डालने वाला है? संन्यास आपने लिया था। संन्यास आप छोड़ते हैं। आपके अतिरिक्त इसमें कोई और निर्णायक नहीं है। आप ही डिसीसिव हैं, आपका ही निर्णय है।

ओशो.

अंतर्दृष्टि

दुखद अध्याय की शुरुआत

व्यंग्यलोक

वैसे तो मनुष्य के दुःखद अध्याय की शुरूआत उसके किसी एक अदद औरत के पति बनने के साथ ही शुरूहो जाती है, परन्तु किसी कमाऊ पत्नी का पति होना तो घोर विपत्ति का कारण हो जाता है और चाहते हुए भी आदमी उस असम्मानजनक हालात से उबर नहीं पाता है। मुझे पत्नी मिली और वह भी कमाऊ। मैं जिन दिनों चोले-पाजामे पर झोला लटकाये, दाढ़ी बढ़ाये, अपने जीवन को संवेदनशील काव्य के जरिये ऊँचाइयाँ प्रदान करने में सक्रिय था, उन्हीं दिनों मेरे जीवन में एक कमाऊ बीवी का अशुभ आगमन हुआ और तब से मेरे व्यक्तिगत तमाम मसले बद से बदतर होते जा रहे हैं। कई बार जब आज भी सोचता हूँ कि यकायक मेरे शान्त जीवन में यह भूचाल क्योंकर आया? मैंने अपनी कमाऊ बीवी के सामने अपने कवि को मान्यता दिलाने के लिए लाख सिर पीटा, परन्तु उसने मुझे कभी मान्यता नहीं दी और हर बार जैसे मैं बड़ी बेवकूफी भरी बात कर रहा हूँ, हँसकर टाल दिया। मुझे तो अनेक बार ऐसा भी लगा कि मेरा कवि होना अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है उसके लिए। सनकी और अर्द्धविक्षिप्त समय पर उसने फकत अपने भाग्य की विडम्बना ही माना है मुझे, पति बनने के बाद अल्पावधि में वह मुझे दो मासूम थमाकर और भी निष्क्रिय हो गयी। मैं गृहस्थी की गाड़ी में पिल गया। बच्चों को नहलाना-धुलाना, खिलाना-पिलाना अथवा स्कूल छोड़ आना, यही कार्य मेरी दिनचर्या के मुख्य भाग बनकर रह गये। इन स्थितियों से मुक्ति पाने को लाख छटपटाया, परन्तु कमाऊ बीवी ने कभी नहीं चाहा कि मेरी औकात इससे हटकर बने। अनेक बार मैंने उसके समक्ष नौकरी का प्रस्ताव रखा तो उसने मेरी दिनचर्या के काम बताकर चुप करा दिया। मैंने तर्क भी दिया कि मेरे अस्तित्व इस तरह के कार्यों के लिए नहीं है। मैं एक संवेदनशील साहित्यकार हूँ। मेरा धर्म सृजन है। मेरा इस तरह गृहस्थी के काम-धाम में पिल जाने से साहित्य का बड़ा नुकसान हो रहा है। परन्तु उसके कानों पर जूँ नहीं रेंगी। उसने सृजन के नाम पर दोनों सन्तानें दिखा दीं और नौकरी के नाम पर घर की सार-सम्भाल बता दी। मैं तो सोच भी नहीं सकता था कि मेरे साहित्यकार का हश्र एक दिन ऐसा होगा। ईमानदारी से कहता हूँ उसके जीवन में दो पल भी मेरे लिए नहीं बचे हैं। यही क्या सारी बातों की विपदाओं के साथ उपदेशों की घुट्टी पृथक से पीनी पड़ती है। नल आ गया था और आप पानी भी नहीं भर सके। बैठे-बैठे सब्जी-मण्डी से ताजी सब्जियाँ ही खरीद लाते। एक बार की घटना और सुनाऊँ। मैंने कविता लिखी और प्रथम श्रोता व पाठक की हैसियत से उसे सुनाना चाहा तो उसने कानों में उँगली डालकर तौबा कर ली, कहा-'माफ करिये, कविता से मुझे परहेज है। हाजमा खराब हो जाता है तथा अन्य कई ट्रबल्स खड़ी हो जाती हैं।

पूरन सरमा

भारतीय मूल के किशोरों का शतरंज की बिसात पर जलवा

खेल जगत

श्रेयस रॉयल, अभिमन्यु मिश्रा और बोधना शिवनंदन में क्या बात साझा है? ये तीनों ही अपने अपने जीवन के अभी 16 वें बसंत में नहीं पहुंचे हैं, लेकिन शतरंज के ग्रैंडमास्टर हैं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मुकाबला कर रहे हैं। तीनों ही भारतीय मूल के हैं, लेकिन भारत के लिए नहीं खेलते हैं बल्कि अन्य देशों जैसे अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर का प्रतिनिधित्व करते हैं। इनकी प्रतिभा को देखकर ब्रिटेन के अनुभवी शतरंज खिलाड़ी माल्कम पेन की बात याद आती है जो उन्होंने जुलाई 2022 में तमिलनाडु में कुछ बच्चों से मजाक करते हुए कही थी- एक दिन हमारे भारतीय तुम्हारे भारतीयों से बेहतर हो जायेंगे। माल्कम की मौखिक शह-मात (चेकमेट) सही भविष्यवाणी साबित होती हुई प्रतीत हो रही है।

श्रेयस रॉयल उर्फ.शरेज का जन्म बंग्लुरु में हुआ था, लेकिन उनकी परवरिश वूलविच, ब्रिटेन में हुई है और वह वहीं रहते हैं। श्रेयस ग्रैंडमास्टर बनने वाले सबसे कम आयु के ब्रिटिशर हैं, उन्होंने यह सफलता मात्र 15 वर्ष 6 माह व 24 दिन की आयु में हासिल की। कुछ दिन पहले लंदन में उन्होंने 18-वर्षीय भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश के साथ अपने मैच को ड्रा किया। यह बड़ी बात है क्योंकि गुकेश ने कैंडिडेट्स जीतकर क्लासिक फॉर्मेट में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को चुनौती देने का अधिकार प्राप्त किया है। विश्व चैंपियनशिप के मैच कुछ ही सप्ताह में सिंगापुर में खेले जायेंगे, जिसका अर्थ है कि गुकेश विश्व चैंपियन बनने के मुहाने पर खड़े हुए हैं। बोधना शिवनंदन तो मात्र 9 साल की बच्ची हैं, लेकिन जब वह बूस्टर सीट पर शतरंज खेलने के लिए बैठती हैं तो उनसे आयु में दोगुनी, तीन गुनी उम्र के खिलाड़ियों में भी भय व्याप्त हो जाता है। बार्बी डॉल की शौकीन बोधना सितम्बर में हंगरी में होने जा रहे महिला चेस ओलम्पियाड में इंग्लैंड की तरफ से खेलेंगी, जहां उनकी टीम की अन्य सदस्यों की आयु 23 से 44 वर्षों के बीच में है। बात सिर्फ. श्रेयस व बोधना तक सीमित नहीं है। भारतीय मूल के अनेक बच्चे हैं, जो शतरंज संसार में अपनी प्रतिभा से विभिन्न देशों के लिए तहलका मचाये हुए हैं। इनमें से कुछ तो इतनी कम आयु के हैं कि किशोर गुकेश को भी सर कहते हैं। जून 2021 में जब कोविड की दूसरी लहर चल रही थी तो न्यू जर्सी में रहने वाले अभिमन्यु मिश्रा ने हंगरी में प्यादे के लिए अपना घोड़ा कुर्बान करके इतिहास रचा कि वह विश्व में सबसे कम आयु के ग्रैंडमास्टर बने, जबकि इससे मात्र दो साल पहले उन्होंने 17 दिन से प्रज्ञानंद का रिकॉर्ड तोड़ा था विश्व में सबसे कम आयु में इंटरनेशनल मास्टर बनने का। सिंगापुर में रहने वाले 8 वर्ष के अश्वथ कौशिक अपने साथी खिलाड़ियों को सलाह देते हैं कि 'कभी हार मत मानो, अपने मोहरों को आगे बढ़ाते रहो और प्रतिद्वंदी से चूक हो, तो उसका लाभ उठाओ।' इस साल के शुरू में कौशिक ने स्विट्जरलैंड में बर्गडोरफर स्टडथौस ओपन में पोलैंड के मंझे हुए ग्रैंडमास्टर को पराजित किया था। हाल ही में चंडीगढ़ में जन्मे सिद्धार्थ जगदीश मात्र 17 वर्ष की आयु में सिंगापुर के सबसे कम आयु के ग्रैंडमास्टर बने हैं।

अमेरिका की शतरंज फेडरेशन के-12 ग्रेड चैंपियनशिप्स का भी आयोजन कराती है। इसकी सूची में दक्षिण एशिया मूल के खिलाड़ी इतनी अधिक संख्या में हैं कि फेडरेशन के वरिष्ठ निदेशक (स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन) डेनियल लुकास का कहना है कि शतरंज नया नेशनल स्पेलिंग बी (जिसमें भारतीय मूल के छात्र छाये रहते हैं) बन सकता है। ब्रिटेन में भी स्थिति इससे अलग नहीं है। इंग्लिश चेस फेडरेशन के निदेशक माल्कम पेन कहते हैं, 'दक्षिण एशिया के बच्चे उन अकादमिक व गैर अकादमिक गतिविधियों को महत्व देते हैं जो एकाग्रता व अनुशासन को प्रोत्साहित करती हैं।' वह बोधना के पिता शिवनंदन वेलायुथन (जो 2007 में तिरुचिरापल्ली से लंदन की बाहरी बस्ती में आकर बसे) को 'लगभग परफेक्ट चेस पैरेंट' कहते हैं। शतरंज में ग्लोबल आकर्षण 'क्वीन्स गैम्बिट' ड्रामा सीरीज व 2020 की लॉकडाउन बोरियत के कारण अधिक बढ़ा है, लेकिन बोधना की शतरंज में दिलचस्पी मात्र इत्तेफाक से हुई। उनके पिता बताते हैं, 'कोविड के दौरान हमारे एक दोस्त वापस भारत लौट रहे थे कि उन्होंने किताबों भरा एक बैग और एक मैग्नेटिक चेस बोर्ड हमें दे दिया। बोधना मोहरों को खिलौने बनाकर खेलती थी। मैंने उसे यू-ट्यूब वीडियोज की मदद से शतरंज की बुनियादी बातें बतायीं।' बोधना कुछ ही समय में इंग्लैंड की सबसे कम आयु की महिला इंटरनेशनल मास्टर बन गई। इन अप्रवासियों की शतरंज में दिलचस्पी संभवतः इस कारण से भी बढ़ी है कि पिछले 20 वर्षों के दौरान भारत में अपने ग्रैंडमास्टरों की संख्या 15 से बढ़कर 85 हो गई है।

सारिम अन्ना.

आप की बात

ठेका भर्ती पर रोक लगे

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी। परमानेन्ट होने के लिए अन्य युवाओं के साथ आवेदन करना होगा। दरअसल आज प्रदेश में लाखों भर्तियों की जरूरत है लेकिन सरकारी नौकरी में मोटा वेतन और काम के बजाय मटरगस्ती के कारण सरकार भर्तियां नहीं करती है और लोगों का काम लटकता है। इसलिए सरकार को अपनी हैसियत के हिसाब से भर्तियां करनी चाहिए। प्राइमरी स्कूलों में कम से कम छह-सात शिक्षक और कर्मचारी होने चाहिए ताकि ठीक से पढ़ाई और अन्य प्रबंध हो सके। भले ही सरकारी वेतन कम दे। गांव में पढ़ाने वाला शिक्षक कम वेतन में काम चला सकता है। एक स्कूल में एक-दो शिक्षक रखने के बजाय सात-आठ कर्मचारी कम वेतन पर रखना चाहिए ताकि सरकार का बोझ भी न बढ़े और लोगों को रोजगार भी मिले और शिक्षा भी सुधरे।

महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.

आर्थिक विषमता की जड़

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है।

राजीव कुमार मौर्य, लखनऊ.

संक्षेप

जिला अस्पताल के सीएमएस ने नगर कोतवाली को भेजा पत्र

अयोध्या। जिला अस्पताल के तहत संचालित क्षेत्रीय निदान केंद्र में एक्सरे रूम प्रभारी के खिलाफ छेड़छाड़ के मामले में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने नगर कोतवाली को पत्र भेजा है। पत्र में रिपोर्ट दर्ज कराने वाली इंटर्न के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा कार्रवाई का अनुरोध किया है।

गौरतलब है कि मूल रूप से अंबेडकरनगर जिला निवासी नर्सिंग छात्रा ने एक्सरे रूम के प्रभारी रविंद्र यादव पर डार्क रूम में बुलाकर आबरू पर हमले का आरोप लगाया था और नगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रकरण में जिला अस्पताल प्रशासन ने पांच सदस्यीय समिति बनाकर मामले की विभागीय जाँच कराई थी और एक्सरे रूम प्रभारी को मामले में क्लीन चिट दे दी थी। इसके बाद आरोपी रविंद्र यादव ने सीएमएस को शिकायत दी थी और कथित इंटर्न छात्रा के खिलाफ अवैध रूप से एक्सरे रूम में घुसकर चोरी के प्रयास का आरोप लगाया था और सीएमएस से रिपोर्ट दर्ज करवा कार्रवाई की मांग की थी। प्रकरण में आरोपी की शिकायत के साथ सीएमएस डॉ उत्तम कुमार की ओर से पत्र के साथ शिकायत की प्रति नगर कोतवाली पुलिस को भेजी गई है।

देश के निर्माण में मातृशक्ति का योगदान अहम : लल्लू सिंह

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। शहर के सुरेन्द्र लॉन में पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा हरितालिका तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। अयोध्या न्यास द्वारा हरितालिका तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में महिलाओं द्वारा प्रकृति यादव द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, व अन्य महिलाओं द्वारा लोकगीत तथा तीज गीतों की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने भगवान शिव तथा माता पार्वती का पूजन कर किया। महोत्सव स्थल पर लगे झूलों का महिलाओं ने आनंद लिया। महोत्सव में लोक संस्कृति तथा लोक परम्पराओं का अनूठा संगम दिखाई दिया।कार्यक्रम में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि देश के निर्माण सदैव मातृशक्ति का योगदान रहा। दुनिया के जितने महापुरूष है सबके पीछे कोई न कोई मातृ शक्ति रही है। भारत की संस्कृति तथा लोक परम्पराओं की पहचान पूरे विश्व में बने। मातृ शक्ति ही हमारी लोक संस्कृति तथा परम्पराओं से आने वाली पीढ़ी को परचित करा सकती है। मातृशक्ति के द्वारा ही संस्कार और निमार्ण की प्रक्रिया द्वारा सतत रहेगी। उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के द्वारा महिला कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं दी गई हैं। महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास किया गया है। महोत्सव में रीना द्विवेदी, शकुंतला त्रिपाठी, बिंदु सिंह, शकुंतला गौतम, शशि रानी शर्मा, रंजन सागर, चंदा सिंह, सरोज मिश्रा, ममता सिंह, प्रसून लता, डॉ. विजय लक्ष्मी जायसवाल, सीता सिंह, महिला थानाध्यक्ष मंजू देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थित रही।

जमानत लेने के नाम पर बुजुर्ग किसान की जमीन एग्रीमेंट करने का आरोप

जिला संवाददाता(vol)

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के एक बुजुर्ग किसान ने डीएम, पुलिस कप्तान समेत सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है कि जमानत लेने के नाम पर उसे ठगी का शिकार बनाया गया और उसकी जमीन का एग्रीमेंट करा लिया गया। बुजुर्ग किसान और उसकी पत्नी ने बताया कि आरोपियों ने उसे जमानत लेने के बहाने से अपने साथ मिल्कीपुर तहसील के उप निबंधन कार्यालय ले जाकर उसकी जमीन का एग्रीमेंट करा लिया और अब उसकी जमीन हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। शिकायत के बाद अधिकारियों ने जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के उरुवा वैश्य गांव निवासी किसान घिसियवन पुत्र राम नेवाज ने जिलाधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या समेत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि सुल्तानपुर जनपद के थाना बल्दीराय क्षेत्र टड़रसा गांव निवासी गजेंद्र पुत्र शीतला प्रसाद सिंह पीड़ित किसान को बहला फुसलाकर जमानत कराने के बहाने तहसील मिल्कीपुर के उप निबंधन कार्यालय ले गया। जहां रेवती गंज इसौली संपर्क पर स्थित बेशकीमती जमीन गाटा संख्या 693 रकबा 0.269 का एग्रीमेंट करवा लिया।

पीड़ित किसान के एक बेटा व दो बेटियां हैं बेटा करीब 15 साल से लापता है उसका कोई आता पता नहीं है वही दोनों बेटियों की शादी कर दिया है जो अपने घर रहती है किसान ही पत्नी के साथ रह रहा है। किसान की पत्नी ने अभी आरोप लगाया है कि मेरे पति को चाय में कोई नशीला पदार्थ पिलाकर ले जाने के बाद एग्रीमेंट कराया है अब वह लोग धमकी भी दे रहे हैं।

विशालकाय अजगर ने बछड़े का किया शिकार

मिल्कीपुर-अयोध्या। थाना इनायत नगर क्षेत्र स्थित धमोलिया गांव में विशाल काय अजगर ने बछड़े को अपना निवाला बना लिया। आबादी से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित किसान सतीश यादव के खेत में विशालकाय अजगर को देखते ही ग्रामीणों में भय का माहौल छा गया और देखते ही देखते सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने अजगर को भगाने का काफी प्रयास किया लेकिन अजगर टस से मस नहीं हुआ ।ग्रामीण उस समय और हैरत में पड़ गए जब अजगर ने निवाला बनाये हुए बछड़े को अपने मुँह से उगलना शुरू कर दिया। इस वीभत्स दृश्य को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी लेकिन वन विभाग के कर्मचारियों के काफी समय तक न पहुंचने के कारण अजगर पुनः बगल ही स्थित गन्ने के खेत में जाकर छिप गया। सूचना के करीब 2 घंटे बाद पहुंचे वन विभाग कर्मियों ने मौके पर जाकर अजगर की काफी तलाश की लेकिन तलाश के बाद भी अजगर वन कर्मियों के पकड़ में नहीं आ सका। वहीं ग्रामीण विवेक पांडे ने बताया कि अजगर के पकड़े न जाने से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

रेलवे ट्रैक पर मिला विवाहिता का शव

अयोध्या। अयोध्या- प्रयागराज रेल मार्ग पर रविवार सुबह करीब 10 बजे भरत कुंड के सामने भटपुरा गांव के निकट रेलवे लाइन पर लगभग 30 वर्षीय विवाहिता का क्षत-विक्षत शव पाया गया। पुलिस को मृतका की पहचान थाना तारुन गांव के राम भवन की पत्नी के रूप में हुई है।

पुलिस की माने तो विवाहिता ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या की है, जबकि गले के पास घाव, बहता खून और चोटों के निशान इस बात के संकेत कर रहे हैं कि विवाहिता के साथ कहीं कुछ अनहोनीघ्तो नहीं हुई। हालांकि मौके पर पहुंची पूरा कलंदर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजावाया है।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 4 को

बहराइच। अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग/सचिव, जिला सड़क सुरक्षा समिति ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में 04 सितम्बर 2024 को अपरान्ह 05:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी है। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से एसओपी प्रारूप पर वांछित सूचनाओं के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

कल विधायक अभय सिंह बस को दिखायेंगे हरी झंडी

गोसाईगंज-अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के प्रथम द्वार में शुमार प्रसिद्ध तपोस्थली श्रृंगी ऋषि से महबूबगंज-गोसाईगंज-भीटी- हैदरगंज, कूरेभार सुल्तानपुर के रास्ते प्रतापगढ के रास्ते प्रयागराज को जाने वाली बस को परिवहन निगम के अधिकारियों ने संस्तुति दे दी हैं ।इस बस के संचालन होने से तीर्थराज प्रयाग जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत मिलेगी और उनकी यात्रा आसान हो जाएगी।

बस को मंगलवार की सुबह 11 बजे गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह ठंडी सड़क से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे ।इस दौरान परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन तथा सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अकबरपुर सी0 बी0 राम सहित अन्य लोग मौजूद रहेंगे ।उक्त जानकारी गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद आरती जायसवाल ने दी।

अयोध्या में 283 करोड़ से बनेगा क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय भवन

अयोध्या। भव्य राम मन्दिर निर्माण के बाद अयोध्या में लगातार पर्यटकों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। ऐसे में पर्यटन विभाग की जिम्मेदारियां भी बढ़ती जा रही हैं।

इसे ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने पर्यटन विभाग को अयोध्या में क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय की सौगात दी है। योगी सरकार 283 करोड़ की लागत से साकेत पेट्रोल पंप स्थित मल्टीनेशनल पार्किंग के पास क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय का निर्माण करेगी। पर्यटन भवन में वेटिंग रूम, रिसेप्शन, अधिकारियों के ठहरने एवं कांफ्रेंस हाल का भी सुविधा होगी।

सर्किल रेट को लेकर क्षेत्र के किसानों में असंतुष्टि

सोहावल-अयोध्या। लगभग 7 साल बाद सरकार की ओर से सर्किल रेट में सामने आई बढ़ोतरी को लेकर किसानों में ऐतराज है। किसान इसे एक ही जनपद में दोहरा मापदंड बता कर विरोध जता रहे हैं। शिकायत के माध्यम से शासन को अवगत कराने का सिलसिला चल निकला है। किसान इसे लेकर न्यायालय तक जाने की तैयारी में है तो अधिकारी अभी इसे अंतिम निर्णय न मानने की बात कह परिवर्तन होने की संभावना से इंकार नही करते ।लंबे समय के बाद जिले में जमीन की कीमत को लेकर सरकारी सर्किल रेट की घोषणा हुई है। इसे लेकर क्षेत्रीय किसानों में ऐतराज और रोष है। राम मंदिर रिंग रोड , श्री राम गेट, पार्किंग, आवास आदि के नाम पर अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहण की गई भूमि से जुड़े मंगलसी, रमपुरवा, कटरौली ,रसूलपुर, भिटौरा आदि दो दर्जन से ज्यादा गांव की जमीनों से ताल्लुक रखने वाले गांव के किसान इसे यहां के किसानों के प्रति धोखा बता रहे हैं। किसान राजेंद्र वर्मा, राम सिंह, राम अचल, कृपाराम, साबिर आदि ने कहा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र दोनों में घोषित सर्किल रेट को लेकर काफी अंतर दिखाई पड़ा है। शहरी क्षेत्र में बढ़ोतरी 50 फीसदी है तो ग्रामीण क्षेत्र की सोहावल तहसील में केवल 25 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है जो नाइंसाफी है। इसे लेकर ऐतराज जताते हुए किसानों ने शिकायत दर्ज कराना शुरू कर दिया है। कहा कि जिला स्तर की सुनवाई समिति ने सही ढंग से विचार कर उचित मूल्य का निर्धारण न किया तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

कबड्डी की भारतीय संस्कृति अवधारणा में है प्रमुख भूमिका: विकास

अयोध्या। उ.प्र. कबड्डी एसोसिएशन की वार्षिक बैठक कोटसराय स्थित एक होटल में आयोजित की गई। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 2024-25 की प्रतियोगिताओं के लिए आयोजन का आवंटन किया गया। बैठक में महासचिव द्वारा वार्षिक बैठक की पुष्टि की गई।

खेल आवंटन में पुरूष कबड्डी चैम्पियनशीप में जोन ए अलीगढ़, जोन बी रायबरेली आवंटित किया गया। सीनियर सुपर लीग स्टेट चैम्पियन सिप गौतम बुद्ध नगर को आवंटित किया गया। सीनियर महिला स्टेट चैम्पियनशिन देवरिया को, जूनियर बालिका चैम्पियनशिप बलिया को आवंटित किया गया। जुनियर बालक स्टेट चैम्पियनशीप जोन ए फिरोजाबाद, जोन बी उन्नाव, जोन सी मउ, जोन डी कौशाम्बी एवं जूनियर बालक सुपर लीग स्टेट चैम्पियनशीप मेरठ जनपद को आवंटित किया गया। सभी कमेटीयों से प्रतियोगिताओं के आयोजन स्थल तथा तिथियां तय कर प्रदेश एसोशिएशन को बताने के लिए कहा गया। बैठक में उ.प्र. कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि कबड्डी की भारतीय संस्कृति अवधारणा में प्रमुख भूमिका है। प्रतिभाशाली एथलीटों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करके, एसोसिएशन न केवल प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देता है, बल्कि महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए आशा और अवसर की किरण के रूप में भी कार्य करता है। जमीनी स्तर की पहल और समावेशी कार्यक्रमों के माध्यम से, एसोसिएशन यह सुनिश्चित करता है कि कबड्डी सभी के लिए सुलभ रहे, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या स्थिति कुछ भी हो। आयोजित प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभा को बढ़ावा देने, परंपरा का जश्न मनाने और कल के चैंपियन को प्रेरित करना है। बैठक में महासचिव राजेश सिंह, उपाध्यक्ष सुशील यादव, कोषाध्यक्ष अरविंद पांडेय, एकेएफआई जॉइंट सेक्रेटरी विनय यादव, अरविंद शर्मा, पी के पांडेय सहित प्रदेश के सभी जिलों के अध्यक्ष और सचिव उपस्थिति रहे।

श्रद्धा के चरमोत्कर्ष के साथ संपन्न श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

अयोध्या। जनपद में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से श्रद्धा के चरमोत्कर्ष के साथ संपन्न हुआ. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा समितियों द्वारा भव्य विशाल विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई जिसमें मनोहारी झांकियों के प्रदर्शन के साथ भगवान श्री राधा कृष्ण की प्रतिमाएं शामिल रही। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि लगभग दो दर्जन प्रतिमाओं का विसर्जन ढोल नगाड़े बजाते हुए भक्ति की धुन में नाचते हुए भगवान के भक्त बालक-बालिकाएं, वृद्धजन और महिलाओं ने चैक, रिकाबगंज, नियावाँ, कैंट के रास्ते गुप्तार घाट पहुंच कर प्रतिमाओं का विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न किया ।शोभा यात्रा में शामिल रहे भक्तों का पूरे नगर में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति द्वारा सुभाष नगर कार्यालय पर शोभा यात्रा का समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत और प्रसाद वितरण किया गया स्वागत करने वालों में समिति के प्रमुख पदाधिकारियों में गगन जायसवाल, प्रेमनाथ राय, जेएन चतुर्वेदी, केशव बिगुलर, रोहित अग्रवाल, सुप्रीत कपूर, विवेक साहू, अतुल सिंह, राजेश गौड़, बजरंगी साहू, संजय श्रीवास्तव, रंजीत शर्मा, आलोक शंकर, रोहिताश चंद्र राजू, चंदन गुप्ता, अखिलेश पाठक, पवन निषाद, अखिलेश वैश्य, अंकुश गुप्ता, अजय विश्वकर्मा, प्रमोद जायसवाल, विशाल गुप्ता, मुन्ना यादव, रविकांत आर्य, अंजनी पांडे, इंद्र प्रताप तिवारी, तरुण गुप्ता डंपी, आदि शामिल रहे।

- पूजा समितियों ने ढोल नगाड़े बजाते हुए निकाली भव्य विसर्जन शोभायात्रा

56 किसानों ने लिया प्रशिक्षण

कुमारगंज-अयोध्या। आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय में श्रीअन्न उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपरण विषय पर चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। बिहार के जहानाबाद से 56 प्रगतिशील किसानों का दल पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए कृषि विवि पहुंचा था। किसानों ने प्रशिक्षण में श्रीअन्न (मोटे अनाज फसलों) की वैज्ञानिक खेती, उत्पाद, बागवानी फसलों आदि की जानकारी ली। अपर निदेशक प्रसार डॉ आर. आर. सिंह ने बताया कि जमीन में पोषण का प्रयोग व्यवस्थित तरीके से नहीं किया गया तो उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर एवं खुशहाल जीवन के लिए सभी को श्री अन्य का प्रयोग करना होगा।

आयुक्त ने वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र का किया भ्रमण

बहराइच। आयुक्त, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा शशि भूषण लाल सुशील ने विधायक महसी सुरेश्वर सिंह के साथ तहसील महसी अन्तर्गत हिंसक जीव भेड़ियों के हमलों से प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर हिंसक जीवों के हमलों में मरने वाले बच्चों के परिजनों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की। क्षेत्र भ्रमण के दौरान आयुक्त ने ग्राम पंचायत सिसईया चूड़ामणि के मजरा कुलैला में मुख्य वन संरक्षक रेनू सिंह के नेतृत्व में वन विभाग द्वारा ड्रोन कैमरों की मदद से किये जा रहे निगरानी कार्य का जायजा लिया।

मुख्य वन संरक्षक ने आयुक्त को बताया कि हिंसक भेड़ियों का सही लोकेशन जानने हेतु गश्ती दलों द्वारा फुट प्रिन्ट खोजने के साथ-साथ आसमानों से भी ड्रोन एवं थर्मल ड्रोन कैमरों के माध्यम से सर्च आपरेशन संचालित किया जा रहा है। प्रभावित/सक्रियता क्षेत्रों में संवेदनशील स्थलों पर 08 ट्रैपिंग कैमरों के साथ-साथ सभी संभावित स्थानों पर पिजड़े भी लगाये गये हैं। वन विभाग की सक्रियता एवं अथक प्रयास के फलस्वरूप 01 माह के अन्दर 04 भेड़ियों को पकड़ा भी जा चुका है।

मौके पर मौजूद मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने आयुक्त को बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर हिंसक भेड़िया के हमले से प्रभावित/सक्रियता क्षेत्रों में क्रिटिकल गैप योजना अन्तर्गत चिन्हित किये गये 40 स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाईट तथा 10 स्थानों पर सोलर हाईमास्ट लाईट की स्थापना कराई जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को शौच के लिए घर से बाहर न जाना पड़े इसके लिए पंचायती राज विभाग के माध्यम से शौचालय विहीन घरों को स्वच्छ शौचालय योजना से आच्छादित किया जा रहा है। दरवाजा विहीन घरों में बहराइच वन प्रभाग के सहयोग से दरवाजे लगवाये जा रहे हैं। इसके अलावा प्रभावित क्षेत्र के आवासहीन लोगों को आवासीय योजना से भी आच्छादित किया जायेगा।भ्रमण के दौरान आयुक्त ने मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेन्द्र कुमार गौड़, खण्ड विकास अधिकारी हेमन्त यादव, क्षेत्र में गठित टास्क फोर्स के सदस्यों, वालंटियर्स, ग्रामवासियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए सभी स्टेक होल्डर्स को निर्देश दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर सतर्कता बरतते हुए क्षेत्र में गश्त करें तथा आमजन को भी जागरूक करते रहें। आयुक्त ने ग्रामवासियों से अपील की है कि वन्यजीवों के हमलों के दृष्टिगत घर के बाहर न सोये। आयुक्त ने बताया कि सभी सम्बन्धित विभाग टीम भावना के साथ प्रयास कर रहे हैं, उन्हे आशा है कि शीघ्र ही हमलावर वन्य जीव पकड़ लिये जायेंगे।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता(vol)

बहराइच। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक में परिवार नियोजन कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि असफल नसबन्दी के प्रकरणों का मुख्य चिकित्साधिकारी स्वयं जाच करें। चिन्हित किये गये उदासीन कार्मिकों के विरूद्ध समस्त चरणबद्ध औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरान्त ही प्रकरण को शासी निकाय की बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान क्षय रोगियों को प्रदान किये जाने पोत्साहन धनराशि की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। अन्धता निवारण कार्यक्रम में लक्ष्य से कम आपरेशन व चश्मा वितरण होने पर डीएम ने निर्देश दिया कि सीएमओ व बीएसए समन्वय कर आरबीएसके टीम के परीक्षण में चिन्हित किये गये शत-प्रतिशत बच्चों को शिक्षक दिवस के अवसर पर चश्मा वितरण सुनिश्चित करायें। स्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं को भोजन प्रदान किये जाने की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर डीएम ने सबसे खराब 05 स्वास्थ्य केन्द्रों के ब्लाक एकाउण्ट मैनेजर का स्पष्टीकरण प्राप्त किये जाने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाओं की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये गये कि अपने-अपने क्षेत्र के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टरों पर उपलब्ध कराई जाने वाली दवाओं की उपयोगिता की जांच करें। टीकाकरण कार्य की समीक्षा के दौरान डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिया गया कि वीएचएसएनडी दिवसों पर सम्बन्धित कार्मिकों की उपस्थिति का वीडियों कालिंग के माध्यम से सत्यापन कराया जाय। डीएम द्वारा एसएमओ को निर्देश दिया गया कि आगामी बैठक में टीकाकरण की उपलब्धि का तुलनात्मक चार्ट प्रस्तुत करें। डीएम ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य केन्द्रों में लैब से सम्बन्धित सभी उपकरणों व मशीनों को क्रियाशील रखा जाय ताकि मरीजों की जांच में किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि स्वास्थ्य केन्द्रों के औषधीय स्टोर में पर्याप्त मात्रा में सभी आवश्यक दवाओं की उलब्धता भी सुनिश्चित करायी जाय ताकि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को दवा प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या न हो। विभिन्न कार्यक्रमों के लिए नामित नोडल अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि स्वास्थ्य केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा कर आमजन को मानक के अनुसार चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना सुनिश्चित करें ।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, सीएमओ डॉ संजय शर्मा, सीएमएस डॉ एम.एम. पाण्डेय, डीपीएम सरजू खां, डीपीओ राज कपूर, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह सहित विभिन्न कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

जनपद के पांच शिक्षकों को मिलेगा मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान 2024 की घोषणा रविवार को कर दी गई। वर्ष 2012 से समाजवादी पार्टी लगातार शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य/योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित करती आ रही है। इसी क्रम में रविवार को समाजवादी शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने

- शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर लोहिया भवन गुलाबबाड़ी में आयोजन
- सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल होंगे मुख्य अतिथि

प्रेस कांफ्रेंस कर सम्मानित होने वाले शिक्षकों के नामों की घोषणा की। प्रेसवार्ता में जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा श्री सिंह ने बताया कि विगत वर्षों की भांति शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या 4 सितम्बर बुधवार अपराहन 1.00 बजे लोहिया भवन गुलाबाबाड़ी पर 5 शिक्षक / शिक्षिकाओं को ह्मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान 2023-2024ह्व भव्य समारोह में प्रदान किया जायेगा। मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान-2012 से अनवरत निश्चित तिथि एवं समय पर प्रदान किया जाता रहा है।

चयन समिति ने नये, पुराने प्राप्त बायोडाटा में सामन्जस्य स्थापित करते हुए 5 शिक्षकों/शिक्षिकाओं का चयन किया है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि हर पहलुओं को ध्यान में रखकर शिक्षकों का चयन किया गया है। चयन समिति में डॉ. घनश्याम यादव, संत प्रसाद मिश्र, विमल सिंह यादव, मृत्युंजय सिंह, तहसीलदार सिंह, प्रदीप कुमार तिवारी, दल सिंगार गोंड, जय प्रकाश चैरसिया, आनन्द शुक्ला, सत्य प्रकाश, डॉ हनुमान मिश्र शामिल रहे हैं। समिति ने श्रीमती मयूरी तिवारी, प्रधानाचार्या रामेश्वर प्रसाद सत्य नारायण इण्टर कालेज, शाहगंज, श्रीमती शबीब फात्मा, सहायक अध्यापिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय सनेथू, पूरा ब्लाक, डॉ. ताराचन्द तन्हा सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेवरा, शिक्षा क्षेत्र मवई, डॉ हीरा लाल यादव, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय वनखोदवा, मिल्कीपुर और डॉ. सौरभ पटेल, सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहगंज हैरिंग्टनगंज अयोध्या के नाम शामिल हैं।समाजवादी शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने बताया कि शिक्षक सम्मान समारोह के बाद उन्नयन गोष्ठी होगी। समारोह के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, विशिष्ट अतिथि शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एसपी सिंह पटेल, प्रदेश प्रमुख महासचिव डॉ. कमलेश यादव होंगे। जनपद के सभी पूर्व मंत्री / विधायक / सांसद, जिला अध्यक्ष / महानगर अध्यक्ष गोष्ठी को सम्बोधित करेंगे। सम्मान संस्थापक पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय हैं। यह कार्यक्रम शिक्षक सभा प्रतिवर्ष आयोजित करती है।

संक्षेप

तीन थाना क्षेत्रो मे नौ जुआरी गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना देवा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे 4 अभियुक्त दिलशाद पुत्र मो0 इस्लाम, मो0 इमरान पुत्र मो0 कज्जर, तुफैल उर्फ अन्ना पुत्र मो0 राजू, मो0 अकील पुत्र मो0 सलीम निवासीगण खेवली थाना देवा ताश के 52 पत्ते, मालफड़ जामातलाशी के कुल 1940 रुपए बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। इसी क्रम मे थाना कुर्सी पुलिस सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे 3 अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार पुत्र शत्रोहन, रामलाल पुत्र सोहनलाल, रिंकू पुत्र रघुनाथ निवासीगण ग्राम बसारा थाना कुर्सी को ताश के पत्ते, मालफड़ जामातलाशी के कुल 1180 रुपए बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। इसी क्रम मे थाना असन्द्रा पुलिस ने 2 अभियुक्त सद्दाम उर्फ पुल्हुर पुत्र सम्मू निवासी ग्राम जरगांवा, मो0 रफीक पुत्र अली अहमद निवासी सरैया थाना असन्द्रा को ताश के 52 पत्ते, मालफड़ जामातलाशी के कुल 550 रुपए बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

60 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

बाराबंकी। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 18 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 60 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

अध्यापक की बाइक चोरी

सूरापुर, सुलतानपुर । सूरापुर बाजार में स्थित उ0प्र0 ग्रामीण बैंक के सामने से प्राथमिक विद्यालय गौरा टिकरी अध्यापक की बाइक चोरी हो गई। कादीपुर थाना क्षेत्र के बनकेगांव निवासी घनश्याम पुत्र राम सनेही पुलिस दिए गए पत्र में बताया कि बाजार में स्थित उप्र ग्रामीण बैंक के सामने स्पलेंडर बाइक खड़ी कर बैंक में पैसा निकालने के लिए ग ?ए करीब 15 मिनट बाद निकले तो बाइक गायब हो गई थी। उन्होंने बताया कि गाड़ी की डिग्गी में अन्य बैंकों के पासबुक व चेकबुक के अलावा एटीएम कार्ड और गाड़ी सम्बंधित कागजात रखे थे। बैंक में लगा सीसी टीवी कैमरे में देखा गया कि एक लड़का बाइक पर कुछ देर बैठने के बाद चाभी लगाकर स्टार्ट कर चैक की तरफ बाइक लेकर गया। चैकी प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि परीक्षा ड्यूटी में हूं। घटना की जानकारी मिली है इसके बाद घटना की जानकारी लिखित तहरीर कादीपुर थाना कोतवाली में दिया गया।

अनियंत्रित बाइक पल्टी सेल्समैन घायल

मोतिगरपुर, सुलतानपुर । तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटने से बाइक सवार देशी शराब की दुकान का सेल्समैन गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी मोतिगरपुर भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर भेजा गया। थाना क्षेत्र के दियरा (कोड़रिया) निवासी कुलदीप शर्मा पुत्र राम शिरोमणि शर्मा (28 वर्ष) जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के खजूरी में देसी शराब की दुकान का सेल्समैन है। रविवार दोपहर वह बाइक से घर वापस लौट रहा था कि मोतिगरपुर-अहदा मार्ग पर मोतिगरपुर गांव के ब्लॉक मोड पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में घायल कुलदीप को राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से सीएचसी मोतिगरपुर पहुँचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया।

पार्टी की मजबूती के लिए काम करता रहूंगा : घनश्याम चौहान

सुलतानपुर (वीओएल)। भाजपा के वरिष्ठ जिला महामंत्री संघनिष्ठ घनश्याम चैहान को पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग का सदस्य मनोनीत किया गया है। उनके सदस्य मनोनीत होने पर पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष डॉ. आर.ए. वर्मा की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष समेत पार्टीजनों ने उनका माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा ने कहा घनश्याम चैहान का पार्टी के प्रति समर्पण अद्वितीय रहा है। उन्होंने हमेशा पार्टी के दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से किया है। उन्होंने जिला महामंत्री घनश्याम चैहान को पिछड़ा राज्य आयोग का सदस्य बनाऐ जाने पर बधाई दी और शीर्ष नेतृत्व का आभार व धन्यवाद प्रकट किया।क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी ने घनश्याम चैहान को पिछड़ा राज्य आयोग का सदस्य बनाए जाने पर क्षेत्र, प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया। उन्होंने घनश्याम चैहान को स्वाभिमानी, ईमानदार व संघर्षशील नेता बताया। पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि सम्मान समारोह को पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह, विधायक राजेश गौतम,पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सीताशरण त्रिपाठी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह छंगू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल,नगर पंचायत अध्यक्ष आनन्द जायसवाल आदि ने संबोधित करते हुए घनश्याम चैहान को बधाई व शुभकामनाएं दी। वक्ताओं ने कहा वह पार्टी के निष्कलंक व समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा मैं हमेशा कार्यकर्ता के रूप में पार्टी की मजबूती के लिए काम करता रहूंगा। संचालन जिला उपाध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने किया। इस मौके पर जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश जायसवाल, महामंत्री संदीप सिंह, उपाध्यक्ष आलोक आर्या व सुनील वर्मा, मंत्री राजेश सिंह, पूर्व महामंत्री संजय सोमवंशी, मंत्री विवेक सिंह विपिन, अखिलेश जायसवाल, इन्द्रदेव मिश्रा, नरेंद्र सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्दन नारायन सिंह, मंत्री जगदीश चैरसिया, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. रामजी गुप्ता, कोषाध्यक्ष पूजा कसौधन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा निषाद, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष सुमन राव कोरी, ब्लॉक प्रमुख डिंपल सिंह, सर्वेश मिश्रा, माटी कला आयोग सदस्य मंगरू प्रजापति, अयोध्या प्रसाद वर्मा आदि मौजूद रहे।

जानलेवा हमले में छह आरोपी गिरफ्तार

- दो हिस्ट्रीशीटर समेत आठ की तलाश जारी, 53 मुकदमे हैं दर्ज

अमेठी। कोतवाली के बेनीपुर गांव में दो दिन पहले पूरे परिवार पर जानलेवा हमला करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें दो सगे भाई हिस्ट्रीशीटर हैं, जिन पर कुल 53 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों में दो हिस्ट्रीशीटर, एक युवक और तीन महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है और घटना में शामिल अन्य 8 अभियुक्तों की तलाश जारी है।

घटना का मुख्य संदर्भ शुक्रवार सुबह का है, जब बेनीपुर गांव का निवासी कमल खान अपने परिवार के साथ दीवानी न्यायालय जा रहा था। तभी विपक्षी हिस्ट्रीशीटर हकीमुद्दीन और उसके परिजनों ने लाठी और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में कमल खान के एक बेटे की मौत हो गई और कमल खान व उसके दूसरे बेटे को गंभीर चोटें आई हैं। घायल दोनों का इलाज एम्स रायबरेली में चल रहा है। पुलिस ने घटना के तुरंत बाद 14 नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया और छापेमारी शुरू की। अमेठी बाईपास से मुख्य आरोपी हकीमुद्दीन, उसके भाई निजामुद्दीन और अन्य आरोपी युवक और तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। हकीमुद्दीन पर 34 और निजामुद्दीन पर 19 केस दर्ज हैं। गिरफ्तार महिलाओं पर भी पूर्व में मुकदमे दर्ज हैं। एसपी अनूप सिंह ने बताया कि हत्या और हमले में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। फरार 8 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी जारी है और जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक घायल

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। लखनऊ- बलिया राजमार्ग पर गोसाईगंज कस्बे में बाइक सवार को सामने से ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे युवक का हाथ टूट गया। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र फतेहपुर संगत निवासी अर्जुन उर्फ गोरे निषाद पुत्र गुड्डू निषाद शनिवार रात करीब दस बजे लखनऊ बलिया राजमार्ग के रास्ते बाइक से बरौंसा की तरफ से घर की ओर जा रहा था। अभी वह थाना क्षेत्र के गोसाईगंज में ग्रामीण बैंक के सामने पहुंचा था कि सामने से आ रही ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर गया। सड़क हादसे में युवक का एक हाथ टूट गया।

एडीए के दलों ने की मासिक बैठक विभिन्न समस्याओं पर की चर्चा

बाराबंकी। देवा रोड़ स्थित आरएलडी कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (एनडीए) की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन एड़वोकेट सुरेश चन्द्र गौतम व अध्यक्षता पूर्व विधायक/राष्ट्रीय लोकदल राष्ट्रीय महासचिव शिवकरन सिंह ने की। बैठक मे जनपद की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई, तथा सभी समस्याओं को चिन्हित कर निस्तारण हेतु कार्य योजना बनाई गई। बैठक में मुख्य रूप से अजय वर्मा, दिनेश चंद सैनी, राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष अखिलेश वर्मा, सुनीत अवस्थी एडवोकेट, रहमान अंसारी, कलीम खान, रामेश्वर निषाद मौजूद रहे।

'रेलमेध यज्ञ' आंदोलन चलाकर धर्मसेवक कर रहे यात्रियों की सेवा : अमित अवस्थी

बाराबंकी। अतिथियों का स्वागत मिष्ठान्न से करने की परम्परा को जनपद में धर्मजागरण ने 'रेलमेध यज्ञ' आंदोलन चलाकर साकार किया है। उक्त विचार

धर्मजागरण धाम संस्था संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी के नेतृत्व मे चलाये जा रहे मिष्ठान एंव जल वितरण कार्यक्रम मे त्रिवेदीगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियो को पेठा, गुड़ व जल वितरण कर रहे धर्मसेवको को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता विभाग सहसंयोजक सहदेव मौर्य ने व्यक्त किये। इस मौके पर राजू त्रिवेदी, पंकज सिंह, आदर्श मिश्र, देव बहादुर सिंह, पप्पू यादव, गजेंद्र सिंह, तेज बहादुर, चंद लाल मौजूद रहे।

पूर्व सांसद ने नहीं की मदद तो समाजसेवी महिला ने बेटी के पढ़ाई का उठाया जिम्मा

संग्रामपुर, अमेठी । विकास खंड के दादा का तारा बडगांव निवासी महिला समाजसेवी द्वारा क्षेत्र में असहाय व जरूरतमंद लोगों की आर्थिक सहायता प्रदान कर लगातार मदद की जा रही हैं। गरीबों की आर्थिक मदद के बाद अब महिला समाजेवी ने आर्थिक रूप से कमजोर पिता के बेटी की पढ़ाई का जिम्मा उठाया है। क्षेत्र के लोग महिला समाज सेवी के सराहनीय कार्य को लेकर प्रशंसा कर रहे हैं। बडगांव निवासी मेवालाल सोनी घर पर ही चाय की दुकान कर किसी तरह अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। उनके लिए बच्चों के पढ़ाई का खर्च उठाना मुश्किल हो जा रहा हैं। उनकी होनहार पुत्री मुस्कान सोनी कक्षा 10 अच्छे अंकों के साथ पास कर अमेठी कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में 11वीं की छात्रा हैं। लेकिन पिता की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के चलते बेटी की पढ़ाई स्थागित होने की स्थिति आ चुकी थी। ऐसे में महिला समाजसेवी सुमन सिंह को जब जानकारी हुई तो वह बेटी के घर पहुंची और 11 हजार रुपए की तत्काल आर्थिक मदद कर आगे की बेटी की पूरी पढ़ाई की जिम्मेदारी उठाने की बात कही। इतना ही नहीं महिला समाजसेवी सुमन सिंह ने कहा कि जिन बेटियों की आगे की पढ़ाई परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने से बाधित हो रही हैं। वह उन सभी बेटियों की आगे की पढ़ाई का जिम्मा उठाएंगी ।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने ग्राम दौलतपुर पहुंच खेती की नवाचारी विधियों की ली जानकारी

बाराबंकी। कृषि उत्पादन आयुक्त उ.प्र. शासन मोनिका एस गर्ग ने ग्राम दौलतपुर ने प्रगतिशील कृषक पदम श्री रामसरन वर्मा से मुलाकात कर केले की फसल व खेती की नवाचारी विधियो की जानकारी ली। उन्होने सहकारी समिति पर अधिकारियों को भेजकर खाद की उपलब्धता का स्थलीय सत्यापन करने के निर्देश भी दिए। इसके बाद कृषि उत्पादन आयुक्त ने याकूतगंज के किसान द्वारा धान की फसल की सिंचाई के लिये खेत में लगाई गई ड्रिप सिंचाई विधि का बारीकी से अवलोकन किया और किसान से बातचीत की। उन्होंने बेरिया स्थित कृषक की पॉलीहाउस में की जा रही (फ्लोरी कल्चर) फूलों की खेती को देखा। इस मौके पर डिप्टी डायरेक्टर उद्यान मुख्यालय लखनऊ पंकज शुक्ला, डिप्टी डायरेक्टर उद्यान अयोध्या मंडल गीता त्रिवेदी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, एसडीएम सदर राल्ला पल्ली जगत साईं, प्रशिक्षु आईएएस काव्या सी, डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर श्रवण कुमार, जिला उद्यान अधिकारी महेश कुमार श्रीवास्तव सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

चोरी की दो बाइक के साथ दो वाहन चोर गिरफ्तार

अमेठी । जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 31अगस्त को उ0नि0 बालकराम थाना जामो मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन व तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम दुलापुर से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 02 चोर उसी चोरी की मोटरसाइकिल से ग्राम दखिनवारा से जगदीशपुर की तरफ आ रहे हैं । मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम दखिनवारा के पास पहुंचकर चेकिंग की जाने लगी ।कुछ समय पश्चात एक मोटरसाइकिल पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखायी दिये, जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो वह मोटरसाइकिल मोड़कर भागने लगे तभी पुलिस टीम द्वारा दोनो व्यक्तियों को हिकमत अमली से घेर कर समय करीब 10.50 बजे रात्रि में मौके से ही गिरफ्तार किया गया ।दोनो व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर मोटरसाइकिल चालक ने अपना नाम सुमित सिंह पुत्र शिवकुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह निवासी जनापुर थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रमेश सिंह पुत्र शिवशरण सिंह निवासी ग्राम लालपुर थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 42 वर्ष बताया । बरामद मोटसाइकिल सं0 वढ44अश7168 के कागजात मांगने पर नहीं दिखा सके ।

भागने का कारण पूछने पर बताया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है जिसे हम दोनो लोगों ने 26अगस्त लोगों के पास एक और चोरी की मोटरसाइकिल है जिसकी नम्बर प्लेट बदलकर हम लोगों ने ग्राम अहद के पास झाड़ियों में छुपा दी है । अभियुक्तों की निशानदेही से उक्त मोटरसाइकिल को ग्राम अहद के पास झाड़ियों से बरामद किया गया । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जामो द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया ।

आल्हा का आयोजनः पारंपरिक लोकगीतों की धारा को जीवित रखने का प्रयास

संग्रामपुर, अमेठी । सावन के पावन महीने में जब चारों ओर हरियाली छाई होती है, उस समय लोकगीतों की धारा भी प्रवाहित होती है। इसी कड़ी में संग्रामपुर के ग्राम सभा मड़ौली में एक भव्य आल्हा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पारंपरिक भारतीय लोकसंस्कृति की सजीव झलक प्रस्तुत करता है, जहां श्रोतागण आल्हा की वीरता और साहसिक गाथाओं का आनंद उठाते हैं।

आल्हा का गायन प्रसिद्ध आल्हा गायक महेश शुक्ला भावापुर भादर द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने मधुर और जोशीले स्वर में वीर रस की गाथाओं को संजीवित किया। आल्हा गीतों में जोश, साहस और वीरता का ऐसा मिश्रण होता है जो श्रोताओं के रगों में रक्त को गर्म कर देता है। आल्हा गीतों में बुंदेलखंड की वीरता और उसके योद्धाओं की अमर गाथाएं गाई जाती हैं, जो श्रोताओं को एक अलग ही दुनिया में ले जाती हैं। इस आयोजन का प्रबंध और संयोजन सुभाष तिवारी मड़ौली द्वारा किया गया, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने इसे और भी भव्य बना दिया। इस मौके पर गया प्रसाद पाण्डेय, कुलदीप शुक्ला, एडवोकेट विभव तिवारी, लालजी पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, गया प्रसाद पाण्डेय रामकोला, गंगा प्रसाद पाण्डेय, दिनेश शुक्ला, विपिन बिहारी पाण्डेय, रामसुंदर तिवारी, ज्वाला प्रसाद मिश्रा आदि की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया। आल्हा गीत का आयोजन न केवल लोक संस्कृति के संरक्षण का माध्यम है, बल्कि यह सामूहिकता और उत्साह को बढ़ाने का भी एक साधन है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के दिलों को छूता है और उन्हें अपनी संस्कृति से जोड़ता है। ऐसी ही पहलें समाज को अपनी जड़ों से जोड़े रखने में सहायक सिद्ध होती हैं।

बौद्ध विहार सोइया में बैठक संपन्न

अमेठी। सिरमौर बौद्ध विहार संस्थान सोइया की मासिक बैठक रविवार को बौद्ध विहार पर हुई। बैठक में आठ सितंबर से 15सितम्बर तक सात दिवसीय वषार्वास कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया बैठक का आरम्भ पारम्परिक त्रिशरण पंचशील कार्यक्रम के साथ हुआ। बैठक में बौद्ध धर्म के अनुयाई और अम्बेडकर मिशन के प्रखर सामाजिक योद्धा, लेखक पेरियर ललई सिंह यादव की जयंती पर कोटि कोटि नमन किया गया।बैठक में वर्षा वास के अन्तर्गत प्रतिदिन विपश्यना, गांव भ्रमण और धम्म देशना के कार्यक्रम तय किए गए।बैठक की अध्यक्षता भंते प्रज्ञा मित्र और संचालन सचिव राम फल फौजी ने किया। भंते धम्मदीप, संजीव भारती,राम टहल बौद्ध,राम चंद्र, संजय कुमार, नागेश्वर बौद्ध, के पी सविता राजेश अकेला,,राम प्रताप,राज कपूर,डा नन्हे लाल, संतोष कुमार गौतम ललित कुमार,, नरेंद्र कुमार, अंकित कुमार, रामचंद्र सरस, श्याम लाल बेलखरी , बाबू लाल,किसुन पाल, प्रमोद कुमार एडवोकेट,राम सुख, हीरालाल बौद्ध, छोटे लाल बौद्ध , चौधरी बेंचू, मोती लाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

पालि भाषा को शास्त्रीय भाषा घोषित करें संस्कृति मंत्रालय

अमेठी। बैठक में भंते धम्मदीप ने कहा कि बौद्ध धर्म के सभी ग्रन्थ पालि भाषा में हैं। पालि भाषा प्राचीन भाषा है। उन्होंने संस्कृति मंत्रालय और केन्द्र सरकार से पालि भाषा को शास्त्रीय भाषा घोषित करने की मांग की। भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष के पी सविता ने कहा कि भगवान बुद्ध ने अपने सभी धम्मोपदेश पालि भाषा में दिए हैं। पालि भाषा का साहित्य अत्यंत विशाल है। संजीव भारती ने कहा कि देश के सभी बुद्ध वादी और अम्बेडकरवादी संगठनों की ओर से महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और संस्कृति मंत्रालय के सचिव को पत्र भेजकर केन्द्र सरकार से पालि भाषा को शास्त्रीय भाषा घोषित करने की मांग की गई है। विश्व बौद्ध महासंघ की आनलाइन बैठक 31अगस्त को आजमगढ़ में हुई है, बैठक में भारत में बौद्ध साहित्य के विकास पर गंभीर चिंतन किया गया है।

हैलो... आप लकी ड्रॉ में 10 लाख जीत गये बोल ठग ने लाखों ठगे

सुलतानपुर (वीओएल)। लगातार जन जागरुकता के बाद भी साइबर ठगों के लोक लुभावने वादे में फस लोग अपनी गाढ़ी कमाई लूटा दे रहे हैं। कुछ मामलों में साइबर पुलिस ठगों के खाते फ्रीज कर थोड़ा बहुत पैसा वापस तो दिला देते हैं, लेकिन ठगों पर विधिक कार्यवाही नहीं कर पाते हैं।

विधिक कार्यवाही नहीं होने से साइबर ठगों के हौसले बुलंद हैं, जिसके चलते लोग ठगी के शिकार हो रहें हैं। साइबर ठग इतने शातिर हो गए हैं कि अधिकारियों को भी नहीं छोड़ रहें हैं। धम्मौर थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बा निवासी संतोष कुमार ने पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा को शिकायती पत्र देते हुए अपने साथ हुई साइबर ठगी की जानकारी दी। पीड़ित ने बताया कि उसके बेटे के इंस्टाग्राम आईडी पर एक लिंक आया। साथ ही उसे फोन आया कि हम आपकी मदद करना चाहते हैं। आपका 10 लाख का लकी ड्रा निकला है। साथ ही उसने विश्वास दिलाने के लिए लोगों की मदद करने का एक विडियो भी इंस्टाग्राम पर भेजा। बताया कि आपको पैसा तभी मिलेगा जब आप एक लाख 11 हजार टैक्स जमा करोगे, उसके लिए उसने कई फोन नंबर भी भेजा। संतोष ने बताया कि तीन दिन में वह अपने खाते से 57 हजार व पत्नी के खाते से 54 हजार रुपए बताए गए नंबर पर भेज दिया। लकी ड्रा का रुपए मांगने के लिए जब फोन किया तो उसका फोन बंद आने लगा तो ठगी का एहसास हुआ। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने साइबर थाना प्रभारी को विधिक कार्यवाही का निर्देश दिया। साइबर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्जकर जांच पड़ताल की जा रही है।

चौपाल में पूर्व सांसद से बेटी ने पढ़ाई जारी रखने के लिए मांगी थी मदद

अमेठी। 2024 लोकसभा चुनाव के पहले बड़गांव में आयोजित चौपाल के दौरान अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति ईरानी से बेटी ने पत्र सौंपकर पिता की आर्थिक स्थिति ठीक न होने का हवाला देते हुए आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए मदद की मांग की थी। जिस पर सांसद ने उन्हें आगे की पढ़ाई जारी रखने में मदद करने का आश्वासन जरुर दिया था। लेकिन बार-बार प्रयास के बाद भी बेटी को पढ़ाई जारी रखने में सांसद से कोई मदद नहीं मिल सकी। किसी तरह पिता ने होनहार बेटी का 11वीं में एडमिशन तो जरुर करा दिया लेकिन पढ़ाई का खर्च उठाने में पिता को मुश्किले आने लगी। जिससे बेटी की पढ़ाई स्थागित होने की स्थित आ गई।

युग सृजन में युवाओं की भागीदारी जरूरी

सुलतानपुर (वीओएल)। अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से शहर के महुअरिया स्थित एक मैरिज लॉन में आयोजित जोनल युवा चिंतन गोष्ठी का रविवार को समापन हुआ। इस शिविर में उत्तर प्रदेश के 24 जिलों से 250 युवाओं ने भागीदारी की। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे प्रतिनिधि आशीष सिंह ने शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि युग सृजन के लिए युवाओं की भागीदारी की आवश्यकता है। भावनाशील, समयदानी, प्रतिभावान सेवाभावी युवाओ को गांव-गांव जाकर सृजन कार्यों से जोड़ना होगा। युवा नवभारत की निर्माण की धुरी है। अयोध्या जोन समन्वयक देशबंधु तिवारी ने कहा कि नए युवाओं को गायत्री परिवार से जोड़ने के लिए गांव-गांव तक हमको जाना होगा। शिविर में गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ द्वारा चलायी जा रही गतिविधियों की समीक्षा की गई। 24 जिलों ने अपने क्षेत्र के कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट देते हुए आगामी कार्यों की रूपरेखा बनाई एवं संकल्प लिया।

जीएनएम की अंजनी व एएनएम की अनीता बनीं मिस फेयरवेल

- केएनआईएमटी के नर्सिंग विभाग में फेयरवेल पार्टी का हुआ आयोजन

सुलतानपुर (वीओएल)। कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी के नर्सिंग संकाय में जीएनएम तथा एएनएम अंतिम वर्ष छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति के साथ जीएनएम तृतीय वर्ष की अंजनी विश्वकर्मा व एएनएम अंतिम वर्ष की अनीता पाल को मिस फेयरवेल के रुप में चुना गया।

शहर के बाईपास स्थित कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी के नर्सिंग संकाय में रविवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन जीएनएम प्रथम, द्वितीय व एएनएम प्रथम वर्ष छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद डायरेक्टर डा. महेश प्रसाद, प्रशासक राजेश दूबे एवं प्राचार्य रजनी नगपुरे ने मां सरस्वती एवं बाबू केएन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर की। तत्पश्चात निदेशक डा. महेश प्रसाद ने संस्थान के गौरवशाली इतिहास को सभी छात्राओं के समक्ष रखा एवं छात्राओं को सदैव अपने लक्ष्य के प्रति केन्द्रित रहने के लिए प्रेरित किया। प्रशासक राजेश कुमार दूबे ने छात्राओं को अपने आत्मबल को बढाने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है, सकारात्मकता के साथ मेहनत जरूर करें, जिससे जीवन में कभी भी परेशानियों का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम के मध्य में छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें जीएनएम प्रथम वर्ष की अल्का वर्मा एवं यशी ने राधा-कृष्ण का डांस कर सबका मन मोह लिया।

कार्यक्रम में सर्वसम्मति के साथ जीएनएम अंतिम वर्ष की छात्रा अंजनी विश्वकर्मा एवं एएनएम अंतिम वर्ष की छात्रा अनीता को मिस के रुप में चुना गया। रनर अप के रुप में जीएनएम तृतीय वर्ष की शिवानी मिश्रा रही। इस मौके पर शिक्षिका चन्द्रावती दूबे, रोमा चैधरी, सुरभि सिंह, अंशिका मिश्रा, आर्या त्रिपाठी, खुशबू वर्मा, श्रद्धा, प्रगति, तारा देवी, अंजलि, आरती वर्मा, छात्राओं में अनामिका पाण्डेय, क्षमा वर्मा, अन्नया दत्ता, प्रतीक्षा शुक्ला, रीमा वर्मा, तृप्ती मिश्रा, प्रियंका प्रजापति, शालिनी वर्मा, बबिता आदि मौजूद रहे।

वैभव ब्रेकर्स पर एक्सपायर डेट दूध बेचने का आरोप

अमेठी। कस्बे में खादय एवं रसद विभाग की लापरवाही के चलते एक्सपायर डेट हुए सामानो की बिक्री जोरों पर है जिसमें खाद्य सामग्री भी शामिल है। चाणक्यपुरी गली के पास स्थित वैभव बेकर्स पर एक्सपायरी डेट देने का आरोप ग्राहक द्वारा लगाया गया है। दूध एक्सपायरी डेट होने की शिकायत पर दुकानदार ग्राहक से दबंगई पर उतर आया और बिल न देकर उल्टा ग्राहक को धमकी देने लगा। पूरा मामला अमेठी कस्बे के चाणक्यपुरी का है। जहां निवासी अनिल त्रिपाठी द्वारा रविवार की दोपहर वैभव ब्रेकर्स के यहां दूध मंगवाया गया। दूध गर्म करते ही खराब हो गया। जिसके बाद अनिल त्रिपाठी द्वारा पाउच के ऊपर छपे डेट को चेक किया गया तो दूध एक्सपायर हो चुका था। ग्राहक द्वारा तुरंत दुकानदार वैभव बेकर्स के पास जाकर शिकायत कर पैसा वापस देने या बिल देने की मांग की गई। जिस पर दुकानदार दबंगई पर उतर आया और ग्राहक को धमकी देते हुए मौके से भाग जाने के लिए कहा। वही पीड़ित ग्राहक अनिल त्रिपाठी द्वारा मामले का एक वीडियो वायरल कर प्रशासन से कार्यवाही की मांग की गई है।

संक्षेप

तमंचा कारतूस सहित 1 अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा 1 अभियुक्त को 1 तमंचा व 2 कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। रविवार को थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त सुरेन्द्र पाल यादव उर्फ पप्पू यादव पुत्र राम दुलारे सिंह को एक तमंचा व 2 कारतूस जिन्दा सहित नगला भाऊ से गिरफ्तार किया गया।

युवक ने लगायी फांसी

मथुरा। नौहझील थाना क्षेत्र में परिजनों की डांट से नाराज युवक ने पेड़ से लटक कर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस से कार्रवाई करने से मना कर दिया। पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि रविवार सुबह क्षेत्र के कस्बा बाजना के लालपुर रोड पर साईं धाम कालौनी के समीप सड़क किनारे खड़े पेड़ पर राहगीरों ने एक व्यक्ति फांसी पर लटका देखा। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया और तत्काल सूचना इलाका पुलिस को दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह व उपनिरीक्षक अमित आनंद पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए मृतक युवक की पहचान 24 वर्षीय बलवीर पुत्र मोतीराम निवासी गांव पारसौली थाना नौहझील हाल पता रेवाड़ुपुरा कस्बा बाजना थाना नौहझील के रूप में की। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई और मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार परिजनों ने बताया कि युवक द्वारा शराब पीने पर परिजनों ने डांट लगा दी, जिससे आहत होकर युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर लटककर आत्महत्या कर ली।

खंडहर में मिला भिखारी का शव

मथुरा। जमुनापार थाना क्षेत्र अन्तर्गत विशनगंज के एक खंडहर मकान से आज सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैली है। पुलिस के अनुसार यह शव दो रोज पुराना प्रतीत हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार विशनगंज के खंडहर मकान में कुछ समय से देवेन्द्र सिंह उर्फ डब्बू (60) पुत्र कुंवरपाल रहा करता था, जो मूलरूप से शहर के धौलीप्याऊ क्षेत्र का निवासी बताया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के कानों से खून बह रहा है, जिससे लगता है कि उसकी मौत सिर में गंभीर चोट आने से हुई है। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है, जिससे वास्तविकता का पता लग सके। लोगों का कहना है कि यह व्यक्ति काफी समय में इस क्षेत्र में भिक्षावृत्ति कर अपना जीवनयापन कर रहा था।

भाजपा विधायक को धमकी देने वाले का नंबर संदिग्ध

मथुरा। मांट से भाजपा विधायक को जान से मारने की धमकी देने वाले का मोबाइल नंबर पुलिस ट्रेस नहीं कर पाई है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि नंबर संदिग्ध है। अभी तक कुछ भी जानकारी नहीं लगी है। गत दिनों बसपा सुप्रीमो मायावती को प्रदेश की अब तक की सबसे भ्रष्टतम मुख्यमंत्री बताने वाले भाजपा के मांट से विधायक राजेश चैधरी ने यह टिप्पणी की थी जिसके बाद सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर इसको लेकर आरोप-प्रत्यारोपों का दौर चलता रहा। अभी एक रोज पहले ही विधायक की ओर से शहर कोतवाली पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गयी कि गत 25 अगस्त को रात्रि 8.47 बजे उनके मो. नंबर पर 9616765749 से फोन आया। फोन करने वाले ने उन्हें व उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति को जन आंदोलन करने का शंखनाद

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के एक हिस्से में बनी शाही मस्जिद ईदगाह को हटाकर कब्जाई गई भूमि विराजमान ठाकुर केशव महाराज को सौंपने के लिए चल रही कानूनी लड़ाई के साथ-साथ अब दुनिया भर में जन आंदोलन शुरू किया जाएगा। रविवार को श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि 27 नवंबर में अंतर्राष्ट्रीय धर्म संसद का आयोजन वृंदावन में किया जाएगा। इसमें वृहद स्तर पर जन आंदोलन शुरू करने की संत महात्मा रणनीति तय करेंगे।

वृंदावन स्थित श्रीकृष्णा इंटरनेशनल होटल में श्रीकृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास और श्री कृष्ण जन्म भूमि विवाद के वादी अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि न्यायालय में श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास श्री कृष्ण जन्म भूमि की करीब 13 एकड़ भूमि है। इसी भूमि पर ठाकुर केशव देव जी महाराज विराजमान थे, लेकिन मुगल बादशाहों ने ठाकुर जी के भव्य मंदिर को तोड़कर करीब ढाई एकड़ जमीन पर शाही मस्जिद ईदगाह का निर्माण करा दिया था। तभी से इस ढाई एकड़ जमीन को कब्जा मुक्त करने का विवाद चला आ रहा है। यह मामला हाइकोर्ट में विचाराधीन है। उन्होंने बताया कि इस संघर्ष को जन आंदोलन के रूप में दुनिया भर में खड़ा किया जाएगा। इसके लिए 27 नवंबर को वृंदावन में अंतर्राष्ट्रीय धर्म संसद का आयोजन किया जाएगा। सनातन धर्म संस्कृति की रक्षा का कार्य श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास कर रहा है। न्यास से दुनिया भर के संत महात्मा जुड़े हुए हैं। और जुड़ने का कार्य जारी है। श्री पंच खंड पीठ पावन धाम आश्रम विराट नगर जयपुर आचार्य सोमेंद्र महाराज ने कहा श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास न्यायालय में कानूनी लड़ाई के साथ अब एक जन आंदोलन शुरू करने के लिए जा रहा है। इसके लिए 27 नवंबर में होने वाली धर्म संसद में रणनीति तय की जाएगी स्पेन के संत स्वामी उमेश योगी ने कहा कि श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास ने जो संघर्ष आरंभ किया गया है, वह तब तक जारी रहेगा, तब तक श्री कृष्ण जन्म भूमि पर भव्य मंदिर बनकर तैयार नहीं होता है। उनका कहना था कि इसके लिए अगर महाभारत करना भी पड़ेगा तो फिर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 13 देशों में हिंदू एकजुट होकर अपने आराध्य की भूमि को मुक्त कराने के लिए आन्दोलन करने के लिए तैयार हैं। श्री दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मणिन्द्र जैन ने कहा, जैन धर्म में भी श्री कृष्ण की एक अन्य रूप में पूजा होती है। हमारे पंथ और संप्रदाय अलग अलग हो सकते हैं, मगर हम सभी का लक्ष्य है।

पांच दिन रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

मथुरा। महानगर के प्रमुख तिराहा भूतेश्वर पर गंगाजल आपूर्ति के लिए पाइप - लाइन बिछाये जाने के कार्य के चलते पांच दिन ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत मथुरा पुनर्गठन पेयजल योजना मे प्रस्तावित भूतेश्वर स्थित भूमिगत जलाशय से मनोहरपुरा ठेक नारनॉल स्थित उच्च जलाशय को गंगाजल आपूर्ति हेतु पाइपलाइन विछाये जाने का कार्य किया जा रहा है इस पाइप लाइन को सियाराम नमकीन भण्डार भूतेश्वर तिराहे पर पाइपलाइन गैप को पूर्ण किया जाना शेष है इस कार्य को लेकर दो सितम्बर को रात्रि 10 बजे से आरम्भ किया जायेगा जो कि सात सितम्बर तक दिन रात चलेगा। उक्त कार्य अवधि में मथुरा शहर का यातायात निम्न प्रकार संचालित होगा। गोवर्धन चैराहा, मण्डी चैराहा से भूतेश्वर तिराहे होते हुए बस अड्डा और मथुरा शहर को जाने वाले समस्त कॉमर्शियल वाहन, रोडवेज बसे, ओटो, ई-रिक्शा, ट्रैक्टर व बड़े वाहन हाइवे कट एवं पुराना आरटीओ कट से बस अड्डा या मथुरा शहर के लिये जा सकेंगे तथा उसी रास्ते से बापस जायेगे। गोवर्धन चौराहा, मण्डी चौराहा से भूतेश्वर तिराहे होते हुए जन्मभूमि की ओर जाने वाले समस्त कॉमर्शियल वाहन, ओटो, ई- रिक्शा, ट्रैक्टर व बड़े वाहन पोतरा कुण्ड लिंक मार्ग, गोकुल रेस्टोरेन्ट, मसानी मार्ग से जा सकेंगे तथा उसी मार्ग से वापस जा सकेगे। बस अड्डा से गोवर्धन चौराहा, मण्डी चौराहा की ओर जाने वाले समस्त कॉमर्शियल वाहन, ओटो, ई रिक्शा, ट्रैक्टर व बड़े वाहन महोली रोड बीएसए तिराहे से एनएच-19 होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। नया बस स्टेण्ड एवं रेलवे स्टेशन से भूतेश्वर तिराहा होते हुए श्री कृष्ण जन्मभूमि एवं वृन्दावन जाने वाले वाहन ऑटो, ई-रिक्शा डायवर्जन क दौरान स्टेट बैंक चैराहा से भरतपुर गेट, डींग गेट तिराहा होते हुए जा सकेगे तथा उसी रास्ते वापस आ सकेंगे। मसानी चैराहा से भूतेश्वर तिराहा होते हुए गोवर्धन चैराहा, मण्डी चैराहा को जाने वाले ऑटो, ई-रिक्शा व चार पहिया वाहन एवं कॉमर्शियल वाहन गोकुल रेस्टोरेन्ट होते हुए गोवर्धन चैराहा व मण्डी चौराहा की जा सकेंगे। मथुरा शहर से भूतेश्वर तिराहा होते हुए गोवर्धन चौराहा मण्डी चैराहा जाने वाले ऑटो ई-रिक्शा कॉमर्शियल/चार पहिया वाहन महोली रोड बीएसए तिराहा से एनएच-19 होते हुए गोवर्धन चौराहा व मण्डी चौराहा जा सकेगे आवश्यकता पड़ने पर मछली फाटक पुल ढलान (टैंक चैराहा की ओर से ऑटो ई-रिक्शा एवं कॉमर्शियल वाहन व अन्य वाहन रोडवेज बसे धौली प्याऊ होते हुए एनएच-19 की ओर डायवर्ट किये जायेगे। इसके अतिरिक्त आकस्मिक सेवाओं से जुड़े हुए समस्त वाहन एम्बूलेन्स/फायर सर्विस आदि उक्त प्रतिबन्धों से मुक्त रहेगे।

चोरी की ईको कार व स्कूटी सहित वाहन चोर गिरफ्तार

टूंडला। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा वाहन चोरी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को चोरी की 01 ईको कार व 01 स्कूटी सहित गिरफ्तार किया गया है। बता दें पीताम्बरा गेस्ट हाउस एटा रोड थाना टूण्डला क्षेत्र से दिनांक 25/26-08-2024 को एक ईको कार चोरी हुयी थी जिसके सम्बन्ध में वाहन स्वामी संजीव कुमार तोमर पुत्र राजपाल सिंह निवासी कैला नगर फिरोजाबाद रोड थाना टूण्डला के द्वारा थाना टूण्डला पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। उक्त चोरी गयी ईको कार को सीसीटीवी कैमरों से दो अभियुक्तगण को जो एक लाल रंग की टीशर्ट पहने तथा एक नीले चैक सर्ट पहने एटा की तरफ ले जाते हुए देखा गया। एसएसपी फिरोजाबाद द्वारा चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं चोरो के विरूद्ध प्रचलित अभियान के अंतर्गत थाना टूण्डला प्रभारी अनुज कुमार व उप निरीक्षक आदेश कुमार द्वारा पुलिस टीम के साथ रविवार को शान्ति व्यवस्था चैकिंग गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर वाहन चोरी करने वाले एक अभियुक्त आनन्द पुत्र निरंजन लाल निवासी आवास विकास कालौनी एटा रोड थाना कोतवाली नगर जिला एटा को तहसील टूण्डला से प्रतापपुर रोड पर बने शमशान घाट थाना क्षेत्र टूण्डला से 1 ईको कार व 1 स्कूटी सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बरामदगी गिरफ्तारी के आधार पर थाना टूण्डला पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

जेल से छूटने के बाद ही जिला जेल परिसर में हिंदू वादियों ने की नारेबाजी

आगरा। आपको याद होगा कि सावन के महीने में दो लोगों ने बोतल में गंगाजल लेकर ताजमहल में प्रवेश किया और वहां गंगाजल भी चड़ा दिया। जिस पर ताजमहल के सीआईएफ चाहिए सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ा उसके बाद जेल भेज दिया गया दोनों को। यह श्रावण मास में ताजमहल में गंगाजल चढ़ाने का मामला बहुत ज्यादा चर्चा का विषय और अखबार न्यूज चैनलों की सुर्खियां बन गया। आपको यह भी बता दें यह मामला 3 अगस्त का है मुख्य स्मारक मैं बोतल से चढ़ाया था गंगाजल। जिला जेल परिसर में जमकर नारेबाजी पानी की बोतल में गंगाजल होने का दावा भी किया गंगा जल चढ़ाने वाले दोनों लोगों की 22 तारीख को हुई थी जमानत 31 अगस्त को जेल से हुए रिहा। 3 अगस्त को ताजमहल मुख्य स्मारक में बोतल से चढ़ाया था जल 28 दिन तक जेल में बंद रहने के बाद जब रिहा हुए तो उनका स्वागत आगरा से लेकर मथुरा तक किया गया सभी हिंदूवादी इस दौरान इकट्ठे हुए और जमकर स्वागत के साथ नारेबाजी की।

टीकाकरण बीमारियों से बचाव का सबसे अच्छा तरीका

आगरा। टीकाकरण से वंचित झिझक, उदासीन, प्रतिरोधी परिवारों को मोबिलाइज कर टीकाकरण कराने के लिए शनिवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरा के कार्य क्षेत्र में आने वाले श्यामा फैक्ट्री, झुग्गी, झोपड़ी में यूएचएसएनडी सत्र का आयोजन किया गया। यूएचएसएनडी सत्र पर स्वास्थ्य विभाग की टीम, सदर तहसील से तहसीलदार अबिचल प्रताप सिंह, लेखपाल सुरजन सिंह, यूनिसेफ संस्था के ब्लॉक मोबिलाइजेशन कोऑर्डिनेटर (बीएमसी) और स्थानीय प्रभावशाली द्वारा टीकाकरण से इनकार करने वाले परिवारों से टीकाकरण करने के लिए संपर्क किया साथ ही टीकाकरण के महत्व और टीकाकरण से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक भी किया। टीकाकरण के लक्षित परिवारों के सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि यह टीकाकरण अभियान शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को 11 जनलेबा बीमारियों (टी.बी, पोलियो, पीलिया, गलघोटू, टेटनेस, काली खांसी, निमोनिया, दस्त, खसरा) से बचाव के लिए चलाया जा रहा हैं। अपने बच्चों को बीमारियों से बचाव करने के टीकाकरण करना सबसे अच्छा तरीका हैं। सदर तहसील से तहसीलदार साहब ने परिवारों को समझाते हुए कहां कि टीकाकरण एक सुरक्षित और प्रभावी तरीका है जिससे हम अपने बच्चों को कई गंभीर बीमारियों से बचा सकते। स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों को टीके की महत्ता समझा रही है, हम समुदाय को स्वस्थ रखने के लिए अपने बच्चों को टीके लगवा कर मदद कर सकते हैं। टीकाकरण के माध्यम से बच्चों को होने वाली जानलेवा बीमारिओं को होने से रोका जा सकता है। इस मौके पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरा से फार्मासिस्ट अनुज अवस्थी, एएनएम दुर्गेश, प्रभावशाली बबलू सहित यूनिसेफ के बीएमसी धर्मवीर सिंह उपस्थित रहे।

- **तहसीलदार और लेखपाल ने मिलकर फैक्ट्री, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के परिवारों को टीकाकरण के प्रति किया जागरूक**

प्रधानमंत्री की सदस्यता के साथ होगा सदस्यता का अभियान शुरू : निर्भय

मथुरा। जिला भाजपा का सदस्यता अभियान 2 सितंबर से शुरू हो रहा है। पहले दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पीएम नरेंद्र मोदी को सदस्य बनाएंगे। इस बाद उप्र में सीएम योगी 3 सितंबर को सदस्यता लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सीएम योगी को सदस्य बनाएंगे। जिला भाजपा ने रविवार को होटल माधव मुस्कान रेजीडेंसी पर कार्यशाला का आयोजन किया। सदस्यता अभियान कार्यशाला में आए स्कूल कॉलेजों के सभी छात्रों को भाजपा की सदस्यता लेने और अन्य लोगों को सदस्यता दिलवाने हेतु प्रेरित किया। कार्यशाला की अध्यक्षा कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने अवगत कराया किसदस्यता अभियान से व्यापक जनसंपर्क करते हुए जन मानस को भाजपा परिवार से जोड़ने का काम करना है। हम फिर एक बार सदस्यता अभियान से हर व्यक्ति व हर वर्ग तक पहुंचकर लोगों को भाजपा से जोड़ने का काम करेंगे। सदस्यता अभियान को सर्वस्पर्शी, सर्वग्राही एवं सर्व समावेशी बनाने के लिए केंद्र के साथ ही प्रदेश, जिला व मंडल स्तर पर आयोजित कार्यशालाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रत्येक पदाधिकारी को व्यक्तिगत सदस्यता के साथ अपने निवास के बूथ की सदस्यता में भी सहभागिता करना है। साथ ही कैंप लगाकर तथा सामूहिक रूप से घर-घर जाकर अपने-अपने विभाग एवं प्रकोष्ठ की सदस्यता के लक्ष्य को प्राप्त करना है जिसको 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके भाजपा की सदस्यता ग्रहण की जा सकती हैं। जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया कि संगठन द्वारा नए सदस्य पूरे भारत वर्ष में बनाए जायेंगे, भाजपा की सदस्यता लेने के लिए सभी लोग उत्सुक है। कार्यशाला में कोसी चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, अजय परखम, आकाश चौधरी, जिला सह मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, सुजान चैधरी, जिला सह मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, खेम कुमार, विनेश, दीपेंद्र, सूरज, दीपक, कुश, अंशुल, लक्ष्मण, देशराज, तरुण, हेमंत, लकी व अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

टूंडला रेलवे स्टेशन से मां वैष्णो देवी धाम कटरा के लिए सीधी ट्रेन

टूंडला। संगम नगरी प्रयागराज से एक सीधी ट्रेन मां वैष्णो देवी धाम कटरा के लिए सूबेदारगंज-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा जम्मू मेल 5 सितंबर से शुरू हो जाएगी। समय सारिणी जारी हो गई है। यह ट्रेन नए नम्बर संख्या 20433 सूबेदारगंज स्टेशन से हर दिन चलेगी और लगभग साढ़े 22 घंटे में मां वैष्णो देवी कटरा पहुंचेगी। पहले यह ट्रेन दिल्ली से मां वैष्णो देवी कटरा तक चलती थी। अब इसे सूबेदारगंज तक विस्तार दिया गया है। रेलवे बोर्ड की ओर से संयुक्त निदेशक कोचिंग संजय आर नीलम ने इसके लिए उत्तर रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को 6 जून 2024 नोटीफिकेशन पत्र भेज दिया था। इसी आधार बोर्ड ने ट्रेन को सूबेदारगंज तक चलाने का निर्णय लिया है। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज की ओर से जारी समय सारणी के अनुसार, सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन से सुबह 10.35 बजे ट्रेन रवाना होगी। टूंडला रेलवे स्टेशन पर यह ट्रेन सायं 3:58 पर पहुंच कर 4:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 9.15 बजे कटरा पहुंच जाएगी। ट्रेन का ठहराव फतेहपुर, गोविंदपुरी, अलीगढ़ रेलवे स्टेशनों पर भी दिया गया है। ट्रेन शाम 7.50 बजे दिल्ली पहुंचेगी। 15 मिनट ठहराव के बाद रात 8.05 बजे ट्रेन दिल्ली से कटरा वैष्णो देवी धाम के लिए रवाना होगी। दिल्ली से कटरा के बीच ट्रेन उन्हीं स्टेशनों व रूट से जाएगी, जहां से वर्तमान में इसका संचालन हो रहा है। वापसी में नए ट्रेन नंबर 20434 मां वैष्णो देवी धाम कटरा से दोपहर 12.45 बजे चलेगी, जो सुबह 4.05 बजे दिल्ली, टूंडला रेलवे स्टेशन सुबह 7:06 पहुंच कर दोपहर 3.20 बजे सूबेदारगंज पहुंचेगी। इस ट्रेन में एसी फर्स्ट, एसी टू, एसी थ्री, स्लीपर व सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। क्षेत्रीय रेल परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे के सदस्य श्री कृष्ण गौतम ने ट्रेन के संचालन पर खुशी जाहिर करते हुए महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे एवं रेलवे बोर्ड के अधिकारियों का शारदीय नवरात्र से पहले टूंडला वासियों एवं माता के भक्तों को उपहार देने के लिए आभार व्यक्त किया है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने की जनसुनवाई

- **पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने अपने सिरसागंज स्थित कैंप कार्यालय पर जनसुनवाई का आयोजन किया**

फिरोजाबाद। शासन की प्राथमिकता है कि शासन के प्रतिनिधि लोगों के बीच उपस्थित रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करें जिससे शासन और आम नागरिकों की बीच की दूरी कम हो सके, साथ ही शासन का लोक कल्याण स्वरूप निकलकर सामने आए। इसी जनहित कार्य की विचारधारा को फलीभूत करने हेतु पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने सिरसागंज स्थित कैंप कार्यालय पर जनसुनवाई का आयोजन किया, जिसमें दूर- दराज क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं को पर्यटन मंत्री के समक्ष रखा।

कैबिनेट मंत्री ने समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और कुछ का उन्होंने तुरंत समाधान प्रस्तुत किया। एक प्रार्थी जितेंद्र ने जो कि गांव हरदासपुर का रहने वाला है जब उसने अपनी विषम परिस्थितियों को मंत्री रखा कि 29 हजार रुपए राम किशोर नामक व्यक्ति ने उसके ले लिए हैं और वापस देने से इनकार कर रहा है, इस पर केबिनेट मंत्री ने एसएचओ को तुरंत विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए, इससे प्रार्थी के चेहरे पर संतोष और सुरक्षा दोनों का भाव नजर आया। इसी तरह विनोद कुमार शर्मा नामक प्रधान ने जब एक लेखपाल की भ्रष्टाचार की शिकायत की तो उन्होंने तुरंत उप जिलाधिकारी को अपने स्तर से जांच करने के निर्देश दिए। इसी तरह से कानून व्यवस्था, गांव की साफ-सफाई, अवैध कब्जा, पेंशन और आवास न मिलने की शिकायत आई, जिनका समाधान उन्होंने तत्काल किया। केबिनेट मंत्री ने आए हुए नागरिकों को छोटी-मोटी समस्याओं को सहमति और सुझाव से समझाने की बात भी की और साथ ही उन्होंने आए हुए नागरिकों को आश्वासन दिया कि आपके साथ न्याय होगा, किसी भी प्रकार का कोई अन्याय बर्दाशत नहीं किया जाएगा। एक व्यक्ति जो अपने बच्चों के साथ आया था उसने कंप्यूटर ऑपरेटर हेतु आवेदन किया था उसकी सिफारिश भी की उसका चयन इस पद पर हो जाए इस पर केबिनेट मंत्री ने कहा कि अगर आपका बच्चा योग्य है, इस पद के सारे मापदंड को पूरा करता है तो निश्चित ही उसका चयन होगा क्योंकि हमारी सरकार की प्राथमिकता ही है शत-प्रतिशत गुणवत्ता, ईमानदारी और निष्पक्षता इस तरह पर्यटन मंत्री ने आए हुए समस्त नागरिकों की समस्याओं को सुना और उसको शीघ्र ही दूर करने का आश्वासन दिया।

कुष्ठ रोगी खोजी अभियान आज से

मथुरा। जिले में कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के तहत सोमवार से स्वास्थ्य विभाग की 2850 टीम घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की खोज करेंगी और लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरुक करेंगी। इन टीमों का 570 पर्यवेक्षक निगरानी करेंगे। इस अभियान को 2 से 15 सितंबर तक चलाया जाएगा। राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।

सीएमओ डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि कुष्ठ रोग कोई दैवीय आपदा या ईश्वर का शाप नहीं है. बल्कि यह एक बीमारी है, जो किसी को भी हो सकती है कुष्ठ रोग को शाप या छुआछूत का रोग समझकर कुष्ठ रोगी से भेदभाव न करें। कुष्ठ रोग के शुरूआती लक्षणों में त्वचा पर चमड़े के रंग से हल्के या गहरे रंग के दाग-धब्बे हो सकते हैं, जो सुन्न होते हैं और इनमें दर्द नहीं होता है। अगर किसी के शरीर पर ऐसे कोई दाग-धब्बे दिखाई दें तो स्वास्थ्य विभाग की टीम को बताएं।

मस्जिद प्रवेश गेट के पास लगे स्टॉपर पर खड़े होकर हंगामा करने वाला गिरफ्तार

मथुरा। थाना गोविन्द नगर क्षेत्र अंतर्गत शहर की शाही ईदगाह मस्जिद के समीप रविवार दोपहर एक सिरफिरे युवक को मस्जिद प्रवेश गेट के पास लगे स्टोपर पर खड़े होकर हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस की कई एजेंसी आरोपी युवक से पूछताछ करने में जुटी है। रविवार दोपहर शाही ईदगाह मस्जिद पर तैनात सुरक्षाकर्मियों के पसीने उस समय छूट गए, जब एक युवक ने ईदगाह को उड़ाने की धमकी दी। इसके बाद युवक दौड़कर एक कार में बैठ गया और खुद पर पेट्रोल डाल लिया। ये देख सुरक्षा जवानों के पसीने छूट गए। कार अंदर से लॉक कर ली। पुलिस ने कार के शीशे तोड़कर उसे बाहर निकाला और गिरफ्तार कर थाने ले गई। घटना करीब एक बजे की बताई जा रही है। जब शाही ईदगाह के गेट पर सुरक्षा जवान मुस्तैदी के साथ खड़े थे, तभी एक युवक वहां आ पहुंचा। इसके बाद उसने खुद पर पेट्रोल डाल लिया। ये देख सुरक्षाकर्मी हैरान रह गए। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत ही कार के शीशे तोड़ दिए और युवक को बाहर निकाल लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पुष्पेन्द्र चैधरी बताया। पुष्पेन्द्र थाना जमुनापार क्षेत्र की मीरा विहार कॉलोनी का रहने वाला है।

डीपीआरओ को ग्राम पंचायतों के निरीक्षण में मिलीं खामियां, सचिव आवास में मिला भूसा स्टोर

मथुरा। मांट में जिलाधिकारी के निर्देशन पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा विकास खंड मांट की चार ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई सही न मिलने पर ग्राम प्रधान वा सचिव पर नाराजगी जताते हुए तत्काल साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चैधरी द्वारा विकास खंड मांट की ग्राम पंचायत डांगौली, बोगामापुर, जहांगीरपुर, भीम में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत डांगौली के मजरा मिल्क में बने आरआरसी सेंटर पर इंजीनियर द्वारा सही से कार्य न करने पर कार्रवाई की बात कही। ग्राम पंचायत जहांगीरपुर में गलियों में व्याप्त गंदगी को लेकर ग्राम प्रधान को तत्काल साफ सफाई करने के निर्देश दिए। वहीं सचिव आवास में भूसा रखने पर सचिव, प्रधान को फटकार लगाई। तत्काल इसको खाली कर मरम्मत करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए पंचायत घर में आंगनवाड़ी केंद्र का पौषहार रखा होने पर ग्राम प्रधान को हटाने को आदेश दिए। ग्राम पंचायत में भीम में आरआरसी सेंटर बनाए जाने को कहा। इस मौके पर एडीओ पंचायत रामकुमार शर्मा, महेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत राहुल चैधरी, ग्राम प्रधान गणेश बघेल, कुमरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने महिला टीचर की हत्या का किया खुलासा एक अभियुक्त गिरफ्तार

- **वाँछित अभियुक्ता सीमा यादव ने कमलेश से लिए करीब 50 लाख के कर्ज को न देने के एवज में करवायी थी हत्या**

फिरोजाबाद। थाना नसीरपुर पुलिस टीम ने 26-08-2024 को एक महिला सरकारी टीचर की हुई हत्या का अनावरण करते हुए प्रकाश में आए 1 वाँछित अभियुक्त बिल्लू उर्फ सागर को गिरफ्तार कर कब्जे से घटना में प्रयुक्त आई-10 गाड़ी बरामद की गई।

दिनांक 27-08-2024 को मृतका महिला टीचर के पुत्र चिराग यादव की तहरीर के आधार पर थाना नसीरपुर पर हत्या का केस पंजीकृत किया गया था। एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित ने घटना के खुलासे हेतु एएसपी ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया था। गठित पुलिस टीम ने ठोस सुरागरसी पतारसी आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर खास की सूचना पर हत्या में प्रकाश में आए वाँछित अभियुक्त बिल्लू उर्फ सागर पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम नगला गोकुल थाना बसई मौहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद को नौरंगी घाट बटेश्वर रोड़ से घटना में प्रयुक्त आई-10 गाडी सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के आधार पर अन्य विधिक कार्यवाही की गई है। साथ ही मुकदमा उपरोक्त में अन्य प्रकाश में आए वांछित अभियुक्तगण हरीशंकर उर्फ हरिओम पुत्र अरविन्द निवासी नगला गुरूकुल थाना बसई मोहम्मदपुर जिला फिरोजाबाद, टीटू उर्फ संदीप यादव पुत्र हरीबाबू निवासी हुकमपुरा नगला केहरी थाना घिरोर जनपद मैनपुरी, सीमा यादव पत्नी योगेन्द्र सिंह निवासी एदलनगर आसफाबाद थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद की गिरफ्तारी पर एसएसपी फिरोजाबाद ने सभी पर 10-10 हजार का पुरस्कार घोषित किया है। वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा सम्भावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। हत्या का अनावरण करते हुए एएसपी ग्रामीण ने बताया गिरफ्तार अभियुक्त बिल्लू उर्फ सागर पुत्र स्व0 रामप्रकाश निवासी नगला गोकुल थाना बसई मोहम्मदपुर जिला फिरोजाबाद की फिरोजाबाद में बरी चौराहे पर मोटर साइकिल रिपेयरिंग की दुकान है जिस पर वह और उसका साला टीटू उर्फ सन्दीप यादव पुत्र हरीबाबू निवासी ग्राम नगला केहरी थाना घिरोर जिला मैनपुरी काम करते थे। नगला एदल आसफाबाद की रहने वाली सीमा से उसकी दोस्ती थी एवं अभियुक्त का उसके घर पर आना जाना था। चन्द्रवार गेट की रहने वाली कमलेश जो सरकारी टीचर थीं, उनका भी सीमा के घर पर आना जाना था। सीमा आंगनवाडी व प्रोपर्टी डीलिंग का काम करती थी तो अभियुक्त बिल्लू भी कभी कभी इनका काम देख लिया करता था। सीमा ने कमलेश से धीरे धीरे कर वर्ष 2019 से लगभग 50 लाख रुपए उधार ले लिये थे जो कमलेश अब सीमा से रोज-रोज तगादा करती थीं जिससे सीमा परेशान होंने लगीं और सीमा ने ये बात अभियुक्त बिल्लू को बताई कि कमलेश को रास्ते से हटाना है। इस पर अभियुक्त बिल्लू अपने साले टीटू व गाँव के ही रहने वाले हरीशंकर को सीमा के पास लेकर गया और सबने कमलेश को मारने का प्लान बनाया और सीमा से हरीशंकर व टीटू को यह काम करने के लिये एक एक लाख रुपए देने की बात तय हुई फिर सब लोगों ने जन्माष्टमी वाले दिन दिनांक 26.08.2024 को दोपहर में यह काम करने का प्लान बनाया। 26.08.2024 को सीमा ने कमलेश को आसफावाद रेलवे ब्रिज के नीचे बुला लिया और प्लान के मुताबिक बिल्लू टीटू और हरिशंकर तीनों भी गाडी लेकर पुल के नीचे पहुँचगए पुल के पास सीमा तथा कमलेश आ गयी जिनको उन्होंने गाडी में पीछे वाली सीट पर बिठा लिया और प्लान के अनुसार मटसेना रोड पर लेकर गाडी को चल दिये। और ग्राम घडी चकरपुर पार करने के बाद सुनसान जगह देखकर हरीशंकर, सीमा व टीटू ने मिलकर कमलेश के दुपट्टे से ही उसका गला घोंट दिया। और बिल्लू लगातार गाडी को चलाता रहा। जब कमलेश की मृत्यु हो गयी तो उसके लाश को लगाने के लिये पुनन्छा गांव की तरफ गये और चारों लोग गाडी से पुनन्छा वाले रोड पर पहुँचे और एक मोड के पास सुनसान जगह देखकर कमलेश की लाश को रोड के किनारे खाई में फेक दिया और वहां से आगे चले गये और वापस मक्खनपुर वाले रोड़ से फिरोजाबाद आ गए। थाना नसीरपुर पुलिस ने अभियुक्त बिल्लू उर्फ सागर को गिरफ्तार कर लिया है शेष अन्य वाँछित अभियुक्तगण सीमा यादव, हरीशंकर उर्फ हरिओम व 3-टीटू उर्फ संदीप यादव की गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 10-10 हजार रू का इनाम घोषित किया है।

संक्षेप

सरकार सीपीएसई पूंजी पुनर्गठन दिशानिर्देशों में संशोधन करेगी

नयी दिल्ली। सरकार केंद्रीय लोक उपक्रमों के लाभांश भुगतान, बोनस जारी करने और शेयर पुनर्खरीद के संबंध में अपने 2016 के दिशानिर्देशों में संशोधन करने पर काम कर रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय ने मई 2016 में सीपीएसई में सरकारी निवेश के कुशल प्रबंधन के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) का पूंजी पुनर्गठन पर एक व्यापक दिशानिर्देश जारी किए थे। एक अधिकारी ने बताया, सीपीएसई अब बहीखाते के मामले में अधिक मजबूत हैं और उनके बाजार पूंजीकरण में सुधार हुआ है। अब पूंजी पुनर्गठन दिशानिर्देशों पर फिर से विचार करने का समय आ गया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि वित्त मंत्रालय इस महीने संशोधित दिशानिर्देश जारी कर सकता है। जारी किए गए पूंजी पुनर्गठन दिशानिर्देशों के अनुसार जिन सीपीएसई के पास व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए अपनी पूंजी को अनुकूलतम रूप से निवेश करने की योजना नहीं है, उन्हें अधिशेष निधियों पर पेशेवर रूप से विचार करना चाहिए। निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के मई 2016 में जारी दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक सीपीएसई को शुद्ध लाभ का 30 प्रतिशत या कुल परिसंपत्ति का पांच प्रतिशत न्यूनतम वार्षिक लाभांश देना आवश्यक है।

टोयोटा की यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से साझेदारी

बैंगलोर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने व्यापक और सुलभ वाहन वित्तपोषण समाधानों को सक्षम करने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। अभिनव समाधानों के माध्यम से ग्राहक अनुभव को बढ़ाने और कार स्वामित्व अनुभव को सुव्यवस्थित करने के अपने निरंतर प्रयास में कंपनी ने यह करार किया है। इसका उद्देश्य ग्राहकों की उभरती जरूरतों को पूरा करना और टोयोटा वाहनों को पहले से कहीं अधिक सुलभ बनाने के लिए अभिनव और आकर्षक समाधान प्रदान करना है। खरीदना आसान और पहुंच मेंः इस साझेदारी से ग्राहकों को निजी उपयोग के लिए खरीदे गए टोयोटा के किसी भी वाहन की ऑन-रोड कीमत पर 90 फीसद तक वित्तपोषण मुहैया कराया जा सकेगा। कर्ज पहले चुकाने और हिसाब खत्म करने के लिए आंशिक भुगतान करने पर अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। निजी वाहन के लिए यूनियन व्हीकल स्कीम के तहत फाइनेंसिंग विकल्प ग्राहकों को 84 महीने तक की लचीली अवधि चुनने में मदद करेंगे। इसमें प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें वर्तमान में 8.80 फीसद प्रति वर्ष से शुरू होंगी वाणिज्यिक वाहन के लिए यूनियन परिवहन योजना के तहत वित्तपोषण विकल्प ग्राहकों को प्रतिस्पर्धी दरों के साथ 60 महीने तक की लचीली अवधि का विकल्प चुनने में मदद करेगा।

थम्स अप की शेफ रणवीर ब्रार के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। थम्स अप ने तूफानी बिरयानी हंट सीजन 2की घोषणा की है। यह नया सीजन पहले के सफल सीजन का अगला भाग है, जिसमें फिर से बिरयानी के साथ स्वाद का बेहतरीन संगम दिखाया जाएगा। इस बार भी मशहूर शेफ रणवीर ब्रार अपने खास अंदाज में हमें स्वाद और पाककला की एक अद्भुत यात्रा पर ले जाएंगे। डिज्नी+ हॉटस्टार क्रिएटिव वर्क्स द्वारा बनाई और प्रस्तुत की गई थम्?स अप तूफानी बिरयानी हंट सीजन 2 में, हमारे प्यारे शेफ रणवीर ब्रार सात अलग-अलग जगहों पर जाएंगे - हैदराबाद, बेंगलुरु, विशाखापटनम, दिल्ली, मुंबई और कोलकाता। उन्हें हर बिरयानी के पीछे की खास कहानी को समझना है। अपनी अनोखी स्टोरीटेलिंग के जरिये, यह शो देश के 21 सबसे हॉट बिरयानी मेकर्स की अनसुनी कहानियों को सामने लाता है, और शेफ हमें हर हॉटस्पॉट के पीछे की प्रेरणा बताते हैं।

इनोवेशन ब्लेंडर्स प्राइड फोर एलिमेंट्स पेश

नई दिल्ली। ब्लेंडर्स प्राइड ने अपनी लेटेस्ट इनोवेशन ब्लेंडर्स प्राइड फोर एलिमेंट्स को पेश किया है। बेहद खास प्रक्रिया के साथ तैयार किया गया यह ब्लेंड प्रकृति की चार मौलिक तत्वों को पेश करता है ये सभी तत्व इसको एक बेहद खास स्वरूप प्रदान करते हैं इसे अनुभवी प्रेमियों और नए शौकीनों दोनों को बेहतरीन स्वाद का अनुभव देने के लिए पेश किया गया है। इसको प्रकृति की चार मौलिक शक्तियों - पृथ्वी, वायु, अग्नि और जल के साथ तैयार किया गया है। इसमें से प्रत्येक तत्व के निर्माण की प्रक्रिया में अपना एक बेहद खास प्रभाव प्रस्तुत करता है।

कंपनियों की पूंजी 1.53 लाख करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में तेजी के साथ देश की 10 प्रमुख कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से बीते सप्ताह 1,53,019.32 करोड़ रुपये बढ़ गया। भारतीय एयरटेल, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज सर्वाधिक लाभ में रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में l,279.56 अंक यानी 1.57 प्रतिशत का उछाल आया।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में शुक्रवार को लगातार नौवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 231.16 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 82,365.77 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 502.42 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,637.03 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 47,194.86 करोड़ रुपये बढ़कर 9,04,587.12 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 33,611.37 करोड़ रुपये बढ़कर 8,06,880.50 करोड़ रुपये रहा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 31,784.9 करोड़ रुपये बढ़कर 16,46,899.17 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 18,734.3 करोड़ रुपये बढ़कर 8,66,374.41 करोड़ रुपये पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 13,396.42 करोड़ रुपये बढ़कर 20,43,107.10 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का एमकैप 5,600.24 करोड़ रुपये बढ़कर 12,44,206.43 करोड़ रुपये रहा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसीआई) का मूल्यांकन 2,340.25 करोड़ रुपये बढ़कर 6,73,390.88 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का एमकैप 356.98 करोड़ रुपये बढ़कर 7,27,935.97 करोड़ रुपये पहुंच गया। हालांकि, हिंदुस्तान यूनिलीवर का एमकैप 8,411.54 करोड़ रुपये घटकर 6,52,739.95 करोड़ रुपये और आईटीसी का एमकैप 4,776.48 करोड़ रुपये घटकर 6,27,587.76 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे मूल्यवान कंपनी का दर्जा बरकरार रखा है। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, स्टेट बैंक, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

एफपीआई निवेश 7,320 करोड़ पर

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाते हुए अगस्त में घरेलू शेयर बाजार में केवल 7,320 करोड़ रुपये का निवेश किया।

शेयरों के उच्च मूल्यांकन और बैंक ऑफ जापान के ब्याज दर बढ़ाने के बाद येन कैरी ट्रेड यानी निम्न ब्याज दर वाले वाले देश से कर्ज लेकर दूसरे देश की परिसंपत्तियों में निवेश के समाप्त होने के बीच उन्होंने सतर्क रुख अपनाया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, यह निवेश जुलाई में 32,365 करोड़ रुपये और जून में 26,565 करोड़ रुपये से काफी कम ह वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक (सूचीबद्ध निवेशक) विपुल भोवार ने कहा कि सितंबर में एफपीआई की घरेलू बाजार में रुचि बने रहने की संभावना है। हालांकि पूंजी प्रवाह को घरेलू राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक संकेतक, वैश्विक ब्याज दर की स्थिति, बाजार मूल्यांकन, क्षेत्रीय प्राथमिकताओं और बॉन्ड बाजार के आकर्षण से दिशा मिलने की उम्मीद है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त में भारतीय इक्विटी में 7,320 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। पिछले दो महीनों की तुलना में एफपीआई की दिलचस्पी कम होने का मूल कारण भारतीय बाजार में उच्च मूल्यांकन है। वित्त वर्ष 2024-25 की अनुमानित कमाई से 20 गुना अधिक पर निफ्टी कारोबार कर रहा है। इसके साथ, भारत अब दुनिया का सबसे महंगा बाजार है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि एफपीआई के पास बहुत सस्ते बाजारों में निवेश करने के अवसर हैं और इसीलिए, उनकी प्राथमिकता भारत के अलावा अन्य बाजार हैं। भोवार ने कहा कि इसके अलावा, 24 अगस्त को येन कैरी ट्रेड के समाप्त होने से एफपीआई व्यवहार पर काफी असर पड़ा। जिससे घरेलू इक्विटी में भारी बिकवाली हुई। दिलचस्प बात यह है कि एफपीआई शेयर बाजार बाजार में बिकवाली कर रहे हैं, जहां मूल्यांकन अधिक माना जाता है। वे अपने निवेश को प्राथमिक बाजार में लगा रहे हैं, जहां अपेक्षाकृत मूल्यांकन कम है। इस बीच, एफपीआई ने अगस्त में बॉन्ड बाजार में 17,960 करोड़ रुपये का निवेश किया।

जल्दी नौकरी छोड़ने के रुझान में इजाफा

मुंबई। खराब कार्य-जीवन संतुलन, लचीलापन और नौकरी से असंतुष्टि के कारण जल्दी नौकरी छोड़ने के रुझानों में चार-पांच प्रतिशत की सालाना वृद्धि हो रही है। जल्दी नौकरी छोड़ने से तात्पर्य छह महीनों के भीतर या परिवीक्षा अवधि के दौरान ही कंपनी से बाहर चले जाने से है।

ऐसा मुख्य रूप से उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं, आईटी और सॉफ्टवेयर तथा बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवाएं और बीमा) जैसे क्षेत्रों में देखा जा रहा है। भारत में जल्दी नौकरी छोड़ने के रुझान मुख्य रूप से 22-32 वर्ष आयु वर्ग में देखे जाते हैं और यह सालाना आधार पर 4-5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके पीछे मुख्य रूप से खराब कार्य-जीवन संतुलन, लचीलापन, नौकरी से असंतुष्टि और अपर्याप्त वेतन जैसे कारक हैं। ऐसे में कर्मचारी बेहतर अवसरों की तलाश करते हैं। सुब्बुराथिनम ने कहा कि जल्दी नौकरी छोडने का यह अर्थ भी हो सकता है कि नौकरी के अधिक अवसर हैं, जिससे लोग नौकरी बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रवृत्ति विशेष रूप से दक्षिण भारत में स्पष्ट है, जहां छह महीने में नौकरी छोड़ने दर 51 प्रतिशत तक है। स्त्री-पुरूष की बात करें, तो कुल पुरुष पलायन 84.5 प्रतिशत और महिला पलायन 15.5 प्रतिशत है।

जीएसटी संग्रह 10 प्रतिशत बढ़कर 1.75 लाख करोड़

नयी दिल्ली। अगस्त में कुल जीएसटी संग्रह 10 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.75 लाख करोड़ रुपये हो गया। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

पिछले साल अगस्त में माल और सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 1.59 लाख करोड़ रुपये था, जबकि इस साल जुलाई में यह 1.82 लाख करोड़ रुपये था। अगस्त 2024 में घरेलू राजस्व 9.2 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये हो गया। वस्तुओं के आयात से सकल जीएसटी राजस्व 12.1 प्रतिशत बढ़कर 49,976 करोड़ रुपये रहा। समीक्षाधीन महीने में 24,460 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो सालाना आधार पर 38 प्रतिशत अधिक है। रिफंड समायोजन के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व आलोच्य महीने में 6.5 प्रतिशत बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपये रहा।

चाय उद्योग के लिए खपत में सुस्त वृद्धि और उच्च खाद्य महंगाई चिंता का विषय

गुवाहाटी। घरेलू खपत में धीमी वृद्धि, बढ़ती खाद्य मुद्रास्फीति और कोविड महामारी के बाद निर्यात में धीमी गति से सुधार चाय उद्योग के समक्ष प्रमुख चुनौतियां हैं। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया टी ट्रेडर्स एसोसिएशन के एक अधिकारी ने यह कहा।

चाय उत्पादक संघ और टी बोर्ड इंडिया देश में धीमी मांग वृद्धि से चिंतित हैं। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया टी ट्रेडर्स एसोसिएशन (एफएआईटीटीए) के अध्यक्ष संजय शाह ने शनिवार शाम यहां अपनी 10वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान कहा कि खुदरा विक्रेताओं के रूप में, हम बाजार की गतिविधियों को करीब से देख रहे हैं। खाद्य मुद्रास्फीति का बढ़ता स्तर भी चिंता का विषय बना हुआ है, क्योंकि इसका उपभोग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।शाह ने कहा, आवश्यक वस्तुओं में उच्च मुद्रास्फीति गैर-आवश्यक वस्तुओं की मांग पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। आवश्यक वस्तुओं में भी, उपभोक्ता कम कीमत वाले गैर-प्रीमियम उत्पादों की ओर रुख कर सकते हैं। एफएआईटीटीए के चेयरमैन ने यह भी कहा कि बाजार में चाय की कीमतों में कई दौर की वृद्धि को सहन करने की क्षमता को लेकर चिंताएं हैं। यह वृद्धि पिछले साल मुख्य कच्चे माल की कीमतों में तेज वृद्धि को देखते हुए अपरिहार्य हो गई हैं।

पीएमआई के आंकड़े देंगे बाजार को दिशा

नयी दिल्ली। वैश्विक रुख, वृहत आर्थिक आंकड़ों की घोषणा और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह कहा है। इसके अलावा, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में उतार-चढ़ाव भी बाजार को दिशा देंगे।

फेडरल ओपेन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की अगली बैठक सितंबर के मध्य में होनी है। लेकिन उससे पहले बाजार की नजर अमेरिका के आर्थिक आंकड़ों पर होगी। विनिर्माण पीएमआई, गैर-कृषि रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े इस सप्ताह जारी होने हैं। ये सभी उल्लेखनीय रूप से बाजार धारणा को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थागत पूंजी प्रवाह भी बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। घरेलू बाजार में तेजी के पीछे प्राथमिक कारण अमेरिका में नीतिगत दर में कटौती की बढ़ती उम्मीद और घरेलू निवेशकों की लिवाली है। वाहन बिक्री आंकड़ों की घोषणा के बीच इन कंपनियों के शेयरों पर नजर होगी। हमारा अनुमान है कि शेयर केंद्रित कदम के साथ बाजार में तेजी का सिलसिला जारी रहेगा। सप्ताह के दौरान जारी होने वाले वैश्विक वृहत आर्थिक आंकड़ों से घरेलू बाजार को संकेत मिलना जारी रहेगा। पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स में l,279.56 अंक यानी 1.57 प्रतिशत का उछाल आया। वहीं एनएसई निफ्टी में 412.75 अंक यानी 1.66 प्रतिशत की तेजी रही। पिछले नौ दिनों में बीएसई सेंसेक्स l,941.09 अंक यानी 2.41 प्रतिशत चढ़ा। जबकि 12 सत्रों में निफ्टी में l,096.9 अंक यानी 4.54 प्रतिशत की तेजी रही। व्यापक स्तर पर खरीद समर्थन से मानक सूचकांक नई ऊंचाई पर पहुंच गए। पिछले सप्ताह जैक्सन होल बैठक में मिले संकेत के बाद अगले महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद ने निवेशकों को अधिक आश्वस्त किया है। हालांकि, सतर्क रुख अपनाया जा सकता है और मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। इसका कारण, बाजार पिछले 12 कारोबारी सत्रों से चढ़ रहा है।

देश में बिजली खपत अगस्त में 4.7 प्रतिशत घटकर 144.2 अरब यूनिट पर

नयी दिल्ली। देश में बिजली खपत अगस्त में सालाना आधार पर 4.7 प्रतिशत घटकर 144.21 अरब यूनिट रही। इसका मुख्य कारण देश भर में सामान्य से अधिक बारिश होना है, जिसके कारण एयर कंडीशनर और डेजर्ट कूलर जैसे उपकरणों का उपयोग कम हो गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अगस्त में देश में 287.1 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य 248.1 मिमी से लगभग 16 प्रतिशत अधिक है।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अगस्त, 2023 में बिजली की खपत 151.32 अरब यूनिट रही थी। एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति भी अगस्त, 2024 में घटकर 216.68 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर l,000 मेगावाट) रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में 236.29 गीगावाट थी। इस साल मई में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। पिछली सर्वकालिक उच्चतम मांग 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज की गई थी।इसी वर्ष बिजली मंत्रालय ने मई के लिए दिन के समय 235 गीगावाट और शाम के समय 225 गीगावाट तथा जून के लिए दिन के समय 240 गीगावाट और शाम के समय 235 गीगावाट बिजली की अधिकतम मांग का अनुमान लगाया था। मंत्रालय ने यह भी अनुमान लगाया था कि इस गर्मी में अधिकतम बिजली की मांग 260 गीगावाट तक पहुंच सकती है। देश में सामान्य से अधिक बारिश के कारण एयर कंडीशनर और डेजर्ट कूलर जैसे उपकरणों का उपयोग कम हुआ है जिससे कुल बिजली खपत कम रही। त्योहारों की शुरुआत के साथ देश में वाणिज्यिक और औद्योगिक खपत में सुधार के कारण आने वाले दिनों में बिजली की मांग के साथ-साथ खपत बने रहने की संभावना है।

पेज एक का शेष

हॉस्टल में मिला

बीच वार्डन भी मौके पर पहुंच गईं। धक्का देकर दरवाजा खोला गया, तो अनिका फर्श पर पड़ी थी। देर रात लखनऊ कमिश्नर भी मौके पर पहुंचे थे।

तेजिंदर सिंह ने

कमांडिंग थे। बयान में कहा गया, उनकी विभिन्न स्टाफ नियुक्तियों में कमांड मुख्यालय में ऑपरेशनल स्टाफ, वायु सेना मुख्यालय में एयर कमोडोर (कार्मिक अधिकारी -1), एकीकृत रक्षा स्टाफ के उप सहायक प्रमुख, मुख्यालय आईडीएस में वित्तीय (योजना), एयर कमोडोर (एयरोस्पेस सुरक्षा), वायु सेना मुख्यालय में एयर स्टाफ ऑपरेशन्स (अफेन्सिव) एवं एसीएएस ऑपरेशन्स (स्ट्रेटेजी) शामिल हैं। अपनी वर्तमान नियुक्ति से पहले, वह मेघालय के शिलांग स्थित भारतीय वायुसेना के पूर्वी वायु कमान मुख्यालय में सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर थे। उनकी सराहनीय सेवाओं को मान्यता प्रदान करते हुए, उन्हें राष्ट्रपति द्वारा 2007 में वायु सेना पदक और 2022 में अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। एक अलग बयान में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने मध्य वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार ग्रहण किया। इसमें कहा गया कि एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को छह दिसंबर 1986 को भारतीय वायुसेना की लड़ाकू शाखा में नियुक्त किया गया था। वायुसेना अधिकारी एक प्रायोगिक परीक्षण पायलट और एक योग्य उड़ान प्रशिक्षक हैं, जिनके पास भारतीय वायुसेना के विभिन्न प्रकार के विमानों पर 3300 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव है। बयान में कहा गया कि वह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (बांग्लादेश) और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने ऑपरेशन सफेद सागर और ऑपरेशन रक्षक जैसे कई अभियानों एवं अभ्यासों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। इसमें कहा गया कि कुल 37 वर्षों से अधिक के अपने शानदार करियर के दौरान, वायुसेना अधिकारी ने कई महत्वपूर्ण फील्ड और स्टाफ नियुक्तियों में योगदान दिया है। एक कमांडिंग ऑफिसर के रूप में, उन्होंने भारतीय वायुसेना के एक स्क्वाड्रन को अत्याधुनिक मिराज विमान से सुसज्जित किया और बाद में पश्चिमी सेक्टर में एक अग्रिम पंक्ति के फाइटर एयर बेस और दक्षिणी सेक्टर में एक अग्रगणी फाइटर ट्रेनिंग बेस की कमान संभाली। उनकी सराहनीय सेवाओं को मान्यता प्रदान करते हुए, उन्हें राष्ट्रपति द्वारा अति विशिष्ट सेवा पदक, वायु सेना पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

मौत का फंदा है

हम तो निमित्त मात्र हैं। 60 साल पहले के उत्तर प्रदेश और आज के उत्तर प्रदेश में आप फर्क महसूस करते होंगे। हमारे युवाओं के सामने पहचान का संकट था, अराजकता थी। बेटी-व्यापारी का सम्मान नहीं था, भेदभाव अपने चरम पर था। प्रदेश से पलायन हो रहा था, किसान आत्महत्या कर रहा था। उन स्थितियों से उबरने में प्रधानमंत्री मोदी को जब जनादेश मिला तो उसके सकारात्मक परिणाम सामने आए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन साढ़े सात वर्षों में आपने बदलते हुए उत्तर प्रदेश को देखा है। जहां बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित हैं और सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हम व्यापारियों को बीमा कवर दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यक्रम में जब आता हूं तो मुझे अच्छा लगता है। यहां जो ऊर्जा है वह राष्ट्र निर्माण करने वाली ऊर्जा है जो न केवल प्रदेश बल्कि राष्ट्र के लिए पूरी क्षमता से कार्य कर करेगी। हम इतनी संख्या में युवाओं को जोड़ें कि भारतीय जनता युवा मोर्चा नंबर वन दिखाई दे।

सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा, ये बेहद विचित्र स्थिति है। कल तक जिन महापुरुषों के मूल्यों का उपहास उड़ाया जाता था आज वोट के लिए उनकी आरती उतारते दिखाई दे रहे हैं। याद रखिएगा ये वही लोग हैं जो देश के खिलाफ जहर उगलने वाले लोगों को भी प्रश्रय देने से नहीं चूकते। समाजवादी पार्टी के चेहरों को कौन नहीं जानता। यही कांग्रेस है जिसने देश में सर्वाधिक राज किया और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की खिलाफत भी की। भारत रत्न पर तो मानो इनका एकाधिकार हो गया था। मगर, इनकी असलियत लोग पहचानते हैं। युवा मोर्चा का रोल ऐसे में बढ़ जाता है और समाज के हित को सुरक्षित करते हुए प्रदेश हित व राष्ट्र हित का मार्ग प्रशस्त करने में उसे भूमिका निभानी होगी। उत्तर प्रदेश में भारत का सर्वाधिक युवा निवास करता है। यूपी में अनलिमिटेड पोटेंशियल है और हमें इन पोटेंशियल को आगे बढ़ाने का कार्य करना होगा।

रूस ने यूक्रेन

रिफाइनरी तथा तेल केंद्रों को निशाना बनाया है। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, यूक्रेन में रूस की ओर से छोड़े गए 11 में से आठ ड्रोन नष्ट कर दिए गए। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि देश के उत्तर-पूर्वी खारकीव क्षेत्र में बमबारी में पांच लोग घायल हो गए।

केसी त्यागी का

हैं। बिहार के मुख्यमंत्री और पार्टी के अध्यक्ष नीतीश कुमार को लिखे अपने पत्र में पूर्व सांसद और समाजवादी नेता त्यागी ने कहा कि वह अन्य कार्यों में अपनी व्यस्तता के कारण प्रवक्ता के रूप में अपनी भूमिका से न्याय करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने इससे पहले भी यह अनुरोध किया था। पार्टी नेताओं ने कहा कि त्यागी राजनीतिक सलाहकार के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाह करते रहेंगे। सूत्रों ने बताया कि चाहे समान नागरिक संहिता हो, वक्फ (संशोधन) विधेयक हो या फलस्तीन के मुद्दे पर सरकार का रुख या फिर अन्य मुद्दे हों, समाजवादी नेता त्यागी का मुखर रुख पार्टी के भीतर कई नेताओं को रास नहीं आया और इन वजहों से भाजपा को भी असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। जद (यू) सूत्रों का कहना है कि पार्टी चाहती है कि केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह तथा पार्टी संसदीय दल के नेता व कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा भाजपा के साथ संबंधों को मजबूत बनाने में भूमिका निभाएं। सूत्रों ने बताया कि भाजपा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में मतभेद को लेकर अकसर होने वाली चर्चाओं को विराम देने के लिए सहयोगी दलों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के वास्ते घटक दलों के नेताओं से संपर्क कर रही है। बयान के मुताबिक, जद (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने राजीव रंजन प्रसाद को पार्टी का नया राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। प्रसाद वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव की भूमिका में थे। जद (यू) के अनुभवी नेता त्यागी को मई 2023 में राष्ट्रीय प्रवक्ता के साथ ही विशेष सलाहकार नियुक्त किया गया था। उनकी इस नियुक्ति के संबंध में जारी बयान में कहा गया था कि त्यागी के संगठनात्मक अनुभव का लाभ उठाने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री एवं पार्टी के प्रमुख नीतीश कुमार ने उन्हें पार्टी का विशेष सलाहकार और मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया है।

गंगा सागर से

अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। संभावना है कि बंगाल-बनारस रूट पर इसे चलाया जाएगा और प्रयागराज तक यह ट्रेन आवाजाही करेगी। यह सब महाकुंभ को देखते हुए किया जा रहा है। रेल अधिकारियों के अनुसार अभी तक की सूचना के अनुसार नई वंदे भारत को सुबह के समय वाराणसी से चलाया जाएगा। रात के समय बंगाल से ट्रेन खुलेगी। बिहार, झारखंड के प्रमुख स्टेशनों पर ही ट्रेन का ठहराव होगा। पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन पर भी ट्रेन का ठहराव होगा।

कोलकाता में

चैती घोषाल, सोहिनी सरकार और अन्य साथी कलाकारों के साथ सेंट्रल एवेन्यू में मार्च किया और स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर अभिनेता से निर्देशक बनी अपर्णा ने कहा, हम न्याय की मांग करते हुए एक साथ सड़क पर चल रहे हैं। अगर जरूरत पड़ी तो मैं फिर से सड़क पर उतरूंगी। उन्होंने कहा, आम लोगों को जवाब मांगने और सच्चाई जानने का अधिकार है। गहरी पीड़ा हमारे दिल की गहराई से निकलती है। लेकिन हमें न्यायपालिका पर भरोसा है और हम जांच को लेकर आशान्वित हैं। स्वस्तिका मुखर्जी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा, नौ अगस्त की घटना को इतने दिन बीत चुके हैं। एक गिरफ्तारी के बाद, हमें जांच एजेंसी से कोई और जानकारी नहीं मिली है। अस्पताल प्रशासन द्वारा इस मौत को आत्महत्या के तौर पर खारिज करने के शुरुआती प्रयास और केवल एक व्यक्ति की गिरफ्तारी ने इस राज्य के लोगों को अपने घरों से बाहर आने के लिए मजबूर कर दिया है। हम सभी न्याय की मांग करने के लिए एक साथ आए हैं। आर जी कर घटना के बाद से विरोध प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों का एक मंच भी रैली में शामिल हुआ। दक्षिण कोलकाता में, रामकृष्ण मिशन स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के पूर्व छात्रों ने गोलपार्क से रवींद्र सदन एक्साइड क्रॉसिंग तक तमसो मां ज्योतिर्गमय (मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो) संदेश वाले बैनर लेकर मार्च निकाला और निष्पक्ष जांच तथा अपराध में शामिल सभी लोगों की गिरफ्तारी की मांग की। एक अन्य रैली में, सेंट जॉन्स डायोसेसन गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल की वर्तमान छात्राओं और अभिभावकों के साथ लगभग 300 पूर्व छात्राएं मिंटो पार्क से स्कूल परिसर तक गए और फिर एजे सी बोस रोड पर एक्साइड क्रॉसिंग के पास मानव श्रृंखला बनाई। उन्होंने रैली में हमारी रीढ़ की हड्डी बिकाऊनहीं है नारे के साथ रीढ़ की प्रतीकात्मक छवियां भी प्रदर्शित कीं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की महिला सदस्यों ने बलात्कारियों के लिए मृत्युदंड सुनिश्चित करने के लिए कानूनों में संशोधन की वकालत करते हुए विभिन्न प्रखंडों में विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 29 अगस्त से एस्प्लेनेड में डोरीना क्रॉसिंग पर धरना दे रही है।

37 पीपीएस

उपाधीक्षक मथुरा बने, आशुतोष शिवम पुलिस उपाधीक्षक बरेली बने अनीत चौहान पुलिस उपाधीक्षक हापुड़ बनीं, विजय कुमार राना सहायक सेनानायक बरेली, बीएस वीर कुमार पुलिस गौतमबुद्धनगर बने, दीपांशी राठौर पुलिस उपाधीक्षक गोरखपुर बनीं।

बहराइच में भेड़िए

की निगरानी की जा रही है।

मंडलायुक्त ने बताया कि शनिवार को कैमरे की फुटेज में दो भेड़िए दिखाई दिए थे, लेकिन रात अधिक होने के कारण ऑपरेशन भेड़िया का संचाल कर रहे दल उन्हें पकड़ नहीं सके। भेड़ियों के हमले में जान गंवाने वाले पांच लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है जबकि दो संदिग्ध मौतों की जांच रिपोर्ट आने का इंतजार है। बहराइच के महसी तहसील क्षेत्र में मार्च माह से इंसानों पर भेड़ियों के हमले हो रहे हैं। बरसात के मौसम में 17 जुलाई से हमले बढ़े और हमलों में छह बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गयी।

वंदे भारत स्लीपर

वंदे भारत चेयर कार के बाद हम वंदे भारत स्लीपर कार पर काम कर रहे थे। इसका निर्माण अब पूरा हो गया है। इन ट्रेन को आज परीक्षण के लिए बीईएमएल प्रतिष्ठान से बाहर निकाला जाएगा। वंदे भारत स्लीपर कोच के प्रोटोटाइप का ठीक से परीक्षण होने के बाद उत्पादन श्रृंखला प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा, हम डेढ़ साल बाद उत्पादन श्रृंखला प्रारंभ करेंगे। तब व्यावहारिक रूप से हर महीने दो से तीन ट्रेन का संचालन प्रारंभ होगा। मंत्री ने कहा कि नयी ट्रेन का डिजाइन बनाना बहुत जटिल काम है। वंदे भारत स्लीपर कार में कई नई सुविधाएं शामिल की गई हैं। उन्होंने कहा, हम वंदे भारत ट्रेन के डिजाइन में लगातार सुधार कर रहे हैं। हम अनुभव से सीख रहे हैं और इसमें सुधार कर रहे हैं। वंदे भारत मेट्रो के लिए भी यही सिद्धांत अपनाया जाएगा।

संक्षेप

परवीन एफ57 भाला फेक स्पर्धा में आठवें स्थान पर

पेरिस। भारत के परवीन कुमार शनिवार को यहां पेरिस पैरालिंपिक में पुरुषों की एफ57 भाला फेंक स्पर्धा में आठवें स्थान पर रहे। हरियाणा के 32 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने चौथे थ्रो में 42.12 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। उज्बेकिस्तान के यॉर्किनबेक ओडिलोव ने 50.32 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जबकि तुर्किये के मुहम्मत खलवंडी (49.97 मीटर) ने रजत पदक जीता। ब्राज़ील के सिसेरो वाल्डिरन लिंस नोबरे ने 49.46 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक हासिल किया। एफ57 उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके ऊपरी अंग किसी कमी से प्रभावित हैं, मांसपेशियों की शक्ति खराब है या गति की निष्क्रिय सीमा अच्छी नहीं है।

बोगी-रहित दौर के बाद दीक्षा संयुक्त 31वें स्थान पर

डबलिन (आयरलैंड)। भारत की दीक्षा डागर ने केपीएमजी महिला आयरिश ओपन के तीसरे दौर में बोगी-रहित चार-अंडर 69 का स्कोर बनाया, जिससे वह संयुक्त 55वें से संयुक्त 31वें पायदान पर पहुंचने में सफल रही। शुरुआती दो दौर में 72 और 74 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा ने छठे और 12वें होल के बीच बिना किसी बोगी के चार बर्डी लगाई और तीन दौर के बाद उनका कुल स्कोर चार अंडर हैं। पेरिस ओलंपिक में मामूली प्रदर्शन और एआईजी महिला ओपन में कट से चूकने के बाद दीक्षा का आत्मविश्वास इस प्रदर्शन से बढ़ेगा। प्रतियोगिता में भाग ले रही तीन अन्य भारतीय प्रणवी उर्स, त्वेसा मलिक और रिद्धिमा दिलावरी कट में जगह बनाने से चूक गयी।

मंधाना और पांच अन्य डब्ल्यूबीबीएल का हिस्सा बनेंगी

मेलबर्न। उप-कप्तान स्मृति मंधाना सहित छह भारतीय क्रिकेटर अलग-अलग टीमों द्वारा चुने जाने के बाद 27 अक्टूबर से शुरू होने वाली आगामी महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) का हिस्सा होंगी। एडिलेड स्ट्राइकर्स ने पहले ही मंधाना के साथ अनुबंध कर लिया था। दयालन हेमलता पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम से जुड़ेंगी। शीर्ष क्रम की यह बल्लेबाज पहली बार इस लीग का हिस्सा बनेगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया भी डब्ल्यूबीबीएल में पदार्पण करेंगी। वह मेलबर्न स्टार्स टीम के साथ जुड़ेंगी। भारतीय हरफनमौला दीप्ति शर्मा भी इस टीम का हिस्सा है। तेज गेंदबाजी के साथ बल्ले से योगदान देने के लिए जानी जाने वाली शिखा पांडे को ब्रिसबेन हीट ने चुना है। वह पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगी क्योंकि वह भारत की टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह ब्रिसबेन हीट की टीम में जेमिमा रोड्रिग्स के साथ शामिल हुईं हैं। डब्ल्यूबीबीएल 27 अक्टूबर को एडिलेड में एडिलेड स्ट्राइकर्स और ब्रिसबेन हीट के बीच मैच के साथ शुरू होगा।

यानिक सिनर और इगा स्वियातेक अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में

न्यूयॉर्क। विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर ने क्विस ओ कोनेल पर आसान जीत के साथ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्करज के बाहर होने के बाद सिनर को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है और उन्होंने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए दो घंटे से भी कम समय में ओ कोनेल पर 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। अमेरिकी ओपन में 2021 के चैंपियन दानिल मेदवेदेव भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहे। रूस के इस खिलाड़ी ने फ्लेवियो कोबोली को 6-3, 6-4, 6-3 से हराया। उनका अगला मुकाबला नूनो बोर्जेस से होगा, जिन्होंने जैकब मेन्सिक को 6-7 (5), 6-1, 3-6, 7-6 (6), 6-0 से पराजित किया। महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी और यहां 2022 की चैंपियन इगा स्वियातेक ने 25वीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार चौथे वर्ष अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया।

पैरालिंपिक : रुबीना को मिला ब्रॉन्ज मेडल

एजेंसी

रुबीना ने विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल की एसएच 1 कैटेगरी के फाइनल में 211.1 स्कोर किया। पैरा शूटर रुबीना फ्रांसिस ने पेरिस पैरालिंपिक में शनिवार को ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्होंने विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल के एसएच1 कैटेगरी में यह मेडल दिलाया। रुबीना ने फाइनल में 211.1 स्कोर किया। पेरिस पैरालिंपिक में भारत के अब तक 5 मेडल हो गए हैं। वहीं प्रवीण कुमार जेवलिन थ्रो में मेडल से चूक गए। प्रवीण फाइनल में 8वें स्थान पर रहे। बैडमिंटन में सुकांत कदम ने मेंस सिंगल्स के रछ4 ग्रुप प्ले स्टेज में थाईलैंड के सिरीपोंग टीमारोम को 25 मिनट में 21-12, 21-12 से हराया। ग्रुप में लगातार दूसरी जीत के साथ कदम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

इससे पहले, शुक्रवार को भारत ने 4 मेडल जीते थे। विमेंस शूटिंग में अवनी लेखरा ने गोल्ड और मोना अग्रवाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। मेंस 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में मनीष नरवाल ने सिल्वर दिलाया था। विमेंस की 100 मीटर टी-35 कैटेगरी रेस में प्रीति पाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। शूटिंग में रल्1 कैटेगरी में वे शूटर शामिल होते हैं, जिनके हाथ, शरीर के निचले हिस्से या पैर प्रभावित होते हैं या फिर जिनके कोई अंग नहीं होते। रुबीना विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल के क्वालिफिकेशन राउंड में छठे नंबर पर रही थीं। ईरान की सारेह ने गोल्ड जीता, उनका स्कोर 236.8 रहा। तुर्किये की आजेल ओजगान को 231.1 के स्कोर के साथ सिल्वर मेडल मिला। रुबीना विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल के क्वालिफिकेशन राउंड में छठे नंबर पर रही थीं। सरिता कुमारी विमेंस इंडिविजुअल कंपाउंड के क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गईं। उन्हें क्वार्टर फाइनल में तुर्किये की ओजनूर क्यूर गिरडी ने 145-140 से हराया। शीतल देवी विमेंस इंडिविजुअल कंपाउंड ओपन 1/8 एलिमिनेशन राउंड में चिली की मारियाना जुनिगा से 137-138 से हारकर बाहर हो गईं। 17 साल की शीतल सिर्फ एक अंक से मुकाबला हार गईं। पेरिस पैरालिंपिक गेम्स के तीसरे दिन की शुरूआत पैरा शटलर मंदीप कौर ने जीत के साथ की। उन्होंने बैडमिंटन विमेंस सिंगल्स के रछ3 कैटेगरी में ऑस्ट्रेलिया की सेलिन विनोट को 21-23, 21-10, 21-17 से हराया। इसके साथ ही मंदीप क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। बैडमिंटन में रछ3 कैटेगरी में वे खिलाड़ी शामिल होते हैं, जिनके निचले अंग विकलांगता से प्रभावित होते हैं। मंदीप ग्रुप स्टेज का दूसरा मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। नितेश कुमार ने बैडमिंटन मेंस सिंगल्स के रछ3 कैटेगरी के ग्रुप स्टेज मैच में थाईलैंड के मोंगखोन बन्सन को सीधे गेमों में 21-13, 21-14 से हराया। उन्होंने यह मुकाबला 33 मिनट में जीता। स्वरूप महावीर उनहालकर मेंस 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग रल्1 क्वालिफिकेशन राउंड में 14वें नंबर पर रहें। उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में 613.4 स्कोर किया।

इसी के वे फाइनल में पहुंचने से चूक गए। ज्योति गडेरिया पैरा साइकिलिंग उ1-3 500 मीटर टाइम ट्रायल के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में विफल रहीं। वह क्वालिफाइंग राउंड में 11वें स्थान पर रहीं। इस कैटेगरी में टॉप-6 राइडर्स फाइनल में जगह बनाए। अरशद शेख मेंस की उ1-3 1000 मीटर टाइम ट्रायल क्वालिफाइंग में 17वें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह नहीं बना सके। अवनी लेखरा ने पैरालिंपिक गेम्स 2024 में भारत को पहला मेडल दिलाया। उन्होंने गेम्स के दूसरे दिन शुक्रवार को विमेंस 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग की रल्1 कैटेगरी में पैरालिंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 249.7 स्कोर किया। कोरिया की युनरी ली को सिल्वर मिला, उनका स्कोर 246.8 रहा।

पाकिस्तान दूसरी पारी में 21 रन से आगे

एजेंसी

बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला रावलपिंडी में खेला जा रहा है। पाकिस्तान के 274 रन के जवाब में बांग्लादेश ने टेस्ट के तीसरे दिन 262 रन बना दिए। पाकिस्तान ने तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में 9 रन पर 2 विकेट गंवा दिए। टीम फिलहाल 21 रन से आगे हैं। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में एक समय 26 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। यहां से लिट्टन दास ने 138 और मेहदी हसन मिराज ने 78 रन की पारी खेल कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। पाकिस्तान से खुर्रम शहजाद ने 6 विकेट लिए।

बांग्लादेश ने एक समय महज 26 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद लिट्टन दास और मेहदी हसन ने बांग्लादेश की पहली पारी को 190 के पार पहुंचाया। दोनों के बीच 165 रन की साझेदारी हुई। यह साझेदारी मेहदी के विकेट के साथ टूटी। लिट्टन दास ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरी टेस्ट सेंचुरी लगाई। बांग्लादेश ने पहले दिन 10 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। खुर्रम शहजाद ने ओपनर शादमान इस्लाम और जाकिर हसन को पवेलियन भेज दिया। कप्तान नजमुल शांतो हसन को खुर्रम ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद मीर हमजा ने 2 विकेट लिए। पिछले मैच के शतकवीर मुशफिकर रहीम मात्र 3 रन बना सके। शाकिब अल हसन को 2 रन बनाकर खुर्रम शहजाद की बॉल पर छह हुए। बांग्लादेश ने 26 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। यहां से लिट्टन दास की सेंचुरी और मेहदी हसन मिराज की फिफ्टी के दम पर टीम ने 262 का स्कोर खड़ा कर दिया। इस तरह टीम महज 12 रन से ही पिछड़ी। पाकिस्तान से खुर्रम शहजाद ने 6 विकेट लिए। 2-2 विकेट मीर हमजा और सलमान अली आगा को मिले। तीसरे सेशन में ही पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी भी शुरू कर दी। टीम ने 3.4 ओवर में 9 रन के स्कोर पर ही 2 विकेट गंवा दिए। अब्दुल्लाह शफीक 3 और नाइट वॉचमैन 0 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटे। सैम अय्युब 6 रन बनाकर नॉटआउट रहे। बांग्लादेश से हसन महमूद ने दोनों विकेट लिए। मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम पहली पारी में 274 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से सईम अय्यूब (58), कप्तान शान मसूद (57) और आगा सलमान (54) ने अर्धशतकीय पारियां खेली। जबकि बांग्लादेश की ओर से स्पिन गेंदबाज मेहदी हसन मिराज ने 5 विकेट हासिल किए। पाकिस्तान की पहली पारी के जबाव में बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम ने दूसरे दिन के अंत तक बिना कोई विकेट गंवाए 10 रन बनाए।

बोपन्ना-सुत्जियादी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

न्यूयॉर्क। भारत के रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार अलदला सुत्जियादी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और सुत्जियादी की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 13 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में ऑस्ट्रेलिया के जॉन पीयर्स और चेक गणराज्य की कतेरीना सिनियाकोवा को 0-6, 7-6(5) 10-7 से हराया। बोपन्ना ने पीटीआई से कहा, कभी कभार यह इस बारे में नहीं होता कि आप किस तरह शुरूआत करते हो बल्कि आप किस तरह समापन करते हो। उन्होंने भी शानदार शुरुआत की और हमने गति में बदलाव करके रणनीति में थोड़ा बदलाव किया जिससे भी मदद मिली। बोपन्ना और सुत्जियादी का अगला मुकाबला मैथ्यू एबडेन और बारबोरा क्रेजिकोवा की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। बोपन्ना और उनके जोड़ीदार ने शुरुआती दौर में जर्मनी के टिम पुएत्ज़ और नीदरलैंड की डेमी शूअर्स पर 7-6(7) 7-6(5) से जीत दर्ज की थी। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी पहले ही पुरुष युगल के तीसरे दौर में पहुंच गई थी। उन्होंने दूसरे दौर में स्पेन के रॉबर्टो कारबालेस बेना और अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया को 6-2, 6-4 से हराया।

श्रीलंका ने दिखाया जज्बा लेकिन इंग्लैंड श्रृंखला जीतने के करीब

लंदन। श्रीलंका के बल्लेबाजों ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को यहां अपनी दूसरी पारी में धैर्य और जज्बा दिखाया लेकिन इंग्लैंड ने लंच के विश्राम से पहले सलामी बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने की अर्धशतकीय पारी को खत्म कर मैच पर अपना दबदबा बनाये रखा। जीत के लिए रिकॉर्ड 483 रन का पीछा करते हुए श्रीलंका ने लंच के विश्राम तक चार विकेट पर 136 रन बना लिये। उसे जीत के लिए अब भी 347 रन की जरूरत है। श्रीलंका ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 53 रन पर करने के बाद रात्रि प्रहरी प्रभात जयसूर्या (चार) का विकेट जल्दी ही गवां दिया। वह क्रिस वोक्स की गेंद पर दूसरे स्लिप में लपके गये। करुणारत्ने और एंजेलो मैथ्यूज ने इसके बाद 55 रन की साझेदारी कर पारी को संवारा। करुणारत्ने टेस्ट में 54वीं बार अर्धशतक लगाने के बाद ओली स्टोन की उछाल लेती गेंद को संभालने में विफल रहे और गेंद उनके दस्तानों से टकराकर विकेटकीपर जैमी स्मिथ के हाथों में चली गयी।

रवि रंगोली शॉटपुट में पांचवें स्थान पर

पेरिस। भारत के रवि रोंगाली पेरिस पैरालंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन पुरुषों की एफ40 गोला फेंक फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे, जबकि रक्षिता राजू महिलाओं की 1500 मीटर टी11 दौड़ के शुरुआती दौर में ही बाहर हो गईं। पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीतने वाले रवि ने 10.63 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनका यह प्रदर्शन हालांकि उन्हें पांचवां स्थान ही दिला पाया। विश्व रिकॉर्ड धारक पुर्तगाल के मिगुएल मोंटेरो ने 11.21 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि मंगोलिया के बटुल्गा त्सेगमिड (11.09 मीटर) ने कांस्य पदक जीता। मौजूदा एशियाई पैरा खेलों के चैंपियन इराक के गाह तनैयाश ने 11.03 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता, जबकि तोक्यो पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियन रूस डेनिस गनेजडिलोव 10.80 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे। वह पेरिस पैरालंपिक में तटस्थ एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। एफ40 वर्ग छोटे कद वाले खिलाड़ियों के लिए है। इससे पहले तेईस साल की रक्षिता हीट तीन में पांच मिनट 29.92 सेकेंड के समय के साथ चार धावकों में आखिरी स्थान पर रही। तीनों हीट से प्रत्येक में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

पीएम ने पैरालंपिक खेलों के पदक विजेताओं की सराहना

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरालंपिक खेलों में भारत के पदक विजेताओं से रविवार को फोन पर बात की और मौजूदा प्रतियोगिता में उनके प्रयासों की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने जिन एथलीटों से बात की उनमें मोना अग्रवाल, प्रीति पाल, मनीष नरवाल और रूबिना फ्रांसिस शामिल थे। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक पदक विजेता को बधाई दी और कहा कि उन्होंने अपने प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया है। अधिकारियों ने कहा कि मोदी ने अवनि लेखरा को भी शुभकामनाएं दी और इन खेलों की अन्य स्पर्धाओं में उनकी सफलता की कामना की। अवनि निशानेबाजी की एक स्पर्धा में भाग लेने के कारण इस बातचीत में शामिल नहीं हो पाईं।

कभी सोचा नहीं था कि 19 छक्कों के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाउंगा: बडोनी

नयी दिल्ली। उत्तरी दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ रिकार्ड 19 छक्के लगाने वाले साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के कप्तान **आयुष बडोनी** का मानना है कि दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) मैच में अपनी शानदार टाइमिंग के दम पर वह 55 गेंद में 165 रन की रिकॉर्डतोड़ पारी खेलने में सफल रहे। दायें हाथ के 24 साल के इस खिलाड़ी की ताबड़तोड़ पारी के दम पर साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने शनिवार को खेले गे मैच को 112 रन से जीतकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। बडोनी ने इस दौरान सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (120) के साथ दूसरे विकेट के लिए 286 रन की साझेदारी कर टी20 क्रिकेट का नया रिकॉर्ड बनाया।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने वाले बडोनी ने 19 छक्के जड़े जो टी20 क्रिकेट का नया रिकॉर्ड है। टी20 मैच की किसी पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड इससे पहले संयुक्त रूप से वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम था। दोनों बल्लेबाजों ने एक समान 18 छक्के लगाये थे। बडोनी ने वीडियो से कहा, मैं बस गेंद को अच्छी तरह से हिट करने पर ध्यान दे रहा था, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक पारी में 19 छक्के लगाऊंगा। मैं सिर्फ गेंद की टाइमिंग पर ध्यान देता हूं और गेंद को जोर से मारने की कोशिश नहीं करता। इस पारी के बाद आईपीएल की आगामी मेगा नीलामी में बडोनी के लिए कई फ्रेंचाइजी टीमें बोली लगाएंगी। इस युवा बल्लेबाज ने कहा, मैं अभी (आईपीएल) मेगा नीलामी के बारे में नहीं सोच रहा हूं।

इंग्लैंड-श्रीलंका के खिलाफ जीत के करीब

एजेंसी

लंदन। जो रूट ने इंग्लैंड के लिए रिकॉर्ड 34वां टेस्ट शतक बनाया, जिससे मेजबान टीम शनिवार को लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट में श्रीलंका पर श्रृंखला जीत के करीब पहुंच गई। रूट ने गुरुवार को पहली पारी में शतक के साथ एलिस्टेयर कुक के इंग्लैंड रिकॉर्ड की बराबरी की और शनिवार को दूसरी पारी में शतक के साथ उन्हें पीछे छोड़ दिया। यह लॉर्ड्स में उनका सातवां शतक, जिसे पूरा करने में उन्होंने 111 गेंद का सामना किया। वह 103 रन पर रन आउट हुए जिससे इंग्लैंड की दूसरी पारी 251 रन पर सिमटी। श्रीलंका को जीत के लिए 483 रन का बेहद मुश्किल लक्ष्य मिला है। टीम खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी खत्म होते समय दो विकेट पर 53 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। टेस्ट इतिहास में केवल पांच अन्य खिलाड़ियों के नाम रूट से अधिक शतक हैं। रूट से इस शतक के साथ ही सुनील गावस्कर, ब्रायन लारा, यूनुस खान और महेला जयवर्धने की बराबरी कर ली। उनकी इस उपलब्धि के गवाह उनके पिता भी बने दो दर्शक दीर्घा में मौजूद थे। रूट टेस्ट में कुक के इंग्लैंड के रिकॉर्ड 12,472 रन से सिर्फ 95 रन दूर है। इंग्लैंड के कार्यवाहक कप्तान के लिए हालांकि यह एक और बुरा दिन रहा। पोप चार पारियों में पहली बार दोहरे अंक में पहुंचे लेकिन श्रीलंका के गेंदबाजों के शॉट गेंद का वह तोड़ नहीं निकाल पाये और 17 रन बनाकर असिथा फर्नांडो की गेंद पर प्रभात जयसूर्या को कैच दे बैठे। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रुक्स ने 37 और जैमी स्मिट ने 26 रन का योगदान दिया। ओली पोप के लिए यह एक और भूलने योज्ञ दिन था। सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने 24 रन बनाये। श्रीलंका की शुरुआत दूसरी पारी में भी खराब रही। टीम ने सलामी बल्लेबाज निशा मदुशंका (13) और पथुम निसंका (14) के विकेट गंवा दिया। दिन का खेल खत्म होते समय सलामी बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने के साथ प्रभात जयसूर्या (03) क्रीज पर थे। श्रीलंका पहला टेस्ट हारने के बाद तीन मैचों की श्रृंखला में 0-1 से पीछे है।

अवनि लेखरा क्वालिफिकेशन में 11वें और सिद्धार्थ बाबू 28वें स्थान पर रहे

शेटराउ। भारतीय निशानेबाज अवनि लेखरा पैरालंपिक खेलों की मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन (एसएच1) स्पर्धा में रविवार को यहां 11वें जबकि सिद्धार्थ बाबू 28वें स्थान पर रहे और इस तरह से फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। अवनि 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के अपने प्रदर्शन को नहीं दोहरा पाई और अच्छी शुरुआत के बावजूद 628.8 अंक के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही। सिद्धार्थ ने 628.3 का स्कोर किया।

बेरोजगार हॉकी खिलाड़ियों को मिलेगी नकद प्रोत्साहन राशि

एजेंसी

लखनऊ। हॉकी इंडिया ने सरकारी संस्थानों या सार्वजनिक क्षेत्र (पीएसयू) के उपक्रमों में नौकरी नहीं हासिल करने वाले पुरुष और महिला सीनियर कोर ग्रुप के संभावित खिलाड़ियों को दो लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की रविवार को घोषणा की। यह निर्णय यहां हॉकी इंडिया की एजीएम के दौरान लिया गया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि यह फैसला महासंघ के संज्ञान में लाए जाने के बाद लिया गया कि संभावित खिलाड़ियों के मुख्य समूह में शामिल किये गये कुछ नए खिलाड़ी बेरोजगार हैं।

हॉकी इंडिया से जारी बयान में टिर्की ने कहा, अधिकांश हॉकी खिलाड़ियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के लिए पीएसयू और सरकारी विभागों द्वारा मान्यता मिलती है जो नौकरियां प्रदान करते हैं। हमें हालांकि पता चला है कि सीनियर कोर समूह में कुछ नए खिलाड़ी, विशेष रूप से महिलाएं बेरोजगार हैं। भारतीय टीम के इस पूर्व कप्तान ने कहा, हॉकी इंडिया के कार्यकारी बोर्ड ने लखनऊ में एजीएम के दौरान बेरोजगार खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता के तौर पर हर साल दो लाख रुपये का अनुदान देने का फैसला लिया है ताकि उनके परिवारों को गुजारा करने के लिए संघर्ष न करना पड़े। बैठक में जमीनी स्तर पर आगामी प्रतियोगिताओं और विकास कार्यक्रमों पर चर्चा के अलावा, राष्ट्रीय सीनियर और जूनियर पुरुष और महिला टीमों द्वारा की गई प्रगति पर भी चर्चा की गयी। एजीएम ने खेल को और बढ़ावा देने के लिए कोच की शिक्षा और पूर्व हॉकी खिलाड़ियों को विभिन्न भूमिकाओं में तैनात करने पर भी ध्यान केंद्रित किया। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, हमने आगामी हॉकी इंडिया लीग पर भी चर्चा की और हम आने वाले सप्ताहों में कुछ रोमांचक घोषणाएं करेंगे।

नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को 61 रन से हराया

नयी दिल्ली। यश डबास और वैभव रावल ने अर्धशतक जमाये जबकि सिद्धार्थ सोलंकी ने पांच विकेट लेकर नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को रविवार को यहां साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स पर 61 रन से जीत दिलाई। इस जीत के बाद नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है जबकि साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने पहले ही अंतिम चार मे अपनी जगह पक्की कर ली है। डबास की 40 गेंदों में 68 रन और रावल की 34 गेंदों में नाबाद 56 रन की बदौलत उत्तरी दिल्ली ने 20 ओवर में चार विकेट पर 209 रन बनाए। इसके बाद सोलंकी ने 19 रन देकर 5 विकेट हासिल किए नॉर्थ दिल्ली ने साउथ दिल्ली को 148 रन पर आउट कर दिया। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने इसके साथ ही एक दिन पहले इस टीम से मिली 112 रन की हार का बदला भी चुकता कर लिया।

साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स की टीम इस मैच में अपने नियमित कप्तान आयुष बडोनी के बिना उतरी थी। बडोनी ने शनिवार को 55 गेंद में 165 रन की पारी के दौरान रिकॉर्ड 19 छक्के लगाये थे। बडोनी की गैरमौजूदगी में टीम की अगुवाई कर रहे पिछले मैच के शतकवीर प्रयांश आर्य (26) और कुंवर बिधूड़ी (42) ने जीत के लिए 210 रन का पीछा करते हुए टीम को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलायी। पावरप्ले में टीम एक विकेट पर 85 रन बना कर अच्छी स्थिति में थी। लेकिन इसके बाद सोलंकि ने सातवें ओवर में तीन और नौवें ओवर में एक विकेट चटकाकर मैच का रूख नॉर्थ दिल्ली की ओर मोड़ दिया।

कोलकाता कांड पर बिफरे उपराष्ट्रपति

वर्ष 2012 में हुए निर्भया कांड से भी ज्यादा बर्बर बताया

एजेंसी

देहरादून। कोलकाता में जूनियर डॉक्टर से कथित दुष्कर्म और हत्या की घटना को 2012 में हुए निर्भया कांड से भी ज्यादा बर्बर बताते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि देश को एक क्रांतिकारी, सुरक्षित और प्रणालीगत प्रक्रिया अपनानी होगी जिससे भविष्य में मानवता की सेवा में लगे किसी क्षेत्र को कभी कोई खतरा न हो। ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि 2012 में दर्दनाक निर्भया कांड हुआ जिसने देश को हिलाकर रख दिया और कानून में बदलाव हुआ। उन्होंने कहा, यह उससे भी अधिक (बर्बर) है। यह ऐसा वक्त है जब पूरी दुनिया हमें देख रही है।

हम ऐसा देश हैं जो दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। हमने गर्व से दुनिया के सामने वसुधैव कुटुंबकम पेश किया है। उपराष्ट्रपति ने कहा, हमारे कुटुंब की बेटी ने जनता की सेवा करने में न दिन देखा और न रात और उसके साथ निमर्मता की अकल्पनीय हद तक (बलात्कार किया गया) और (फिर) कत्ल हुआ। उन्होंने कहा कि इससे पूरी डॉक्टर बिरादरी, नर्सिंग स्टॉफ, हेल्थ वारियर्स चिंता में हैं, परेशानी में हैं और दुखी हैं। धनखड़ ने कोलकाता के आर जी कर अस्पताल में हुई नौ अगस्त की घटना को बर्बर बताया और कहा

कि बर्बर घटनाए पूरी सभ्यता को शर्मसार कर देती हैं और उस आदर्श को खंडित कर देती हैं जिसके लिए भारत जाना जाता है। इसके लिए कठोर दंड को एक समाधान मानते हुए धनखड़ ने कहा, लेकिन हमें एक क्रांतिकारी, सुरक्षित, प्रणालीगत प्रक्रिया लानी होगी जिससे भविष्य में कभी भी मानवता की सेवा में जुटे क्षेत्र को किसी प्रकार का खतरा न हो। उन्होंने कहा, हमारी सभ्यता और लोकतांत्रिक मूल्य उस सम्मान से परिभाषित किए जाएंगे जो हम अपनी महिलाओं और लड़कियों को देते हैं। धनखड़ ने कहा कि जिसने भी यह किया है, उसे जवाबदेह ठहराया जाएगा, लेकिन समाज को भी इसके लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। धनखड़ ने कहा कि खुद एक संवैधानिक पद पर होने के नाते उन्हें भी अपनी जवाबदेही दिखानी होगी। छोटी-छोटी घटनाओं पर शोर मचाने वाले गैर सरकारी संगठनों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वे आज शांत अवस्था में है।

उन्होंने कहा, उनकी चुप्पी नौ अगस्त 2024 को हुए इस जघन्य अपराध के अपराधियों के कृत्य से भी बदतर है। उपराष्ट्रपति ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि कुछ लोग इस घटना पर अपने बयानों से जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं। एक सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा घटना को सिम्पटोमेटिक मलाइस बताये जाने का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, मैं ऐसी गुमराह आत्माओं से अपने विचारों पर दोबारा विचार करने और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का आह्वान करता हूं। उन्होंने कहा कि यह समय राजनीतिक चश्मे से देखने का नहीं है। उन्होंने कहा, राजनीतिक चश्मा खतरनाक होता है और आपकी निष्पक्षता को खत्म कर देता है।

आंध्र प्रदेश में बाढ़, राहत और बचाव अभियान शुरू

अमरावती। आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री वंगलापुड़ी अनिता ने रविवार को बताया कि राज्य में पिछले दो दिनों में मूसलाधार बारिश के कारण पांच जिलों के 294 गांवों से 13,227 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौसम की स्थिति की समीक्षा की और उनसे बाढ़ का

294 गांवों से 13,227 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

आकलन करने तथा उसके अनुसार राहत एवं बचाव अभियान संचालित करने के लिए ड्रोन जैसी प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल करने के लिए कहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा के तटों पर बना अवदाब रविवार तड़के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़कर कलिंगपट्टनम के पास दक्षिणी राज्य के तट को पार कर गया। इसी के कारण राज्य में पिछले दो दिनों से भारी बारिश हो रही थी। गृह मंत्री वंगलापुड़ी अनिता ने बताया कि बारिश से प्रभावित इलाकों से निकाले गए लोगों के लिए एनटीआर, कृष्णा, बापटला, गुंटूर और पालनाडु जिलों में 100 राहत एवं पुनर्वास केंद्र बनाए गए हैं। साथ ही 61 चिकित्सा शिविरों की भी व्यवस्था की गई है। गृह मंत्री ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा,

भारी बारिश के कारण अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है। पुलिस, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के दलों ने जलमग्न इलाकों से 600 लोगों को बचाया है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के 17 दलों ने सात जिलों में 22 जलमग्न स्थानों पर बचाव अभियान चलाया। प्रारंभिक अनुमानों का हवाला देते हुए अनिता ने बताया कि बारिश के कारण 62,644 हेक्टेयर धान की फसल और 7,218 हेक्टेयर बाग जलमग्न हो गए हैं।

संक्षेप

बांग्लादेश में हथियारों को तीन तक लौटाने का आदेश

ढाका। बांग्लादेश पुलिस ने रविवार को देश के लोगों को आदेश दिया कि वे हालिया हिंसा के दौरान पुलिस थानों से लूटे गए सभी हथियार और गोला-बारूद तीन सितंबर तक वापस कर दें। मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई। द डेली स्टार अखबार की खबर के मुताबिक, बांग्लादेश में हालिया आरक्षण विरोधी आंदोलन में भड़की हिंसा के दौरान देशभर के थानों से हथियार लूटे गए थे। पुलिस मुख्यालय ने एक निर्देश में कहा कि पुलिस के लूटे गए हथियार और गोला-बारूद मंगलवार तक लौटा दिए जाएं। खबर में कहा गया कि शनिवार तक कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने हालिया हिंसा के दौरान पुलिस थानों और कार्यालयों से लूटे गए विभिन्न प्रकार के कुल 3,872 हथियार बरामद किए। इसके अलावा, 2,86,216 कारतूस, आंसू गैस के 22,201 गोले और 2,139 ग्रेनेड भी बरामद किए गए हैं। पुलिस का आदेश अंतरिम सरकार के उस निर्णय के बाद आया है जिसमें उसने शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के 15 साल से अधिक के कार्यकाल के दौरान लोगों को जारी किए गए सभी आग्नेयास्त्र लाइसेंस निलंबित करने को कहा था।

अमेरिका : ओरेगन में विमान दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

एजेंसी

पोर्टलैंड (अमेरिका)। पोर्टलैंड के पूर्वी इलाके में शनिवार सुबह एक छोटे विमान के कई मकानों से टकरा जाने से उनमें आग लग गई और तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने इससे पहले बताया था कि विमान में दो लोग सवार थे और कम से कम एक निवासी लापता है।

पोर्टलैंड में केजीडब्ल्यू-टीवी द्वारा प्रसारित तस्वीरों और वीडियो में एक मकान में आग लगी हुई दिखाई दे रही है, जबकि आसपास के घरों से काला धुआं निकलता नजर आ रहा है।

ग्रेशम के दमकल विभाग के प्रमुख स्कॉट लुइस ने बताया कि आग कम से कम चार मकानों में फैल गई, जिसके कारण छह परिवार विस्थापित हो गए। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर दो लोगों का इलाज किया गया, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि ये लोग कैसे घायल हुए और उनकी चोटें कितनी गंभीर हैं। संघीय विमानन प्रशासन ने विमान की पहचान दोहरे इंजन वाले सेसना 421सी के रूप में की है।

गुजरात में बाढ़ आकलन के लिए टीम गठित

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुजरात में बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी टीम गठित की है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, टीम शीघ्र ही गुजरात के बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करेगी, जहां 25 से 30 अगस्त के बीच भारी से बहुत भारी वर्षा हुई थी। छब्बीस और 27 अगस्त को राज्य भर में बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि गृह मंत्रालय ने गुजरात में वर्षा और बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के

लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) के कार्यकारी निदेशक के नेतृत्व में एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) का गठन किया है। मध्य प्रदेश और राजस्थान भी भारी से बहुत भारी बारिश से प्रभावित हुए हैं। इस साल हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं से काफी नुकसान पहुंचा है।

ठाकरे ने शिवाजी की प्रतिमा ढहने की घटना को अक्षम्य बताया, पवार ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया

एजेंसी

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने के विरोध में दक्षिण मुंबई स्थित हुतात्मा चौक से गेटवे ऑफ इंडिया तक रविवार को महा विकास आघाडी (एमवीए) के मार्च का नेतृत्व किया। एमवीए नेताओं ने प्रतिमा ढहने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की आलोचना की। गठबंधन की घटक शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि इस मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मांगी गई माफी में अहंकार की बू है, जबकि राकांपा (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने इस घटना को भ्रष्टाचार का उदाहरण बताया। मुंबई से करीब 480 किलोमीटर दूर मालवण तहसील के राजकोट किले में 17वीं सदी के मराठा योद्धा की प्रतिमा 26 अगस्त को ढह गई थी। इसका अनावरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार दिसंबर 2023 को नौसेना दिवस के अवसर पर किया था। ठाकरे ने गेटवे ऑफ इंडिया पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, क्या आपने (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की) माफी में अहंकार को देखा? इसमें अहंकार की बू आ रही थी।



उद्धव औरंगजेब और अफजल के कारनामे कर रहे : शिंदे

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को अपने प्रतिद्वंद्वी और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर तीखा हमला करते हुए उन पर छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर राजनीति करने और औरंगजेब तथा अफजल खान के कारनामों का अनुकरण करने का आरोप लगाया। शिंदे ने पत्रकारों से बातचीत में 26 अगस्त को सिंधुदुर्ग के मालवन इलाके में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने की घटना पर राजनीति करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की। शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार तथा खुद उनके द्वारा इस दुखद घटना के लिए माफी मांगने के बावजूद यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष राजनीति कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासित कर्नाटक में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को दो जेसीबी (निर्माण उपकरण) से उखाड़ दिया गया।

रूस के लापता हेलीकॉप्टर में मिले 17 शव

एजेंसी

मॉस्को। रूस के सुदूर पूर्व में लापता हेलीकॉप्टर पर सवार 22 लोगों में से 17 के शव बरामद कर लिये गये हैं। रूस के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि हेलीकॉप्टर के मलबे का भी पता लगा लिया गया है। रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने कहा कि 17 लोगों के शव पाए गए हैं और बचावकर्मी शेष लोगों की तलाश में जुटे हैं। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने आपातकालीन मंत्रालय के हवाले से कहा कि हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोगों की मौत हो जाने की आशंका है। ऐसा माना जाता है कि खराब मौसम

और खराब दृश्यता के कारण हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने टेलीग्राम पर लिखा, हवाई सर्वेक्षण करके लापता हेलीकॉप्टर के मलबे का पता लगाया गया है। यह उस स्थान के निकट 900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जहां से इससे आखिरी बार संपर्क हुआ था। हेलीकॉप्टर पर सवार यात्रियों या चालक दल के बारे में अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। रूस की संघीय वायु परिवहन एजेंसी ने इसके पहले एक बयान में कहा था कि एमआई-आठ हेलीकॉप्टर ने शनिवार को कामचटका क्षेत्र में वाचकाज़ेट्स ज्वालामुखी के करीब उड़ान भरी, लेकिन निर्धारित गंतव्य तक नहीं पहुंचा। इसमें कहा गया है कि उसका मानना है कि विमान में 19 यात्री और चालक दल के तीन सदस्य सवार थे। एमआई-आठ दो इंजन वाला हेलीकॉप्टर है जिसे वर्ष 1960 में बनाया गया था।

जापान में तूफान, कई दिनों तक हुई भारी बारिश

एजेंसी

टोक्यो। जापान की राजधानी टोक्यो के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र से 180 किलोमीटर दूर स्थित शिजुओका में शानशान तूफान के कारण रविवार को मूसलाधार बारिश हुई। मौसम अधिकारियों ने चेतावनी दी कि तूफान अभी कई दिनों तक बना रहेगा।

शानशान तूफान के कारण 65 किलोमीटर प्रति घंटे (40 मील प्रति घंटे) की रफ्तार से हवाएं चलीं, जिससे बृहस्पतिवार को भूस्खलन हुआ, नदियां उफनने लगीं, शाखाएं टूट गईं और चारों-ओर मलबा बिखर गया। स्थानीय सरकारों से आंकड़ें संकलित करने वाले जापानी सरकारी प्रसारणकर्ता एनएचके ने बताया कि शानशान तूफान के कारण अब तक कम से कम छह लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें से तीन लोग भूस्खलन में दबने के कारण मारे गए। उसने बताय कि तूफान के कारण 127 लोग घायल हुए हैं और एक व्यक्ति लापता हो गया।

जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि तूफान के कारण शिजुओका और इसके आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश हुई।

इंटरटेनमेंट...

कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' पर रोक, छह को होनी थी रिलीज

मुंबई। कंगना ने कहा- हम पर दबाव है कि फिल्म में इंदिरा गांधी की हत्या और भिंडरेवाले को न दिखाया जाए। कंगना रनोट ने बताया कि उनकी अपकमिंग फिल्म इमरजेंसी की रिलीज पर रोक लगा दी गई है। सीबीएफसी (सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन) ने फिल्म को क्लियर कर दिया था, लेकिन बाद में सर्टिफिकेशन पर रोक लगा दी गई है।

ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि जान से मारने की बहुत ज्यादा धमकियां आ रही हैं। सेंसर बोर्ड वालों को भी धमकियां मिल रही हैं। हम पर यह प्रेशर है कि इंदिरा गांधी की हत्या न दिखाएं, भिंडरावाले को न दिखाएं, पंजाब दंगे न दिखाएं। मुझे नहीं पता कि फिर क्या दिखाएं। पता नहीं क्या हुआ कि अचानक से फिल्म को ब्लैक आउट कर दिया गया। इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। देश में जो हालात हैं, उसे देखकर मुझे बहुत बुरा लग

रहा है। भाजपा सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनोट ने दिए इंटरव्यू में कहा था-पंजाब में किसान आंदोलन के नाम पर उपद्रवी हिंसा फैला रहे थे। वहां रेप और हत्याएं हो रही थीं। किसान बिल को वापस ले लिया गया वरना इन उपद्रवियों की बहुत लंबी प्लानिंग थी। वे देश में कुछ भी कर सकते थे। इसी के बाद से उनके खिलाफ पंजाब में आक्रोश फैल गया था। फिल्म इमरजेंसी का डायरेक्शन और प्रोडक्शन कंगना ने ही किया है। फिल्म में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है। फिल्म इमरजेंसी रिलीज के पहले ही विवादों से घिर गई है। सिख समुदाय के लोगों का आरोप है कि फिल्म में उनके समुदाय के लोगों की छवि को गलत तरीके से दिखाया गया है। टढ की जबलपुर सिख संगत ने शुक्रवार को जबलपुर में कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। यहां कलेक्टर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए फिल्म पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग की गई। एमपी के जबलपुर में शुक्रवार को सिख समुदाय के लोग रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और कंगना की फिल्म इमरजेंसी पर रोक लगाने की मांग की।

कांग्रेस जनरल सेक्रेटरी प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ने कंगना के किसानों आंदोलन के दौरान रेप वाले बयान की निंदा की है। उनका कहना है कि ऐसे शख्स को संसद में बैठने की परमिशन नहीं मिलनी चाहिए। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, 'वे (कंगना) महिला हैं।

यौन शोषण मामले पर मोहनलाल का बयान

हेमा कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद मोहनलाल ने 27 अगस्त को मलयालम मूवी-आर्टिस्ट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट पद से इस्तीफा दे दिया था। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के साथ यौन शोषण के आरोपों को लेकर हेमा कमेटी की रिपोर्ट पर मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल ने पहली बार बात की है। उन्होंने कहा कि पूरी मलयालम सिनेमा इंडस्ट्री इस रिपोर्ट के लिए जवाबदेह है। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट को लेकर सिर्फ मलयालम मूवी-आर्टिस्ट एसोसिएशन से सवाल पूछा जाना सही नहीं है। जहां तक पावर ग्रुप्स की बात है तो मुझे किसी पावर ग्रुप के बारे में पता नहीं। मैं इसका हिस्सा नहीं हूं। मैंने हेमा कमेटी की रिपोर्ट नहीं पढ़ी है।

आर माधवन ने ठुकराया पान मसाला का ऐड

मुंबई। एक्टर आर माधवन ने हाल ही में एक पान मसाला ब्रांड का एंडोर्समेंट ठुकरा दिया है। इसके लिए एक्टर को बड़ी रकम की पेशकश भी कई थी। हालांकि दर्शकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए एक्टर ने इस प्रपोजल को ठुकरा दिया। एक्टर का कहना है कि वे ऐसे किसी भी ब्रांड का एंडोर्समेंट नहीं करना चाहते हैं, जिससे ऑडियंस को नुकसान हो।

सूत्रों के मुताबिक, एक बड़ी पान मसाला कंपनी अपने ब्रांड की पहुंच बढ़ाने की फिराक में थी। अब माधवन के मना करने के बाद कंपनी ब्रांड के लिए नए चेहरे की तलाश में है। आर माधवन को आखिरी बार फिल्म शैतान

में देखा गया था। इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन भी लीड रोल में थे। कुछ समय पहले जॉन अब्राहम ने उन साथी एक्टर्स पर निशाना साधा था जो एक तरफ फिटनेस की बात करते हैं।

'मिजार्पुर सीजन-3' के बोनस एपिसोड में लौटे मुन्ना भैया

मुंबई। वेब सीरीज 'मिजार्पुर' में मुन्ना त्रिपाठी उर्फ मुन्ना भैया का किरदार वापसी कर सकता है। प्राइम वीडियोज ने हाल ही में मिजार्पुर के सीजन 3 के बोनस वीडियो का ट्रेलर रिलीज किया है। इस वीडियो में मुन्ना का किरदार निभाने वाले एक्टर दिव्येंदु नजर आ रहे हैं। इसे शेयर करते हुए प्राइम वीडियोज ने लिखा, ह्यबवाल होने वाला है, क्योंकि बोनस एपिसोड आ रहा है।

वीडियो में मुन्ना कहते हैं, 'हम क्या गए, पूरा बवाल मच गया। सुना है हमारे लॉयन फैन बहुत मिस किए हमको। सीजन 3 में कुछ चीजें मिस किए आप वो हम खोज के ले आए हैं। जस्ट फॉर यू मुन्ना त्रिपाठी के सौजन्य से क्योंकि हम करते पहले हैं। सोचते बाद में हैं। मुन्ना के किरदार में दिव्येंदु का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। सीरीज के फैंस ने कयास लगाना शुरू कर दिया कि मिजार्पुर के अगले सीजन में मुन्ना भैया कमबैक करने जा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- 'मुन्ना बी लाइक: योग्य हैं तभी वापस आए हैं।' वहीं एक अन्य ने कमेंट किया, 'प्राइम वीडियोज को भी पता है कि मुन्ना भैया की कितनी वैल्यू है। कुछ फैंस का

कहना है कि मेकर्स ने अगला सीजन बचाने के लिए मुन्ना की वापसी करवाई है।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com